RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 42
लखनऊ, सोमवार, 30 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





हार के लिए प्रभावहीन गेंदबाजी जिम्मेदारः कोहली
स्पोर्ट्स-10


# किसानों ने ठुकराई वार्ता की पेशकश

**● डटे रहेंगे दिल्ली की सीमा पर, कहा-केंद्र सरकार ने बातचीत के लिए शर्त रखी है, जो हमें मंजूर नहीं, बुराड़ी नहीं जाएंगे पांच तरफ से दिल्ली को घेरेंगे, हमारे मंच का राजनीतिक दल इस्तेमाल नही करेंगे**

**शेखर सिंह।** नई दिल्ली



दिल्ली सीमा पर जमे किसान और बैरिकेडिंग लगाकर उनका रास्ता रोकती पुलिस

**केंद्र के** कृषि कानूनों के विरोध में रविवार को लगातार चौथे दिन किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। दिल्ली के बुराड़ी में स्थित निरंकारी ग्राउंड में जाने के सरकार के प्रस्ताव को खारिज करने के बाद किसान टिकरी, सिंघू और गाजीपुर की सीमाओं पर जमे हुए हैं तथा सरकार से मांग कर रहे हैं बिना शर्त बातचीत की जाए। हरियाणा-दिल्ली टिकरी और सिंघू बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात हैं और बैरिकेड लगाकर रास्ते को बंद कर दिया गया है जिससे इन सीमाओं पर दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही बंद है। सिंघू बॉर्डर पर जमे किसानों ने कहा, 'हम बुराड़ी के निरंकारी ग्राउंड में नहीं जाएंगे। केंद्र सरकार का न्योता हमें स्वीकार नहीं क्योंकि यह इस शर्त के साथ है कि सीमाओं पर बैठे किसान बुराड़ी जाए। एक बार वे बुराड़ी पहुंच जाए अगले दिन सरकार उनसे बात करेगी। उन्होंने ग्राउंड को 'खुली जेल' करार दिया। आंदोलन में भाग ले रहे एक किसान नरेंद्र सिंह ने कहा 'बुराड़ी के निरंकारी ग्राउंड पहुंचे किसानों ने वहां भी नारेबाजी। सीमाओं पर बैठे अपने नेताओं के साथ हम लगातार संपर्क में हैं। हालांकि हम निरंकारी ग्राउंड में आए हैं लेकिन हम तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे जब तक कि सरकार इन कानूनों को वापस नहीं ले लेती।' इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने किसानों से बुराड़ी ग्राउंड जाने की अपील की थी। शाह ने कहा था, 'तीन दिसंबर को किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिएए बुलाया गया है। कुछ किसानों संगठनों ने तुरंत बातचीत की मांग की है, प्रदर्शनकारियों के बुराड़ी ग्राउंड में जाने के बाद केंद्र सरकार जल्द से जल्द बातचीत करेगी। इस बीच किसानों ने अपील को ठुकरा दिया है और वे टिकरी तथा सिंघू बॉर्डर में जमे हैं। हरियाणा के भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा ' किसान और उसके संगठन सरकार की शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। हां किसान बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन बगैर किसी शर्त के।' रविवार की शाम किसानों द्वारा आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा गया सरकार द्वारा भेज गए पत्र में वार्ता के लिए शर्त रखी गई थी। भारतीय किसान यूनियन एकता, सिधूरपुर पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष जगजीत सिंह ढल्लेवाला ने ( शेष पेज 9 )

## किसानों का प्रदर्शन राजनीतिक नहीं: शाह



**हैदराबाद।** केंद्र के नये कृषि कानूनों के विरुद्ध हजारों किसानों के आंदोलन के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि ये कानून किसानों के कल्याण के लिए हैं और उनका आंदोलन अराजनीतिक है। शाह ने संवाददाताओं से कहा, 'नये कृषि कानून किसानों के कल्याण के लिए हैं। लंबे समय बाद किसान एक बंधन वाली व्यवस्था से बाहर आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'जो भी राजनीतिक रूप से इनका विरोध करना चाहते हैं, करते रहें। मैंने कभी नहीं कहा कि किसानों का प्रदर्शन राजनीतिक है और ना कभी कहूंगा।' गृह मंत्री ने दिल्ली की सीमाओं पर एकत्रित हुए किसानों को उत्तर दिल्ली के बुराड़ी मैदान में प्रदर्शन के लिए जमा होने की अपील की है और कहा कि केंद्र सरकार उनके वहां पहुंचने के बाद उनसे बातचीत को तैयार है।

# कृषि सुधार कानून से किसानों को अधिकार और मौके मिले: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● मन की बात में प्रधानमंत्री ने किसानों से भ्रम और अफवाहों से दूर रहने को कहा**

**केंद्र के** नए कृषि कानूनों के विरोध में जारी किसानों के आंदोलन के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि इन कृषि सुधारों ने किसानों के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं और उन्हें नए अधिकार दिए हैं। मोदी ने अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम में कहा कि सितंबर में लागू होने के बाद से बहुत कम समय में इन कानूनों ने किसानों की परेशानियों को कम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र के एक किसान का उदाहरण दिया जिन्होंने एक कारोबारी द्वारा वादे के मुताबिक भुगतान नहीं किए जाने पर पैसा प्राप्त करने के लिए इन कानूनों के प्रावधानों का इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में खेती और उससे जुड़ी चीजों के साथ नए आयाम जुड़ रहे हैं। बीते दिनों हुए कृषि सुधारों ने किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार भी खोले हैं।

उन्होंने कहा, किसानों की वर्षों से कुछ मांगें थीं और उन्हें पूरा करने के लिए हर राजनीतिक दल ने कभी न कभी वादा किया था, लेकिन वे कभी पूरी नहीं हुईं। प्रधानमंत्री ने कहा, संसद ने काफी विचार-विमर्श के बाद कृषि सुधारों को कानूनी स्वरूप दिया। इन सुधारों से न सिर्फ किसानों के अनेक बंधन समाप्त हुए हैं, बल्कि उन्हें नए अधिकार और अवसर भी मिले हैं। इन अधिकारों ने बहुत कम समय में किसानों की परेशानियों को कम करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी क्षेत्र में लोगों के लिए सही जानकारी रखना और अफवाहों तथा किसी भी प्रकार के संशय से दूर रहना एक बड़ी ताकत होती है। उन्होंने खेती के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग कर रहे कुछ किसानों के उदाहरण भी प्रस्तुत किए। प्रथम सिख गुरु नानक देव की जयंती से एक दिन पहले आकाशवाणी के इस कार्यक्रम का प्रसारण ऐसे समय में किया गया जब पंजाब का कृषक समुदाय आंदोलन कर रहा है। मोदी ने कहा, मुझे महसूस होता है कि, गुरु साहब की मुझ पर विशेष कृपा रही जो उन्होंने मुझे हमेशा अपने कार्यों में बहुत करीब से जोड़ा है। गुरु नानक देव की 550वीं जयंती से एक दिन पहले देशवासियों को गुरु पर्व की बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष गुरु तेग बहादुर जी का 400वाँ प्रकाश पर्व भी है। मोदी ने कहा, मैं, इस बात के लिए बहुत कृतज्ञ हूँ कि गुरु साहिब ने मुझसे निरंतर सेवा ली है। पिछले वर्ष नवंबर में ही करतारपुर साहब कॉरिडोर का खुलना बहुत ही ऐतिहासिक रहा। इस बात को मैं जीवनभर अपने हृदय में संजोकर रखूंगा। यह, हम सभी का सौभाग्य है कि, हमें श्री दरबार साहिब की सेवा करने का एक और अवसर मिला। उन्होंने कहा, दुनियाभर में सिख समुदाय ने गुरु नानक देव जी की प्रेरणा से शुरू की गई लंगर की परंपरा को कोरोना वायरस महामारी के समय में जारी रखकर मानवता की सेवा की है। मोदी ने कच्छ के एक गुरुद्वारे का भी जिक्र किया, जिसे बहुत विशेष माना जाता है। साल 2001 के भूकंप में क्षतिग्रस्त हुए इस गुरुद्वारे का पुनर्निर्माण गुजरात सरकार ने सिख समुदाय के सहयोग से किया था। उस दौरान मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा कि लखपत गुरुद्वारा के संरक्षण के प्रयासों को 2004 में यूनेस्को एशिया प्रशांत धरोहर पुरस्कार द्वारा सम्मानित ( शेष पेज 9 )

# आत्मनिर्भर बनाने के लिये पंचायतों का विकास जरूरी: योगी

**● मुख्यमंत्री ने दी साढ़े आठ सौ करोड़ की सड़कों की सौगात**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंचायतें आत्मनिर्भर होंगी तो प्रदेश और देश भी आत्मनिर्भर होगा। इसके बाद ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत में कोई भी गांव और नौजवान, महिला अपने को बेरोजगार नहीं मान सकते। आप आर्थिक स्वावलंबन का एक नया आदर्श प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत 204 करोड़ से 56 जिलों में 2095 किलोमीटर लंबे 748 मार्गों और पंचायती राज विभाग के माध्यम से 647 करोड़ की लागत से बनने वाली दो हजार किलोमीटर लंबी 1825 सड़कों का लोकार्पण और शिलान्यास के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि पीएमजीएसवाई को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री बनने का बाद शुरू किया था। पहली बार आजाद भारत के अंदर पीएमजीएसवाई 2001 में लागू हो पाई थी यानि आजादी के पांच दशक तक भारत की ग्रामीण व्यवस्था उन बुनियादी सुविधाओं से वंचित थी, जो विकास की प्रक्रिया के सबसे बड़े और सशक्त माध्यम होते हैं अच्छी सड़कें। उन्होंने कहा कि जिस ध्येय के आधार पर त्रिस्तरीय पंचायत की व्यवस्था को लागू किया गया था, कहीं न कहीं ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत को पीएम ने विकास के लिए जितना पैसा इन संस्थाओं को दिया है, उस धनराशि का सही सदुपयोग अगर सभी पंचायतीराज की संस्थाएं करने लग जाएं, तो विकास और रोजगार की व्यापक संभावनाएं आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण यह नहीं है कि कितने गांव में आपने कुछ न कुछ दे दिया। कुछ कार्य ऐसा करिए कि जिसे आप वास्तव में यह कह सकें कि यह मेरे कार्यकाल का कार्य है। गांव के अंदर की कनेक्टिविटी ग्राम पंचायत को देनी चाहिए। ग्राम पंचायत अपने इस कार्य को करें, चाहे वह गांव के अंदर इंटर लॉकिंग, सीसी कार्य, वॉटर लॉगिंग की समस्या का समाधान हो, गांव में कूड़ा प्रबंधन का हो, तो कोई समस्या नहीं आने वाली है, लेकिन हमें यह सोच विकसित करनी होगी। हमारा गांव साफसुथरा है, यह अपने आप में एक पहचान है। हमारा क्षेत्र पंचायत बेहतरीन तरीके से अपनी कार्यपद्धति को आगे बढ़ा रहा है, हमें इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। योगी ने कहा कि पंचायती व्यवस्थाएं केवल सरकार के पैसे पर ही निर्भर ना रहें, बल्कि अपनी आय कैसे बढ़ा सकते हैं, इस बारे में भी अगर चिंता कर सकेंगीं, तो पंचायतें हमारी स्वावलंबी बनेंगी और गांव का हर व्यक्ति स्वावलंबी बनने की ओर कदम बढ़ा सकता है। ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत क्षेत्रों के पास भी अपनी जमीन है और गांव के हॉट तो जिला पंचायतों द्वारा ही संचालित होते थे, इसको आय के साथ जोड़ने का कार्य हो सकता था। इसे मंडी समिति के साथ मिलकर आप ग्रामीण हाट के रूप में विकसित कर सकते हैं। पंचायतों को स्वावलंबी बनाना है तो इनकी आय को बढ़ाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रदेश के सरपंच का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने उनसे पूछा कि आपके पंचायत को कितना पैसा मिलता है, तो उन्होंने बताया, हमें पैसे की आवश्यकता नहीं है। मैंने पूछा कैसे तो फिर उन्होंने बताया कि हमारा गांव हाईवे से जुड़ा है। हमारी ग्राम पंचायत की जितनी भूमि थी, उसे हमने किसी को कब्जा नहीं करने दिया। तालाब को गंदा नहीं होने दिया। हम हर वर्ष लगभग पांच से सात करोड़ केवल तालाब से कमा लेते हैं। हम इसी पैसे से गांव के कार्य और गरीबों की ( शेष पेज 9 )

## स्नातक निर्वाचन चुनाव के लिए कल पड़ेंगे वोट, प्रचार थमा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

पहली दिसंबर को स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान होगा। रविवार शाम को चुनाव के लिए प्रचार थम गया और सोमवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। चुनाव आयोग ने विधान परिषद के मेरठ खण्ड स्नातक, आगरा खण्ड स्नातक, वाराणसी खण्ड स्नातक, लखनऊ खण्ड स्नातक एवं इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक तथा मेरठ खण्ड शिक्षक, आगरा खण्ड शिक्षक, वाराणसी खण्ड शिक्षक, लखनऊ खण्ड शिक्षक, बरेल-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक एवं गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए दिसम्बर को होने वाले मतदान में फर्जी पोलिंग को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय ऐसे मतदाता जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। यूपी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि यदि निर्वाचक अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है तो वे आधार कार्ड, ड्राविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य, केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए सेवा पहचान-पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये आधिकारिक पहचान-पत्र, शैक्षिक संस्थाओं, जिनमें संबंधित शिक्षक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, विवि द्वारा जारी उपाधि, डिप्लोमा का प्रमाण पत्र, मूलरूप में ( शेष पेज 9 )

## दिवंगत संगीतकार वाजिद की पत्नी ने ससुराल वालों पर धर्म परिवर्तन को मजबूर करने का आरोप लगाया

**भाषा।** मुंबई

**दिवंगत** संगीतकार वाजिद खान की पत्नी कमलरुख खान ने दावा किया है कि इस्लाम स्वीकार करने से इंकार करने पर उनके सास-ससुर ने उन्हें भयभीत करने की रणनीति अपनाते हुए अलग-थलग करने की कोशिश की। संगीतकार साजिद-वाजिद की जोड़ी के वाजिद खान का जून में निधन हो गया था। इंस्टाग्राम के असत्यापित खाते के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए कमलरुख ने कहा कि वह पारसी हैं और उन्होंने दबंग फिल्म के संगीतकार के साथ विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी की थी। सोशल मीडिया पर उपलब्ध विवरण के मुताबिक, कमलरुख मनोचिकित्सक हैं। कमलरुख द्वारा शुक्रवार को जारी एक लंबी पोस्ट में कहा गया कि वह एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जहां शिक्षा, विचार की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा दिया गया था लेकिन यह सब उनके पति के परिवार से मेल नहीं खाता था। कमलरुख ने दावा किया, उन्हें एक शिक्षित और स्वतंत्र विचार वाली महिला स्वीकार्य नहीं थी और धर्मांतरण के दबाव का विरोध करना पाप जैसा था। मैंने हमेशा सभी उत्सवों का सम्मान किया, भागीदारी की और उन्हें मनाया। उन्होंने कहा, लेकिन, धर्मांतरण से इंकार करना, मेरे और मेरे पति के बीच दूरियां बढ़ने का कारण बनने लगा और पति-पत्नी के संबंधों के तौर पर इसे बर्बाद करने के लिए जहर भरा गया। सोलह वर्षीय बेटी अर्शी और नौ वर्षीय बेटे रेहान की मां कमलरुख ने कहा, मैं अपने वैवाहिक जीवन के दौरान हर समय इस भयानक सोच से हर स्तर पर लड़ती रही। इसका परिणाम यह हुआ कि मुझे मेरे पति के परिवार से अलग-थलग किया गया और धर्मांतरण की साजिश के तहत तलाक के लिए अदालत तक ले जाया गया। कमलरुख के आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए कई बार वाजिद के भाई साजिद खान से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संगीतकार की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हो सका। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश, 2020 को शनिवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में पिछले मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में इस अध्यादेश को मंजूरी दी गई थी। इसमें विवाह के लिए छल, कपट, प्रलोभन देने या बलपूर्वक धर्मांतरण कराए जाने पर अधिकतम 10 वर्ष कारावास और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। कमलरुख ने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ लाए गए कानून पर हर ओर जारी बहस ने उन्हें अंतरजातीय विवाह का अपना अनुभव साझा करने को विवश किया। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,149 | |
| निफ्टी | 12,968 | |
| सोना | 48,142 | /10g |
| चांदी | 59,250 | /kg |

### क्विक न्यूज

**छत्तीसगढ़ में नक्सली हमला, अफसर शहीद**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में शनिवार रात को बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक सहायक कमांडेंट शहीद हो गए तथा नौ अन्य कमांडो घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने रविवार को बताया कि सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताड़मेटला गांव के पास जंगल में नक्सलियों ने शनिवार की रात करीब नौ बजे बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। मध्यरात्रि में वायुसेना के एमआई-17 वी5 हेलिकॉप्टर ने घायल जवानों को वहां से निकाला। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में घायल सीआरपीएफ की 206 वी कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट 33 वर्षीय नितिन पी भालेराव ने रविवार तड़के दम तोड़ दिया।

# स्वर्ग सरीखा होगा आज काशी के घाटों का दृश्य

## भगवान शिव की नगरी पहुंचेंगे प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी रहेंगे कार्यक्रम में उपस्थित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी





वाराणसी में रविवार को गंगा किनारे जगमग करता केदारघाट तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में लगा विशाल होर्डिंग — पायनियर

**भगवान** शिव की नगरी काशी यूं ही तीनों लोकों में न्यारी है। इस बार देव दीपावली (30 नवंबर) को इसी के अनुरूप काशी के लोग इसे सजाने में लगे हैं। अपने सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में उतावले काशी के लोगों का पूरा प्रयास है कि इस बार काशी को कुछ इस तरह सजाएं मानों धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। मालूम हो कि यह पहली देव दीपावली है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाग ले रहे हैं। ऐसे में इस आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने में काशी के लोग कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते। वाराणसी का सांसद होने के नाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी का खासा खयाल रखते हैं। अवसर कोई भी हो वह काशी और यहां के लोगों को जरूर याद करते हैं। यही नहीं उन्होंने काशी को बहुत कुछ दिया है। उनके प्रयास से गंगा अविरल और निर्मल हो चुकी है। गंगा में डाल्फिन का मिलना इसका सबूत है। घाट पहले से सुंदर और स्वच्छ हो चुके हैं। विकास कार्यों की तो कोई गिनती ही नहीं है। अपनी हर काशी यात्रा के साथ इस बार भी वह काशी को कुछ बड़ी सौगातें देंगे। ऐसे में काशी के लोग प्रधानमंत्री के अभूतपूर्व स्वागत के लिए उतावले हैं। सब कुछ होगा पर कोविड के पूरे प्रोटोकॉल के साथ।

काशी के सभी 84 घाट हर देव दीपावली पर दीयों की रौशनी से जगमग होते हैं। उस समय अर्द्धचंद्राकार गंगा से इन घाटों का नजारा अद्भुत होता है। लगता है मानों गंगा ने दीपों का हार पहन रखा है। हर साल लाखों की संख्या में देश दुनिया से लोग इस भव्य नजारे को देखने आते हैं। पर इस बार की देव दीपावली अपने खास अतिथियों के कारण खास होगी। देव दीपावली को भव्य बनाने के लिए 15 लाख से अधिक दीप जलेंगे। पिछली बार यह संख्या 10 लाख के करीब थी। यहां एक बड़ा प्रकाश उत्सव आयोजित होगा। देव दीपावली के दिन 20-25 घाटों पर बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

गंगा पार रेती से लेकर मंदिर, मठ और कुंड, सरोवर भी दीपों से जगमग होंगे। सोलह घाटों के सामने उनसे जुड़ी कथा कहते हुए बालू से कलाकृतियां बनाई जा रही। जैन घाट के सामने भगवान जैन की आकृति एतुलसी घाट के सामने विश्वप्रसिद्ध नागनथैया का कालिया नाग की आकृति और ललिता घाट के सामने मां अन्नपूर्णा देवी की आकृति भी बनाई जा रही है। पंद्रह घाटों पर संस्कृति विभाग द्वारा 20 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खजुरी में जनसभा करेंगे और राजातालाब से हंडिया तक बने ( शेष पेज 9 )

### देव दीपावली का है बड़ा महत्व

**देव दीपावली** के दिन माना जाता है कि सभी देवता बनारस के घाटों पर आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नाम के राक्षस का वध किया था। त्रिपुरासुर के वध के बाद सभी देवी देवताओं ने मिलकर खुशी मनाई थी। काशी में देव दीपावली का अद्भुत संयोग माना जाता है। इस दिन दीपदान करने का पुण्य फलदायी व विशेष महत्व वाला होता है। मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ ने खुद धरती पर आकर तीन लोक से न्यारी काशी में देवताओं के साथ गंगा के घाट पर दिवाली मनाई थी। इसीलिए इस देव दीपावली का धार्मिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है।

# निवेशकों के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन बनकर उभरा यूपी




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रेटर नोएडा में डेटा सेंटर पार्क का किया शिलान्यास

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज ग्रेटर नोएडा में हीरानंदानी समूह द्वारा स्थापित किए जाने वाले डेटा सेण्टर पार्क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों से प्रदेश में डेटा सेण्टर्स की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे थे। इनकी स्थापना के लिए एक नीति की आवश्यकता महसूस की गई, जो अभी तैयार की जा रही है और 31 दिसम्बर तक लागू कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि नीति के प्रख्यापन से पूर्व ही राज्य सरकार को डेटा सेण्टर स्थापना के कई प्रस्ताव मिले हैं, जिन पर सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार की यह नीति है कि मेगा प्रोजेक्ट स्थापना के लिए मिलने वाले प्रस्तावों पर भूमि का आवंटन 15 दिन के अंदर कर दिया जाए। राज्य सरकार की मेगा परियोजनाओं हेतु भूमि आवंटन योजना के अंतर्गत ही हीरानंदानी समूह को 15 दिनों में 20 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी गयी है।

हीरानंदानी समूह द्वारा स्थापित किए जा रहे 250 मेगावाट क्षमता वाले इस डेटा सेण्टर पार्क में कुल 06 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। यह सेण्टर 20 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा। प्रथम चरण में 1 हजार करोड़ रुपए के निवेश से डेटा सेण्टर पार्क की स्थापना की जा रही है, जिसमें 40 मेगावाट की क्षमता वाली प्रथम इकाई जून, 2022 तक आरम्भ करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीति उद्योगों को बढ़ावा देते हुए उनकी समस्याओं के त्वरित निदान की है। प्रदेश में निवेश के लिए उत्कृष्ट वातावरण तैयार किया गया है। राज्य सरकार के प्रयासों के चलते आज उत्तर प्रदेश ईज़ आफ डुइंग बिज़नेस में देश में दूसरे स्थान पर है। ऐसा इसलिए सम्भव हुआ कि राज्य सरकार ने वर्ष 2019 के ब्िज़नेस रिफार्म एक्शन प्लान के तहत भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा निर्धारित 187 सुधारों में से 186 सुधारों को लागू किया है

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों के साथ है और उनकी सभी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए तत्पर है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह डेटा सेण्टर पार्क शीघ्र बनकर तैयार होगा और अपना काम शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि इस डेटा सेण्टर की स्थापना से आने वाले समय में अन्य डेटा सेण्टर भी स्थापित हो सकेंगे। इन डेटा सेण्टर्स की स्थापना से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में डेटा सेण्टर की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश डेटा सेण्टर नीति बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। नीति के तहत 3 डेटा सेण्टर्स पार्क स्थापित किए जाने का लक्ष्य है। डेटा सेण्टर्स की स्थापना से इनके आसपास बड़ी संख्या में सूचना प्रौद्योगिकी तथा इससे समर्थित इकाइयों की स्थापना होती है, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार की सम्भावनाएं होती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में राज्य सरकार को 56 से अधिक निवेश आशय मिले हैं, जिनमें जापान, यूएसए, यूके, कनाडा, जर्मनी, दक्षिण कोरिया आदि लगभग 10 देशों की कम्पनियों के लगभग 45 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, हीरानंदानी समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी, हीरानंदानी समूह के सीईओ दर्शन हीरानंदानी ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर इलेक्ट्रानिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## निवेश की गाड़ी दौड़ाने को मुंबई में उद्योगपतियों से मिलेंगे योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● स्टाक एक्सचसेज में दो दिसंबर को लखनऊ नगर निगम के म्यूनिसपल बांड की करेंगे लांचिंग

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ दो दिसंबर को देश की आर्थिक राजधानी और मायानगरी मुंबई में होंगे। यूं तो मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका कई बार मुंबई जाना हुआ, लेकिन यह दूसरा मौका होगा जब वे देश के दिग्गज उद्योगपतियों और बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों से मिलेंगे। इससे पहले इस मकसद से मार्च 2017 में उत्तर प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद दिसंबर 2017 में वह उप्र इन्वेस्टर्स समिट में संबंधित लोगों से मिलने और आमंत्रित करने मुंबई गये थे।

दरअसल मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट होना था। उसके पहले देश के प्रमुख महानगरों में सेक्टर्स को फोकस करते हुए रोडशो हुए थे। मुंबई के रोडशो में योगी खुद गये थे। उस समय उनसे मुकेश अंबानी, रतन टाटा, आनंद महिंद्रा समेत आदि से उनकी मुलाकात हुई थी। फरवरी 2018 में लखनऊ में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में भी इनमें से अधिकांश आए थे। उस दौरान करीब चार लाख 52 हजार करोड़ रुपये के मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर दस्तखत हुए थे। इसके बाद हुए दो बार के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमोनी के दौरान अब तक दो लाख हजार करोड़ रुपए के निवेश धरातल पर उतारे जा चुके हैं। यह प्रकिया लगातर जारी है।

तबसे अब तक उप्र में कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, एयर कनेक्टिविटी के लिहाज से बहुत कुछ बदल चुका है। नोएडा में देश की सबसे बेतरीन फिल्म सिटी एवं फाइनेंस सिटी, जेवर में एशिया का सबसे बड़ा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट, डिफेंस कॉरिडोर, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे, अलग अलग महानगरों में मेट्रो का विस्तार, अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने और अयोध्या के कायाकल्प के साथ आने वाले वर्षों में प्रदेश में बहुत कुछ बदल जाएगा। इन तमाम प्रयासों के साथ निवेश की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम का नतीजा भी दिखने लगा है। कुछ महीने पहले जारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उप्र 10 अंकों की छलांग के साथ देश में दूसरे नंबर पर आ गया। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान भी प्रदेश सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों के नाते देश विदेश की 52 कंपनियों ने उप्र में 45 हजार करोड़ रुपए के निवेश में रुचि दिखाई। यही नहीं इस दौरान बैंकों से समन्वय कर 6 लाख 46 हजार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को 20 हजार करोड़ रुपए का ऋण देकर चलवाया गया। लॉक डाउन के नाते करीब 45 लाख श्रमिकों की दूसरे प्रदेशों से वापसी हुई। सरकार ने न केवल सबकी सुरक्षित और ससम्मान वापसी सुनिश्चित कराई बल्कि इनको राशन किट और भरण पोषण भत्ते के रूप एक हजार रुपये भी दिया। इनमें से करीब 25 लाख लोगों को उनकी दक्षता के अनुसार स्थानीय स्तर पर रोजगार भी मुहैया कराया गया। स्वाभाविक है कि मुख्यमंत्री उद्योग और फिल्म जगत की नामचीन हस्तियों से मुलाकात के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे। साथ ही उनसे उत्तरप्रदेश को हर लिहाज से देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए अलग अलग सेक्टर्स में और निवेश के लिए भी आमंत्रित करेंगे।

मुख्यमंत्री 1 दिसंबर को मुंबई पहुंच जाएंगे और दो दिसंबर को सुबह वह मुंबई स्टॉक एक्सचेंज में लखनऊ नगर निगम के बॉन्ड को प्रतीकात्मक रूप से लांच करेंगे। मालूम हो कि हाल ही में लखनऊ नगर निगम ने प्रदेश की राजधानी को हर लिहाज से विकास, सौंदर्यीकरण और साफ-सफाई आदि से स्मार्ट बनाने के लिए 200 करोड़ का बॉन्ड जारी किया था। कोविड काल में भी सरकार पर भरोसा कर निवेशकों ने इसे हाथों हाथ लिया। नतीजन यह 225 फीसदी से अधिक सब्सक्राइब हुआ है। इस तरह का बांड जारी करने वाला लखनऊ उत्तर भारत का पहला नगर निगम है। इससे उत्साहित सरकार आने वाले समय में गाजियाबाद, वाराणसी, कानपुर और आगरा जैसे बड़े नगर निकायों का बांड भी जारी करेगी। मुख्यमंत्री इसके बाद नरीमन प्वाइंट स्थित होटल ट्राइडेंट में देश के दिग्गज उद्योगपतियों, बालीउड की नमाचीन हस्तियों और बड़े बैंकर्स से मुलाकात करेगें। इन मुलाकातों में प्रदेश में निवेश, प्रस्तावित फिल्म और फाइनेंस सिटी पर चर्चा होगी।

### इन दिग्गजों से होगी मुख्यमंत्री की मुलाकात

**एन चंद्रशेखरन** चेयरमैन टाटा सन्स, डॉ निरंजन हीरानंदानी चेयरमैन हीरानंदानी ग्रुप, एसएन सुब्रमणयम, चेयरमैन एलएंडटी, संजय नायर चेयरमैन केकेआर इंडिया एडवाइजर्स, सुप्रकाश चौधरी सीईओ सिमंस इंडस्ट्री, बाबा कल्यानी चेयरमैन भारत फोर्ज लिमिटेड, जसपाल बिंद्रा, चेयरमैन सेंट्रम कैपिटल लिमिटेड अमित नायर, वाइस प्रेसीडेंट वन 97 कम्यूनिकेशन्स, विकास जैन एके कैपिटल सर्विसेज, वरूण कौशिक एसोसिएट डायरेक्टर एके कैपिटल सर्विसेज के अलावा डिफेंस सेक्टर के नामी उद्यमी एसपी शुक्ल चेयरमैन एफआईसीसीआई डिफेंस एंड एरोस्पेस कमेटी, सुकरन सिंह, सीईओ व एमडी टाटा एडवांस सिस्टम, सुशील कुमार एवीपी व हेड गर्वनमेंट इनोवेशन एंड स्किल डेवलपमेंट टाटा टेक्नोलॉजी, हर्षवर्धन गुने हेड डिफेंस टाटा टेक्नोलॉजी, अशोक वाधवान चेयरमैन पीएलआर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, टीएस दरबारी, सीईओ व एमडी टैक्समैको डिफेंस सिस्टम, आशीष राजवंश हेड डिफेंस अडानी डिफेंस, रजत गुप्ता, हेड डिफेंस बिजनेस अशोक लेलैंड, कर्नल आरएस भाटिया (रिटायर्ड) प्रेसीडेंट डिफेंस भारत फोर्ज, जेडी पाटिल होल टाइम डायरेक्टर व मेम्बर ऑफ बोर्ड एलएंडटी, विजय सुजान, सीईओ जेएनवी वेनचर्स इंडिया। फिल्म जगत से आनंद पंडित, मनमोहन शेट्टी, बोनी कपूर और सुभाष घई आदि हैं।

## चीनी मिलों के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान दें: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने चीनी मिलों के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को चीनी मिलों में गन्ने की आपूर्ति में कोई समस्या न हो। उन्होंने गन्ना किसानों को बुआई के लिए गन्ने की बेहतर वेराइटी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिये हैं। मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने धान क्रय की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को एमएसपी के तहत अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गांव में विभिन्न विकास योजनाओं को उत्कृष्ट ढंग से लागू किया गया है, ऐसे ग्रामों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए वहां जनप्रतिनिधिगण का भ्रमण कराया जाए। इससे अन्य ग्रामों में भी इसी प्रकार विकास कार्य को बेहतर ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठन के गठन को बढ़ावा दिया जाए। इनके गठन के उपरान्त इनका प्रशिक्षण कराते हुए इनकी गतिविधियों को निर्यात के साथ जोड़कर एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने जनपदों की मैपिंग कराकर उनकी जीडीपी भी तय किये जाने के निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) प्रारम्भ की गयी है। यह महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश में भी संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत सोलर पम्पों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिये कि यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए।

## धान खरीद क्रय केन्द्रों के 33 प्रभारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● 24 केन्द्र प्रभारी-सचिव का निलम्बन, एक केन्द्र प्रभारी को पद से हटाया गया और 28 केन्द्र प्रभारियों सचिवों से मांगा गया स्पष्टीकरण

### ● धान खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: रामी रेड्डी

**प्रदेश में** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत सहकारिता विभाग की सहकारी समितियों के धान खरीद क्रय केन्द्रों पर उदासीनता एवं अनियमितता पाये जाने पर 33 केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव-आयुक्त एवं निबन्धक एमवीएस रामी रेड्डी ने दी। उन्होने बताया कि इसी क्रम में 24 क्रेन्द्र प्रभारी-सचिव के विरूद्ध निलम्बन की कार्रवाई की गयी है। 4 केन्द्र प्रभारियों-सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गयी है। 71 केन्द्र प्रभारियों-सचिवों को चेतावनी निर्गत की गयी है। एक केन्द्र प्रभारी को पद से हटाया गया और 28 केन्द्र प्रभारियों-सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद औरैया के जिला प्रबन्धक पीसीयू एवं जिला प्रबन्धक यूपीएसएस एवं जनपद सोनभद्र के जिला प्रबन्धक पीसीएफ को निलम्बित किया गया है साथ ही कानपुर मण्डल के क्षेत्रीय प्रबन्धक पीसीएफको निलम्बित कर दिया गया है एवं जिला प्रबन्धक पीसीएफ फतेहपुर को स्थानान्तरित कर दिया गया है। श्री रेड्डी ने यह भी कहा है कि धान खरीद कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

## सपा-बसपा ने यूपी को 15 साल तक लूटा: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी के** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में हो रहे शिक्षक, स्नातक क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव में मतदाताओं के समर्थन से पार्टी प्रत्याशी विजयी होंगे। मोदी-योगी के नेतृत्व में बन रहे नए भारत व नए उत्तर प्रदेश के निर्माण को गति प्रदान करने के लिए प्रदेश में हो रहे विधान परिषद के चुनाव में मतदाता भाजपा के समर्थन में है। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं का अवाहन किया कि प्रत्येक मतदाता से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर मतदान के दिन वोट डलवाने की जिम्मेदारी का निर्वहन करें। पार्टी द्वारा आयोजित किये जा रहे मतदाता सम्मेलन आज संपन्न हो गए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने केन्द्र की सत्ता में रहते हुए देश को लूटा तो उसकी बी टीम सपा-बसपा ने भी पिछले 15 वर्षों में उत्तर प्रदेश की सत्ता में रहते हुए सिर्फ जातिवाद, वंशवाद को बढ़ावा देकर जनधन की लूट की। भाजपा की नीतियों व कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर विधान परिषद के चुनाव में भी पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी।

## राज्यपाल व सीएम ने कार्तिक पूर्णिमा व गुरु नानक जयंती की बधाई दी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयन्ती के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके स्वस्थ एवं निरोगमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि गुरु नानक की शिक्षाएं सिख धर्म के साथ ही सभी धर्मों के लिए अनुकरणीय हैं, जो हमें समाज के उत्थान के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय पर्वों का अपना विशेष सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। हमें अपनी सांझी संस्कृति को बनाये रखते हुए देश एवं प्रदेश के विकास में सहयोग करना चाहिए। पटेल ने प्रदेशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सावधान और सतर्क रहें, भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग करते हुए पर्व को मनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के सर्व धर्म समभाव एवं सामाजिक सद्भाव के सन्देश में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने गुरु नानक जयन्ती के अवसर पर समस्त अनुष्ठानों में कोविड.19 के प्रोटोकॉल तथा सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है। कार्तिकपूर्णिमा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में इस अवसर का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु ने इसी दिन मत्स्य अवतार लेकर प्रलय के अंत तक सप्त ऋषियों एवं वेदों की रक्षा की, जिससे पुनः सृष्टि का निर्माण सम्भव हो सका। इसके साथ ही, भगवान शंकर ने इसी दिन त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व मानव मात्र को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

## विकास कार्य ठप, सरकार अपराधियों के आगे नतमस्तक: अखिलेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार अपराधियों के आगे नतमस्तक है। विकास कार्य अवरुद्ध हैं। किसान आंदोलित हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री देशाटन पर हैं। अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने के बजाय उनका मन स्टार प्रचारक बनकर दूसरे राज्यों में जाने और उनके शहरों के नाम बदलवाने में ज्यादा लगता है।

अखिलेश ने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता की भाजपा सरकार को परवाह नहीं। किसानों के प्रति नफरत रखना, उन्हें आतंकवादी और गुण्डा बताना भाजपा की ओछी मानसिकता का प्रदर्शन है। खेती, किसान, गांव में रहने वालों और गरीबों के लिए भाजपा में कोई हमदर्दी नहीं। उन्हें चिंता है तो बस कारपोरेट घरानों की कि कैसे उनकी झोलियां भरी जाएं और प्रदेश की सम्पत्ति उनकी मर्जी से बंधक बनाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को आतंकवादी कहकर अपमानित करना भाजपा का निकृष्टतम रूप है। ये अमीरों की पक्षधर, भाजपा का खेती-खेत छोटा व्यापार, दुकानदारी, सड़क परिवहन सब कुछ, बड़े लोगों को गिरवी रखने का षड्यंत्र है। अगर भाजपा के अनुसार किसान आतंकवादी है तो भाजपाई कसम खाएं उनका उगाया अन्न नहीं खाएंगे। अखिलेश ने कहा कि भाजपा-आरएसएस की रीतिनीति ही यही है कि जनसामान्य के हितों के मुद्दों से ध्यान भटकाया जाए और व्यर्थ के मुद्दों में उलझाया जाए। भाजपा आदर्श की बड़ी बड़ी बातें करती है, किन्तु उसके राज में बहन बेटियों की जिंदगी सबसे ज्यादा असुरक्षित हो गई है। आखिर जो सरकार लोगों को सुरक्षा और सम्मान पूर्वक जीने की गारन्टी नहीं दे सकती उसे सत्ता में बने रहने का क्या अधिकार है।

## कृषि कानूनों पर केंद्र पुनर्विचार करे तो बेहतर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पिछले चार** दिनों से दिल्ली-हरियाणा बार्डर पर कृषि कानून को वापस करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में बसपा सुप्रीमो मायावती उतर आई हैं। मायावती ने कहा है कि केंद्र ने इस कानून को बिना किसानों की सहमति के बनाया है और इसे किसानों की मांग पर केंद्र को पुनर्विचार करना चाहिए। किसान हाल ही में पास तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि इन कानूनों के बनने से केंद्र द्वारा चली आ रही न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रणाली खत्म हो जाएगी और किसान बड़े कॉरपोरेट की शर्तों पर उन्हें अपना उपज बेचने को मजबूर होंगे। किसानों को समर्थन देते हुए मायावती ने ट्वीट किया कि पूरे देश में किसान केंद्र सरकार द्वारा कृषि से संबंधित हाल में लागू किये गये तीन कानूनों को लेकर काफी नाराज हैं और इनके खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि केंद्र सरकार किसानों की आम सहमति के बिना बनाये गये इन कानूनों पर अगर पुनर्विचार कर ले तो बेहतर होगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

जन सूचना

विदित हो कि मै मोहिनी सक्सेना पुत्री आनंद सक्सेना निवासी 603,117/H-1/186 पांडु नगर, कानपुर – फर्म – अयांश संजीवनी ग्रुप ऑफ फार्मस एल एल पी जिसका पूर्व आफिस.122/715, प्रथम तल, शास्त्री नगर, कानपुर था जो बदल कर सरस्वती पुरम कॉलोनी, महमदपुर रोड रबीपुर, बहाउद्दीनपुर, अकबरपुर, अम्बेडकर नगर–224122 हो गया है, से दिनांक 1 अप्रैल 2020 को त्यागपत्र दे चुकी हूँ व अब मेरा इस एल एल पी से कोई लेना देना नही है।

सूचना

जन सूचना

विदित हो कि मै कविता सक्सेना पत्नी आनंद सक्सेना निवासी 603,117/H-1/186 पांडु नगर, कानपुर फर्म – वन नेचर एग्रो फार्मस आफिस 122/715, प्रथम तल, शास्त्री नगर, कानपुर, जो अब मुख्य कार्यकारी पार्टनर श्री प्रेम नारायण सिंह, श्रीमती मुन्नी देवी, अयांश एग्रोवेट इंडस्ट्रीज एल एल पी द्वारा कृपाशंकर वर्मा व ओम प्रकाश द्वारा संचालित व नियंत्रित है, दिनांक 23 मई 2020 को त्यागपत्र दे चुकी हूँ तथा अपने सारे देय राशि चुका चुकी हूँ व अब मेरा इस फर्म से कोई लेना देना नही है।

आवश्यकता

H.L.Y. DEGREE COLLEGE
UTTARGAON SISENDI MOHANLALGANJ, LUCKNOW
Required
Principal/ HOD-1, Asst. Prof. For B.ed-15, Pedagogy-10 (Science, Maths, Hindi, English, Home Science) Foundation Course -02, Art & Carft- 01, Music - 01 (Vocal/ Instrumental), Physical Education- 01 Apply to the manager within 08 days from first insertion of this advt. Education Qualification & Salary as per norms of U.G.C.,N.C.T.E & first statute of Lucknow University
9454140180
office.hlydc@gmail.com

# योगी सरकार की नीतियों ने बढ़ाई गन्ने की मिठास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● मिलों की बढ़ी क्षमता, खांडसारी इकाइयां और एथनाल बनीं मददगार



**योगी सरकार** की नीतियों से गन्ने की मिठास बढ़ गई है। अत्याधुनिक नई मिलें, पुरानी मिलों की बढ़ी क्षमता, खांडसारी इकाईयां और एथनाल इसमें और मददगार साबित होने जा रही हैं। प्रदेश में गन्ना किसानों की बड़ी संख्या के नाते राजनीतिक रूप से यह बेहद संवेदनशील फसल है। गन्ना मूल्य के बकाये से लेकर पेराई न होना आदि बड़ा मुद्दा बन जाता है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का साफ निर्देश है कि जब तक खेत में किसानों का गन्ना है तब तक उस क्षेत्र की मिल को चलना चाहिए।

मार्च 2017 में योगी सरकार के आने के पहले बकाया बड़ा मुद्दा था। सरकार ने आने के साथ ही पहला फोकस बकाये के भुगतान पर किया। तीन साल के दौरान योगी सरकार अब तक 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान कर चुकी है। भुगतान के साथ ही सरकार ने सबसे ज्यादा जोर पुरानी मिलों के आधुनिकीकरण और नयी मिलों की स्थापना पर दिया। इस क्रम में 11 मिलों की क्षमता बढ़ायी गयी और गोरखपुर के पिपराइच, बस्ती के मुंडेरा और बागपत के रमाला में अत्याधुनिक और अधिक क्षमता की नई मिलें लगायी गयीं। उल्लेखनीय है कि बसपा और सपा शासन काल में 2007 से 2017 के दौरान बंद होने वाली 29 मिलों को देखते हुए नयी मिलों को खोलना और पुरानी मिलों का आधुनिकीकरण किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम रहा।

स्थानीय स्तर पर गन्ने की पेराई हो इसके लिए 25 साल बाद पहली बार किसी सरकार ने 100 घंटे के अंदर खांडसारी इकाइयों को ऑनलाइन लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की। इसके दायरे में पहले से चल रही इकाइयां भी थीं। सरकार के अनुसार मौजूदा समय में 105 इकाइयों को लाइसेंस निर्गत किया जा चुका है। इससे पेराई क्षमता में 27850 टीडीएस की वृद्धि हुई है। लोग गुड़ के गुण और स्वाद को जानें इसके लिए सरकार ने मुजफ्फरनगर में गुड़ महोत्सव का आयोजन किया। प्रसंस्करण के जरिए गुड़ को और उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार ने गुड़ को मुजफ्फरनगर और अयोध्या का एक जिला, एक उत्पाद घोषित कर रखा है। मिलर्स को चीनी का अधिक दाम मिले इसके लिए कुछ मिलों में सल्फरमुक्त चीनी बनाने का काम भी शुरू हुआ है। मिलें ऊर्जा के मामले में आत्म निर्भर बनें इसके लिए उनमें को जेनरेशन प्लांट भी लगाये जा रहे हैं। करीब छह दर्जन मिलों के को जेनरेशन प्लांट से 2000 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### एथनॉल से गन्ने को ग्रीन गोल्ड बनाने का प्रयास

योगी सरकार एथनॉल के जरिए गन्ने को ग्रीन गोल्ड बनाने का प्रयास कर रही है। सरकार के प्रयास से अब उप्र देश का सर्वाधिक 126.10 करोड़ लीटर वार्षिक आपूर्ति करने वाला राज्य बन चुका है। कुल 50 आसवानियां एथनॉल बना रही हैं। पिछले वर्ष दो मिलें हैवी मोलासिस से एथनॉल बना रही थीं। इस साल इनकी संख्या बढक़र 20 हो गयी।

### 177 लाख लीटर सेनीटाइजर का उत्पादन कर बनाया रिकार्ड

योगी सरकार ने कोरोना काल में 9 महीने की अवधि के दौरान सेनीटाइजर का 177 लाख लीटर उत्पादन कर राजस्व वृद्धि का एक नया रिकार्ड बनाया। राज्य की चीनी मिलों और छोटी इकाइयों से 24 मार्च से 15 नवंबर 2020 तक 177 लाख लीटर सेनीटाइजर का रिकॉर्ड मात्रा में उत्पादन कर 137 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया। योगी सरकार ने इस सफलता से चीनी मिलों को घाटे का सौदा बता कर कौड़ियों के भाव बेच देने वाली पिछली सरकारों को न सिर्फ आइना दिखाया बल्कि गन्ना किसानों को रोजगार और मुनाफे के नए आयाम से भी जोड़ा। आबकारी विभाग के मुताबिक यूपी के बाहर 78.38 लाख लीटर सेनीटाइजर की बिक्री हुई है। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी के मुताबिक आपदा में अवसर मंत्र का पालन करते हुए आबकारी विभाग ने सेनीटाइजर का समय पर उत्पादन कराया। साथ ही बाजार में समय पर सेनीटाइजर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की।

### चीनी की रिकवरी के क्षेत्र में भी रिकॉर्ड बनाया

पेराई और भुगतान के साथ सरकार ने चीनी की रिकवरी (11.46 फीसद) के क्षेत्र में भी रिकॉर्ड बनाया। गन्ने की ढुलाई का मानक किमी की बजाय प्रति कुंतल करने से भी किसानों को लाभ हुआ। पहले सरकार 8.75 रुपये प्रति किमी की दर से भुगतान करती थी, इसे बदलकर 42 पैसे प्रति कुंतल कर दिया गया। फर्जी बांड गन्ना माफियाओं का सबसे प्रभावी हथियार था। सरकार ने दो लाख से अधिक फर्जी बांड रद्द कर इन माफियाओं की कमर तोड़ दी। पारदर्शिता के लिए गन्ना किसानों का पंजीकरण शुरू किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# कोरोना संक्रमित मरीजों का हो बेहतर इलाज : योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमित मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि जनता को गुणवत्तापरक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त बनाए रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ डाक्टर कोविड वार्ड में नियमित राउण्ड लें। अस्पतालों में दवाओं, मेडिकल उपकरण तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को कोविड 19 से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक किया जाए। विभिन्न प्रचार माध्यमों सहित पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा जन जागरूकता का कार्य लगातार जारी रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोविड 19 के नियंत्रण के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा की प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड 19 की मेडिकल टेस्टिंग की प्रभावी व्यवस्था निरन्तर बनी रहे। इसके लिए प्रतिदिन पर्याप्त संख्या में आरटीपीसीआर तथा रैपिड एण्टीजन टेस्ट किये जाए। उन्होंने इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल संटर को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि नवस्थापित मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की व्यवस्था की जाए। निर्धारित संख्या में चिकित्सकों की उपलब्धता से मरीजों को इलाज की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री ने स्वीकृत मेडिकल कालेजों के निर्माण की कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में टेक्निकल और फाइनेंशियल बिड्स एक साथ आमंत्रित की जाएं।

## ज्यादा संक्रमण वाले इलाकों में एक दिसंबर से तेज होगी टेस्टिंग

**लखनऊ( पीएनएस )।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में एक नया अभियान 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक चलाया जायेगा। सभी जनपदों को निर्देश दिये गये है कि मैपिंग आफ केसेज के आधार पर जिस इलाके में ज्यादा संक्रमण के केस मिल रहे है वहीं पर सर्विलांस तथा फोकस टेस्टिंग की गतिविधियों को तेज किया जाए और उस इलाके से अधिक से अधिक सैम्पल लेकर उनकी जांच करवाई जाए। ऐसे इलाके के सैम्पलों की आरटीपीसीआर के माध्यम से जांच करवाया जाए ताकि संक्रमण को जितना जल्दी हो सके, संक्रमित व्यक्ति को खोजा जा सके और उनकी श्रृंखला को तोड़ा जा सके। बचाव से ही कोविड.19 की सेकेन्ड वेव से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं तथा बीमार व्यक्तियों को संक्रमण से दूर रखकर कोविड.19 की सेकेन्ड वेव से बचाया जा सकता है। प्रसाद ने बताया कि जो फोकस टेस्टिंग कराई गयी थी उसके परिणाम अब मिले हैं जिसमें टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, रिक्शा चालकों के 55,741 सैम्पल में से 413 पॉजीटिव मिले हैं। इसी प्रकार करवा चौथ के पहले जो लोग मेंहदी लगाते हैं, ब्यूटी पार्लर है पूरे प्रदेश में सैम्पलिंग की गयी थी जिसमें 53,916 में से 422 पॉजीटिव मिले थे। इसी प्रकार जो मिठाई की दुकानों में कार्य करने वाले लोगों में 1,19,1145 सैम्पल में से 2,172 लोग पॉजीटिव पाये गये थी। रेस्टोरेंट में 60,702 सैम्पल में से 416 पॉजीटिव पाये गये थे। धर्म स्थलों पर 1,14,976 सैम्पल में से 2,438 पॉजीटिव पाये गये थे। शॉपिंग मॉल में 1,16,054 सैम्पल में से 1025 पॉजीटिव पाये गये थे। उन्होंने बताया कि आज और कल मार्केट-बाजारों में फोकस टेस्टिंग होगी।

# साइलेंट कोरोना से सिविल के वरिष्ठ टेक्नीशियन की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी में** साइलेंट कोरोना से एक मरीज की मौत का मामला सामने आया है। सिविल अस्पताल के एक वरिष्ठ टेक्नीशियन की एसजीपीजीआइ अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। जबकि कई बार उनकी कोरोना जांच की गई थी, लेकिन सारी रिपोर्ट नेगेटिव आ रही थी। पर सीटी स्कैन व एक्स रे करने पर मरीज के फेफड़े में गंभीर संक्रमण देखा गया था। यह संक्रमण ठीक उसी प्रकार का था, जैसे कोरोना पॉजिटिव होने के बाद मरीजों के फेफड़ों में दिखता है।

सिविल अस्पताल के वरिष्ठ टेक्नीशियन व विकासनगर निवासी अशोक गुप्ता में भी 15 दिनों पहले कोरोना के लक्षण विकसित हुए थे। इसके बाद कई बार उनकी जांच कराई गई थी, लेकिन रिपोर्ट निगेटिव आ रही थी। जबकि उनके फेफड़े में लगातार संक्रमण बना हुआ था। उन्हें ऑक्सीजन लेने में भी दिक्कत हो रही थी। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें एसजीपीजीआइ में भर्ती कराया गया था। वहां भर्ती होने से पहले व उसके बाद भी मरीज की कई बार आरटीपीसीआर जांच हुई थी लेकिन उस दौरान भी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। डॉक्टरों ने सीटी स्कैन और एक्स रे करके देखा तो फेफड़े में ठीक वैसा संक्रमण पाया गया जैसा कोरोना होने पर मरीजों को होता है। मगर कोरोना रिपोर्ट हर बार निगेटिव होने से डॉक्टर भी हैरान थे। सिविल अस्पताल के अनुसार उनकी सेवानिवृत्ति में सिर्फ एक डेढ़ वर्ष ही शेष बचे थे। डॉक्टरों के अनुसार कई बार कोरोना होने के बाद भी रिपोर्ट में वायरस पकड़ में नहीं आता है।

## राजधानी में 342, सूबे में मिले कोरोना के 2036 नए केस

**लखनऊ( पीएनएस )।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार को राजधानी में कोरोना के 342 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2036 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 24575 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3704 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7742 मरीजों की और राजधानी में 991 की मौत हो चुकी है।

विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 755,313 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2618 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 509,556 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा आज 9715 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 34, अलीगंज 14, मड़ियाव 13, गोमती नगर 35, गुडंबा 16, रायबरेली रोड 19, आलमबाग 15, चौक 17, आशियाना 12, महानगर 16, जानकीपुरम 15, विकास नगर 15 , ठाकुरगंज 11, हजरतगंज 15, सरोजिनी नगर 10 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 152 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से सभी 152 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 81 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 71 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

## दूसरे चरण की बीएड काउंसिलिंग में 32,535 अभ्यर्थियों को मिला मनमाफिक प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** भर में बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर चल रही उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे चरण (स्टेट रैंक 50,001 से 1,40,000 तक) के सीट आवंटन का परिणाम रविवार को घोषित किया गया। इस चरण में कुल 34,673 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में प्रतिभाग किया। इनमें से 32,535 अभ्यर्थियों को उनके वांछित बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई हैं। इसमें सामान्य श्रेणी की 31,098, अन्य पिछड़ा वर्ग की 21, अनुसूचितजाति-जनजाति की 351, अन्य राज्यों के 796 व आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग के 269 अभ्यर्थियों को विभिन्न बीएड महाविद्यालयों में सीटें आवंटित हुई हैं। बीएड प्रवेश प्रक्रिया की राज्य समन्यवक डॉ. अमिता बाजपेयी ने बताया कि मुख्य काउन्सिलिंग के तृतीय चरण हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी आज से प्रारम्भ हो गयी है। प्रो अमिता बाजपेयी ने अभ्यर्थियों को पुन: परामर्श दिया है कि वे च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया में महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से अपनी पसंद के महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें तथा उन्हें अपनी रुचि के क्रम में अधिकाधिक संख्या में भरें जिससे वे अपनी पसंद के बीएड महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकें।

# पहली बार दूरबीन विधि से पैंक्रियाज के कैंसर को निकालने में मिली सफलता

### 12 घंटे तक सर्जरी कर बचाई मरीज की जान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सहारा** हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने पहली बार दूरबीन विधि से पैंक्रियाज के कैंसर को निकालने में सफलता हासिल की है। सर्जरी के बाद मरीज पूर्णतया स्वस्थ है। झांसी निवासी 65 वर्षीय हरी नारायण यादव को ढाई माह पहले से पीले रंग की पेशाब हो रही थी और बुखार भी था। प्रतिदिन उन्हें बुखार चढ़ता था। इन समस्याओं के साथ मरीज को एक माह पहले पेट में दर्द शुरू हो गया। जब वह खाना खाता था तो तुरन्त उल्टियां होने लगती थीं। जब वह झांसी में एक प्राइवेट क्लीनिक में इलाज के लिए गया तो डाक्टर ने पेट में कैंसर होने की आशंका जतायी और बताया कि उसके पेट में गांठ है, उसे इसके इलाज के लिए किसी अच्छे गैस्ट्रोसर्जन को दिखाना चाहिए। फिर मरीज ने लखनऊ में मेडिकल कालेज में सम्पर्क किया, जहां मरीज को अपनी समस्या के इलाज के लिए एक माह बाद का नम्बर मिल रहा था। ऐसे में मरीज ने गोमतीनगर स्थित सहारा हॉस्पिटल की इमरजेंसी में पहुँचकर डा अजय यादव को दिखाया, जहां उन्होंने बताया कि पेट में गांठ है जो कैंसर जैसी है और इसके लिए सर्जरी द्वारा गांठ निकालने की जरूरत है। तब उनकी सलाह पर मरीज 11 नवम्बर को भर्ती हुआ। इसके बाद दूरबीन ( लेप्रोस्कोपिक) विधि से सर्जरी की गयी जो करीब 12 घंटे तक चली। इस दौरान सफलतापूर्वक गांठ निकाली गयी। इस प्रकार प्रदेश में किसी निजी अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से पैंक्रियाज के कैंसर को निकालने में सफलता मिली। बता दें कि चीरे वाली सर्जरी में मरीज को लगभग 8-10 दिन के लिए हॉस्पिटल में रुकना पड़ता है, जबकि दूरबीन विधि से करने पर केवल 5-6 दिन ही रुकना पड़ता है।

# किराया न मूल्य, जनता को समारोह करने पर मुफ्त मिलेंगे बर्तन

### महापौर ने किया बर्तन बैंक का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**गोमतीनगर** के जियामऊ कल्याणमंडप में महापौर द्वारा बर्तन बैंक का शुभारंभ किया गया। बर्तन के प्रयोग से सिंगल यूज डिस्पोजल से मुक्ति मिलेगी। डिस्पोजल के कम से कम उपयोग की ओर कदम बढ़ाया गया है। इसके लिए नगर निगम द्वारा 500 स्टील के बर्तनों से शुरुआत की गयी है। जनता अपने कार्यक्रम के लिए नि:शुल्क बर्तन ले सकेगी। साथ ही किराए के बदले बर्तन बैंक में बर्तन बढ़ाकर जमा करना होगा। वहीं, आयोजक व जनता बर्तन बैंक में बर्तन भी दान दे सकते हैं।

नेकी की दीवार बनाने के बाद जियामऊ गोमतीनगर से बर्तन बैंक की शुरुआत महापौर संयुक्ता भाटिया ने की है। महापौर के प्रयास से शहर में बर्तन बैंक एक बड़े उद्देश्य के लिए प्रारंभ किया गया है। अभी जनता 500 बर्तन, बर्तन बैंक से अपने समारोह के लिए ले सकती हैं, जिसका कोई किराया व मूल्य नहीं देना है। हालांकि बर्तन जमा करने के दौरान एक बर्तन बढ़ाकर जमा करना होगा। इससे इस अभियान को लंबे समय तक चलाया जा सकेगा। यह अनोखा प्रयोग नगर निगम द्वारा प्रदूषण वातावरण के संरक्षण के लिए किया जा रहा है। शहर में पॉलिथीन, सिंगल यूज डिस्पोजल का प्रयोग कम से कम हो, इसका मुख्य उद्देश्य है। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शहर को पॉलिथीन और सिंगल यूज डिस्पोजल से मुक्त करना है, जिसके लिए बर्तन बैंक की शुरुआत की गयी है। यही नहीं बर्तन खोने व टूटने पर नगदी नहीं, बर्तन ही देने होंगे। इसके साथ ही बर्तन वापस करने के दौरान स्वच्छता का खास ध्यान रखना होगा। नगर आयुक्त द्वारा अपील किया गया कि हम डिस्पोजल सड़कों व खाली प्लाटों पर फेंक देते हैं, जिससे शहर में कूड़ा बढ़ता है, उसकी खूबसूरती खराब होती है। बताया गया कि कोई इस मुहिम से जुड़ना चाहता है तो दूरभाष नंबर 6389300139और 6389300137 पर संपर्क कर दान व बुकिंग कर सकता है। साथ ही लखनऊ वन एप्लीकेशन द्वारा भी बर्तनों की बुकिंग या डोनेशन किया जा सकता है।

**नहीं माने तो होगी कार्रवाई**

नगर निगम परिससीमा में नगर आयुक्त द्वारा सभी वेडिंग प्लानर्स, शादी पार्टी आयोजित करने वाले गार्जेंस और होटल से भी अपील की गयी है कि डिस्पोजल का प्रयोग न करें, शहर को प्लाटिक मुक्त बनाने में सहयोग करें। यही नहीं डिस्पोजल का प्रयोग करने पर प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पारा गोलीकांड में पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं हमलावर

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं गोली से घायल किसान व प्रापर्टी डीलर का इलाज पुलिस अभिरक्षा में किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इंस्पेक्टर त्रिलोकी सिंह के मुताबिक दोनों तरफसे क्रास मुकदमा दर्ज किया गया है। फायरिंग में घायल दोनों लोगों का इलाज पुलिस अभिरक्षा में किया जा रहा है।

वहीं अन्य मामले में फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। गौरतलब हो कि पारा थानाक्षेत्र के रामपुर सलेमपुर पतौरा निवासी उमेश रावत की गांव में ही जमीन है। लगभग पांच वर्ष पहले उमेश के पिता जगन्नाथ ने अपनी तीन बीघा जमीन प्लाटिंग के लिये सुशील रावत को दी थी। सुशील रावत ने जमीन के तय रुपयों का भुगतान नहीं किया। जिस पर किसान जगन्नाथ व उसके बेटे जमीन वापस मांगने लगे सुशील रावत ने जमीन में इण्टरलाकिंग व नाली का पक्का निर्माण करा दिया था। 27 नम्वबर को उमेश रावत द्वारा उक्त जमीन पर निर्मित नाली को उखड़वाया जा रहा था।

# विधायक समर्थकों ने टोलकर्मियों को पीटा

**संवाददाता।** निगोहां

**रविवार** को निगोहां के दखिना टोल प्लाजा पर रायबरेली जनपद के बछरांवा के विधायक ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ टोल पर हंगामा काटा। टोल मैनेजर से दो सौ से अधिक गाड़ियों के निशुल्क पास करने की बात कही। इस पर टोल प्रशासन ने मना कर दिया। जिससे नाराज विधायक के समर्थकों ने हाथपाई की। मैनेजर सहित कर्मचारियों को जबरन कुर्सियों से खींचकर मारपीटा। वहीं विधायक सहित समर्थकों के द्वारा की गयी मारपीट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। टोल मैनेजर ने पूरे मामले की लिखित शिकायत निगोहां पुलिस से कर विधायक सहित समर्थको के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

निगोहां के दखिना गांव स्थित टोल प्लाजा के मैनेजर धीरज श्रीवास्तव ने बताया रविवार को रायबरेली के बछरावां से भाजपा विधायक राम नरेश रावत अपने समर्थक उज्ज्वल सिंह, प्रवेश वर्मा, राजा गुप्ता, महेंद्र रंजन सहित 8-10 लोगों के साथ टोल पर पहुँचे और करीब 250 गाड़ियों की लिस्ट निशुल्क निकालने का दबाव बनाने लगे। इतनी संख्या में निशुल्क गाड़िया निकालने से टोलकर्मियों के द्वारा मना करने पर विधायक सहित उनके समर्थक उग्र हो गये। आरोप है कि इस दौरान विधायक के इशारे पर समर्थकों ने मैनेजर सहित कर्मचारियों को कुर्सियों से जबरन खींचकर हाथापाई करने के साथ मारपीट की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी निगोहां सैय्यद नैमुल हसन ने बताया कि टोल मैनेजर ने विधायक सहित कई समर्थको पर मारपीट करने का आरोप की तहरीर निगोहां थाने पर दी है। जहां मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इस घटनाक्रम में टोल प्लाजा पर लगभग घण्टे भर अफरातफरी मची रही। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई।

**क्या बोले विधायक**

वहीं इस पूरे प्रकरण में बछरांवा विधायक राम नरेश रावत का कहना है कि उनके सामने ही उनके लोगों ने टोल कर्मियों से हाथापाई की। जिस पर उन्होंने लोगों को फटकारा भी है। स्थानीय पास को न मामने की शिकायत पर वह मौके पर गए थे। टोल कर्मियों द्वारा मेरे एक सर्मथक को मारा पीटा गया था।


पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या : 131/2020

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित स्पेशल गाड़ियों का संचलन दिनांक 04.12.2020 से संशोधित समय सारणी के अनुसार निम्नवत किया जायेगा-

05008/05007 लखनऊ जं.-वाराणसी सिटी विशेष गाड़ी

| 05008 लखनऊ जं. से आगमन | 05008 लखनऊ जं. से प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | 05007 वाराणसी सिटी से आगमन | 05007 वाराणसी सिटी से प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23.10 | लखनऊ जं. | 06.15 | -- |
| 23.25 | 23.27 | लखनऊ सिटी | 05.41 | 05.43 |
| 23.44 | 23.49 | बादशाहनगर | 05.24 | 05.29 |
| -- | -- | गोमतीनगर | 05.10 | 05.12 |
| 00.20 | 00.22 | बाराबंकी जं. | 04.28 | 04.30 |
| 00.46 | 00.48 | बुढ़वल | 03.35 | 03.37 |
| 02.15 | 02.20 | गोण्डा जं. | 02.25 | 02.30 |
| 02.43 | 02.45 | मनकापुर जं. | 01.48 | 01.50 |
| 03.47 | 03.50 | बस्ती | 00.37 | 00.40 |
| 04.28 | 04.30 | खलीलाबाद | 00.08 | 00.10 |
| 05.18 | 05.20 | जगतबेला | 23.30 | 23.32 |
| 05.33 | 05.35 | डोमिनगढ़ | 23.17 | 23.19 |
| 06.00 | 06.20 | गोरखपुर जं. | 22.40 | 23.05 |
| 06.33 | 06.35 | गोरखपुर कैंट | -- | -- |
| 07.02 | 07.04 | चौरी चौरा | 21.49 | 21.51 |
| 07.34 | 07.36 | गौरी बाजार | 21.34 | 21.36 |
| 07.47 | 07.52 | देवरिया सदर | 21.13 | 21.15 |
| 08.24 | 08.27 | भटनी जं. | 20.40 | 20.45 |
| 08.42 | 08.44 | सलेमपुर जं. | 20.11 | 20.13 |
| 08.55 | 08.57 | लार रोड | 19.58 | 20.00 |
| 09.11 | 09.13 | बेल्थरा रोड | 19.42 | 19.44 |
| 09.27 | 09.29 | किरिहरापुर | 19.27 | 19.28 |
| 09.47 | 09.49 | इन्दारा जं. | 19.10 | 19.12 |
| 10.11 | 10.15 | मऊ | 18.50 | 18.55 |
| 10.40 | 10.42 | दुल्लहपुर | 18.23 | 18.25 |
| 10.53 | 10.55 | जखनियां | 18.10 | 18.12 |
| 11.07 | 11.09 | सादात | 17.52 | 17.54 |
| 11.35 | 11.37 | औड़िहार जं. | 17.30 | 17.32 |
| 11.59 | 12.01 | सारनाथ | 17.07 | 17.09 |
| 12.20 | -- | वाराणसी सिटी | -- | 17.00 |

चलने के दिन एवं संरचना पूर्ववत रहेगी।

कृपया ध्यान दें - 1. उपरोक्त गाड़ियों के सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे। 2. इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड-19 से बचाव एवं उनकी रोकथाम हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मुजाधि/टी-58सी मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# रमाबाई रैली स्थल से आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

### स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्नातक** और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव के लिए तैयारी पूरी हो गई हैं। सोमवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी रमाबाई रैली स्थल आशियाना से की जाएगी। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3 लाख 23 हजार 788 मतदाता 428 मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं शिक्षक निर्वाचन सीट के लिए 32 हजार 328 मतदाता 137 मतदान केन्द्रों पर वोट देंगे। दोनों सीटों के लिए मतदान सुबह आठ बजे शुरू होगा जो कि शाम पांच बजे तक चलेगा। मतदान के बाद सील बंद मतपेटियों को आशियाना स्थित रमाबाई रैली स्थल के स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। इसके बाद तीन दिसम्बर को रमाबाई रैली स्थल आशियाना में ही सुबह आठ बजे से मतगणना होगी। कमिश्नर व रिटर्निंग अफसर रंजन कुमार ने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियों की रवानगी सुबह आठ बजे से शुरू कर दी जाएगी।

**चुनाव में बिना मास्क मतदान नहीं:** विधान परिषद चुनाव चुनाव में मतदान करने के दौरान मतदाताओं को मास्क पहन कर मतदेय स्थल पर आना होगा। मतदान के लिए लगने वाली लाइनों में मतदाताओं को एक दूसरे से दो गज की दूरी बनाकर रखनी होगी। प्रत्येक मतदाता की थर्मल स्क्रीनिंग करवाई जाएगी व मतदान पूर्व उसे मास्क व दस्ताने व मास्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**स्नातक में 24 व शिक्षक निर्वाचन में 11 प्रत्याशी:** लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से 24 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे। इसी तरह लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**जिले के सभी मतदान केंद्र अति संवेदनशील:** सभी मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। सुपर जोनल आफिसर, इनके सहयोग में जोनल आफिसर व सेक्टर आफिसर नामित किए गए हैं। एक दिसंबर को मतदान के दिन ये अधिकारी बूथों का भ्रमण कर जायजा लेते रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी गई है। माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए अलग से टेबल लगाई जाएगी। वहीं पर उनकी उपस्थिति दर्ज होगी तथा वही पर उनको रिपोर्ट का प्रारूप दिया जाएगा। डीएम ने बताया कि सभी बूथों पर व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। रमाबाई रैली स्थल स्ट्रॉन्ग रूम में मतपेटियां रखी जाएंगी, वहां के दरवाजों पर डबल लॉक की व्यवस्था की गई है। डीएम ने सभी जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि सोमवार को रमाबाई रैली स्थल पर उपस्थित होंगे। सुबह सात बजे पोलिंग पार्टियों को मतदेय स्थल के लिए रवाना करवाएंगे।


कार्यालय नगर पंचायत डलमऊ-रायबरेली

पत्रांक-मेमो / अधि0अधि0 / न0पं0ड0 / 2020 दिनांक-29.11.2020

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपवद रायबरेली के डलमऊ में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले को कोरोना वायरस महामारी के दृष्टिगत स्थगित किया गया है।

अपील वैश्यिक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत कार्तिक पूर्णिमा मेला 2020 का आयोजन उ0प्र0 शासन द्वारा स्थगित कर दिया गया है जिला प्रशासन व स्थानी प्रशासन डलमऊ सभी श्रृद्धालुओ से अपील करता है सभी श्रृद्धालुगण शासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्गत कोविड-19 दिशा निर्देशो का पूर्णतया पालन करे और कार्तिक पूर्णिमा 29 / 30 नवम्बर 2020 को डलमऊ पतित पावनी माँ गंगा में सामूहिक स्नान से परहेज करते हुये अपने घरो पर कार्तिक पूर्णिमा पर्व मनाये स्थानीय प्रशासन के कोविड-19 के दिशा निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध होगा। जिसमें आप सभी लोगों का सहयोग वांछनीय है।

कोरोना वायरस से सुरक्षा के उपाय क्या करें और क्या न करें

क्या करें -
1. अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान दें।
2. छींकने और खाँसने के दौरान अपने मुख पर कपड़ा / रुमाल रखें।
3. अपने हाथों को नियमित अन्तराल कर एल्कोहल आधारित हैण्डवाश सेनेटाइजर व साबुन से हाथों को साफ करें।
4. अस्वस्थ्य महसूस होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

क्या न करें -
1. यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खांसी या फ्लू जैसे लक्षण दिखें तो उससे सम्पर्क न बनायें।
2. सार्वजनिक स्थानो पर न थूकें।
3. चिकित्सक कि सलाह के बिना दवा का सेवन न करें।
4. भीड़ भाड़ वाले स्थानो पर जाने से बचें, किसी से हॉथ न मिलायें।

नोवल कोरोना वायरस कोविड-19 सही जानकारी ही संक्रमण से सबसे बड़ा बचाव है, जागरुकता फैलायें, अफवाह नही कोरोना वायरस से न घबरायें, खुद बचें, दूसरों को बचायें।


(अमित कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली


(शुभम गौड़)
प्रतिनिधि
नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली


(पं. बृजेश दत्त गौड़)
अध्यक्ष
नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली

सम्मानित सदस्यगण - नीलू सोनकर, माधवेन्द्र मिश्र, सन्तलाल, विनोद निषाद, शकुन्तला मौर्या, शिवपसाद साहू, रेशमा, मो0 जावेद, अन्जनी जायसवाल, विजयलक्ष्मी जायसवाल, नामित सभासद सुधीर जायसवाल, अमरेश निर्मल, महेन्द्र पटेल अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़, शोहराब अली (लिपिक), सतीश जायसवाल एवं समस्त कर्मचारीगण।

# जनसमस्याओं का गुणवत्ता के साथ निस्तारण हो: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● जिलाधिकारी जनता की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा करें, प्रत्येक स्तर पर तय हो जवाबदेही



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) तथा थाना दिवस को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिये कि वरिष्ठ अधिकारी जनपदों का भ्रमण कर वहां विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन की मौके पर जानकारी प्राप्त करें। भ्रमण के दौरान अधिकारीगण क्षेत्र की जनता से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुनें तथा विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में फीडबैक भी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए की कार्यालयों में अधिकारी एवं कर्मचारी समय से उपस्थित हों। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकारी नियमित तौर पर कार्यालय में जनता से भेंट करें। अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उनकी अनुपलब्धता की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किसी अन्य अधिकारी को इस कार्य के लिए नामित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रैन बसेरों में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रैन बसेरों के संचालन में कोविड.19 से बचाव के लिए सभी प्रबन्ध करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल के मार्ग पर आवागमन को सुगम एवं सुचारु बनाने के लिए बेहतर व्यवस्था बनायी जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में विभिन्न विकास योजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ईको टूरिज्म के लिए संभावनाएं तलाशें: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सीएम ने दिए वन्य क्षेत्रों में पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए नीति बनाने के निर्देश

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि ईको टूरिज्म को लेकर सिर्फ 36 जिलों या नौ सेक्टर में सीमित न रहें। इसके लिये हर जिले में संभावनाएं तलाशें। खासकर पीलीभीत जिले के चूका, उन्नाव के नवाबगंज पक्षी विहार, आगरा के सूरसरोवर पक्षी विहार, सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों, महराजगंज के सोहगीबरवां और संतकबीरनगर के बखिरा में सभी संभावनाओं को देखें। मुख्यमंत्री ने वन्य क्षेत्रों में पेट्रोल पंप स्थापित करने के बाबत नीति बनाने और वन विभाग को टेक्नोलॉजी से जुड़ने के भी निर्देश दिए।

रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित राज्य वन्य जीव बोर्ड की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य वन्य जीव बोर्ड ईको टूरिज्म की सभी संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करें। इसका उपयोग राज्य हित में है। उन्होंने निर्देश दिए कि वन्य क्षेत्रों के पास पड़ने वाली आबादी के इच्छुक युवाओं को गाइड का प्रशिक्षण दें। इससे स्थानीय स्तर पर गाइड मिलेंगे। साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यही लोग वन्य जीवों की रक्षा भी करेंगे। इस दिशा में गम्भीरता से प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बोर्ड ने उन सभी संभावनाओं के प्रति अपनी रुचि दिखाई है, जो राज्य के अंदर वन्य जीवों के संरक्षण के साथ पर्यटन विकास की संभावनाओं को भी आगे बढ़ा सकता है। जितनी संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं, उन सभी को आगे बढ़ाने के लिए राज्य वन्य जीव बोर्ड के साथ पर्यटन विभाग और इस क्षेत्र में कार्यरत अन्य संस्थाओं का भी सहयोग लें। जब किसी कार्यक्रम से लोग जुड़ते हैं तो उसकी सफलता और लोकप्रियता भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बावजूद वन विभाग ने 25 करोड़ पौधरोपण किए। इसमें सभी विभागों ने अपना योगदान दिया। पिछले साल करीब साढ़े 23 करोड़ और उससे पहले 11 करोड़ पौधरोपण हुआ। 2017 में पांच करोड़ पौधरोपण हुआ। यह प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत बड़ा अभियान है। हम धरती को जितना वनों से आच्छादित करेंगे, इस सृष्टि के लिए भी उतना ही अनुकूल होगा। इसमें केवल मनुष्य नहीं, सभी का कल्याण है। हम इस बात को ध्यान में रखें कि वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके संरक्षण के दिशा में बहुत प्रभावी रूप से आगे बढ़ना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वन महोत्सव में वन्य जीव बोर्ड के सभी सदस्यों की सहभागिता के लिए अनिवार्य रूप से स्थानीय और राज्य स्तर के सभी कार्यों में सहभागी बनाएं। उनका सहयोग लें और उनका सुझाव लें। उन्होंने निर्देश दिए कि समय.समय पर ऐसे पोर्टल विकसित करेंए जिस पर आनलाइन अपनी बातों और सुझाव को वह आपको दे सकें।

## टोकने पर नकाबपोश बदमाश ने दो युवकों को मारा चाकू

**लखनऊ।** मड़ियांव के लोधमऊ गांव में शनिवार रात नकाबपोश बादमाश को टोकना दो युवकों को भारी पड़ गया। आरोपी ने दोनों को चाकू मार कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों घायलों को ट्रॉमा में भर्ती करवाने के साथ ही फरार बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव विपिन कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार रात सुजीत यादव अपने भतीजे आकाश और राहुल उर्फपालू के साथ अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी एक अनजान युवक मुंह पर गमछा बांध कर उधर से जाता हुआ दिखा। इस पर आकाश ने उसे रुकने को कहा। इस पर बदमाश आक्रोशित हो गया और आकाश को चाकू मार दिया, बचाव में आए राहुल को भी चाकू मार कर घायल कर दिया। हंगामा होने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी भाग निकला। इंस्पेक्टर ने बताया कि फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

**सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आचार्य नरेन्द्र देव किसान शिक्षा समिति, बभनान–गोण्डा के संस्थापक सदस्य श्री अवधेश सिंह सोलंकी (आत्मज स्व0 राम कोमल सिंह, निवासी 11 ए सिविल लाइन्स, गोरखपुर, ग्राम व पो0 भगौरा, सहजनवाँ, जिला–गोरखपुर) का नाम छूट गया था जिसे फिर से शामिल करने के लिये समिति की साधारण सभा में दिनांक 30.06.2019 को सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया है। उक्त श्री अवधेश सिंह सोलंकी को पुनः समिति के साधारण सभा के संस्थापक सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है।

विजय कुमार पाण्डेय
प्रबन्धक
आचार्य नरेन्द्र देव किसान शिक्षा समिति, बभनान–गोण्डा।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा संख्या–63–72–ई0टी0सी0(प्र0) ए0/2020–201 प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/निर्माताओं से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर स्वीकार की जायेंगी। (1) अल्पकालिन ई–निविदा संख्या–63–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज पर विभिन्न कार्य शालाओं में स्टील की ढुलाई मापन एव अन्य संबन्धित कार्य हेतु, (2) अल्पकालिन ई–निविदा संख्या–64–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र खागा, फतेहपुर पर 3 अदद 33 के0वी0 'बे' के निर्माण कार्य हेतु (3) ई–निविदा संख्या–65–ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– विद्युत रचना इकाई, नैनी प्रयागराज में जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति हेतु, (4) ई–निविदा संख्या–66 ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– 765 के0वी0 झूंसी–उन्नाव लाइन (Anti Theft Charged) के कोरिडोर में आने वाले पेडों की शाखाओं की कटाई–छटाई के कार्य हेतु (5) ई–निविदा संख्या–67–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2020–2021 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र गढ़वारा, प्रतापगढ़ के वार्षिक परिचालन एवं अनुरक्षरण कार्य हेतु, (6) ई–निविदा संख्या–68–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2020–2021 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र पट्टी, प्रतापगढ़ पर 2 अदद 33 के0वी0 'बे' के निर्माण कार्य हेतु, (7) ई–निविदा संख्या–69– ई०टी०सी०प्र०ए०/2020–2021:– 132 के0वी0 उपकेन्द्र मालवों पर स्थापित 40 एम०वी०ए० परिवर्तक की गैसर्किट बदलने एवं सम्बन्धित कार्य हेतु, (8) ई–निविदा संख्या–70– ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र जहानाबाद पर स्थापित 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक की गैसर्किट बदलने एवं सम्बन्धित कार्य हेतु, (9) ई–निविदा संख्या–71– ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र खागा पर एक अदद 132 एवं 33 के0वी0 ट्रान्सफार्मर श्बे के निर्माण कार्य हेतु, (10) ई–निविदा संख्या–72– ई0टी0सी0प्र0ए0/2020–2021 :– 220 के0वी0 उपकेन्द्र सांगीपुर, प्रतापगढ़ के वार्षिक परिचालन एवं अनुरक्षरण कार्य हेतु अल्पकालिन ई–निविदा सं0 63 से 64 तक दिनांक 15–12–2020, ई–निविदा सं0 65 से 68 दिनांक 29–12–2020 एंव ई–निविदा सं0 69 से 72 दिनांक 31–12–2020 को 13.00 बजे खोली जायेगी एवं यदि निविदा खुलने की तिथि को अवकाश पड़ जाता है तो निविदायें अगले कार्य दिवस पर नियत समय पर खोली जायेंगी। निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल– प्रथम, 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज।** पत्रांक– 2959 दिनांक :– 28.11.2020 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"।

## यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य शीघ्रता से निस्तारित किया जाए: अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों की समीक्षा यूपीडा मुख्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री अवस्थी ने निर्माण कम्पनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य को तेजी से कराया जाए।

श्री अवस्थी ने निर्देश देते हुए कहा कि घाघरा नदी पर बन रहे पुल के निर्माण में तेजी लाकर गुणवत्तापूर्वक इसका निर्माण किया जाए। इस बैठक में पौंड ऐश की व्यवस्था करने की बात निर्माण कम्पनियों के अधिकारियों द्वारा कही गयी, जिस पर श्री अवस्थी ने निर्देशित किया कि कॉन्टैक्ट के हिसाब से इसकी व्यवस्था की जाए। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे में मिट्टी का कार्य भी प्रगति पर है और इसमें और तीव्रता लाये जाने को लेकर इस बैठक में निर्देश दिए गए। इसके साथ ही श्री अवस्थी ने एक्सप्रेसवे के लिए भूमि से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का यथा शीघ्र निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक्सप्रेसवे पर बनने वाले स्ट्रक्चर्स के काम में तेजी लाई जाए। यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य भी इन दिनों प्रगति पर है और इस संबंध में निर्देश देते हुए श्री अवस्थी ने कहा कि यूटिलिटी शिफ्टिंग से संबंधित सभी मामलों को शीघ्रता से निस्तारित कराया जाए।

## अन्नदाताओं पर लाठियां बरसाने वाले सत्ता में बने रहने के काबिल नहीं: शिवपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कृषि विरोधी बिल के खिलाफदिल्ली आ रहे पंजाब व हरियाणा के किसानों पर लाठी, आंसू गैस व पानी की बौछारें छोड़ने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि अन्नदाताओं पर लाठियां बरसाने वाले सत्ता में बने रहने के काबिल नहीं हैं। लोकतंत्र में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का अधिकार सभी को है, यही लोकतंत्र की ताकत है, बड़ी सी बड़ी समस्याओं को बातचीत के द्वारा हल किया जा सकता है, जन आकांक्षा के दमन और लाठीचार्ज के लिए लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। शिवपाल यादव ने कहा कि इसके मद्देनजर किसानों और विपक्ष की आम सहमति के बिना बनाए गए, इन कानूनों पर केन्द्र सरकार पुनर्विचार करे। शिवपाल यादव ने कहा, भाजपा सरकार में सबसे परेशान किसान हैं। उन्हें फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। पिछले साल जो धान 2400 रुपये क्विंटल बिका था वह इस बार 1100 से 1300 रुपये के बीच बिक रहा है। गन्ने का समर्थन मूल्य पिछले कुछ सालों से एक रुपया भी नहीं बढ़ा है और अभी तक पिछले साल के गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा है कि नए कानूनों के तहत सरकार मंडियों को छीनकर कॉरपोरेट कंपनियों को देना चाहती है। अधिकांश छोटे जोत के किसानों के पास न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए लड़ने की ताकत है और न ही वह इंटरनेट पर अपने उत्पाद का सौदा कर सकते हैं। इससे तो किसान बस अपनी जमीन पर मजदूर बन के रह जाएगा। सरकार के इन तथाकथित सुधारों में न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई चर्चा नहीं है। इस कानून के जरिये केंद्र सरकार कृषि का पश्चिमी मॉडल हमारे किसानों पर थोपना चाहती है।

## कोरोना काल में मानव संसाधन प्रबंधन की नई चुनौतियों पर हुआ मंथन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेशनल** इंस्टीट्यूट ऑफ परसोनेल मैनेजमेंट (एनआईपीएम) के यूपी चैप्टर की वार्षिक जनरल मीटिंग में चेयरमैन प्रमोद चतुर्वेदी ने कोरोना समय में मानव संसाधन प्रबंधन की नई चुनौतियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहाकि सचिव वीपी सिंह ने पिछले वर्ष की रिपोर्ट व वित्तीय जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम में नई दिल्ली से पधारे विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग में भारत सरकार के सलाहकार डॉ. मनोज पटैरिया ने विज्ञान और मानव संसाधन विकास पर रोचक व्याख्यान दिया। सत्येन्द्र सिंह ने सूचना प्रद्यौगिकी के युग में मानव विकास के बारे मे अपने विचार रखे तथा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मीटिंग में प्रो. एपी सिंह, एनके तिवारी तथा रवि अग्रवाल ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए। सभा के अंत में एनआईपीएम के सचिव वीपी सिंह के पिता डॉ. यशपाल सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

## निराश्रित गोवंश बाहर घूमते मिले तो नगर पंचायत व ब्लाक अधिकारी होंगे जिम्मेदार

संवाददाता। मोहनलालगंज



● लापरवाही पर प्रशासन खफा, पत्र लिखकर दिया अल्टीमेटम

**निराश्रित** गोवंश बाहर घूमते मिले तो नगर पंचायत और ब्लाक अधिकारियों को उत्तरदायी माना जाएगा। हाईवे से लेकर खेतों तक गोवंश के झुण्ड नजर आने की शिकायतों को प्रशासन ने गंभीरता से लेकर जिम्मेदारों को कड़ा पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। यही नहीं मातहतों की लापरवाही से खफा प्रशासन ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से जवाब–तलब करते हुए अभियान चलाकर गोवंश की धरपकड़ कराकर आश्रय केन्द्रों में पहुंचवाने की हिदायत दी है। धरपकड़ के नाम पर कागजी खानापूरी नहीं हो सके इसके लिए कैटिल कैचर दस्ते की गाड़ी में जीपीएस भी लगवाने के लिए कहा गया है।

मोहनलालगंज के दहियर, सिसेण्डी, कनकहा, फत्तेखेड़ा, निगोहां, एटीए नगराम, समेसी, खुझौली, हरिहरपुर पटसा समेत अन्य गांव और रायबरेली व सुल्तानपुर हाईवे पर निराश्रित गोवंश घूमते नजर आने की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गोवंश के खेतों में फसल नुकसान करने और हाईवे पर सड़क दुर्घटना की वजह बनने की समस्या का समाधन कराने के लिए प्रशासन ने नगर पंचायत गोशाईगंज व मोहनलालगंज के अधिशाषी अधिकारी और ब्लाक प्रशासन को समन्वय कर कैटल कैचर दस्ते की मदद से नियमित धरपकड़ अभियान चलाने को कहा है। किसानों की समस्या को लेकर पायनियर में प्रमुखता से खबर छपने के बाद खफा प्रशासन ने मातहतों की लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। तहसील प्रशासन की ओर से भेजे गए पत्र में जिम्मेदार अधिकारियों को बाहर घूम रहे गोवंश की धरपकड़ और उन्हें आश्रय केन्द्रों में रखवाने की कार्रवाई में उदासीनता पर उत्तरदायी माने जाने की हिदायत दी गई है। अधिशाषी अधिकारी विनय द्विवेदी ने बताया उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बाहर घूम रहे निराश्रित गोवंश की धरपकड़ का अभियान नियमित रुप से चलाया जा रहा है। प्रतिदिन पकड़े जा रहे गोवंश को नजदीक के आश्रय केन्द्रों में रखवाया जा रहा है।

## यूपी के 61 फीसदी उपभोक्ताओं ने खारिज कर दिए स्मार्ट मीटर

**लखनऊ।** स्मार्ट मीटर फीडबैक में पहले दिन का रुझान सामने आ गया है। इसमें 61 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर को फेल बताया है। पहले दिन 2230 उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर के बारे में फीडबैक लिया गया। ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के निर्देश पर स्मार्ट मीटर के बारे में उपभोक्ताओं से फीडबैक लेने का काम शुरू हुआ है। प्रदेश में करीब 12 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ता हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पावर कार्पोरेशन के कॉल सेंटर 1912 के माध्यम से भी उपभोक्ताओं से फीडबैक लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के बारे में उपभोक्ता नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। फीडबैक के पहले दिन 61 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर पर अपनी असंतुष्टि जाहिर करते हुए इसे नकार दिया है केवल 38 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने संतुष्टि व्यक्त की है। कुल 2230 उपभोक्ताओं में 1067 ने स्मार्ट मीटर पर नाराजगी जाहिर की, 669 ने संतुष्टि और 6 ने पूर्ण संतुष्टि जाहिर की और 488 उपभोक्ताओं का कोई फीडबैक रिपोर्ट में अंकित नहीं किया गया।

## ई–कोफास में दिखा वैज्ञानिक ज्ञान व कलात्मक प्रतिभा का अद्भुत नजारा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा ऑनलाइन आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड 'ई–कोफास–2020' का तीसरा दिन प्रतियोगिताओं की सुन्दर लड़ी में पिरोया गया। रूस, जार्डन, बांग्लादेश, ओमान, कतर एवं भारत के प्रतिभागी छात्रों ने आज रेन्डीशन (पेपर प्रजेन्टेशन), ई–कोफास डूडल एवं कॉस्टेक (कोरियोग्राफी) प्रतियोगिताओं में अपने कम्प्यूटर ज्ञान का परचम लहराया, साथ ही कलात्मक प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर की–नोट एड्रेस देते हुए सीएमएस के चीफएक्जीक्यूटिव ऑफीसर रोशन गाँधी ने कहा कि इस ई–कोफास का विषय और इसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करना सांकेतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। इस प्रतियोगिता में भाग लेकर छात्र कम्प्यूटर के क्षेत्र में ज्यादा बेहतर भविष्य बना सकते हैं, साथ ही साइबर नेटवर्किंक की मदद से वैश्विक समस्याओं जैसे पर्यावरण, आतंकवाद, परमाणु खतरों आदि के समाधान में भी अपना योगदान दे सकते हैं क्योंकि इन समस्याओं की कोई सीमा नहीं है और इसका समाधान विश्व एकता में ही निहित है। ई–कोफास–2020 के तीसरे दिन की प्रतियोगिताओं का सिलसिला रेन्डीशन (पेपर प्रजेन्टेशन) प्रतियोगिता से हुआ जिसमें देश–विदेश की प्रतिभागी टीमों ने 'न्यू होरिजन ऑफ एनर्जी एफिसिएन्सी एण्ड ई–वेस्ट मिनिमाईजेशन' विषय पर अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बेहद सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने बताया कि किस प्रकार तकनीकी विकास व पर्यावरण में संतुलन बनाकर विश्व मानवता का विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रतियोगिता में जुबली स्कूल, जार्डन की डायना डावरी एवं वफा इस्लाम ने 'द वर्ल्ड ऑफग्रीन कॅम्प्यूटिंग', इण्डियन स्कूल, ओमान के आदित्य कुकरेती एवं वंशिका जैन ने 'ग्रीन कम्प्यूटिंग – ए न्यू फ्यूचर ऑफ एनर्जी एफिसिएन्सी' एवं सेंट ग्रेगरी हाई स्कूल, ढाका, बांग्लादेश के रफीउल आलम एवं जाबिर अल महदी समेत कुल 10 छात्र टीमों ने अपने शोध प्रस्तुत किये।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में करेंगे काम

**लखनऊ।** विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर ऐशबाग स्थित कार्यालय पर तहरीक फिक्र–ए–मिल्लत फाउडेशन के द्वारा पश्चिम विधान सभा लखनऊ का महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। संगठन के महासचिव मोहम्मद हनीफ खान ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर दल नही प्रतिनिधि काम करता है और जिस प्रतिनिधि का बोझ महिलाएं उठा लें उसकी जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी आज असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को अभिशप्त है। यदि मुझे मौका मिला तो महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ और शिक्षा सहित उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आने वाली सभी रुकावटों के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया जाएगा। खान ने कहा कि पिछले चार वर्षो से बिना पार्टी और झण्डे के फासिस्ट ताकतों के खिलाफ संघर्ष कर रहा हूँ। 31 सालों के संघर्ष व जनसेवा के बदले जनता मुझे निर्दलीय भी चुनाव जिता सकती है। महिला सम्मेलन को रश्मि गुप्ता, रिजवाना सिद्दीकी, सुजाता सिंह, संध्या वर्मा, संगीता रावत, अनीसा बानो और विनीता राय ने संबोधित किया।

## ट्रेनों के एसी कोच में ब्लोअर न चलने से यात्री परेशान

**लखनऊ।** वाराणसी से लखनऊ होकर दिल्ली जा रही हमसफर ट्रेन के एसी बोगी में सफर करने वाले यात्री ठंड से परेशान है। ट्रेन नंबर 04059 से शनिवार को मनोज कुमार सिंह एसी थर्ड बोगी बी 11 की सीट नंबर 38 पर सफर कर रहे थे। उन्हें रास्ते में ठंडक लगने लगी। उन्होंने टीटीई से ब्लोअर चलाने की बात कही। इस पर टीटीई ने कहा कि कोरोना काल में रेलवे की ओर से ब्लोअर चलाने की गाइड लाइन नहीं मिला है। कोविड.19 में रेलवे ने ट्रेनों की शुरुआत तो कर दी लेकिन एसी बोगियों में रेलवे ने अभी बिस्तर देने पर रोक लगा रखी है। कोरोना संक्रमण की आशंका के चलते रेलवे ने कंबल और चादर न देकर यात्रियों को अपने साथ बिस्तर लाने की सलाह दी है। रेलवे ने जब यह व्यवस्था लागू की थी, तब गर्मी थी। अब उत्तर भारत में सर्दी का मौसम आ गया है। बावजूद रेलवे ने ब्लोअर चलाने को लेकर कोई दिशा निर्देश अब तक जारी ही नहीं किए हैं। अब भी बोगियों में एसी की कूलिंग हो रही है। जिसके चलते कुछ ट्रेनों में यात्रियों को सर्दी में परेशान होना पड़ रहा है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई है।

## गंगा दशहरा को लेकर चलाईं 40 अतिरिक्त बसें

**लखनऊ।** गंगा दशहरा पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज प्रशासन ने अतिरिक्त बसों के इंतजाम किए है। सोमवार को होने वाले स्नान को देखते हुए रविवार को शहर के चारों बस अड्डों से 40 अतिरिक्त बसें गंगा तीर्थ सर्किट क्षेत्र के बीच चलाई गईं। इनमें दो बसें हरिद्वार भेजी गईं, इसके अलावा प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट व अयोध्या भेजी गईं। चारबाग बस अड्डे के इंचार्ज ने बताया कि सोमवार को भी अतिरिक्त बसों की सुविधा यात्रियों को दी जाएगी। ये बसें चारबाग के अलावा कैसरबाग, आलमबाग व कमता स्थित अवध बस स्टेशन से चलाई जा रही हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि दस एसी और 40 साधारण बसें गंगा दशहरा पर्व पर संचालित की जा रही हैं।

## प्रोविडेंट फंड दिलवाने के नाम पर महिला से ठगी

**लखनऊ।** जानकीपुरम इलाके में रहने वाली एक महिला को प्रोविडेंट फंड दिलवाने का झांसा देकर जालसाज ने हजारों रुपये का चूना लगा दिया। सहारा स्टेट जानकीपुरम निवासी अनुराधा सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके पति का स्वर्गवास हो गया है। शनिवार को एक जालसाज ने उन्हें फोन कर पति की सर्विस के विषय मे पूरी जानकारी देते हुए प्रोविडेंट फंड भुगतान कराने की बात कही। पीड़िता जालसाज की बातों में आ गई। जालसाज ने प्रोसेसिंग फीस के नाम पर उससे 21,730 रुपये ऑनलाइन जमा करवा लिया। एसओ जानकीपुरम अभिषेक तिवारी का कहना है कि जालसाज के नम्बर के आधार पर छानबीन की जा रही है।

## बकाएदारी पर वीआरसी का इण्टरनेट कनेक्शन कटा, आवेदक परेशान

**मोहनलालगंज।** बकाएदारी पर इण्टरनेट कनेक्शन कटा होने से मोहनलालगंज तहसील के मतदाता पंजीकरण केन्द्र से आमजन को आनलाइन सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लिहाजा मतदाता पंजीकरण से लेकर संशोधन और पहचान पत्र के आनलाइन आवेदनों के निस्तारण में लेटलतीफी हो रही है। मोहनलालगंज तहसील के वीआरसी का इण्टरनेट कनेक्शन बिल नहीं चुकाए जाने से सेवाएं बन्द कर दी गई हैं। ऐसे में वीआरसी पर मौजूद कर्मचारी मोबाइल के सहारे किसी तरह काम चला रहे हैं। लेकिन स्लो इण्टरनेट कनेक्टिविटी से आम लोगों की तरफ से आनलाइन किए जा रहे आवेदनों का तय समय में निस्तारण अटक रहा है। उधर आवेदकों की शिकायत पर वीआरसी के कर्मचारी इण्टरनेट कनेक्टिविटी का रोना रोकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं। जिसकी शिकायत तहसील अधिकारियों से भी की जा चुकी है फिर भी बकाया चुकाकर इण्टरनेट कनेक्शन की बहाली अब तक नहीं कराई जा सकी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ का शव

**लखनऊ।** ठाकुरगंज क्षेत्र में जल निगम बंधा ढाल के पास पत्थरों के ढेर पर 55 साल के पप्पू का शव पड़ा मिला। पप्पू कई सालों से पास ही स्थित एक झोपड़ी में रहता था। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज राजकुमार के मुताबिक शव मिलने की सूचना पर गऊ घाट चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाँच की तो पता चला कि कई सालों से पप्पू यहाँ कलमा देवी नाम की महिला के साथ रहता था। वह कहाँ का रहने वाला था उसके परिवार में और कौन है इसके बारे में कुछ पता नहीं चल सका है। जाँच की जा रही है। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि पप्पू शराब का लती था। रात में वह शौच के लिए उठा। इस बीच ढाल से पैर फिसल गया।

## पांच हजार का इनामी वाहन चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** विकासनगर पुलिस ने पांच हजार रुपये के इनामी वाहन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इंस्पेक्टर विकासनगर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को मुखबिर की सूचना पर फरार इनामी थानगांव सीतापुर निवासी सोनू पांडेय को गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर के मुताबिक तीन जुलाई 2014 को कुर्सी रोड स्थित गौराबागए बजरंग विहार कॉलोनी निवासी विनोद कुमार की बाइक टेढ़ीपुलिया चौराहा स्थित गुप्ता क्लाथ सेंटर के बाहर से चोरी हो गई थी। इस मामले में पीड़ित ने विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 13 जुलाई को गुडम्बा पुलिस ने तंबौर सीतापुर निवासी कौशल किशोर को गिरफ्तार कर विनोद की चोरी हुई बाइक बरामद की थी। पूछताछ करने पर आरोपी कौशल ने बाइक को सोनू पांडेय के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। लिहाजा कमिश्नर ने उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसे रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## विभूति खंड पुलिस ने दो जालसाजों को दबोचा

**लखनऊ।** विभूति खंड पुलिस ने 2 शातिर जालसाज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफजालसाजी का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस आयुक्त डीके ठाकुर के आदेश पर पुलिस टीम ने आवास विकास कॉलोनी महादेव झारखंडी थाना कैंट जनपद गोरखपुर निवासी संदीप मौर्य व संत पुरम कॉलोनी थाना इंदिरा नगर निवासी अविरल वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में से फरार चल रहे आरोपी मोहित श्रीवास्तव, संदीप मौर्य, अविरल वर्मा मौर्या इंटरप्राइजेज के पदाधिकारी थे जिनके द्वारा शेयर मार्केटिंग के जरिए से निवेशको को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर पैसे लिए जाते थे। यह रुपया जनता के व्यक्तियों से चेक द्वारा क्रेडिट कार्ड खाते द्वारा दौरा गूगल द्वारा पेटीएम द्वारा जमा कराया जाता था। इनका तीन लोगों का गैंग है जो यह अपराधिक कृत्य करता है। इन लोगों द्वारा निवेशकों के लगभग 200 व्यक्तियों से धोखाधड़ी करके रुपए हड़पा गया है। दोनों के खिलाफविधिक कार्रवाई का जेल रवाना कर दिया गया।

## विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला

**लखनऊ।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित त्रिवेणीनगर के पास दुर्गा मंदिर के निकट घर में एक विवाहिता ने फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को मौके से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। इससे मौत के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। त्रिवेणीनगर के मक्कागंज में दुर्गा मंदिर के पास एक 25 वर्षीय विवाहिता ने कमरे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान दिव्या सिंह पत्नी अनुराग सिंह के रुप में हुई है। बताया जा रहा है कि अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। जिसके बाद आज रविवार को शाम को विवाहिता ने आत्महत्या कर ली है। हसनगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि त्रिवेणीनगर में दिव्या सिंह नामक महिला ने सुसाइड किया है। मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजन की तरफ से अगर कोई तहरीर प्राप्त होती है तो उसपर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**लखनऊ।** तालकटोरा इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कारवाई की जा रही है। इंस्पेक्टर तालकटोरा ने बताया कि सी.5333 राजाजीपुरम निवासी सरोज कुरील 35 पत्नी स्व. प्रेम सागर को मृत अवस्था में रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल लाया गया था। यहां उसे उनके भतीजे भर्ती कराने लाए थे। डाक्टरों की सूचना पर पहुंची पुलिस को बताया गया कि उसकी मौत बीमारी के कारण हुई है। मृतका सरोज को किडनी की बीमारी थी। काफी वर्षो से उनका इलाज चल रहा था। उसकी दो पुत्रियां है। शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

## एटीएम जालसाजी गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**मोहनलालगंज।** लोगों को झांसा देकर मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड को रविवार मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को आरोपी के पास से अलग अलग बैंक के सात एटीएम कार्ड भी बरामद हुए हैं। मोहनलालगंज के धनवारा निवासी सिद्धनाथ 26 नवम्बर को मोहनलालगंज कस्बे में आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम कार्ड लेकर रुपये निकालने आए थे। तभी एक अनजान शख्स ने सिद्धनाथ को झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड छीनकर बदल लिया। सिद्धनाथ की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही पुलिस ने रविवार को मैनपुरी निवासी शिवम कुमार उर्फ बंटी की आरोपी के रुप में शिनाख्त कर उसे दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी बेहद शातिर जालसाज है। उसके गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।

## सदन को भी गुमराह कर चुके हैं अधिकारी

**मोहनलालगंज।** तहसील में महिलाओं के लिए स्वच्छ शौचालय की समस्या को लेकर अधिकारी विधानसभा सदन को भी गुमराह कर चुके हैं। विधायक अम्ब्रीश पुष्कर के सवाल पर तहसील में महिलाओं के लिए बेहतर शौचालय की सुविधा मौजूद होने की रिपोर्ट भेज चुके अधिकारी अब तक महिलाओं को स्वच्छ शौचालय की सौगात नहीं दे सके हैं। अलबत्ता बार भवन के निकट बने इकलौते प्रसाधन को भी प्लाईबोर्ड से बन्द करा दिया गया है। जिसे लेकर विधायक ने तहसील प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।

# दिव्यांगजनों को 4 दिसंबर को वितरित किए जायेंगे उपकरण

● आनलाइन लाइव वीडियो के माध्यम से केन्द्रीय मंत्री डा. थावरचन्द गहलोत रहेंगे उपस्थित

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा ने बताया कि एडिप योजनान्तर्गत पूर्व में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2020 के मध्य विकासखंडो व तहसील स्तर पर आयोजित चिन्हांकन शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को निशुल्क कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण यथा ट्राई साइकिल, वैशाखी, व्हीलचेयर कान की मशीन आदि के वितरण हेतु चयन चयन किया गया था। चिन्हित दिव्यांगजनों को उनके सहायक उपकरण हेतु दिनांक 4 दिसंबर 2020 को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अयोध्या में प्रात: 11 बजे से सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस वितरण शिविर में तहसील सदर ब्लाक मसौधा, पूरा बाजार, सोहावल, मया बाजार के चिन्हित दिव्यांगोंजनो को उनके नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस शिविर के नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को बनाया गया है। 5 दिसंबर 2020 को विकासखंड परिसर मिल्कीपुर मे ब्लॉक मिल्कीपुर, अमानीगंज एवं हरिंग्टनगंज के दिव्यांगजनों को उनके सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस शिविर का आयोजन के नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर होंगे। इसी प्रकार 7 दिसंबर को विकासखंड परिसर रूदौली में ब्लॉक रूदौली व मवई के चिन्हित दिव्यांग जनों को उनके सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इस शिविर के नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी रूदौली होंगे। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि 8 दिसंबर को विकासखंड परिसर बीकापुर में ब्लाक बीकापुर व तारून के चिन्हित दिव्यांगजनों को नि:शुल्क उनके सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगेए इस शिविर के नोडल अधिकारी खंड विकास



अधिकारी बीकापुर होंगे। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि कार्यक्रम हेतु नामित नोडल अधिकारियों द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर से भेजे जाने वाले समस्त उपकरणो को प्राप्त कर अपनी अभिरक्षा में वितरित होने तक सुरक्षित रखेंगे। समस्त खंड विकास अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या अपने अधीनस्थ ग्राम पंचायत अधिकारीए ग्राम विकास अधिकारी अन्य खंड स्तरीय अधिकारियोंध्कर्मचारियों के माध्यम से वितरण शिविर में आए हुए दिव्यांग जनों एवं उनके सहयोगियों को सोशल डिस्टेंसिंग, थर्मल स्कैनिंग व सेनेटाइजेशन व्यवस्थो का पालन करते हुए वितरण शिविर का सफल आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगे। थर्मल स्कैनिंग, मॉस्क व सेनेटाइजर की व्यवस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर द्वारा स्वयं की जाएगी। द्विव्यांगजनो हेतु बैठने के लिए हाल, वितरण टीम हेतु सभी व्यवस्थाएं व पेयजल की व्यवस्था शिविर के नोडल अधिकारी द्वारा की जानी होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रत्येक शिविर में चिकित्सको की एक टीम कोविड हेल्प डेक्स व एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें।

इसी क्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि 04 दिसम्बर 2020 को राजकीय कन्या इण्टर कालेज अयोध्या में चिन्हित द्विव्यांगजनो को सहायक सहायक उपकरण वितरण हेतु आयोजित शिविर में केन्द्रीय मंत्री डा0 थावरचन्द गहलोत समाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार आनलाइन लाइव वीडियो के माध्यम् से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने व 04 दिसम्बर से 08 दिसम्बर तक आयोजित वितरण शिविर को कोविड प्रोटोकाल एवं गाइड लाइन के साथ सफल वितरण हेतु 01 दिसम्बर 2020 को सांय 06 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वय बैठक आयोजित की गई है जिसमें भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिमको कानपुर के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबन्धक विपणन उपस्थित रहेंगे।

बैठक में डीआईजी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमारए मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 घनश्याम सिंह, नगर आयुक्त विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर डा0 वैभव शर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला द्विव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी एवं कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारियों को बैठक में आमंत्रित किया गया है।

## अमीन की हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**अंबेडकरनगर।** जनपद न्यायालय के अमीन आशीष शुक्ला की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई अथवा हत्या के पीछे पैसे के लेनदेन का मामला था, इसकी गुत्थी सुलझाने में पुलिस लगी हुई है। हालांकि मृतक के पिता ने इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी एक युवती व उसके भाई के विरूद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस ने आरोपों की जद में आई युवती व उसके भाई समेत एक अन्य को हिरासत में ले रखा है। बताया जाता है कि आशीष शुक्ला इस युवती के घर भी उससे मिलने आता जाता था। युवती उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी लेकिन वह इसमें टाल मटोल कर रहा था। चर्चा यह भी है कि आशीष शुक्ला ने नौकरी व अन्य कार्यों के नाम पर कई लोगों से पैसा भी ले रखा था जिसे वापस करने के लिए उन पर दबाव भी पड़ता रहा। रंगीन मिजाज आशीष का शव मालीपुर थाना क्षेत्र के नेमपुर घाट पर प्लास्टिक की पन्नी में लपेट कर फेंका गया था। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद किया था।

## क्विक न्यूज

## गैंगस्टर, अपहरण के आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद** के विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने रविवार को गंभीर धाराओं के आरोपी, फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना पिपराईच पुलिस टीम द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्तगण सोनू उर्फ ऐश मोहम्मद पुत्र स्व. मुन्नू अली निवासी थुन्नी बाजार थाना झगहा, गोलू नायक पुत्र रमेश नायक निवासी लीलापुर भैसहा थाना एकौना जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया। थाना गोला द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त रियाज पुत्र मोहम्मद हदीश उर्फकन्हैया निवासी राउतपार थाना बेलघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना सहजनवा द्वारा अपहरण के आरोप में अभियुक्त रमेश पुत्र अमरजीत निषाद निवासी माट थाना सहजनवा को गिरफ्तार कर सम्बन्धित अपहता की बरामदगी की गयी। थाना बड़हलगंज द्वारा अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्तगण संजय पुत्र दयाशंकर निवासी भेड़ी थाना एकौना जनपद देवरिया, विनोद पुत्र स्व. शीतल तिवारी निवासी बैदौली कला थाना बड़हलगंज, राधेश्याम पुत्र बासुदेव निवासी माली टोला कस्बा बड़हलगंज थाना बड़हलगंज को 20-20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## नौ दिवसीय राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा 12 से

**गोरखपुर।** देश भर में 200 से अधिक केंद्रों के साथ डॉक्टर एवं आईआईटीयन बनने के इच्छुक छात्रों को प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने अपनी प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा के ग्यारहवें संस्करण की घोषणा की है, जिसे आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के नाम से जाना जाता है। देश के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अब 12 से 20 दिसंबर, के दौरान 9 दिनों की अवधि में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 12 से 20 दिसंबर, (हर दिन) के दौरान दोपहर 12 बजे से लेकर शाम के 08:30 बजे के बीच ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इस लॉगिन विंडो के दौरान छात्र कभी भी परीक्षा दे सकते हैं। सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ऑफ़लाइन परीक्षा का आयोजन 20 दिसंबर, को दो पालियों में यानी कि सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक (प्रात: कालीन), तथा शाम 4 से 5 बजे तक (सायं कालीन) किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी मन की बात

**वाराणसी।** पीएम मोदी के मन की बात रविवार प्रात: नई सड़क स्थित बीजेपी नेता अनुप जायसवाल के साथ भाजपा नेताओं का जुटान हुआ। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने गुरूनानक देव व मां अन्नपुर्णा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पीएम मोदी ने मन के बात में कहा कि वह तो नानाजी देशमुख थे जो जयप्रकाश नारायण के ऊपर लेट गए और स्वयं पुलिस की अनगिनत लाठियां खाकर उन्हें सुरक्षित किया। आजाद देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ वह पहली लडाई थी जो पटना से शुरु हुई, जिसका नेतृत्व जेपी कर रहे थे। पीएम ने बताया कि वाराणसी से सौ साल पूर्व चोरी गई मां अन्नपूर्णा की मूर्ति को कनाडा से वापस लाना गर्व का पल है।

## खंड शिक्षक व स्नातक चुनाव के प्रचार-प्रसार बंद

**वाराणसी।** विधान परिषद वाराणसी खंड शिक्षक व स्नातक कोटे की सीट पर हो रहे चुनाव के प्रचार-प्रसार रविवार को सायं काल पांच बजे बंद हो गया। अब कोई भी प्रत्याशी स्नातक या खंड शिक्षक हों अब वे प्रचार प्रसार नहीं करेगें। कोई भी प्रत्याशी प्रचार-प्रसार करते पाये जाने पर उनके खिलाफ चुनाव आयोग कड़ी कार्यवाही करेगा। विधान परिषद वाराणसी खंड शिक्षक व स्नातक कोटे की सीट पर सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान एक दिसम्बर को सुबह आठ से पांच बजे तक होगा। मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। पोलिंग पार्टियां 30 नवम्बर दिन सोमवार को पहड़िया मंडी से सुबह नौ बजे से रवाना होगी।

## मदिरा की दुकानें 48 घंटे के लिए बंद करने का निर्देश

**वाराणसी।** डीएम कौशल राज शर्मा ने विधान परिषद वाराणसी खंड शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को देखते हुए मतदान व मतगणना के दिन लोक शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मंदिरा को रविवार को सायं काल पांच बजे से प्रतिबंधित कर दिया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शाप, ताड़ी, भांग की समस्त दुकानें, होटल, क्लब, मदिरा परोसने वाले रेस्टोरेंट आदि रविवार को सायं पांच बजे से एक दिसम्बर को सायं काल पांच बजे यानि मतदान की समाप्ति तक बंद रहेगें।आदेश के उल्लघंन पर सख्त कार्रवायी होगी। सेक्टर मजिस्टेऊट, माइक्रो आब्जर्वर व पीठासीन प्रथम मतदान अधिकारियों की टेऊनिंग शनिवार को तीन चरणों में दी गई थी। प्रथम चरण में छूटे हुए पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिले में 21 मतदान केन्द्र व 73 मतदेय स्थल बनाए गये हैं। शिक्षक के लिए 21 व स्नातक के लिए 73 पोलिंग पार्टियां बूथों पर कमान संभालेगीं।वाराणसी समेत आठ जिलों में दो लाख सात हजार 39 तथा शिक्षक में 32649 वोटर मतदान करेगें। स्नातक में 47488 व शिक्षक में 7209वोटर हैं। शिक्षक सीट पर 12 व स्नातक पर 22 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई को किया और अधिक तेज

**वाराणसी।** कोविड.19 के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर के सीएसआर अभियान के तहत आज उत्तर प्रदेश को क्रिटिकल हेल्थकेयर इक्विपमेंट दिए और कोविड.19 के खिलाफ लड़ाई में राज्य के प्रयासों का बल बढ़ाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की उपस्थिति में एक डिजिटल समारोह में पुनीत गोएंका ने क्रिटिकल हेल्थकेयर इक्विपमेंट्स उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपी। उत्तर प्रदेश को निम्न आवश्यक सुविधाएं देने के लिए कंपनी ने अपने अनुमत सीएसआर बजट कोविड.19 के खिलाफ लड़ाई के लिए राज्य को 20 एबुलेंस दी गई है पीपीई (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट) किट्स.5000 किट्स राज्य को दान किए गए है।

## ढाई माह पूर्व लापता युवती मसौधा से बरामद

**हनुमतनगर, अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अबनपुर सरोहा गांव के मजरे एक पुरवा से ढाई माह पूर्व एक युवती लापता हो गई थी यूवती के पिता ने दो लोगों को नामजद करते हुए अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने युवती को रविवार को मसौधा बाजार से बरामद किया जिसको मेडिकल के लिए भेज दिया और आरोपी की तलाश कर रही है। अबनपुर सरोहा गांव के एक मजरे से बीते 15 सितंबर को एक 20 वर्षीय युवती घर से हनुमत नगर बाजार के लिए निकली और वापस घर नहीं लौटी परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली तो पिता ने अंकुर यादव पुत्र बलदेव निवासी बिरौली गांव के मजरे कल्पी का पुरवाए राजकमल पुत्र श्याम बिहारी निवासी अबनपुर सरोहा मजरे तिवारी का पुरवा के विरुद्ध अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंहएउप निरीक्षक कन्हैया यादवए विनय कुमार और महिला आरक्षी संध्या यादव मसौधा बाजार पहुंचे जहां युवती को बरामद कर लिया और थाने पर लाकर उसे मेडिकल के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि महिला को मेडिकल के लिए भेजा गया है आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रैकेट को क्लीन चिट संजय भेजे गए जेल

**अंबेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के बहुचर्चित असलहा बरामदगी कांड में पुलिस ने फ्लिहाल संजय निषाद को जेल भेज दिया । संजय के पास से 32 बोर का एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद दर्शाया गया है। चेकिंग के दौरान संजय निषाद की जब तलाशी ली गई तो उनके पास से तमंचा बरामद किया गया। इमादपुर निवासी संजय निषाद को सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अब थोड़ा घटनाक्रम के पीछे की तरफ रुख करते हैं। संजय निषाद ने संबंधित असलहे की आपूर्ति के लिए भाजपा के जनपद स्तरीय पदाधिकारी को मुख्य आपूर्तिकर्ता बताया था। जिले की स्वाट टीम ने उसे हिरासत में भी ले लिया था। 36 घंटे तक हिरासत में रखे जाने के बाद राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने जिलामंत्री को तो क्लीन चिट दे दी



पुलिस हिरासत में संजय निषाद

लेकिन संजय निषाद को आरोपी बना दिया। हथियारों की आपूर्ति के इस खेल में संबंधित जिलामंत्री के अलावा एक मंडल अध्यक्ष की भूमिका भी बेहद अहम थी। महामंत्री स्तर के एक पदाधिकारी ने पुरजोर कोशिश की थी। मामला सत्तापक्ष से जुड़ा होने के कारण पुलिस एक बार बैकफुट पर तो आ गई है लेकिन इससे क्या जिले के पूर्वांचल में हथियारों की तस्करी पर विराम लग सकेगा, यह देखने वाली बात होगी।

# फास्टैग से भुगतान के बाद भी जबरन रसीद काट रहे टोल संचालक

● अमड़ी टोल प्लाजा पर वाहन चालको से हो रही लूट

**अंबेडकरनगर।** केंद्र सरकार ने टोल प्लाजा पर ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए फास्टैग को अनिवार्य कर दिया है लेकिन कुछ टोल प्लाजा पर जिस प्रकार से वसूली की जा रही है उससे वाहन स्वामियों को दुगना चूना लग रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 233 पर स्थित अमडी टोल प्लाजा पर रविवार को दोपहर ऐसा ही देखने को मिला । वाहन संख्या यूपी 32 के क्यू 6500 आजमगढ़ जा रही थी। यह गाड़ी फास्टैग से आच्छादित है। रविवार को दोपहर एक बजकर 58 मिनट पर यह गाड़ी अमड़ी टोल प्लाजा पर पहुंची। पहले तो फास्टैग से 85 रुपये कट गए लेकिन वँहा मौजूद कर्मचारी ने 85 रुपये की रसीद भी जबरन काट दी। गाड़ी में बैठे व्यक्ति के विरोध के बावजूद रसीद काटने वाला पैसा लेकर ही माना। सवाल यह है कि क्या फास्टैग की स्कैनिग के लिए टोल प्लाजा पर कोई व्यवस्था नही थी।यदि नही थी तो फास्टैग




भुगतान के लिए काटी गई रसीद व आया मैसेज

खाते से पैसा कैसे कट गया। यदि फास्टैग स्कैन हुआ तो वँहा बैठे कर्मचारी ने रसीद क्यो काट दी। रसीद काटने का समय व फास्टैग से पैसा कटने का मैसेज आने का समय एक ही रहा। सूत्रों की माने तो इस टोल प्लाजा पर इस प्रकार का खेल अक्सर होता रहता है। जाहिर है कि टोल के संचालको द्वारा हद दर्जे की मनमानी बरती जा रही और वाहन स्वामियों को जमकर चूना लगाया जा रहा है।

# महिला ने लगाया पुलिस पर अभद्र व्यवहार का आरोप

**अंबेडकरनगर।** सरकार द्वारा जहां महिलाओं के सम्मान के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं वहीं पुलिस द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता का व्यवहार करना थम नहीं रहा है जिसकी शिकायत पीड़िता ने ऑनलाइन कर उचित कार्रवाई की मांग किया है। एक तरफसरकार जहां महिलाओं को थाने में आने पर उचित मान और सम्मान मिले जिसके लिए तमाम प्रयास कर रही है थाने में महिलाओं के लिए बैठने के लिए उचित व्यवस्था हो, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो को लेकर गंभीर है वहीं पुलिस का नजरिया आज भी महिलाओं के प्रति नहीं बदल रहा है जिससे सरकार की काफी किरकिरी हो रही है। ऐसा ही मामला मालीपुर थाना में देखने को मिला है मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के केवल पत्ती पत्नी स्वर्गीय संतराम चौहान निवासी मालीपुर का जमीनी विवाद गांव में चल रहा है जिसके मामले में पुलिस वाले उसके घर पहुंच



पीड़ित महिला

कर गाली गलौज वा 5000 की मांग करते हैं तत्पश्चात थाने पर आने की बात कहते हैं जब पीड़िता मालीपुर थाने पर पहुंचती है तो वहां पर तैनात मुंशी द्वारा अभद्रता का व्यवहार करते हुए काफी गाली गलौज किया जाता है वा 5000 की मांग की जाती है नहीं तो उसके खिलाफ कई धाराओं में दर्ज कर जेल भेजने की धमकी भी दी जाती है जिस से आहत होकर पीड़िता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर थाने में तैनात तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की है।

## परिवहन निगम की बस के अंदर जहरखुरानी का शिकार हुआ युवक

**अंबेडकरनगर।** परिवहन निगम की बसों में यात्रा करना कितना सुरक्षित है यह रविवार को जिला मुख्यालय पर उस समय देखने को मिला जब जहरखुरानी के शिकार एक व्यक्ति को बस चालक ने अकबरपुर थाने के सामने उतार दिया और आगे बढ़ गया। बस से उतरने के बाद उक्त व्यक्ति लड़खड़ाते हुए कुछ कदम आगे बढ़ा और गिर गया । स्थानीय दुकानदारों ने उसे उठाया और उसके सामान को किनारे रखवाया। कुछ देर तक एक पेड़ के नीचे पड़े व्यक्ति की हालत को देख अकबरपुर पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पहुंची पुलिस ने उसे पानी पिलाया और



पीड़ित से जानकारी लेते पुलिस

हाथ मुंह धुलवा कर उसका नाम पता पूछा। नशे की हालत में उसने अपना नाम प्रवेश सिंह पुत्र पप्पू सिंह निवासी शामली बताया है। वह आजमगढ़ से दोहरीघाट डिपो की परिवहन निगम की बस में सवार हुआ था। फ्लिहाल जहरखुरानी का शिकार प्रवेश सिंह अकबरपुर थाने में रखा गया है। आशंका जताई जा रही है कि प्रवेश परिवहन निगम की बस के अंदर ही जहरखुरानी का शिकार हो गया। फ्लिहाल उसकी जेब में लगभग 2820 सुरक्षित रखा पाया गया। उसका सामान भी सुरक्षित था।

# नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक की कार्य प्रणाली बनी चर्चा का विषय

● गाड़ी पर पुलिस लिखाकर भर रहा फर्राटा

**अंबेडकरनगर।** टाण्डा नगर पालिका में तैनात राजस्व निरीक्षक की कार्य प्रणाली नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। नगर वासियों से आये दिन कहीं न कहीं विवाद करना, इस राजस्व निरीक्षक की कार्यप्रणाली का अंग बन चुका है। अधिशाषी अधिकारी का चहेता होने के कारण इस पर उनकी कृपा भी बरस रही है। इसके मनबढ़ होने का प्रमाण इसी बात से मिलता है कि यह अपनी मोटर साइकिल पर मोटे -मोटे अक्षरों में पुलिस लिखाकर चलता है। टाण्डा पुलिस ने आज तक इस पर गौर करने की आवश्यकता नही समझी जबकि नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है तथा उससे सम्बन्धित




चर्चित राजस्व निरीक्षक व पुलिस लिखी गाड़ी

व्याख्यान पुलिस द्वारा रोज कहीं न कहीं दिये जा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व यह राजस्व निरीक्षक एक पत्रकार से भी भिड़ चुका है। शनिवार की देर शाम यह राजस्व निरीक्षक एक बार फिर एक व्यक्ति के घर पंहुच कर उसको सुबह नगर पालिका पंहुचने का फरमान सुनाने लगा। इसके चलते वहां विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखना यह है कि इस राजस्व निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर नगर पालिका प्रशासन अंकुश लगा पाता है अथवा वह एक और नये विवाद को जन्म देता है।

# सीएम ने किया 1825 सड़कों का शिलान्यास

● 26.48 किमी. की सड़क पर खर्च होंगे 3.15 करोड़

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने पूरे उत्तर प्रदेश में जिला पंचायतों द्वारा हाट मिक्स से बनने वाली 1825 सड़कों का शिलान्यास रविवार को किया। इनमें गोरखपुर की भी 21 सड़कें शामिल हैं। 26.48 किलोमीटर लंबाई की इन सड़कों पर 3.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले की पीएमजीएसवाई की दो सड़कों का भी शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम वर्चुअल हुआ। सीएम योगी लखनऊ से इसमें शामिल हुए। विभिन्न जिलों में सांसद, विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सेंटर पर मौजूद रहे। गोरखपुर के जिला पंचायत परिसर में मुख्य रूप से सांसद रवि किशन, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विधायक संत प्रसाद, विधायक महेंद्र पाल सिंह, विधायक



विपिन सिंह और विधायक शीतल पांडेय मौजूद रहे।

### इन सड़कों का हुआ शिलान्यास

गगहा क्षेत्र में ग्राम बेला का यादव टोला संपर्क मार्ग, बड़हलगंज के कंसापुर में मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य, बड़हलगंज में कोल्हुआ से बेलसड़ी मार्ग का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य, उरुवा क्षेत्र के ग्राम सभा नरायनपुर में कविलासपुर से रग्घूपुर तक नवीनीकरण कार्य, पाली के ग्राम पुंडा में नवीनीकरण एवं लेपन कार्य, पिपरौली क्षेत्र में ग्राम बोगा से कुडा बुजुर्ग होते हुए कुड़नी मंदिर तक लेपन एवं नवीनीकरण कार्य, ब्रह्मपुर में बरही लैला मोड़ से बरही गांव तक नवीनीकरण कार्य, ब्रह्मपुर में हरैया मार्ग से पिपरामन्नी चौराहे से महुअई मोड़ तक लेपन कार्य, ब्रहमपुर में बरही-झंगहा मार्ग से करही तक लेपन कार्य, सहजनवां के चौतरवा में लेपन कार्य, सरदारनगर के ग्राम सुरसादेउर बाबा टोला में लेपन कार्य, भटहट में गुलरिहा बाजार से बूढ़ाडीह तक मरम्मत कार्य, कैंपियरगंज में घघवा-मरहठा मार्ग में मरम्मत कार्य, कैंपियरगंज में ग्राम मथौली में संपर्क मार्ग का लेपन कार्य, कैंपियरगंज में गौरा बखरिया बडुआ संपर्क मार्ग का लेपन कार्य कैंपियरगंज में घघवा मरहठा पीएमजीएसआइ मार्ग के बिचउपुर चौराहा से बाराघाट तक लेपन कार्य, पिपराइच में ग्रामसभा पिपरही से नैयापार पिच रोड तक मरम्मत कार्य, पिपराइच में यदवापुर से महुअवा संपर्क मार्ग पर लेपन कार्य, पिपराइच में बसडीला मोड़ से बरसैनी तक लेपन कार्य, खजनी में ग्राम सैरो गोदाम से बनभरिया टोला तक लेपन कार्य, खजनी में ग्राम खटैचा बिंदन से तितिल यादव के घर से होते हुए कठैचा टोला होते हुए हरीशचंद्र के घर तक लेपन कार्य शामिल हैं।

# थाने में श्रमदान का किया गया आयोजन, की गई साफ-सफाई



थाने में की जा रही सफाई

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**प्रभारी निरीक्षक** के नेतृत्व में थाना परिसर में श्रमदान का आयोजन किया गया जिसमें थाने में तैनात सभी लोगों ने अपना योगदान दिया। जलालपुर थाना कोतवाली में कोतवाल मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को सुबह श्रमदान का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने अपना योगदान दिया ।इसके अंतर्गत थाने में चारों तरफ थाने में तैनात सभी कर्मचारियों द्वारा साफसफाई की गई। इस मौके पर थाने के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

कोतवाल मनीष कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे आसपास में हमेशा स्वच्छ रहे और गंदगी का नामोनिशान ना रहे। यह सीख हमें ही नहीं और लोगों को भी अमल कर ध्यान में रखना चाहिए ताकि सभी लोग अपने आसपास स्वच्छता का ख्याल रखें। इस स्वच्छता से व्यक्ति को कई तरीके का लाभ होता है।

# शिक्षकों का होता रहा उत्पीड़न और मूकदर्शक बने रहे अगुआ: विजय

● स्नातक एमएलसी चुनाव प्रचार समाप्त मतदान एक दिसंबर को

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**सेंट एंड्रयूज** महाविद्यालय में गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन के प्रत्याशी राजीव यादव के समर्थन में एनएमओपीएस/अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम था 'मुद्दे की बात 'बंधुजी' के साथ'। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गोरखपुर मंडल के मतदाता शिक्षक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय हमारे जो अगुआ हैं उनके रहते हुए हमारे वेतन भत्तों की कटौती होती रहती है, पुरानी पेंशन को इनके सदन में रहते हुए समाप्त कर दिया गया लेकिन यह सभी लोग मूकदर्शक बने रहे। क्या आप सभी एवं हम पुन: ऐसे लोगों को सदन में जाते देखना चाहते हैं। वित्तविहीन शिक्षकों का जिक्र करते हुए कहा कि वे सभी साथी भी शिक्षक हैं। शिक्षा देने का नेक कार्य कर रहे हैं, उन्हें समान कार्य समान वेतन प्राप्त होना चाहिए। हम सरकार से मांग करते हैं कि उनके लिए समान वेतन की व्यवस्था की जाए।

अटेवा के प्रदेश महामंत्री डॉ. नीरज पति त्रिपाठी ने कहा कि यदि आप अपनी समस्याओं का निस्तारण कराना चाहते हैं तो सेवानिवृत्त प्रत्याशियों का बहिष्कार करना पड़ेगा। अटेवा के गोरखपुर फैजाबाद चुनाव पर्यवेक्षक रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा यह हमारी जिम्मेदारी है कि जब राजीव यादव को आप सदन में भेजेंगे तो शिक्षक कर्मचारियों के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाएंगे क्योंकि हमारा प्रत्याशी सेवारत है। अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र राय ने कहा कि पेंशन विहीन युवा सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष का इतिहास रचेगा।

अंत में दुर्भाग्यवश कल मुरादाबाद में घटित एक दुर्घटना में वहां के मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहिल और आईटी सेल के सहदेव सारथी की हृदय विदारक मृत्यु हो जाने पर श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक सभा की गई। उक्त कार्यक्रम में गोरखपुर जनपद के चुनाव प्रभारी सृष्टिराज दुबे, महाविद्यालय के प्राचार्य डा, एस डी शर्मा, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ महामंत्री डॉ. ध्यानेंद्र नारायण दुबे, कुशीनगर अटेवा जिला संयोजक अजय कुमार, महाराजगंज जिला संयोजक राजेश जायसवाल, देवरिया जिला संयोजक जयप्रकाश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहें।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 30 नवंबर, 2020



# हैदराबाद की जंग

## भाजपा की तेलंगाना पर नज़र

**शहर** के निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चोटी के नेता मैदान में उतार कर स्पष्ट कर दिया है कि वह 2023 में तेलंगाना पर विजय पाना चाहती है। केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा एक के बाद दूसरे राज्य पर कब्जा करने के लिए प्रयासरत है। जिस प्रकार वह बंगाल में अति-सक्रिय है और किसी कीमत पर वहां विजय पाना चाहती है, उसी प्रकार दक्षिण के राज्यों में भी कब्जा जमाने को प्रयासरत है जहां उसका कर्नाटक पर शासन है। उसने 1 दिसंबर को होने वाले ग्रेटर हैदराबाद म्यूनिसिपल कार्पोरेशन-जीएचएमसी चुनाव में प्रचार के लिए अपने दिग्गज नेताओं को मैदान में उतार दिया है। इनमें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, कई केन्द्रीय मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हैं। पार्टी अपने मतदाताओं को एकजुट कर इसे तेलंगाना विधानसभा पर कब्जे का प्रवेशद्वार बनाना चाहती है। भाजपा हैदराबाद में केवल चार वार्ड जीत सकी थी, जबकि तेलंगाना राष्ट्र समिति-टीआरएस के कब्जे में 99 तथा असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम का 44 वार्डों पर कब्जा था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटों में से चार पर विजय पा सकी थी। हालांकि, 2014 में उसकी केवल एक सीट थी। दुबक्का विधानसभा उपचुनाव में विजय से भाजपा को उम्मीद बंधी है कि वह अब यहां अपना प्रसार कर सकती है। यह मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव-केसीआर के विधानसभा क्षेत्र से सटी सीट है जहां भाजपा की विजय से मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा हुआ है। राज्य में कांग्रेस की पूरी तरह बरबादी को देखते हुए भाजपा उसके स्पेस पर कब्जा करना चाहती है। हैदराबाद एक साइबर हब है और इस दृष्टिकोण से उसका स्थान बैंगलुरू के निकट है।



भाजपा यहां कब्जा कर स्वयं को डिजिटल रूप से सशक्त भारत में ज्ञान अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधि बनाना चाहती है। हैदराबाद का व्यापक मुस्लिम चरित्र भाजपा के हिंदुत्व के खिलाफ है। यदि भाजपा यहां मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने में सफल होती है तो यह उसकी विचारधारा की विजय भी होगी। इससे भाजपा को ओवैसी से मुक्ति पाने में भी सहायता मिलेगी जिन्होंने सेक्युलर शक्तियों की कीमत पर अपनी राजनीति चमकाई है। अब तक ओवैसी को भाजपा की बी टीम तथा वोटकटवा कहा जाता है, लेकिन अब महाराष्ट्र और बिहार में विस्तार के बाद वे केवल हैदराबाद तक सीमित नहीं हैं तथा बंगाल में भी अपना विस्तार करना चाहते हैं। हैदराबाद में जीतने का अर्थ ओवैसी को उनके घर तक सीमित करना होगा। यह भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या के बयानों से स्पष्ट है जो ओवैसी को मुहम्मद अली जिन्ना का अवतार बताते हैं। इस प्रकार नगर निकाय चुनाव में स्थानीय मुद्दों के अलावा पाकिस्तान, ओसामा बिन लादेन, आतंक, रोहिंग्या, आदि पर बातें हो रही हैं।

इस परिदृश्य में केसीआर की क्या स्थिति है? उन्होंने संसद में महत्वपूर्ण विधेयक पास कराने में भाजपा की सहायता की और विवादास्पद मुद्दों पर तटस्थ रहे। लेकिन 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा की भारी विजय के बाद अब उसे सहयोगियों के बजाय राज्यों में अपनी शक्ति बढ़ाने की जरूरत महसूस हो रही है। बिहार के जनादेश ने दिखा दिया है कि मोदी के व्यक्तित्व का आकर्षण बना हुआ है और ऐसे में राव को अपने राज्य में नेता के रूप में अपनी छवि मजबूत करनी होगी। उन्होंने इसके लिए धार्मिक के बजाय सामाजिक मुद्दों पर जोर दिया है तथा जनता के अधिकारों को महत्वपूर्ण माना है। टीआरएस ने भाजपा-विरोधी बयानबाजी तेज कर हर वार्ड में अपनी विजय सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। केसीआर जानते हैं कि अभी भाजपा की बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से कड़ी टक्कर है और वह दिल्ली में आम आदमी पार्टी-आप को नहीं हरा सकी है। केसीआर को हिंदू-मुस्लिम जाल में नहीं फंसना तथा उन सामाजिक लक्ष्यों को पुनर्जीवित करना चाहिए जिनके पक्ष में वे खड़े थे। हिंदू वोट गंवाने के भय से वे ओवैसी से दूरी बना रहे हैं। केसीआर को चुनाव में सार्वजनिक क्षेत्र की ट्रेड यूनियनों का समर्थन प्राप्त है।

# नाजुक मोड़ पर बंगाल की राजनीति

अभी भी बहुत सी समस्याएं हैं जिनसे भाजपा के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है यह सुनिश्चित करना कि 2019 में जो समर्थन पश्चिम बंगाल में उसने हासिल किया था वह न केवल बना रहे बल्कि अतिरिक्त वोट भी हासिल हो सकें।



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं सांसद हैं)



**कुछ** पाश्चात्य लोकतंत्रों के विपरीत जहां राजनीतिक दलों के साथ जुड़ाव आजीवन बने रहने की प्रवृत्ति होती है, एक्टिविस्टों के लिए राजनीतिक संबद्धता में अच्छी-खासी तरलता पाई जाती है। ऐसा अंशत: इसलिए - अपवादस्वरूप कांग्रेस, भाजपा, कम्युनिस्ट एवं चंद क्षेत्रीय दलों को छोड़कर, भारत में दलीय व्यवस्था अभी भी उद्‌विकसित हो रही है और व्यक्तियों पर अत्यधिक निर्भर होती है। इसके अतिरिक्त, चूंकि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति के लिए की जाती है, और मेरा अर्थ यह नहीं है कि यह बात निंदा का विषय है, व्यक्ति राजनीतिक दलों को अपने लक्ष्यों की पूर्ति के साधन के तौर पर देखते हैं। परिणामस्वरूप, किसी भी राजनीतिक दल का राजनीतिक दीर्घवृत्त अनवरत रूप से राजनीतिक दलों के बीच लोगों के आवागमन का साक्षी बनता है। आज, उदाहरण के लिए, राम मनोहर लोहिया के पूर्ववर्ती अनुयायी लगभग सभी राजनीतिक दलों में पाए जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय समाजवादियों का राजनीतिक दल सृजित करने एवं उनका पोषण करने का भयावह रिकार्ड रहा है।

आने वाले चुनाव सामान्य तौर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं के लिए वफादारियां बदलने का अवसर होते हैं। ऐसे दलबदलों को जनमत का बैरोमीटर भी माना जाता है, चूंकि अपने राजनीतिक भविष्य पर निगाह लगाए स्थानीय नेता संभावित रूप से जीतने वाले पक्ष की ओर जाने को उद्यत रहते हैं। जनवरी 1977 में, जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा और नंदी सत्पथी द्वारा कांग्रेस से दल बदलकर चले जाने से राजनीतिक भूचाल आ गया जिसकी चरम परिणिति इंदिरा गांधी की पराजय के रूप में हुई।

इस अवस्था में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार से सुवेंदु अधिकारी के त्यागपत्र के प्रभाव की प्रत्याशा करना कठिन है। त्यागपत्र से पहले कई महीनों तक तनावपूर्ण संबंधों का दौर चला जो राजनीतिक अवस्थापना में मुख्यमंत्री के भतीजे अभिषेक बनर्जी की भूमिका पर केंद्रित था। अधिकारी ने, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के पुराने समय के सहयोगियों के साथ, अभिषेक की बढ़ती ताकत एवं उन्हें नुकसान पहुंचाने के उसके प्रयासों का विरोध किया था। मुकल रॉय, जो कभी तृणमूल कांग्रेस में नंबर-2 माने जाते थे, ने पार्टी छोड़कर 2017 में भाजपा का दामन थाम लिया था। अब अधिकारी, जिनका मिदनापुर के दो जिलों में अच्छा-खासा प्रभाव है, ने पाला दिल लिया है। यद्यपि वो अभी भी नाममात्र के तौर पर तृणमूल में ही हैं, कुछ ही समय बचा है जब वो अन्य लोगों के साथ पार्टी छोड़ देंगे। वो भाजपा में शामिल होने में ज्यादा लंबा समय नहीं लेंगे।

पिछले 18 महीनों में, लेकिन मुख्यत: 2019 के आम चुनावों के पश्चात जब यह देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए थे कि भाजपा ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल कर ली और 40 प्रतिशत लोकप्रिय मत हासिल किए, भाजपा पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए बड़ी चुनाती बनकर उभरी है। भाजपा, जो राज्य में कभी मामूली हैसियत रखती थी और स्थानीय राजनीति में उसकी वास्तविक मौजूदगी नहीं हुआ करती थी, ने वामपंथी दलों व कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया है। 2019 के आम चुनाव में, वामपंथ का जनाधार काफी सिकुड़ गया था और उसका काफी बड़ा हिस्सा भाजपा के खाते में चला गया।

वहां पर अभी भी बहुत सी समस्याएं हैं जिनसे भाजपा को पार पाना होगा यदि वह अगले ग्रीष्मकालीन विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस को पछाड़ना चाहती है। इनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है यह सुनिश्चित करना कि 2019 में जो 40 प्रतिशत समर्थन उसने हासिल किया था वह न केवल बना रहे बल्कि अतिरिक्त वोट भी हासिल हो सकें। यह एक चुनौतीपूर्ण संभावना है क्योंकि तृणमूल कांग्रेस सरीखे क्षेत्रीय दल लोकसभा चुनावों की तुलना में विधानसभा चुनावों में ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करते हैं। वामपंथ, जिसका प्रदर्शन 2019 के चुनावों में बहुत खराब रहा था और राज्य में लोकसभा की एक भी सीट जीत नहीं पाया, जैसा कि 1952 से पहली बार हुआ, पर आज वामपंथ भी उम्मीद रखे हुए है कि कांग्रेस के साथ उसका गठबंधन विधानसभा चुनावों में उसके लिए लाभकारी साबित होगा। ऐसी स्थिति में, भाजपा के पास दो विकल्प हैं।

सर्वप्रथम, उसे तृणमूल कांग्रेस के वर्तमान जनाधार में सेंध लगाने की आवश्यकता है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा अधिकारी परिवार के गढ़ माने जाने वाले पूर्वी मिदनापुर में भीतर तक प्रविष्ट होने में विफल रही थी। अधिकारी परिवार के सदस्यों ने जुमलुक और कोंताई की सीटें जीती थीं। इसके अतिरिक्त तृणमूल ने घटाल सीट पर जीत हासिल की थी। यदि अधिकारी परिवार के सदस्य भाजपा में शामिल हो जाते हैं, तो भगवा पार्टी पश्चिम बंगाल के पैमानों पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए बेहतर स्थिति में आ जाएगी। यदि सुवेंदु अधिकारी को आवश्यकता है कि भाजपा राज्य में अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता प्रदर्शित करे, भाजपा को अपनी पूर्व अस्तित्वमान ताकत में इजाफा करने के लिए संपूर्ण पूर्वी इलाके व पूर्वी मिदनापुर में प्रभाव जमाने की आवश्यकता होगी। भाजपा में वे लोग जिनका मानना है कि अन्य दलों को छोड़कर आने वालों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि पार्टी के अपनी वर्तमान ताकत पर जीतने की बात यथार्थपरक नहीं है। समर्थन में ऐसे महत्वपूर्ण अंतराल हैं जिन्हें भाजपा को पाटना होगा, कोलकाता के इर्द-गिर्द नगरीय गुच्छ इसके महत्वपूर्ण उदाहरण हें, यदि वह 2021 में कोलकाता में सरकार बनाने की उम्मीद रखती है।

दूसरे, भाजपा की यह धारणा महत्वपूर्ण है कि तृणूमल कांग्रेस अपने स्वयं के अंतरविरोधों के बोझ तले टूट रही है। किसी भी चुनाव में विभिन प्रकार के प्रभाव होते हैं जहां अनिर्णय की स्थिति से गुजर रहे मतदाता उस पार्टी की ओर चले जाते हैं जो स्पष्ट लाभ की स्थिति में नजर आती है। पश्चिम बंगाल के मुस्लिम समुदाय में, जहां मतदाताओं की सामर्थ्य 27 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक है, अहम भूमिका अदा करती है। यह तबका भाजपा की पहुंच के बाहर है ओर तृणमूल कांग्रेस के समर्थन में खड़ा है, सिर्फ तीन जिलों को छोड़कर जहां कांग्रेस का प्रभाव है। यदि ऐसा होता नजर आए कि ममता का नैया डगमगा रही है, तो मुस्लिम मतदाताओं में या तो वामपंथ-कांग्रेस गठबंधन अथवा उन मुस्लिम दलों की ओर जाने की होड़ पैदा होगी जो मुसलमानों को स्वतंत्र आवाज देने के लिए आक्रामक ढंग से प्रचार कर रहे हैं। वैकल्पिक रूप से, भाजपा से खतरे को भांपकर, मुस्लिम समुदाय वापस तृणमूल कांग्रेस की ओर मजबूत मताधार बनकर जा सकता है। हालांकि, मुसलमान मतदाताओं के समक्ष गैर-तृणमूल विकल्प रखना कठिन होगा यदि धारणा सत्ताधारी दल के पक्ष में जाती है। यही कारण हैं कि सुवेंदु अधिकारी ड्रामे के अगले कुछ कदमों को निकट से देखे जाने की आवश्यकता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति बहुत नाजुक दौर में पहुंच गई है।

# आंकड़ा सुरक्षा की आवश्यकता

> भारत को डेटा सुरक्षा की आवश्यकता समझते हुए फेसियल आइडेंटीफिकेशन तकनीक के प्रयोग पर सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।

**कुणाल किसलय**
(लेखक इंटीग्रेटेड विजार्ड साल्यूशंस के सीईओ हैं)



**को**विड-19 महामारी ने अनेक उद्यमों को किसी प्रकार अपना जीवन बचाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने प्रभावी व सुरक्षित रूप से काम करने के लिए कंप्यूटर विज़न जैसी तकनीकें अपनाने का प्रयास किया है। कंप्यूटर विज़न सीसीटीवी नेटवर्क का प्रयोग कर एक कार्ययोजना बनाता है। अनेक कार्यालयों ने कांटैक्टलेस हाजिरी की व्यवस्था शुरू की है जहां फेस आइडेंटीफिकेशन तकनीक के प्रयोग से कैमरा मास्क लगाए व्यक्ति को भी पहचान लेता है। फेसलेस तकनीक का प्रयोग कोरोनावायरस संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए भी हो रहा है, लेकिन इस तकनीक के विस्तार ने विश्व स्तर पर नस्ली भेदभाव का दुरुपयोग जैसी आशंकाओं को भी जन्म दिया है। अश्वेत समुदाय के लोगों के खिलाफ अनेक प्रकार के पूर्वाग्रहों को देखते हुए अमेरिकी डेमोक्रेटिक पार्टी के विधि-निर्माताओं ने एक कानून पेश किया है जिसमें कानून लागू करने वाली परिसंघीय एजेंसियों द्वारा फेसियल रिकग्नीशन तकनीक पर प्रतिबंध लगाने को कहा गया है।

भारत ने अभी देशव्यापी स्तर पर फेस रिकग्नीशन तकनीक कार्यक्रम की शुरुआत नहीं की है। ऐसे चरण पर हमें दूसरों की गलतियों से सीख लेकर ऐसे कानून बनाने चाहिए जो शक्तिशाली तकनीक पर लगाम लगाएं ताकि हमारे नागरिकों की स्वतंत्रता व निजता का हनन न हो सके। फेसियल रिकग्नीशन तकनीक के ऐसे अनेक प्रयोग हैं जो पूरी तरह हानिरहित दिखते हैं। उदाहरण के लिए फेसबुक टैग इसका प्रयोग चित्रों में व गूगल फोटो चेहरों के अनुसार संगठन में करते हैं। इस तकनीक ने इमैजिनेशन प्रक्रिया को सुरक्षित, सरल और तेज बना दिया है। इसमें 160 देशों से एकत्रित सूचना का प्रयोग कर अपराधियों



का डेटाबेस बनाया गया है। इससे 650 से अधिक गायब लोगों की पहचान 2016 में की गई थी। आज इसका प्रयोग अनेक क्षेत्रों में हो रहा है। निजता और निगरानी के सरोकार अनेक प्रकार के नस्ली भेदभाव तथा सूचनाओं के अवैध प्रयोग से पैदा हुए हैं। मिशिगन में एक निरपराध व्यक्ति को पूरा दिन पुलिस हिरासत में बिताना पड़ा था क्योंकि फेस रिकग्नीशन व्यवस्था ने गलती से उसे एक दूकान में चोरी करने वाला बता दिया था। अश्वेत लोगों की गलत पहचान करने के अनेक उदाहरण हैं। इसका कारण यह है कि श्वेत लोगों की तुलना में अश्वेत लोगों के बारे में अनेक गलत गणनायें गलत नतीजे निकालती हैं। अनेक प्रदर्शनों व ब्लैक लाइव्स मैटर्स आंदोलन के कारण कानून द्वारा संघीय फंडिंग के लिए फेस रिकग्नीशन तकनीक पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव किया गया है। अमेरिका की सीमा के बाहर इस तकनीक का प्रयोग अवैध होगा। प्रस्तावित कानून का उल्लंघन करने वाली प्राप्त सूचना का प्रयोग न्यायिक कार्यवाहियों में नहीं हो सकेगा। इसमें स्पष्ट रूप से अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही गई है। नस्ली भेदभाव के मामले अमेरिका में चिन्ता के कारण हैं और मई में जार्ज फ्लायड की हत्या के बाद फेस रिकग्नीशन तकनीक पर भी निशाना लग रहा है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि यह अश्वेत लोगों तथा खासकर अश्वेत महिलाओं की पहचान में अधिकतम गलतियां करती है, जबकि श्वेत पुरुषों की पहचान में ठीक काम करती है।

भारत में विभिन्न रंगों वाली त्वचा के लोग हैं, लेकिन दंड न्याय प्रणाली उनके रंग के कारण भेदभाव पर आधारित नहीं है। हम जाति, नस्ल, आर्थिक स्तर व धर्म के आधार पर भेदभाव करते हैं। ऐसे में भारत में फेस रिकग्नीशन साफ्टवेयर अमेरिका की तरह खतरा नहीं पैदा करता है। लेकिन तकनीक के दुरुपयोग से निजता पर खतरे की बात कही जाती है। सीबीएसई व भारतीय रेलवे बड़े पैमाने पर फेस रिकग्नीशन तकनीक का प्रयोग करने वाले संस्थान हैं। बैंगलुरू रेलवे स्टेशन में एक शक्तिशाली सीसीटीवी व्यवस्था हे जो अपराधियों का डेटाबेस तैयार करने में फेस रिकग्नीशन तकनीक का प्रयोग करती है। तकनीक की हर चरण पर निगरानी करनी पड़ती है। भारत में कुछ लोग इसके कारण डेटा सुरक्षा तथा सूचनाओं के दुरुपयोग को लेकर चिन्तित हैं।

तकनीक में प्रगति को देखते हुए सामाजिक असुरक्षा की संभावित स्थितियों पर गौर करना होगा। हमें डेटा निजता, संरक्षण व नैतिकता पर ध्यान देना होगा ताकि मजबूत कानूनी ढांचा बना कर बायोमीट्रिक व फेसियल रिकग्नीशन साफ्टवेयर के दुरुपयोग से बचा जा सके। पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 की समीक्षा कर इसे कानून बनाना चाहिए। फेसियल रिकग्नीशन तकनीक के साथ काम करने वाले लोगों को डेटा फीडिंग व इसके आधार पर नतीजे निकालने में सावधानी बरतनी होगी। हमें इस तकनीक के प्रयोग पर सहमति जुटानी होगी। लगातार सुधार से गलतियां पूरी तरह दूर होने की उम्मीद है। उचित नीतियों व कानून से फेस रिकग्नीशन तकनीक कानून को अंधा नहीं रहने देगी क्योंकि कानून लागू करने वाली एजेंसियां चौबीसों घंटे लाखों सीसीटीवी के माध्यम से देश भर में सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगी।

## आप की बात

### यह कैसा स्वागत?

**अक्सर** यह देखा गया है कि जब कोई नेता, विधायक, मंत्री किसी आपराधिक प्रकरण में दोषी पाए जाते हैं और उन्हें जेल होती है। जमानत होते ही बधाई और स्वागत का सिलसिला शुरू हो जाता है जो यह सोचने को मजबूर करता है कि अपराध आखिर कौन सी बहादुरी का काम है? इस तरह के प्रयास नैतिक पतन के साथ ही गुनाहों को पोषण देने वाले हैं। भोपाल के विधायक की अग्रिम जमानत की अर्जी मंजूर होने पर स्वागत किया जाना समझ से परे है। जाहिर है कि 30 अक्टूबर को भोपाल विधायक द्वारा भीड़ एकत्रित करके फ्रांस का ध्वज और राष्ट्रपति का पुतला जलाया गया था।इतना ही नहीं विधायक ने केंद्र के मंत्रियों की रीति नीति पर भी सवाल उठाए थे। बात यहां से भी आगे बढ़ी और जोश में भरे विधायक हिंदुस्तान में ईट से ईट बजाने का दावा कर गए। इस मामले को लेकर विधायक के साथ ही 400 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरिफ फरार रहे और हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने पर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां उनका मंत्रोचार के साथ स्वागत तिलक लगाकर और आरती उतार कर किया गया जो निश्चित रूप से अपराध को संरक्षण देने जैसा है। ऐसे में सख्त कार्रवाई से ही घटनाओं की पुनरावृति रुक सकेगी।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### सायबर अपराध पर अंकुश

**सायबर** अपराधों पर नकेल कसने जे लिए ग्रह मंत्रालय का नया फेम वर्क सरहानीय और् सार्थकता भरा साबित होगा। सायबर अपराध और अपराधियों पर सख्ती से नकेल कसने के लिए भारत सरकार ने एक नया फ्रेमवर्क तैयार किया है। जो जनता को सायबर अपराधों से निजात दिलाएगा।नए फ्रेमवर्क के अन्तर्गत देश , प्रदेश, और् शहरी स्तर पर एक आम नागरिक या संस्था सायबर अपराध की रोकथाम और् जागरुकता में सरकार के साथ जुड़कर अपना योगदान दे सकते है। भारत सरकार के ग्रह मंत्रालय भारतीय सायबर अपराध समन्वयन केंद्र ने इसके लिए एक राष्ट्रीय स्तर का पोर्टल तैयार किया। देश हित मे इस पोर्टल से जुड़ने के लिए तीन श्रेणियां रखी गई है। बहुत ही बढ़िया कारगर प्रयास सायबर अपराधों को रोकने के लिए किया। और इसमे आम नागरिक या समाज सेवी संस्थाएं सुरक्षा के दृष्टिकोण से रजिस्ट्रेसन करवाकर निश्चित ही इन अपराधों पर कदमताल मिलाकर, सरकार का साथ देकर सायबर अपराधों को नेस्तनाबूद कर सकते है। इस अनुकरणीय पहल की बहती गंगा में 152 लोगो ने रजिस्ट्रेशन करवाकर मप्र सरकार के साथ कदमताल मिलाकर सायबर अपराधों को रोकने की पहल भी की।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### मोदी बनाम भाजपा

**प्रधानमंत्री** का पद संभालने के बाद से ऐसा प्रतीत हो रहा, जैस प्रधानमंत्री मोदी जी पार्टी से ऊपर हैं। हम अक्सर सुनते हैं बीजेपी सरकार नहीं बल्कि मोदी सरकार। हाल ही में हुए कई सम्मेलन में हमने प्रधानमंत्री मोदी जी को ही शिरकत करते हुए देखा। चाहे वो व्यापार से जुड़े हो या फिर स्वास्थ्य से, सभी में प्रधानमंत्री को मीटिंग करते हुए देखा गया। ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रधानमंत्री को अपने पर औरों से ज्यादा विश्वास है। व्यापार समझौतों में प्रधानमंत्री जी बिना वित्त मंत्री के निवेशकों को लुभाने में लगे हैं।उसी प्रकार से पिछले कुछ दिनों में हमने देखा कि प्रधानमंत्री जी सीरम इंस्टीट्यूट गए, कॉविड वैक्सीन की जानकारी ली लेकिन वहां भी हमने स्वास्थ्य मंत्री को नहीं देखा। तो क्या मोदी जी की छवि एक विचारधारा बन गई है, जो पार्टी और उसके ऊपर है। अगर ऐसा है तो बीजेपी कि नैया तभी तक तैरेगी जबतक प्रधानमंत्री मोदी देश की राजनीति में हैं। अब यह तो देशवासियों को ही तय करना है कि वे देश में मोदी सरकार चाहते हैं या बीजेपी सरकार?

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**किसानों** की समस्याएं वास्तविक हैं। इसीलिए स्टेडियमों को जेलों में रूपांतरित करने के दिल्ली पुलिस के अनुरोध को ठुकराया जा रहा है।

– **दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री**
सत्येंद्र जैन



**विरोध** प्रदर्शन अधिकार के प्रयोग हेतु किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति के निर्णय का में स्वागत करता हूं। अब उन्हें बातचीत की पहल करनी चाहिए।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**केंद्र** सरकार किसानों से बात करने के लिए हमेशा तैयार है। बातचीत से ही समाधान निकलेगा।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

# पीएम आज करेंगे 2447 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण

● देव दीपावली पर लेजर लाईट शो में दिखेगी गंगा अवतरण की कहानी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**देव दीपावली** के अवसर पर काशी आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजातलाब मिर्जामुराद के खजुरी की धरती से 2447 करोड़ की सड़क परियोजना का लोकर्पण करेंगे। प्रधानमंत्री की प्रस्तावित सभा की तैयारियां पुरी कर ली गई है। जिला प्रशासन के मुताबिक पीएम के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। जारी किए गए मिनटस के मुताबिक पीएम का विमान दोपहर 12 बजे बाबतपुर हवाई अड्डे पर उतरेगा वहां से हेलिकॉप्टर के जरिए पीएम खजुरी में आयोजित जनसभा के लिए प्रस्थान करेंगे। पीएम की जनसभा में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेटिंग करने साथ ही सुरक्षा पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। रविवार को तैयारियों की जांच के क्रम में सुरक्षा फ्लीट ने खजुरी से गंगा तट व सारनाथ जाकर तैयारियों को परखा। प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए खजुरी का स्वागत मंच तैयार है। मंच के सम्मुख जनता को बैठने के लिए, कुर्सियों के मध्य सामाजिक अंतराल का पालन किया गया है। पंडाल में कुर्सियों को लगाने के साथ ही मैटींग कार्य पुरा कर लिया गया है। सुरक्षा जांच के बाद एसपीजी के जवान पंडाल समेत मंच को अपने सुरक्षा में लेंगे। पंडाल में पीएम मोदी के आदमकद कटआउटस लगाए गए हैं। रविवार को एसपीजी व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की देखरेख में फ्लीटफसुरक्षा और आयोजन स्थल तक आने जाने वाले रास्तों को परखा गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विजय शंखनाद रैली के सात साल बाद खजुरी की जनता से रूबरू होंगे। पीएम यहां 2447 करोड़ की लागत से 73 किलोमीटर लम्बे एनएच-19 वाराणसी-प्रयागराज राजमार्ग चौड़ीकरण परियोजना का लोकार्पण करेंगे। खजुरी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के और केन्द्रीय सड़क राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी शामिल होंगे। 73 किलो मीटर लम्बे सड़क को चौड़ीकरण कर 6 लेन का बनाया जा रहा है। इससे प्रदेश की विकास योजनाओं को रफ्तार मिलेगी। गंगा तट पर देव दीपावली की तैयारियां पुरी कर ली गई है। जनसभा स्थल का जायजा लेने के बाद स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने यहां सुरक्षा की जिम्मेदारी संहाल लिया है। पीएम के कार्यक्रम के दौरान शहर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर रहेगी। पीएम मोदी मिर्जामुराद की खजुरी में जनसभा को सम्बोधित करने के बाद हेलीकाप्टर से डोमरी पहुंचेंगे। यहां बाबा अवधूत भगवान राम घाट से नाव पर सवार होकर राजघाट जाएंगे। प्रकाश पर्व देव दीपावली के अवसर पर पीएम मोदी 30 नवंबर को काशी आ रहे हैं। पीएम मोदी राजघाट पर पहला दीप जलाएंगे इसके बाद गंगा तट के घाटों पर करीब 15 लाख दीये जलाए जाएंगे। गंगा की लहरों पर लेजर शो के माध्यम से काशी में शिव महिमा व गंगा अवतरण का प्रदर्शन किया जाएगा। इस बार बाबा अवधूत राम घाट, राजघाट, चेत सिंह घाट व संत रविदास घाट पर व्यापक तैयारी की गई है। राजघाट पर दीपक जलाने के बाद पीएम राजघाट से संत रविदास घाट तक गंगा विहार करेंगे।

## मोदी के कार्यक्रम का समय बदला, अब मोदी एक बजे खजुरी में करेंगे जनसभा

● पहले तीन बजे होना था लेकिन प्रशासन को मिले प्रोटोकॉल के तहत कार्यक्रम में हुआ आंशिक संशोधन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**प्रधानमंत्री** बनने के बाद पीएम नरेन्द्र मोदी पहली बार काशी में गंगा के तट पर देव दीपावली कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे हैं। वो सायं काल पांच बजे के बाद ही राजघाट स्थित भागीरथी के तट पर देव-दीपावली पर गंगा में दीपदान करेंगें। पीएम मोदी के कार्यक्रम में हुई बदलाव को देखते हुए एसपीजी ने 'खजुरी जनसभा', डोमरी हैलीपैड, राजघाट व सारनाथ कार्यक्रम स्थल को अपनी सुरक्षा के घेरे में ले लिया है। रविवार को डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, एटीएस,एनएसजी सहित कई एजेन्सियों ने खजुरी जनसभा स्थल को कोने-कोने पर पहुँचकर चेक किया।

प्रधानमंत्री राजघाट पर सवा पांच बजे पहला दीपक जलायेंगे।उनके दीपक जलाते ही सभी घाटों पर दीये जलाने का क्रम शुरू हो जायेगा।जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने बताया कि एमएलसी चुनाव को देखते हुए पीएम कार्यक्रम के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी गई थी, आयोग ने कुछ शर्तों संग हरी झंडी दे दी है। पीएम के आगमन को लेकर पिछले कई दिनो से तैयारी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन का संशोधित समय रविवार को प्रशासन ने दोपहर में जारी कर दिया। प्रशासन की ओर से जारी संशोधित समय के अनुसार अब उम्मीद के दो घंटे पूर्व ही पीएम का दौरा शुरू हो जाएगा। पहले पीएम दोपहर दो बजे वाराणसी पहुंच रहे थे अब उनका समय बदलकर दोपहर 12 बजे कर दिया गया है। इस बाबत भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने बताया कि पीएम का कार्यक्रम अब दो घंटे पहले होने के साथ ही आयोजन में कुछ विस्तार भी किया जा रहा है। खजूरी और राजघाट की जनसभा में दस दस हजार लोग शामिल होंगे। प्रशासन की ओर से 'पायनियर 'को दी गई जानकारी के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी अब दोपहर 12 बजे के करीब बाबतपुर एयरपोर्ट आने के बाद खजूरी में जनसभा को दोपहर एक बजे संबोधित करने पहुंचेंगे। वहीं संशोधित प्रोटोकॉल के अनुसार पीएम के पहले जारी सभी कार्यक्रम के उसी अनुरुप तय समय से कम कर दिए गए हैं। वहीं प्रशासन अब संशोधित समय के अनुसार ही अपनी तैयारियों को पुरा करने में लग गया है।

**आयोजन में शामिल होने के लिए शर्तें भी जारी:** काशी में आयोजन के दौरान देव दीपावली पर मां गंगा की महाआरती भी होगी। इस आयोजन में मास्क अनिवार्य कर दिया गया है। मास्क के बिना महाआरती समिति ने प्रवेश पर प्रतिबंध घोषित किया है। दशाश्वमेघ घाट पर महाआरती के दौरान 21 बटुक और 42 कन्याएं आरती में शामिल होंगी। सभी मास्क के साथ ही महाआरती में प्रतिभाग करेंगे।

**प्रधानमंत्री के लिए बीएचयू में बना स्ट्रांग रूम, ए पाजिटिव रक्त संरक्षित:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सर सुंदरलाल अस्पताल में एक विशेष स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इसके तहत विशेष मेडिकल की टीम बनाई गई है। इसमें स्पेशियलिस्ट सहित सभी महत्वपूर्ण पैरामेडिकल की टीम शामिल हैं। साथ ही आइसीयू स्पेशल वार्ड, लिफ्ट सीढ़ी भी आरक्षित की गई है।सारी जरूरी मेडिसिन्स, ब्लड, एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। पीएम के आगमन से लेकर दिल्ली वापस लौटने तक यह सारी व्यवस्थाएं आरक्षित रखी जाएंगी। वैसे यह सारी सुविधा प्रोटोकाल में पहले से ही तय है। मोदी के लिए ए पाजिटिव ग्रुप का कई यूनिट रक्त भी संरक्षित कर लिया गया है। शनिवार को डोनेट कराकर एक निजी ब्लड बैंक में रखवाया गया है।

## बीएचयू की डॉ. कनुप्रिया को कालीदास सम्मान



**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यलाय कला इतिहास विभाग कलाकृति ऋतु सम्हार चित्रम को कला क्षेत्र के प्रतिष्ठित कालीदास सम्मान प्रदान किया गया। कला इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कनुप्रिया ने कला इतिहास विषय में नेशनल म्यूजियम नई दिल्ली से शिक्षा ग्रहण कर भारतीय लघु चित्रकला में नायिका चित्रण के सचित्र मूल्यों पर शोध कि है। उन्होंने 11 वर्ष जयपुर विश्वविद्यालय में कला इतिहास का अध्यापन कार्य किया। 27 नवम्बर 2020 को उज्जैन स्थित कालिदास अकादमी द्वारा कनुप्रिया की कलाकृति ऋतुसम्हारचित्रम को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चयन करके कला क्षेत्र में प्रतिष्ठित कालीदास सम्मान दिया गया है। उन्हे समान स्वरूप एक लाख रुपये के साथ प्रशस्ति पत्र, शाल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह सम्मान शास्त्रीय संगीत, रंगमंच व प्लास्टिक कला क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार से एमएफ हुसैन, तैयब मेहता, वासुदेव गायतोंडे, जगदीश स्वामीनाथन, सय्यद हैदर रजा, मन्ना डे, भूपेन खककर, अकबर पद्मसी, गिरीश कर्नाड, हरी प्रसाद चौरसिया, फ्रांसिज सूजा, जोगेन चौधरी, शंखों चौधरी, जाकिर हुसैन, मनजीत बावा, सतीश गुजराल, केजी सुब्रमण्यम आदि कलाकारों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## भारत ही नहीं पूरे विश्व की निगाहें काशी की देव दीपावली पर टिकीं

● काशी में देव दीपावली की शुरुआत मंगला गौरी मंदिर के महंत पं0 नारायण गुरू ने पंचगंगा घाट इसकी शुरुआत 1985 में की थी, पहली बार देश के पीएम नरेन्द्र मोदी देव-दीपावली में भाग ले रहे हैं

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी



**पंचगंगा** घाट से अस्तित्व में आई काशी की देव दीपावली की पहचान अब वैश्विक फलक पर है। देव दीपावली के वर्षो के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें भागीदारी कर रहे है। इससे भारत ही नही पूरे विश्व की निगाहें काशी की देव दीपावली पर टिकी हुई है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर देव दीपावली के इतिहास के बारे में जानने के लिए लोगों में लगातार उत्सुकता बनी हुई है। पुरनिये बताते है कि काशी में पंचगंगा घाट पर इसकी शुरूआत हुई थी। क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से दीपोत्सव होता था। इसके बाद वर्ष 1985 में मंगला गौरी मंदिर के महंत नारायण गुरु ने देव दीपावली को वृहद् और विहंगम रूप देने के लिए प्रयास किया। इसमें दशाश्वमेघ घाट पर गंगा सेवा निधि के संस्थापक स्मृतिशेष सत्येन्द्र मिश्रए प्राचीन शीतलाघाट पर गंगोत्री सेवा समिति के अध्यक्ष पंण् किशोरी रमण दुबे उर्फबाबू महाराज ने भी बड़ी भूमिका निभाई। पंचगंगाघाट के बाद पांच अन्य घाटों पर शुरू हुई देव दीपावली पर्व को व्यापक रूप देने के लिए केंद्रीय देव दीपावली महासमिति के अध्यक्ष पं. वागीश दत्त मिश्र ने भी अपना योगदान दिया। महासमिति के पदाधिकारियों ने काशी के कुंडों और तालाबों पर भी देवदीपावली बनाने की पहल की। जिससे गंगाघाटों पर भीड़ कम जुटे। 1995 से देव दीपावली को व्यापक आधार मिला। तो शहर के अन्य समाजसेवी भी इसमें योगदान देने के लिए आगे आये। तो देखते ही देखते उत्सव वैश्विक फलक पर आ गया। काशी सुमेरूपीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती बताते है कि काशी के देव दीपावली उत्सव में किसी न किसी रूप में देवता भी शामिल होते है। कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को पर्व मनाया जाता है। उन्होंने इस बारे में एक कथा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि एक समय त्रिपुर नाम के बलशाली राक्षस के अत्याचारों से देवताएऋषि बेहाल और दुखी थे। अपनी रक्षा के लिए सभी महादेव की शरण में गए। तब भगवान शिव ने कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को त्रिपुरासुर का वध कर दिया और तीनों लोकों को उसके भय से मुक्त किया। उस दिन से ही देवता हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को भगवान शिव के विजय पर्व के रूप में मनाने लगे। तब से देव दीपावली की शुरूआत हुई है। एक अन्य कथा के अनुसार महर्षि विश्वामित्र ने देवताओं की सत्ता को चुनौती देकर अपने तप बल से त्रिशंकु को सशरीर स्वर्ग भेज दिया था । यह देखकर नाराज देवताओं ने त्रिशंकु को वापस पृथ्वी पर भेजना चाहा। लेकिन महर्षि विश्वामित्र ने अपने तपोबल से उन्हें हवा में ही रोक दिया और नई स्वर्ग तथा सृष्टि की रचना प्रारंभ कर दी। यह देख देवताओं ने महर्षि से प्रार्थना की। तब उन्होंने दूसरे स्वर्ग और सृष्टि की रचना बंद कर दी। इससे प्रसन्न देवताओं ने दिवाली मनाई थी।

काशी में देव दीपावली को स्थापित करने में रानी अहिल्याबाई होलकर ने भी बड़ा योगदान दिया था। उन्होंने पंचगंगा घाट पर पत्थरों से बना खूबसूरत हजारा दीपस्तंभ स्थापित किया था। जिस पर 1001 से अधिक दीप एक साथ जलता है। यहां दीपों का अद्भुत जगमग प्रकाश देवलोक जैसे वातावरण का अनुभव कराता है।

## क्विक न्यूज

### लोकतंत्र की मजबूती हेतु मताधिकार का करें उपयोग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने यमुनापार के करछना मेजा कोरांव के बाद बारा विधानसभा के नारीबारी शंकरगढ़ जसरा कौंधियारा आदि जगहो पर जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती के साथ कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से सम्पर्क किया। प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी स्नातक के प्रबुद्ध मतदाताओं से लोकतंत्र के मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने हेतू अपील किया। कहा मतदाताओं को सही और समर्पित प्रत्याशी के चयन करना भी जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने कहा मतदाताओं को अपने कलम का उपयोग नही करना है। टेबूल पर रखे कलम का ही उपयोग कर प्रथम वरियता का मत भाजपा प्रत्याशी को देना है। नारीबारी में कार्यकर्ताओं संग योजना एवं चर्चा में जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी जिला कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता विधानसभा सह संयोजक सुभाष सिंह पटेल धर्मराज पाल प्रीतम पांडेय आलोक पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दी।

### जीवन अमूल्य, इसे बचाकर रखने की जरूरत: कौशल्यानंद



**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि टीना मां और सीओ ट्रैफिक शुभम टोडी के साथ शनिवार को सिविल लाइंस स्थित सुभाष चौराहे पर यातायात के लिये लोगों को जागरूक किया। महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि ने कहा कि जीवन अमूल्य है इसे बचाये क्योकि जिस तरह से थोडी सी लापरवाही से मार्ग दुर्घटनाओ में मृतकों और घायलों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। उतनी संख्या बीमारी से मरने वालों की भी नही है। उन्होंने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों को लेकर जागरूक और गंभीर हैं। जिससे कि अमूल्य जीवन सुरक्षित रहे। महामण्डलेश्वर ने कहा कि बच्चे युवक और युवतिया विशेषकर सडक पर चलने से पहले नियमों को माने और उसका पालन करें जिससे कि वह सुरक्षित और स्वस्थ्य रहें। कहा कि दुर्घटना में मौत होने से जहा परिवार के लोग टूट जाते है और वही कई बार परिवार सडक पर आ जाते है। सीओ ट्रैफिक शुभम टोडी ने भी लोगों को यातायात के नियमों के पालन के लिये प्रेरित किया। किन्नर अखाड़ा और ट्रैफिक पुलिस ने लोगों की जागरूकता के लिये पंपलेट और कोविड 19 से बचाव के लिये मास्क बांटा। इस दौरान किन्नर अखाड़ा की शोभा नैना परी मनीषा गुडिया आशा शेरू आदि थे।

### एक्यूप्रेशर को प्राणमय आनंदमय की उपनिषदीय अवधारणा से जोड़ा

**प्रयागराज।** एक्यूप्रेशर संस्थान द्वारा आयोजित 22 वें राष्ट्रीय सम्मेलन के चौथे दिन स्वामी विवेकानन्द योग अनुसंधान संस्थान के कुलपति पद्म डा एस आर नागेन्द्र ने बैंगलोर से सम्मेलन के 950 प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। उन्होंने एक्यूप्रेशर को अन्नमय प्राणमय मनोमय विज्ञानमय तथा आनंदमय की उपनिषदीय अवधारणा से जोड़ते हुए एक्यूप्रेशर उपचार की विशिष्टता से परिचित कराया। संस्थान के अध्यक्ष जे पी अग्रवाल ने डा नागेन्द्र को धन्यवाद देते हुए एक्यूप्रेशर उपचार के सुपर एडवांस प्रशिक्षण का प्रारंभ करते हुए शरीर के विभिन्न महत्वपूर्ण अवयवों की कार्यप्रणाली का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए परम्परागत एक्यूप्रेशर उपचार टीसीएम के द्वारा उनके सफल उपचार पर विस्तार से प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक ए के द्विवेदी ने बंगलौर से जुड़े डा नागेन्द्र को तीर्थराज प्रयाग से संचालित एक्यूप्रेशर ज्ञान यज्ञ में आहुति देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। आयरलैंड से जुड़े हुए हृदयरोग विशेषज्ञ डा ब्रिजेन्द्र पाण्डेय ने हृदय रोग निदान एवं विशिष्ट उपचार पर प्रकाश डाला। केन्द्रीय संसदीय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने स्व माता प्रसाद खेमका द्वारा लिखित पुस्तक ट्रीटाइज 19 के अंग्रेजी अनुवाद के नए संस्करण का विमोचन किया। उन्होंने एक्यूप्रेशर विधा की कारगरता पर प्रकाश डालते हुए एक्यूप्रेशर उपचार के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि भूरि सराहना की। प्रसिद्ध रेडियोलाजिस्ट डा दीपक गुप्ता ने अर्थराइटिस से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। केन्द्र सरकार के स्वास्थ एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्विनी चौबे 30 नवम्बर को होने वाले समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन के अंत में संस्थान के उपचारकों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। यह जानकारी उर्वशी उपाध्याय मीडिया प्रभारी की ओर से दी गयी।

## भाजपाइयों ने बिहार के सह संगठन मंत्री रत्नाकर का किया स्वागत-अभिनंदन

● लूकरगंज स्थित भाजपा कार्यालय का किया गया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**भाजपा महानगर** अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश के नवनियुक्त सह संगठन मंत्री रत्नाकर का भाजपाइयों ने लूकरगंज भाजपा कार्यालय कीडगंज एवं सर्किट हाउस में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर रत्नाकर ने लूकरगंज स्थित पार्षद अमन वालेचा के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता देव तुल्य होता है और जहां देवता होते हैं वह कार्यालय सिर्फ कार्यालय नहीं बल्कि मंदिर के जैसा हो जाता है इसलिए आप सभी इस की गौरव गरिमा को बनाए रखते हुए राष्ट्र के निर्माण के लिए कार्य करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने उन्हें अंगवस्त्रम पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कहा कि काशी क्षेत्र के संगठन महामंत्री के रूप में रत्नाकर के मार्गदर्शन पर हम लोगों ने कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत किया और 2017 के विधानसभा चुनाव नगर निगम के चुनाव एवं 2019 के लोकसभा के चुनाव में जीत दर्ज करा कर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत बनाया। कहा कि रत्नाकर ने जो प्यार एवं स्नेह हम सभी को दिया वह सदैव याद रहेगा और उनके इस नई पारी के लिए भाजपा महानगर प्रयागराज का एक एक कार्यकर्ता उन्हें बधाई देता है। कार्यक्रम का संचालन पार्षद अमन वालेचा एवं प्रयाग दत्त गुप्ता ने किया। बधाई देने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल रमेश पासी राजू पाठक पार्षद अमन वालेचा गीता विश्वकर्मा दुर्गेश नंदिनी श्याम प्रकाश पांडेय शोभिता श्रीवास्तव सुभाष वैश्य प्रयाग दत्त गुप्ता प्रमोद मोदी अनिल केसरवानी पदुम जायसवाल देवेंद्र मिश्रा आशुतोष पांडे देवेंद्र सिंह कौशिकी सिंह दिनेश विश्वकर्मा शंभूनाथ सिंह यश विक्रम त्रिपाठी आनंद दुबे मुकेश लारा अभिषेक सोनकर अंकित वैश्य अयोध्या सिंह चौहान बब्बन सिंह चौहान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 2022 में दौड़ेगी साइकिल: शशांक शेखर



**बांगरमऊ उन्नाव।** विधानसभा उप चुनाव के बाद प्रमुख समाजसेवी एवं सपा नेता शशांक शेखर शुक्ल के विधान सभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह जगह गर्मजोशी से स्वागत किया। बांगरमऊ नगर व कस्बा गंजमुरादाबाद और फतेहपुर चौरासी के अलावा ग्राम सुरसेनी, तकिया चौराहा, हफजाबाद, मंगली खेड़ा, काली मिट्टी आदि प्रमुख स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने श्री शुक्ल का माल्यार्पण कर ढोल- नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यकताओं को धन्यवाद देने के बाद शशांक शेखर शुक्ल ने कहा कि आगामी 2022 के चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के हर एक कार्यकर्ता का सिर्फएक ही लक्ष्य होना चाहिए कि 2022 में अखिलेश यादव फिर से मुख्यमंत्री बने। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि एक युवा और कर्मठ राजनेता प्रदेश का नेतृत्व करे। उन्होंने कहाकि अखिलेश यादव ही भाजपा सरकार की कुरीतियों तथा अलगाववाद की राजनीती से मुक्ति दिला सकते हैं।

स्वागत करने वाले कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामपाल कुशवाहा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय इकबाल अंसारी के पुत्र नजर आसिफ व उनके भतीजे असद अंसारी, बबलू यादव, रणवीर कुशवाहा, सुशील कुमार, श्याम शंकर तिवारी आदि शामिल रहे।

## ट्रैक्टर की ट्राली से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम केशवापुर के निकट आज दोपहर ओवरटेक के चक्कर में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक आगे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसा। हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया । कोतवाली क्षेत्र ग्राम बल्लापुर के मजरा गपुचियापुर निवासी शशिकांत पुत्र शेर बहादुर 30 वर्ष आज बाइक से उन्नाव मार्ग पर स्थित ग्राम हाफिजाबाद गया था। जहां उसे एक बैंक मित्र के जरिए अपने बचत खाते से पैसा निकालना था। पैसा निकालने के बाद वह वापस अपने गांव लौट रहा था। रास्ते मे ग्राम केशवापुर के निकट आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में पहले से ही मार्ग के किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा घुसा। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए। जबकि बाइक पर सवार शशिकांत की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। उधर युवक की मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अनीता और पिता शेर बहादुर तथा मां फूलमती सहित सैकड़ों ग्रामीण यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मृतक शशिकांत अपनी खेती के सहारे पूरे परिवार का भरण पोषण कर रहा था। शव देखते ही मां फूलमती और पत्नी अनीता दहाड़े मार कर रोने लगी।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में फिसड्डी साबित हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को मिली चेतावनी

संवाददाता। उन्नाव




**जिलाधिकारी रविंद्र** कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में जनपद रैंकिंग, डैशबोर्ड, आरसीएच डाटा फीडिंग, अनमोल प्रोग्राम, जननी सुरक्षा योजना, आशा भुगतान, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुरक्षित मातृत्व योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहरी स्वास्थ्य मिशन, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय कार्यक्रम की गहनता से समीक्षा की गयी।

बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में जनपद उन्नाव को अनमोल प्रोग्राम के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 281 एएनएम को टेबलेट दिया गया है। इसका उद्देश्य आरसीएच डाटा की ऑनलाइन एवं रियल टाइम फीडिंग करना है। बताया गया कि जनपद उन्नाव अनमोल टेबलेट के शत-प्रतिशत अपडेशन में प्रदेश ही नहीं अपितु देश का प्रथम जनपद बन गया है। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डाटा फीडिंग की जिला रैंकिंग, आरसीएच कार्यक्रम, डैशबोर्ड रैंकिंग, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, के अंतर्गत कम उपलब्धि वाले ब्लाकों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, जिनमें मियागंज पुरवा, हिलौली, फतेहपुर 84, औरास, असोहा, गंज मुरादाबाद, को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया की आगामी माह की समीक्षा में यदि प्रोग्राम में प्रगति नहीं हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विगत 3 माह का कंपरेटिव रिपोर्ट बनाकर समीक्षा करें, तथा प्रगति में सुधार लाएं। यदि विगत 3 माह की प्रगति में सुधार नहीं होता है तो संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को नोटिस देकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोविड - 19 संक्रमण के नियंत्रण के संदर्भ में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कोरोना केस बढ़ रहे हैं। इसके नियंत्रण के लिए जरूरी है कि सर्विलांस अच्छी तरह से किया जाए। सर्विलांस टीम के भ्रमण में यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित टीम एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सालय में सर्दी, खांसी, जुकाम एवं सांस वाले दिक्कत के मरीजों के सैंपल उनका रिकॉर्ड एक रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा समय से उनकी सेंपलिंग कराई जाए।

## किसानों की आय दुगुनी करने की बात, नहरों में है घास का साम्राज्य

● बुआई के समय नहरों में खड़ी घास ने किसानों के माथे पर खींची चिंता की लकीरें



**नवाबगंज उन्नाव।** सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है। किसानों को संसाधन मिले इसके लिए बजट का प्रावधान भी करती है। लेकिन शासन की मंशा पर जिम्मेदारों के गैर जिम्मेदाराना रवैये ने पानी फेर रखा है। दावे चाहे जो भी हो लेकिन हकीकत तो यही बंया कर रही है। किसान जब गेहूं की बुआई करने में ब्यस्त हैं। तब भी समस्याएं किसानों का पीछा नहीं छोड़ रही है। खेतों की होनी वाली छपाई के वक्त नहरों में पानी की जगह घास खड़ी दिखाई दे रही है। ऐसे में किसानों के प्रति सरकारी दावे जमीनी स्तर पर कितने कारगर होते है यह आजकल नहरों की हालत देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

हसनगंज तहसील क्षेत्र में आसीवन ब्रांच से निकलने वाली मोहान रजबहा, हसनगंज, लखनापुर, रामपुपुर अखौली, मौला बाकी पुर, मलकादिम सराय, समदपुर भावा सहित कई रजबहे और माइनरों से सिंचाई होती है। लेकिन विभागीय उदासीनता व लापरवाही से नहरें सूखी पड़ी हैं। किसानों के अनुसार गेंहू की बुआई का सबसे बढ़िया समय 10 नवम्बर से शुरू हो जाता है। जो कि नवम्बर के आखिरी माह तक चलता है। फसल अच्छी हो इसके लिए बुआई के पहले खेतों में नमी बनाए रखने के लिए छपाई भी की जाती है। लेकिन बात अगर जमीनी स्तर की करे तो किसान हितों की बात तो दूर यहां तो छपाई और बुआई के लिए पानी की जगह नहरों में घास खड़ी दिखाई दे रही है। जिससे खेतों की छपाई के लिए मजबूरन किसान अन्य संसाधनों का प्रयोग कर रहे हैं। घुरामऊ के विजय शर्मा, झलोतर रमेश, विनोद, नरेंद्र, संजय ने बताया कि इस समय गेंहू की बुआई की जा रही है। नहर में पानी न होने की वजह से बड़ी दिक्कतों का सामना कर खेतों की छपाई के लिए मंहगे अन्य संसाधनों का प्रयोग कर रहे हैं। जब नहरों में पानी होना चाहिए तब सूखी पड़ी हैं। जैसे ही बुआई हो जाएगी नहरों में पानी आ जायेगा तब किसानों के किसी काम का पानी नही रह जायेगा। नहर विभाग जेई जेएस चौरसिया ने बताया कि नहरों की सफाई हो रही है सफाई के बाद कम से कह 10 दिन बाद नहरों में पानी आ जायेगा।

# हैदराबाद इस बार भाजपा का महापौर चुनेगाः अमित शाह

**भाषा।** हैदराबाद

**केन्द्रीय गृह मंत्री** तथा भाजपा के शीर्ष नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि तेलंगाना के लोग सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और असदुद्दीन औवेसी की एआईएमआईएम के गठजोड़ से नाराज और आक्रोशित हैं। उन्होंने दावा किया कि हैदराबाद इस बार नगर निकाय चुनाव में भाजपा का महापौर चुनेगा। यहां पुराने शहर में भाग्यलक्ष्मी देवी मंदिर में दर्शन कर शाह ने कहा कि हैदराबाद के लोग सुशासन चाहते हैं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व तथा भाजपा पर विश्वास है।

शाह ने टीवी न्यूज चैनलों से कहा, तेलंगाना की जनता ने जिस प्रकार लोकसभा चुनाव (2019 के संसदीय चुनाव) के दौरान मोदी जी का साथ दिया...मुझे लगता है कि बदलाव की शुरुआत हो चुकी है और हैदराबाद नगर निगम अगला पड़ाव है। वह ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन सिकंदराबाद में रोड शो कर रहे हैं। शाह ने भरोसा जताया कि भाजपा उम्मीदवार शहर का महापौर बनेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हैदराबाद बीते कई साल से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा, ...हाल ही में हुई बारिश में हैदराबाद के बाढ़ में डूबने और जिस प्रकार एक पार्टी के आशीर्वाद पर अतिक्रमण फल-फूल रहा है...उससे यहां के लोग टीआरएस और औवेसी के गठजोड़ से नाराज और आक्रोशित हैं।

शाह ने कहा कि लोगों का हुजूम बता रहा है कि हैदराबाद में भाजपा का महापौर बनने वाला है। उन्होंने कहा, हैदराबाद के लोगों को भाजपा को एक मौका देना चाहिए।

हम हैदराबाद को निजाम संस्कृति से मुक्त करना चाहते हैं। शाह ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी भाजपा जीती है वहां कभी सांप्रदायिक दंगे नहीं हुए। शाह ने अक्टूबर में भारी बारिश और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैदराबाद में राहत कार्यों के लिए कोई केन्द्रीय मदद नहीं मिलने के टीआरएस नेताओं के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि केन्द्र ने हैदराबाद को अधिकतम मदद मुहैया कराई। जीएचएमसी चुनाव के लिए एक दिसंबर को चुनाव होने हैं। चार दिसंबर को मतगणना होगी।

## ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव के लिए प्रचार अभियान थमा

**हैदराबाद।** ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनाव के लिए प्रचार अभियान रविवार शाम छह बजे थम गया और अब एक दिसंबर को मतदान होना है। चौबीस विधानसभा क्षेत्रों में जीएचएमसी के 150 वार्डों के लिए होने वाले चुनाव में 1,122 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चुनाव के लिए पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 74.67 लाख से अधिक है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह समेत शीर्ष नेताओं ने पार्टी के लिए प्रचार किया जबकि तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष ने अपनी पार्टी के लिए प्रचार का जिम्मा संभाला। तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी और वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। हैदराबाद से लोकसभा सांसद तथा एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवेसी तथा उनके भाई विधायक अकबरुद्दीन औवेसी ने भी कई रैलियां कीं।



हैदराबाद में गृहमंत्री अमित शाह को भाग्य लक्ष्मी अम्मावती मन्दिर की यात्रा के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## तमिलनाडु, केरल, तटीय आंध्र में बरसात की संभावना

**भाषा।** चेन्नई

बंगाल की खाड़ी के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बन गया है और इसके अवदाब में बदलने की संभावना है, जिससे तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और आंध्र प्रदेश के दक्षिण तटीय हिस्से में तीन दिसंबर तक बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय मौसम केंद्र ने एक बुलेटिन में बताया कि शनिवार से दक्षिण अंडमान सागर और दक्षिणपूर्वी बंगाल खाड़ी से सटे इलाकों में निम्न दबाव क्षेत्र बना हुआ है। बुलेटिन में बताया गया, इसके अगले 36 घंटे में गहरे अवदाब वाले क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की तरफ बढ़ने और दो दिसंबर को दक्षिणी तमिलनाडु तट के नजदीक पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव की वजह से तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराइकल में तीन दिसंबर तक हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का पुर्वानूमान है। बुलेटिन में बताया गया कि इन क्षेत्रों में दूरदराज के इलाकों में बारिश शुरू होने के बाद इसके कई क्षेत्रों में आगे बढ़ने और फिर अगले चार दिनों में ज्यादातर इलाकों में बारिश की संभावना है। आईएमडी ने ट्वीट करके बताया, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराइकल, केरल और माहे, लक्षद्वीप, आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तटीय इलाके और दक्षिण रायलासीमा में एक दिसंबर से तीन दिसंबर के बीच हल्की या भारी बारिश की संभावना है।

## चुनाव में चर्चा का केंद्र बिंदु बना भाग्यलक्ष्मी मंदिर

**हैदराबाद।** शहर में ऐतिहासिक चारमीनार के पास स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर एक दिसंबर को होने वाले ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के चुनाव प्रचार के दौरान चर्चा का केंद्रबिंदु बन गया है जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के लिए यहां पहुंचने के बाद पूजा-अर्चना की। यह मंदिर पुराने शहर के दक्षिणी भाग में स्थित है। इस इलाके को एक समुदाय विशेष की अधिक आबादी के कारण एक समय सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील समझा जाता था। शहर के इस हिस्से में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का प्रभाव है। चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार को वर्षा प्रभावित लोगों से 10,000 रुपए की राहत राशि के लिए आवेदन लेना बंद करने का आदेश दिया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर विभिन्न पोस्ट में दावा किया गया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी संजय कुमार के पत्र के बाद आयोग ने सहायता रोकने का आदेश दिया।

बाद में कुमार ने चुनौती दी थी कि मुख्यमंत्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर आएं। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री की मौजूदगी में देवी के नाम पर शपथ लेने को तैयार हैं। इसके बाद भाजपा नेता मंदिर भी गए। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के नेताओं का आरोप है कि भाजपा नेता जानबूझकर भाग्यलक्ष्मी मंदिर की बात कर रहे हैं क्योंकि यह सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में पड़ता है। राजनीतिक विश्लेषक और पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रोफेसर नागेश्वर के अनुसार भाजपा नेता बार-बार मंदिर जाकर वोटों का ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं और दुर्भाग्य की बात है कि एआईएमआईएम भी यही चाहती है।

भाग्यलक्ष्मी मंदिर विवादित है। एआईएमआईएम भी इसका विरोध कर रही है और यह पुराने शहर में पड़ता है। भाजपा भाग्यनगर (हिंदुओं के लिए) बनाम हैदराबाद (मुस्लिमों के लिए) की बहस को जन्म देना चाहती है। भाजपा का शासन का कोई एजेंडा नहीं है। वे केवल वोटों का ध्रुवीकरण चाहते हैं। एमआईएम के पास भी शासन का कोई वैकल्पिक एजेंडा नहीं है। वे भी वोटों का ध्रुवीकरण चाहते हैं। तेलंगाना भाजपा के मुख्य प्रवक्ता कृष्ण सागर राव ने कहा कि पुराने शहर में स्थित मंदिर के संजय कुमार के दौरे को मुद्दा टीआरएस ने बनाया है। उन्होंने कहा कि टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव द्वारा मंदिर जाने का बार-बार मजाक बनाए जाने से हैदराबाद के नागरिकों के मन में सवाल पैदा हुए हैं।

कृष्ण सागर राव ने पीटीआई भाषा से कहा, क्या हिंदुओं को पुराने शहर में मंदिरों में जाने के लिए एमआईएम की अनुमति लेनी होगी? क्या केटीआर और उनके पिता के चंद्रशेखर राव (मुख्यमंत्री) फैसला करेंगे कि हमारे पार्टी अध्यक्ष को किस मंदिर में जाना चाहिए? टीआरएस के मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण भाग्यनगर का मंदिर इस प्रचार अभियान में चर्चा का केंद्रबिंदु बन गया है। मंदिर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पहुंचने के बारे में पूछे जाने पर राव ने कहा कि ऐसा यह संदेश देने के लिए है कि टीआरएस जैसी पार्टियों द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए हिंदुओं को दबाया नहीं जा सकता या अपमानित नहीं किया जा सकता। जब एआईएमआईएम के एक वरिष्ठ नेता से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि चारमीनार के पास 1969 से पहले कोई मंदिर नहीं था। भाग्यलक्ष्मी मंदिर जाकर भाजपा नेता वोटों का ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं।

## उदयनराजे ने महाराष्ट्र सरकार पर मराठा आरक्षण के मामले को लटकाने का लगाया आरोप

**मुंबई।** भाजपा नेता एवं राज्यसभा सदस्य उदयनराजे भोसले ने रविवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के आरक्षण का मामला जानबूझकर लटकाया जा रहा है। वे आरक्षण के मामले को लटकाने के लिए जिम्मेदार लोगों से जवाब मांगे। भोसले ने संवाददाताओं से कहा कि मराठा समुदाय के आरक्षण को मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के समय भी नजरअंदाज कर दिया गया, क्योंकि उस समय (1990 में) राज्य में सत्ता में रही पार्टी ने समुदाय की समस्याएं नजरअंदाज कीं। उस समय राकांपा प्रमुख शरद पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे। भोसले ने कहा, मराठा समुदाय के अलावा शेष सभी समुदायों को मंडल आयोग के तहत आरक्षण दिया गया। इस मामले को आगे नहीं ले जाने के लिए उद्धव ठाकरे नीत सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि राज्य सरकार का वकील उच्चतम न्यायालय में आरक्षण के मामले पर सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं हुआ।

## क्विक न्यूज

### स्टेन स्वामी से सिपर जब्त करने की खबरों को एनआईए ने किया खारिज, गलत और झूठा बताया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने रविवार को इस तरह की खबरों को झूठा, गलत और शरारतपूर्ण कहकर खारिज कर दिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि एजेंसी ने मानवाधिकार कार्यकर्ता फादर स्टेन स्वामी के स्ट्रॉ और सिपर जब्त कर लिए हैं और सिपर मुहैया कराने की स्वामी की याचिका पर जवाब देने के लिए अदालत से 20 दिन का समय मांगा है। स्वामी (83) को एल्गार परिषद मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए आठ अक्टूबर को रांची में उनके घर से गिरफ्तार किया गया था और वह मुंबई की तलोजा जेल में बंद हैं। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि स्वामी प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के कट्टर कार्यकर्ता हैं और भीमा-कोरेगांव एल्गार परिषद मामले में संलिप्तता के लिए सात अन्य लोगों के साथ उनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया गया है। मामला पुणे के शनिवारवाड़ा में 31 दिसंबर, 2017 को एल्गार परिषद कार्यक्रम के आयोजन से जुड़ा है जहां कथित रूप से भड़काऊभाषण दिए गए और हिंसा भड़क जाने से जान-माल का नुकसान हुआ। एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि जांच एजेंसी ने कभी उन्हें पुलिस हिरासत में नही लिया और उनकी मेडिकल जांच समेत सभी जरूरी कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गई। प्रवक्ता ने कहा कि तब से वह तलोजा केंद्रीय जेल में न्यायिक हिरासत में है। स्वामी ने करीब एक महीने बाद छह नवंबर को मुंबई की एनआईए अदालत में आवेदन कर अपने स्ट्रॉ और सिपर वापस दिए जाने का अनुरोध किया था। अधिकारी ने कहा कि स्वामी ने गलत तरह से यह दावा किया कि ए सामान एनआईए ने रख लिए है। अदालत ने एनआईए से 26 नवंबर को जवाब दाखिल करने को कहा था। प्रवक्ता के अनुसार एनआईए ने अदालत में अपने जवाब में कहा कि उसने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में स्वामी की जांच की थी और ऐसा कोई स्ट्रॉ या सिपर उनके पास से नही मिला। इसके बाद अदालत ने स्वामी की अर्जी को खारिज कर दिया और 26 नवंबर को जेल अधिकारियों को उन्हे स्ट्रॉ तथा सिपर देने के संबंध में जरूरी निर्देश दिए थे।

### बंगाल में आलू संकट कृत्रिम, तृणमूल सरकार जिम्मेदार : घोष

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल से संरक्षण प्राप्त लोगों ने राज्य मे कृत्रिम तरीके से आलू का संकट पैदा किया है। आलू की कीमत मे अचानक हुई वृद्धि पर चिंता जताते हुए घोष ने कहा कि इससे आम आदमी की जेब पर बड़ी मार पड़ी है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत मे कहा, आलू की कीमत इतनी अधिक क्यो है? यह संकट कृत्रिम तरीके से उन लोगों द्वारा पैदा की गई है, जिन्हे सत्तारूढ़ दल का संरक्षण प्राप्त है। यह संकट उन लोगो द्वारा पैदा की गई है जो हर चीज के लिए कटमनी (किसी भी काम के लिए पैसा) लेते है। भाजपा नेता ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों का एक धड़ा भी पार्टी नेतृत्व की कार्यप्रणाली से नाखुश है। उन्होंने दावा किया कि बागी कार्यकर्ता पीके हटाओ और तृणमूल कांग्रेस बचाओ नारा बुलंद कर रहे है। उन्होने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी द्वारा 2021 के विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) की सेवाएं लेने का विरोध कर रहे है। जब घोष से पूछा गया कि उत्तरी बंगाल में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा नेता बिमल गुरुंग के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने और तृणमूल कांग्रेस से मिलने से लगे झटके से क्या भगवा पार्टी उबर जाएगी, तो इसपर उन्होने कहा कि यह दार्जिलिंग के लोगो के साथ विश्वासघात है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, गुरुंग ने पहाड़ के लोगो के साथ विश्वासघात किया है और बिनय तमांग गुट की स्वीकार्यता नही है जबकि भाजपा लंबे समय से यहां के लोगो के साथ खड़ी रही है। पहाड़ों में हमारे सांसद लोकप्रिय हैं।

### नौसेना को अरब सागर में दुर्घनाग्रस्त मिग का कुछ मलबा मिला

**मुंबई, पणजी।** भारतीय नौसेना को तीन दिन पहले गोवा के तट से अरब सागर में लापता हो गए मिग-29 के विमान का कुछ मलबा मिल गया है। एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि लापता पायलट कमांडर निशांत सिंह की तलाश के लिए पोत और विमानों के जरिए खोज अभियान जारी रहेगा। एक रक्षा विज्ञप्ति में कहा गया है कि खोज अभियान में नौ युद्धपोतों के साथ ही 14 विमान लगे हुए है। भारतीय नौसेना के फास्ट इंटरसेप्टर क्राफ्टे को भी तट के किनारे पानी में खोज के लिए तैनात किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया, मिग-29 के प्रशिक्षण विमान के दूसरे पायलट का पता लगाने के लिए भारतीय नौसेना का खोज एवं बचाव अभियान जारी रहेगा। विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह विमान 26 नवंबर को गोवा के तट के पास दुघर्टनाग्रस्त हो गया था। उसमें बताया गया है कि विमान का टर्बो चार्जर, ईंधन टैंक इंजन विंग इंजन समेत कुछ मलबा मिला है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि मरीन पुलिस और तटीय पुलिस भी तलाश कर रही है और पास के मछली पकड़ने वाले गांवों के लोगो को भी इस बाबत सूचित किया गया है। अधिकारियो ने बताया कि रूस निर्मित विमान ने बृहस्पतिवार को विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य से उड़ान भरी थी और शाम में करीब पांच बजे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उन्होंने बताया था कि विमान के एक पायलट को बचा लिया गया था।



पटना में बिहार के उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद भाजपा नेता स्वर्गीय सूरज नंदन कुशवाहा के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के साथ श्रद्धांजलि देते हुए

## पार्टी में जाति आधारित प्रकोष्ठ के पक्ष में नहीं हूं : गडकरी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने कहा कि वह किसी भी राजनीतिक दल में जाति, धर्म अथवा समुदाय आधारित प्रकोष्ठ के पक्ष में नहीं हैं। इन कारकों की तुलना में प्रतिभा अधिक महत्वपूर्ण है। गडकरी राजनीतिक दलों में विभिन्न जातियों एवं समुदायों का प्रतिनिधित्व करने के लिए बने अलग अलग प्रकोष्ठों का हवाला दे रहे थे। पूर्वी विदर्भ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार संदीप जोशी के पक्ष में गडकरी रैली को संबोधित कर रहे थे। मेरी स्पष्ट राय है कोई भी व्यक्ति जाति के हिसाब से नहीं बल्कि प्रतिभा के बल पर महान होता है। भाजपा में भी हमारे अलग अलग प्रकोष्ठ हैं ... जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था तो मुझे इसका अनुभव हुआ।

मेरी राय यह है कि जाति एवं धर्म के आधार पर कोई प्रकोष्ठ नहीं बनाना चाहिए क्योंकि ऐसी इकाईयों का उपयोग नहीं है। इन प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि पूछते हैं कि उनकी जाति के कितने लोगों को पार्टी ने टिकट दिया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, मैं हमेशा कहता हूं कि हमारी पार्टी, हमारे कार्यकर्ता हमारा परिवार हैं। हमने कभी जाति एवं समुदाय के आधार पर राजनीति नहीं की। हम उन पार्टी कार्यकर्ताओं के पीछे खड़े हैं जो कठिन मेहनत करते हैं, हम उन्हें परिवार का सदस्य मानते हैं...यही भाजपा की विशेषता है। गडकरी ने कहा कि वह सामाजिक कार्य करने अथवा जरूरतमंदों की मदद करते हुए किसी की जाति और धर्म के बारे में विचार नहीं करते हैं।

## आंतरिक मतभेदों के चलते गिर जाएगी महाराष्ट्र सरकारः भाजपा नेता

**नांदेड़।** भाजपा नेता प्रवीण दारेकर ने रविवार को यहां कहा कि शिवसेना नीत महाराष्ट्र विकास आघाड़ी सरकार गिर जाएगी क्योंकि इस गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच समन्वय का अभाव है।

## आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री पर राज मिस्त्री ने हमला की कोशिश की

**भाषा।** अमरावती

**आंध्र प्रदेश** के सूचना एवं परिवहन मंत्री पेर्नी नानी पर उनके गृह नगर मछलीपट्टनम में एक राजमिस्त्री ने रविवार को कथित रूप से हमला करने की कोशिश की, जिसमें वह बच गए और सुरक्षित हैं। पुलिस ने बी नागेश्वर राव नाम के राज मिस्त्री को पकड़ लिया है। बताया जाता है कि वह नशे की हालत में था। मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि वह सुरक्षित हैं और यह समझ नहीं पा रहे हैं कि व्यक्ति ने उनपर पर हमला करने की कोशिश क्यों की। मंत्री ने कहा, उसने मेरे पांव छूने का प्रयास किया और अचानक से करणी निकाली और मुझ पर हमला करने की कोशिश की। पेर्नी ने कहा, मैंने सौभाग्य से खुद को झुका लिया और मेरे सुरक्षा अधिकारियों ने हमलावर को पकड़ लिया। कृष्णा जिला के पुलिस अधीक्षक रवींद्र बाबू ने कहा कि वह हमले का कारणों का पता लगाने के लिए अलग-अलग कोणों से मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूत खंगाल रहे हैं। राज्य के नागरिक आपूर्ति मंत्री के श्रीवेंकटेश्वर राव (नानी) पेर्नी नानी से मिलने पहुंचे और घटना के बारे में उनसे जानकारी ली। यह घटना तब हुई है जब मंत्री अपनी मां की मुत्यु का अनुष्ठान करने के संबंध में इंतजामों की निगरानी कर रहे थे। घटना के वक्त मंत्री के कई समर्थक उनके घर पर थे। राज मिस्त्री को बाद में पूछताछ के लिए स्थानीय थाने ले जाया गया।

## चुनाव कश्मीर समस्या का कोई हल नहीं पाकिस्तान से बातचीत होः महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि चुनाव कश्मीर समस्या का हल नहीं है और उन्होंने मुद्दे के हल के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर आरोप लगाया कि वह जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनावों के नाम पर लोकतंत्र की हत्यौ कर रही है और गठबंधन के उम्मीदवारों को घरों में ही नजरबंद कर दिया गया, वहीं अन्य लोगों को प्रचार करने की पूरी आज़ादी मिली हुई थी। महबूबा ने अपने गुपकर स्थित निवास पर संवाददाताओं से कहा, चुनाव कश्मीर समस्या का कोई हल नहीं है। दोनों देशों के बीच बातचीत होनी चाहिए। अगर हम चीन से बातचीत कर रहे हैं, जिसने हमारी जमीन ले ली है, तो पाकिस्तान के साथ क्यों नहीं? क्या यह मुस्लिम देश होने के नाते है क्योंकि अब सब चीजें सांप्रदायिक हैं। पुलिस ने हिजबुल मुजाहिदीन के साथ कथित संबंधों को लेकर पीडीपी युवा इकाई के प्रमुख वहीद पारा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री को पुलवामा जिले में वहीद पारा के आवास पर जाने से रोक दिया था। महबूबा को शुक्रवार को सम्मेलन को संबोधित करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

महबूबा ने शनिवार के मतदान प्रतिशत के महत्व के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पहले भी मतदान प्रतिशत ज्यादा होते रहे हैं, लेकिन यह कश्मीर मुद्दे का हल नहीं है। यहां लगभग नौ लाख सुरक्षा बल हैं। किस अन्य राज्य में असैनिक क्षेत्रों में इतनी अधिक संख्या में सुरक्षा बल हैं? यदि अनुच्छेद 370 (निरस्त) ने सभी मुद्दों का हल कर दिया है, तो अब भी कश्मीर में सेना क्यों तैनात है? उन्हें सीमा पर जाना चाहिए था? पीडीपी प्रमुख ने कहा कि गठबंधन के उम्मीदवारों को डीडीसी चुनावों में स्वतंत्र रूप से प्रचार करने की अनुमति नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे लोगों के पास सुरक्षा नहीं है। उन्हें अपने घरों तक सीमित कर दिया गया है और उन्हें चुनाव अभियान चलाने की अनुमति नहीं है, वहीं भाजपा के उम्मीदवार स्वतंत्र रूप से घूम रहे हैं... क्या यह देश भाजपा के एजेंडे पर चलेगा? महबूबा ने कहा कि उन्हें विभिन्न मुद्दों पर बोलने की आजादी नहीं है। जो कोई भी आवाज उठाने की कोशिश करता है, उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर लिया जाता है। वहीद से ज्यादा शांतिप्रिय कोई व्यक्ति नहीं है, लेकिन उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। यहां जो हो रहा है, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

शुक्रवार को अपनी नजरबंदी का जिक्र करते हुए महबूबा ने कहा कि काल्पनिक बात को कश्मीर में वास्तविकता के रूप में दर्शाया जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे हिरासत में लिए जाने के बाद, चुनाव आयोग और अन्य अधिकारियों ने कहा कि मैं हिरासत में नहीं हूं। यह बताता है कि जम्मू कश्मीर में क्या हो रहा है...। उन्होंने रोशनी मुद्दे पर कहा कि यह कोई घोटाला नहीं है बल्कि गरीबों के लिए एक योजना है। उन्होंने कहा, असल घोटाला चुनावी बांड है। उन्हें इसकी जांच करने दीजिए। अगर भाजपा भूमि कब्जा के मुद्दे पर इतनी गंभीर है, तो उसे बड़े लोगों को पकड़ना चाहिए, न कि उन गरीबों को, जिनके पास अपनी पांच मरला जमीन भी नहीं है।



पटना में केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय एनसीसी की वर्षगांठ के अवसर पर कबूतर उड़ाते हुए।

# शीघ्र ही देश के हर रेल स्टेशन पर कुल्हड़ में चाय मिलेगी : गोयल

**● कहा-प्लास्टिक मुक्त भारत में रेलवे का भी यह योगदान रहेगा**

भाषा। जयपुर

**रेल मंत्री** पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि आने वाले समय में देश के हर रेलवे स्टेशन पर प्लास्टिक मुक्त कुल्हड़ में ही चाय मिलेगी।

राजस्थान के अलवर में ढिगावड़ा रेलवे स्टेशन पर ढिगावड़ा - बांदीकुई रेलखंड पर विद्युतीकृत रेलमार्ग के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, आज देश में लगभग 400 रेलवे स्टेशनों पर कुल्हड़ में ही चाय मिलती है। आगे चलकर हमारी योजना है कि देश के हर रेलवे स्टेशन पर सिर्फ कुल्हड़ में चाय बिकेगी.. प्लास्टिक मुक्त भारत में रेलवे का भी यह योगदान रहेगा। इससे लाखों भाई बहनों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि पहले एक जमाना था जब रेलवे स्टेशनों पर कुल्हड़ में ही चाय मिलती थी। जब 2014 में केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार आई तब तक कुल्हड़ गायब हो गए और प्लास्टिक के कप में चाय मिलनी शुरू हो गई। रेल मंत्री ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग विभाग के लोगों ने रेलवे के साथ मिलकर इस कार्य को गति दी है। गोयल ने कहा, मैं अभी कुल्हड़ में चाय पी रहा था.. वास्तव में कुल्हड़ में चाय पीने का स्वाद ही कुछ और होता है.... और पर्यावरण को भी आप बचाते हो। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 2014 में जब से सत्ता में आए है तब से वह लोगों के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित है। उन्होंने निर्णय किया है कि देशभर की रेलवे लाइन का शत प्रतिशत विद्युतीकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि 2009 से 2014 के बीच में राजस्थान में रेलवे का शून्य विद्युतीकरण हुआ था और 2014 के बाद 1433 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण हो चुका है। गोयल ने कहा, आज के इस विद्युतीकरण के खत्म हो जाने के बाद



अब रेवाडी से अजमेर तक जाने वाले रेलमार्ग पर अब शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है और अब पूरी तरह से गाडियां इलेक्ट्रिक लाइन पर चलेगी.. आपके क्षेत्र में डीजल की गाड़ियां बंद करके हम आपके क्षेत्र के प्रदूषण को पूरी तरीके से शून्य करेंगे। इससे ट्रेन की गति भी बढ़ेगी और उद्योग, किसानों के उत्पाद को जल्दी भेज सकेंगे। उन्होंने कहा, हमारी किसान रेल किसानों का सरसों देश के कोने काने तक पहुंचा पाएगी और किसानों को सही मूल्य और दाम मिलेगा। जिस व्यक्ति से किसानों को पूरी कीमत मिल सकेगी उन्हें वे अपना माल भेज सकेंगे। गोयल ने कहा कि रेल मार्ग के विद्युतीकरण से यहां से दिन रात चलने वाली मालगाडियों के खर्च को कम कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकास का लाभ देश के हर कोने तक हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल ने कहा कि राजस्थान में 2009 से 2014 के बीच पांच वर्ष में रेलवे के 65 अंडरपास बने थे जबकि 2014 से 2020 के बीच छह गुना अधिक 378 अंडरपास बनाए गए। उन्होंने कहा कि इसी तरह 2009 से 2014 के बीच रोड ओवरब्रिज पांच साल में मात्र चार बने थे वहीं 2014 से 2020 के बीच 30 रोड ओवरब्रिज बने। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 10,000 करोड़ रुपए के निवेश से सात नई लाइनों पर काम चल रहा है। इस अवसर पर रेल मंत्री ने 34 किलोमीटर के नए विद्युतीकृत ढिगावड़ा-बांदीकुई रेल खंड पर पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## मंगलुरु में एक और भड़काऊ भित्तिचित्र सामने आया

**मंगलुरु।** कर्नाटक के तटीय शहर मंगलुरु में रविवार को एक और भड़काऊ भित्तिचित्र सामने आया। इससे पहले इसी तरह से दीवार पर भड़काऊ लेख देखने को मिला था। पुलिस ने बताया कि यह भित्तिचित्रण एक घर की दीवार पर किया गया था। पुलिस ने बताया कि उसने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर दीवार पर बने भित्तिचित्र को मिटाया और अज्ञात लोगों के खिलाफ दो समुदायों में विद्वेष उत्पन्न करने और सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने कहा कि इस भित्तिचित्र को भी पहले वाले लेख के दौरान ही बनाया गया था लेकिन यह संज्ञान में बाद में आया। गौरतलब है कि 26 नवंबर को मुंबई पर हुए आतंकी हमले की 12वीं बरसी के मौके पर मंगलुरु में एक अर्पाटमेंट परिसर की दीवार पर बना भड़काऊ भित्तिचित्र सामने आया था जिसमें हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठन लश्कर -ए-तैयबा की सराहना की गई थी। उक्त भित्तिचित्र में लिखा था, हमें संघियों और मनुवादियों का मुकाबला करने के लिए लश्कर-ए-तैयबा और तालिबान को बुलाने के लिए मजबूर नहीं करें।

# नंदीग्राम आंदोलन के शिल्पी रहे शुभेंदु अधिकारी के तीखे तेवरों से सांसत में तृणमूल कांग्रेस

**● ममता बनर्जी सरकार में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अधिकारी कई हफ्तों से मंत्रिमंडल की बैठक से नदारद रहकर अपनी नाराजगी दर्ज करा रहे थे**

भाषा। नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में अपनी उपेक्षा से खफा चल रहे शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मंत्री पद से इस्तीफा देकर अपने कड़े तेवरों का पार्टी को अहसास करा दिया।

ममता बनर्जी सरकार में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अधिकारी कई हफ्तों से मंत्रिमंडल की बैठक से नदारद रहकर अपनी नाराजगी दर्ज करा रहे थे और उन्होंने हुगली रिवर ब्रिज आयोग का अध्यक्ष पद भी छोड़ दिया। नंदीग्राम सीट से विधायक 49 वर्षीय अधिकारी ने मंत्री पद से इस्तीफे के साथ ही अपनी जेड प्लस सुरक्षा वापस कर दी है साथ ही सरकारी आवास भी छोड़ दिया है। पार्टी नेतृत्व के प्रति अपने रुख को कठोर करते जा रहे अधिकारी ने हालांकि सुलह की गुंजाइश बरकरार रखी है, क्योंकि उन्होंने तृणमूल की सदस्यता से अभी इस्तीफा नहीं दिया है। कांथी पी.के कॉलेज से स्नातक शुभेंदु अधिकारी ने छात्र जीवन में ही राजनीति में कदम रखा और 1989 में छात्र परिषद के प्रतिनिधि चुने गए। इसके बाद वह 36 साल की उम्र में पहली बार वर्ष 2006 में कांथी दक्षिण सीट से विधायक निर्वाचित हुए। इसी साल वह कांथी नगर पालिका के चेयरमैन भी बने। सक्रिय राजनीति के दौरान शुभेंदु वर्ष 2009 और 2014 में तुमलुक लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुए। वर्ष 2016 उन्होंने नंदीग्राम विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की जिसके बाद उन्हें ममता सरकार में मंत्री बनाया गया था। शुभेंदु के सियासी कद को उंचाई प्रदान करने में पूर्वी मिदनापुर के वर्ष 2007 के नंदीग्राम आंदोलन ने बड़ी भूमिका निभाई। ममता बनर्जी के नेतृत्व में हुए नंदीग्राम आंदोलन के शुभेंदु शिल्पी रहे। इंडोनेशियाई रासायनिक कंपनी के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ उन्होंने भूमि उच्छेद प्रतिरोध कमेटी के बैनर तले आंदोलन खड़ा किया। आंदोलनकारियों की पुलिस और माकपा कैडरों के साथ खूनी झड़प हुई। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में कई लोगों की मौत के बाद आंदोलन और उग्र हो गया, जिससे तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार को झुकना पड़ा। नंदीग्राम और हुगली जिले के सिंगूर में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन ने तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में पकड़ को और मजबूत करते हुए उसे 34 साल से राज्य की सत्ता पर काबिज वाम मोर्चा को हटाने में सफलता दिलाई। ममता बनर्जी सरकार में परिवहन, जल संसाधन और विकास विभाग तथा सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग मंत्री रहे शुभेंदु अधिकारी पूर्वी मिदनापुर जिले के प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। शुभेंदु के पिता शिशिर अधिकारी वर्ष 1982 में कांग्रेस के टिकट पर कांथी दक्षिण सीट से विधायक निर्वाचित हुए, लेकिन बाद में वह तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शुमार रहे। मनमोहन सिंह सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रह चुके शिशिर अधिकारी फिलहाल तुमलुक लोकसभा सीट से सांसद हैं और पूर्वी मिदनापुर के तृणमूल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी हैं। शुभेंदु के भाई दिव्एंदु अधिकारी कांथी लोकसभा सीट से सांसद हैं, जबकि सौमेंदु कांथी नगर पालिका के अध्यक्ष हैं।

पूर्वी मिदनापुर, जिसके अंतर्गत 16 विधानसभा सीटें हैं, के साथ-साथ पड़ोस के पश्चिमी मिदनापुर, बांकुरा और पुरुलिया आदि जिलों की करीब पांच दर्जन विधानसभा सीटों पर इस परिवार का प्रभाव है। बताया जाता है कि नंदीग्राम आंदोलन में शुभेंदु के रणनीतिक कौशल को देखते हुए ममता बनर्जी ने उन्हें जंगलमहल जिसके अंतर्गत मिदनापुर, बांकुरा और पुरुलिया आदि जिले आते हैं, में तृणमूल के विस्तार का काम सौंपा था। वाम मोर्चा का गढ़ कहे जाने वाले इन जिलों में शुभेंदु ने पार्टी की पकड़ को मजबूत बनाया। इसके अलावा उन्होंने मुर्शिदाबाद और मालदा में भी तृणमूल को बढ़त दिलाने के काम को अंजाम दिया। संगठन पर बेहतर पकड़ के बूते ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने 2011 के बाद 2016 में भी शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि इन अच्छे परिणामों को तृणमूल वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बरकरार नहीं रख सकी। भाजपा ने तृणमूल को कड़ी टक्कर देते हुए राज्य की कुल 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल की जबकि 12 सीट गंवाते हुए तृणमूल कांग्रेस 22 सीट ही जीत सकी। इस चुनाव में तृणमूल ने शुभेंदु अधिकारी का गढ़ मानी जाने वाली लोकसभा की 13 सीटों में से 9 को गंवा दिया। शुभेंदु अधिकारी कई बार विवादों में भी घिरे। नंदीग्राम आंदोलन के दौरान हुए खूनी संघर्ष को लेकर उनपर कमेटी के लोगों को हथियार उपलब्ध कराने के आरोप लगे, हालांकि उन्होंने इन्हें खारिज किया। सारदा घोटाले में भी अधिकारी का नाम आया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वर्ष 2014 में सारदा समूह के वित्तीय घोटाले में कथित भूमिका को लेकर अधिकारी से पूछताछ की। दरअसल कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी ने आरोप लगाया था कि सारदा के प्रमुख सुदीप्तो सेन कश्मीर भागने से पहले अधिकारी से मिले थे। हालांकि अधिकारी ने इन आरोपों से इनकार किया।

## राज्यपाल तृणमूल से सदन में बहुमत साबित करने को जल्द कह सकते हैं : सौमित्र

**कोलकाता।** भाजपा सांसद सौमित्र खान ने तृणमूल कांग्रेस में अंसतोष के स्वर मुखर होने के बीच रविवार को दावा किया कि राज्यपाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से विधानसभा में अपना बहुमत साबित करने के लिए जल्द ही कह सकते हैं। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि भगवा खेमे के नेताओं के मन में लोकतंत्र के लिए कोई सम्मान नहीं है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष खान ने जलपाईगुड़ी में एक कार्यक्रम के इतर कहा कि सत्तारूढ़ दल में मौजूदा उथल-पुथल और असंतोष के कारण यह प्रश्न सामने आ गया है कि क्या सदन में पार्टी के पास पर्याप्त संख्या में विधायकों का समर्थन है या नहीं।

खान ने कहा, विधायक जिस प्रकार असंतोष व्यक्त कर रहे हैं और तृणमूल छोड़ रहे हैं, उसे देखते हुए राज्यपाल मुख्यमंत्री से जल्द बहुमत साबित करने के लिए कह सकते हैं... इसकी संभावना है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल के कई मंत्री भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। तृणमूल के सांसद सौगत राय ने खान के बयान पर टिप्पणी की कि उनके जैसे भाजपा नेता संविधान और उसके प्रावधानों के बारे में कुछ नहीं जानते। राय ने कहा, पहली बात तो यह है कि खान को यह कैसे पता कि राज्यपाल इस प्रकार का असंवैधानिक कदम उठाएंगे? चुनी गई सरकार के साथ इस तरीके से व्यवहार नहीं किया जा सकता... और विधायकों का बहुमत मुख्यमंत्री के साथ है। तृणमूल के पास सदन में 218 विधायकों का समर्थन है। शुभेंदु अधिकारी समेत तृणमूल के कई नेताओं ने पार्टी को लेकर हाल में असंतोष जताया है। पार्टी आलाकमान से नाराज चल रहे अधिकारी ने शुक्रवार को राज्य के परिवहन मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा राज्य अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि तृणमूल में अधिकारी को निकालने का साहस ही नहीं है क्योंकि पार्टी को डर है कि जल्द ही वह लुप्त हो सकती है। घोष ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी के नेता अपने घरों और कार्यालयों से कभी बाहर ही नहीं निकले और अब वे 2021 विधानसभा चुनाव से पहले जमीनी हकीकत का पता लगाने के लिए बाहर निकलने के लिए मजबूर हैं। पश्चिम बंगाल की 294 सदर्स्यय विधानसभा के लिए चुनाव अगले वर्ष अप्रैल- मई में होने की संभावना है।



हैदराबाद में एआईएमआईएम अध्यक्ष व सांसद असदुद्दीन ओवैसी हैदराबाद म्युनिसिपल कारपोरेशन के चुनाव को लेकर नामपल्ली विधानसभा क्षेत्र में डोर-टू-डोर अभियान के दौरान वोट की मांग करते हुए

## एमवीए सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही: दानवे

भाषा। औरंगाबाद

**केंद्रीय** मंत्री रावसाहेब दानवे ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे नीत महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार सभी मोर्चों पर विफल है और अपनी विफलता को छुपाने के लिए वह केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस नीत सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए शुरू किए गए सभी योजनाओं को रोक दिया। शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की एमवीए सरकार ने शनिवार को कार्यालय में एक साल पूरा कर लिया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, राज्य सरकार सभी मोर्चों पर विफल है। महाराष्ट्र में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान, मतदाताओं ने भाजपा-शिवसेना गठबंधन को जनमत दिया था लेकिन यह सरकार सिर्फ मुख्यमंत्री की कुर्सी की वजह से सत्ता में आई। उन्होंने दावा किया, मैं उस समय भाजपा का राज्य इकाई का प्रमुख था। पार्टी ने शिवसेना से मुख्यमंत्री पद साझा करने के संबंध में कोई वादा नहीं किया था। भाजपा नेता ने कहा, हालांकि शिवसेना ने उस वादे को पूरा करने की मांग की, जो कभी किया ही नहीं गया था। यह राज्य में किसानों को मदद करने का अपना वादा भूल चुकी है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने बारिश प्रभावित किसानों की मदद के लिए 10,000 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की। लेकिन इनमें से आधे पैकेज की राशि सड़क, पुल और इमारतों और अन्य ढांचों पर खर्च की जाएगी।

## ओड़िशा विधानसभा में भाजपा सदस्य ने अध्यक्ष की माइक तोड़ी

**भुवनेश्वर।** विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने शनिवार को लगातार चौथे दिन ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही बाधित की। भाजपा सदस्यों ने शनिवार को भी कृषि मंत्री के इस्तीफे की मांग की और उन पर पांच साल की बच्ची की हत्या के आरोपी को बचाने का आरोप लगाया। भाजपा ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की भी मांग की। राज्य सरकार की अपराध शाखा एवं उच्च न्यायालय की निगरानी में मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल को खारिज करते हुए भाजपा सदस्य एक समय अध्यक्ष के आसन के समीप आ गए। पार्टी विधायक मोहन माझी ने विधानसभा अध्यक्ष का माइक तोड़ दिया और मेज पर लगी फाइबर शील्ड को उखाड़ दिया। कोरोना वायरस से बचाव के लिए प्रत्एक सदस्य की सीट के आगे फाइबर शील्ड लगाया गया है। यह विधानसभा अध्यक्ष एस एन पात्रो के आगे भी लगाया गया है। भाजपा सदस्यों ने कृषि मंत्री अरूण कुमार साहू के इस्तीफे की मांग की।

## भाजपा ने कश्मीर के डीडीसी चुनाव के लिए उर्दू में जारी किया चुनाव घोषणा पत्र

**श्रीनगर।** भाजपा ने कश्मीर में जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव के लिए अपना चुनाव घोषणापत्र रविवार को उर्दू में जारी किया। पूर्व एमएलसी विभोद गुप्ता ने घाटी में पार्टी के वरिष्ठ नेता सोफी यूसुफ और दरखशां अब्दराबी की मौजूदगी में इस घोषणापत्र को जारी किया।

चुनाव घोषणा पत्र में दावा किया गया है कि भाजपा ने भूतपूर्व जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 और 35ए को रद्द कर देश को एक किया तथा गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्र हित के खिलाफ काम कर रहा है। पीएजीडी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी समेत मुख्यधारा की कई राजनीतिक पार्टियां हैं।

घोषणा पत्र में कहा गया है कि राज्य का पुनर्गठन करने के बाद, जम्मू-कश्मीर को विकास और शांति के पथ पर अग्रसर किया गया है। पार्टी ने दावा किया कि पत्थरबाजी खत्म हो गई है तथा आतंकवाद से सख्ती से निपटा जा सकता है। घोषणा पत्र में भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश के निवासियों के लिए 100 फीसदी सरकारी नौकरियां आरक्षित करने का श्रेय लेने का भी दावा किया। साथ में यह भी दावा किया कि उसने ऐसी नीति बनाई है जिससे औद्योगिकीकरण बढ़ेगा। पार्टी ने कहा कि उसने केंद्र शासित प्रदेश में भ्रष्टाचार और जमीन कब्जाने के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है।

# पेज एक का शेष

### किसानों ने ठुकराई...

कहा ' कोई भी शर्त नहीं होनी चाहिए और हमारी मांग है कि किसानों के खिलाफ सरकार के तीन कानूनों को रद्द किया जाना चाहिए। उन्हें बिजली 2020 अध्यादेश को भी वापस लेना चाहिए।' एक अन्य किसान ने कहा, 'हमें पता चला है कि उत्तराखंड से भी किसान प्रदर्शन में हिस्सा लेने आए थे और दिल्ली पुलिस ने उन्हें गुमराह किया। किसानों कहा कि वे जंतर-मंतर जाना चाहते हैं लेकिन पुलिस उन्हें लेकर निरंकारी ग्राउंड पहुंच गई।' बीकेयू क्रांतिकारी, पंजाब के अध्यक्ष सुरजीत सिंह फूल ने कहा ' कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा मीडिया से किए गए दुर्व्यवहार के लिए हम माफी मांगना चाहते हैं। भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचने के लिए एक आधिकारिक प्रेस नोट जारी किया जाएगा तथा किसी भी राजनीतिक दल को हमारे मंच से नहीं बोलने दिया जाएगा।' उन्होंने कहा कि मांगे पूरी होने तक हमारा प्रदर्शन खत्म नहीं होगा। इस बीच एक दुखद हादसे में धनौला निवासी पेशे से मैकेनिक 65 वर्षीय जनका राज किसानों के प्रदर्शन में भाग लेने के लिए टिकरी बॉर्डर पर आया था, शनिवार की रात कार में आग लगने से उसकी मौत हो गई। हरियाणा के पुलिस अधिकारी ने बताया ' यह घटना हरियाणा के बहादुरगढ़ स्थित नजफगढ़ रोड फ्लाईओवर पर शनिवार तड़के 1-30 पर हुई, जब उसकी मारुति स्विफ्ट कार में आग लग गई। हादसे के दौरान जनकाराज सो रहे थे।' किसान यहां पर लंबे समय तक डटे रहने के लिए आए हैं। उनके वाहनों में राशन, बर्तन, अंगीठी और जाड़े से बचने के लिए कंबल है। यहां तक अपने फोन को चार्ज करने के लिए वे चार्जिंग प्वाइंट से भी लैस हैं। शुक्रवार को राजधानी के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर हजारों किसान इकट्ठा हुए थे उन्हें नई दिल्ली के बुराड़ी इलाके में स्थित निरंकारी ग्राउंड में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी। बहरहाल, अनुमति देने ठीक पहले सिंघू और टीकरी बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस और किसानों के बीच झड़प शुरू हो गई। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस आंसू गैस के गोले, वाटर कैनन का इस्तेमाल तखा हल्की लाठियां भांजनी पड़ी थी। सिंघू सीमा पर 40 मिनट की झड़प में पुलिस द्वारा लगाई कंटील तारों और बैरिकेड को तोड़ दिया गया तथा दोनों तरफ पथराव किया गया। पुलिस ने कहा कि दोनों ओर से किसी को गंभीर चोट नहीं आई। टिकरी बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोलों तथा वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। किसान उनको दिल्ली में प्रवेश से रोकने के लिए खड़े किए गए ट्रकों को हटाने की कोशिश कर रहे थे।

### कृषि सुधार कानून ...

किया गया। मन की बात में अपने करीब आधे घंटे के संबोधन में प्रधानमंत्री ने विभिन्न विषयों पर बात की। उन्होंने देशवासियों को बताया कि 1913 के आसपास वाराणसी के एक मंदिर से चुराई गई देवी अन्नपूर्णा की प्राचीन प्रतिमा को कनाडा से भारत वापस लाया जा रहा है।

### आत्मनिर्भर बनाने के

सहायता भी करते हैं। हमारा ग्राम पंचायत एक आत्मनिर्भर गांव है। यानि यह कल्पना एक गांव कर रहा है, वह भी भारत का ही एक गांव है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी किसी ना किसी गांव से ही निकलता है। गोरखपुर का टेरा कोटा औरंगाबाद से निकला है। लखनऊ की चिकनकारी एक गांव से निकली है। अमरोहा का ढोलक, पीलीभीत की बांसुरी एक गांव से निकली है। संतकबीरनगर में बखिरा बर्तन का बहुत बड़ा केंद्र है। क्या यह हमारी पंचायतों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि हम अपने उत्पादों को प्रमोट करें। हमारे पर्व त्योहार आते हैं तो हमें प्रयास नहीं करना चाहिए कि हमारे जिले में जो चीज बन रही है तो उसे गिफ्ट में दें। महत्व इस बात का नहीं कि कितना महंगा उपहार है और कितना बड़ा है। महत्व यह है कि हमारे कारीगरों के मेहनत और हुनर कितना बेहतरीन तरीके से आई है और हम कितना उसे आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पंचायती राज व्यवस्था को इससे जुड़ना पड़ेगा। यह विकास के नए आयाम प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पांच जिला पंचायत अध्यक्षों से भी संवाद किया। इसमें शाहजहांपुर, प्रयागराज, सीतापुर, शामली और खीरी जिले के जिला पंचायत अध्यक्षों ने हॉट मिक्स प्लांट से सड़कों के निर्माण पर कहा कि इससे सड़कें और मजबूत होंगीं और कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

### स्नातक निर्वाचन ...

एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी प्रमाण-पत्र, मूलरूप में अनुमन्य होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि एमएलसी चुनाव में राज्य के सभी कर्मचारी जो विवि स्नातक है और जो स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों के लिए बोनाफ इड मतदाता है को मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान दिवस 1 दिसम्बर को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह आदेश उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त विभागों, विभागाध्यक्षों, स्थानीय निकायों तथा अर्द्धशासकीय विभागों पर लागू होंगे।

### दिवंगत ...

कहा कि धर्मांतरण कानून से संबंधित बहस को और गहराई में ले जाते हुए पितृसत्तात्मक मानसिकता तक ले जाना चाहिए क्योंकि अधिकतर महिलाओं को ही धर्म परिवर्तन के लिए मजूबर किया जाता है।

### स्वर्ग सरीखा होगा ...

सिक्स लेन सड़क का उद्धघाटन भी करेंगे। देव दीपावली पर प्रधानमंत्री खुद भी दीपदान करेंगे और फ्रि क्रूज पर बैठकर मां गंगा की गोद से अर्धचन्द्राकार घाटों पर जल रहे दीपों का नयनाभिराम नजारा देखेंगे, जो मां गंगा के गले में दीपों का हार जैसा प्रतीत होगा । पीएम मोदी चेत सिंह घाट पर लाइट एंड साऊंड के जरिये पौराणिक प्रसंग पर आधारित कार्यक्रम का लेजर शो भी देखेंगे। इसके बाद वह श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के काम की प्रगति भी देखेंगे और काशी पुराधपति के दर्शन भी करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि के चलते किसी भी तरह के ड्रोन उड़ाने पर 1 दिसम्बर तक प्रतिबंध लगा दिया है। पर्यटक एवं श्रद्धालु इस साल अस्सी घाट से ललिता घाट तक नौका विहार कर सकेंगे। ललिता घाट से राजघाट तक उच्च स्तरीय सुरक्षा के कारण जनसामान्य के लिए नौकायन शाम 6.30 बजे के बाद चालू होगा। सुरक्षा के लिए प्रत्येक नाव में सवार होने वाले यात्रियों की चेकिंग जाएगी। जो संस्थाएं पारंपरिक रूप से घाटों पर आरती या सांस्कृतिक कार्यक्रम करती हैं, वे इस बार भी उत्साह से कार्यक्रम कर सकती हैं। तेज आवाज में डीजे नही बजाएं जाएंगे। केवल एक घाट पर सुनाई दे इतनी ही आवाज में आरती या कार्यक्रम होंगे।

## मध्य प्रदेश में इस साल अब तक 26 बाघों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। भोपाल

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त मध्यप्रदेश में वर्ष 2020 में अब तक 26 बाघों की मौत हो चुकी है। मध्यप्रदेश के वन मंत्री विजय शाह ने कहा कि पिछले छह वर्षों में राज्य में बाघों की औसत मृत्यु दर उनकी जन्म दर की तुलना में कम है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की वेबसाइट के अनुसार मध्यप्रदेश में इस वर्ष अब तक कुल 26 बाघों की मौत हुई हैं, जिनमें से प्रदेश के बाघ अभयारण्यों में 21 बाघ मरे हैं, जबकि पांच बाघ अन्य जंगलों में मरे हैं। सबसे अधिक 10 बाघों की मौत बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में हुई है। वर्ष 2019 में राज्य में 28 बाघों की मौत हुई थी और तीन बाघों के शरीर के अंग शिकारियों के कब्जे से जब्त किए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, देश में बाघों की संख्या में दूसरे स्थान पर रहने वाले कर्नाटक में इस साल अब तक आठ बाघों की मौत हुई है और दो बाघों के शरीर के अंगों की बरामदगी दर्ज की गई। वहीं, कर्नाटक ने पिछले साल 12 बाघों को खोया था। शाह ने कहा, मध्यप्रदेश में वर्तमान में 124 बाघ शावक हैं। राष्ट्रीय बाघ आंकलन रिपोर्ट 2018 के दौरान बाघ शावकों की गणना नहीं की गई थी। बाघों की अगली गणना में हमारे पास 600 से अधिक बाघ होंगे। उन्होंने कहा, हमारे पास बाघ ज्यादा हैं और उनके लिए जितनी जगह होनी चाहिए, उसके हिसाब से इलाका कम है। बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य का उदाहरण ही लें तो इसमें 125 बाघ हैं, जबकि इसमें केवल 90 बाघों को ही रखा जा सकता है। शाह ने बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में बाघों की बड़ी संख्या में होने वाली मौतों के लिए उनके बीच अपने क्षेत्र एवं प्रभुत्व को लेकर हुई लड़ाई को जिम्मेदार ठहराया। गौरतलब है कि 31 जुलाई 2019 को जारी हुए राष्ट्रीय बाघ आंकलन रिपोर्ट 2018 के अनुसार 526 बाघों के साथ मध्यप्रदेश ने प्रतिष्ठित टाइगर स्टेट का अपना खोया हुआ दर्जा कर्नाटक से आठ साल बाद फिर से हासिल किया है। इससे पहले, वर्ष 2006 में भी मध्यप्रदेश को 300 बाघों के होने के कारण टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त था। लेकिन कथित तौर पर शिकार आदि की वजह से वर्ष 2010 में बाघों की संख्या घटकर 257 रह गई थी, जिसके कारण कर्नाटक ने मध्यप्रदेश से टाइगर स्टेट का दर्जा छीन लिया था। तब कर्नाटक में 300 बाघ थे। वहीं, वर्ष 2014 में मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या बढ़कर 308 हुई। लेकिन मध्यप्रदेश बाघों की संख्या में देश में कर्नाटक (408) एवं उत्तराखंड (340) के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया था। राष्ट्रीय बाघ आंकलन रिपोर्ट 2018 के अनुसार देश में सबसे अधिक 526 बाघ मध्यप्रदेश में थे, जबकि कर्नाटक 524 बाघों के साथ दूसरे स्थान पर है। इस प्रकार मध्यप्रदेश ने दो पायदान की छलांग लगाकर टाइगर स्टेट का दर्जा फिर से पाया।

## कोविड-19 टीके से प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के दावों की पड़ताल कर रहे हैं डीसीजीआई और आचार समिति

**नई दिल्ली।** चेन्नई में कोविड-19 के टीके के परीक्षण में शामिल एक प्रतिभागी को प्रतिकूल प्रभाव होने के दावों के बाद भारत के औषध महानियंत्रक (डीसीजीआई) और संस्थान की आचार समिति इस बात की पड़ताल कर रहे हैं कि क्या इसका संबंध संबंधित व्यक्ति को दी गई टीके की खुराक से है। पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा किए जा रहे टीके के तीसरे चरण के परीक्षण में सहभागी चेन्नई के एक 40 वर्षीय कारोबारी ने टीके की डोज लेने के बाद कथित रूप से गंभीर न्यूरोलॉजी संबंधी और मनोवैज्ञानिक लक्षण उभरने का दावा करते हुए पांच करोड़ रुपए का मुआवजा मांगा है। उसे एक अक्टूबर को चेन्नई के श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च में यह खुराक दी गई थी जो परीक्षण स्थलों में शामिल है। व्यक्ति की ओर से एक लॉ फर्म ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक, भारत के औषध महानियंत्रक, केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन, एस्ट्राजेनेका यूके के सीईओ, ऑक्सफोर्ड यूनवर्सिटी के टीके के परीक्षण के मुख्य अनुसंधानकर्ता प्रोफेसर एंड्रयू पोलार्ड तथा श्री रामचंद्र हायर एजुकेशन एंड रिसर्च के कुलपति को कानूनी नोटिस भेजा है।

# कंगारूओं के सामने टीम इंडिया की नहीं चली

## ● आस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में भारत को रौंदकर श्रृंखला में अजेय बढ़त बनाई

भाषा। सिडनी


स्मिथ फिर चमके

आस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ की 64 गेंद में 104 रन की शतकीय पारी से रनों का पहाड़ खड़ा करके रविवार को यहां दूसरे वनडे में भारत को 51 रन से शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली।

आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए स्मिथ के शतक के अलावा चार अर्धशतकीय पारियों से चार विकेट पर 389 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। आस्ट्रेलियाई रन मशीन स्मिथ का यह भारत के खिलाफ 50 ओवर के प्रारूप में पांचवां शतक है और उन्होंने श्रृंखला के शुरूआती मैच में सैकड़े के बाद लगातार दूसरा शतक जमाया। पहले वनडे में शतक के लिए उन्होंने 66 गेंद का सामना किया था। भारत के लिए 390 रन का लक्ष्य काफी बड़ा साबित हुआ जो कप्तान विराट कोहली (89) और लोकेश राहुल (76) के अर्धशतकों के बावजूद निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 338 रन ही बना सकी। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए फार्म में चल रहे शिखर धवन (30) और मंयक अग्रवाल (28) ने शुरूआत बाउंड्री से की। अग्रवाल ने पहले ही ओवर में दो बार गेंद सीमारेखा के पार कराई जबकि धवन ने मिशेल स्टार्क पर लगातार तीन चौके जमाए। अग्रवाल की शानदार कवर ड्राइव से मेहमान टीम ने 6.1 ओवर में 50 रन का स्कोर पार कर लिया था। हालांकि तेजी से रन जुटाने के प्रयास में धवन विकेट गंवा बैठे। फिर कोहली उतरे और भारतीय कप्तान ने हमेशा की तरह अपनी 87 गेंद की पारी के दौरान कुछ बेहतरीन शॉट लगाते हुए भारत को लक्ष्य का पीछा करने की दौड़ में बनाए रखा। भारत ने 9–10 रन प्रति ओवर के जरूरी रन रेट को बनाए रखने की कोशिश की। लेकिन तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने आस्ट्रेलिया को सबसे बड़ी सफलता दिलाई जब उनकी गेंद पर मोइजेस हेनरिक्स ने मिडविकेट पर डाइव करते हुए कोहली का कैच लपक लिया। इसके बाद हार्दिक पंड्या क्रीज पर उतरे और इस हरफनमौला ने लोकेश राहुल के साथ मिलकर कुछ बड़े शॉट जमाए। लेकिन इतना ही काफी नहीं था। राहुल अपनी 66 गेंद की पारी के दौरान पांच छक्के और चार चौके जमाकर पवेलियन पहुंच गए। इसके बाद भारतीय टीम की उम्मीद टूट गई। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अपने 10 ओवर में 67 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। स्मिथ की 104 रन की पारी के अलावा विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वार्नर ने 77 गेंद में 83 रन बनाए जबकि कप्तान फिंच ने पहले विकेट के लिए 23 ओवर में 142 रन की साझेदारी के दौरान 60 रन का योगदान दिया। लाबुशेन व मैक्सवेल की जोड़ी ने इसी आक्रामकता को बरकरार रखते हुए आस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**आस्ट्रेलियाई पारी** : वार्नर रन आउट (अय्यर) 83, फिंच का कोहली बो शमी 60, स्मिथ का शमी बो पंड्या 104, लाबुशेन का अग्रवाल बो बुमराह 70, मैक्सवेल नाबाद 63, हेनरिक्स नाबाद 02, **अतिरिक्त** : 07, **योग** : 50 ओवर मे चार विकेट पर 389 रन, **विकेट पतन** :1-142, 2-156, 3-292, 4-372, **गेंदबाजी** :, शमी 9-0-73-1, बुमराह 10-1-79-1, सैनी 7-0-70-0, चहल 9-0-71-0, पंड्या 4-0-24-1, जडेजा 10-0-60-0, अग्रवाल 1-0-10-0

**भारतीय पारी** : मयंक का कैरी बो कमिंस 28, धवन का स्टार्क बो हेजलवुड 30, कोहली का हेनिरक्स बो हेजलवुड 89, अय्यर का स्मिथ बो हेनरिक्स 38, राहुल का हेजलवुड बो जाम्पा 76, पंड्या का स्मिथ बो कमिंस 28, जडेजा का मैक्सवेल बो कमिंस 24, सैनी नाबाद 10, शमी का एवं बो मैक्सवेल 01, बुमराह पगबाधा बो जाम्पा 00, चहल नाबाद 04, **अतिरिक्त** : 10, **योग** : 50 ओवर मे नौ विकेट पर : 338 रन, **विकेट पतन** :1-58, 2-60, 3-153, 4-225, 5-288, 6-321, 7-321, 8-326, 9-328, **गेंदबाजी** :, स्टार्क 9-0-82-0, हेजलवुड 9-0-59-2, कमिंस 10-0-67-3, जाम्पा 10-0-62-2, हेनरिक्स 7-0-34-1, मैक्सवेल 5-0-34-1

## कोहली ने हार के लिए प्रभावहीन गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया



**सिडनी।** भारतीय कप्तान विराट कोहली को यह स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं है कि दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आत्मविश्वास से भरे आस्ट्रेलिया ने उन्हें पूरी तरह पछाड़ दिया और इसके लिए उन्होंने अपनी टीम की प्रभावहीन गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। कोहली ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, उन्होंने हमें पूरी तरह से पछाड़ दिया। मुझे लगता है कि हम गेंद से उतने प्रभावी नहीं थे, हम लगातार उस लाइन और लेंथ से गेंदबाजी नहीं कर पाए जिसके साथ करनी थी और उनका बल्लेबाजी क्रम मजबूत है। वे हालात और मैदान के कोणों को काफी अच्छी तरह समझते हैं स्कोरबोर्ड देखिए, हमने 340 रन बनाए और 50 रन के आसपास से हारे। हमें हमेशा से पता था कि लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं होगा और एक या दो विकेट गिरने से हमें 13, 16 रन प्रति ओवर की गति से रन बनाने पड़ सकते थे इसलिए हमें लगातार शॉट खेलने थे। कोहली ने कहा कि आस्ट्रेलियाई क्षेत्ररक्षकों ने उनके और श्रेयस अय्यर (38) के जो कैच लपके वे टर्निंग प्वाइंट रहे।

## गेंदबाजी एक्शन में बदलाव के साथ पंड्या ने एक साल बाद पहली बार गेंदबाजी की

**सिडनी।** भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने एक साल पहले हुई पीठ की सर्जरी के बाद वापसी करते हुए रविवार को यहां दूसरे वनडे के दौरान आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार शीर्ष स्तर के क्रिकेट में गेंदबाजी की। दो दिन पहले शुरूआती वनडे के बाद पंड्या ने कहा था कि वह महत्वपूर्ण मैचों में और जब सही समय होगा, तभी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने शरीर पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए अपने गेंदबाजी एक्शन में थोड़ा बदलाव किया है। रविवार को 27 साल के पंड्या ने भारत को बड़ा विकेट अपने चार ओवर के स्पैल के दौरान शतकवीर स्टीव स्मिथ के रूप में 42वें ओवर में दिलाया।

## गेंदबाजों के लिए लर्निंग कर्व, परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की जरूरत: राहुल



**सिडनी।** भारत के उप कप्तान लोकेश राहुल ने जूझ रहे अपने गेंदबाजों का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि जसप्रीत बुमराह एंड कंपनी ने अभी तक परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में कठिनाईयों का सामना किया है और यह हैरानी बात नहीं है कि बल्लेबाजों के मुफीद आस्ट्रेलियाई ट्रैक पर विकेट मुश्किल ही रहेगा। बुमराह पर टीम काफी निर्भर रहती है लेकिन घरेलू टीम के बल्लेबाजों ने उनकी और मोहम्मद शमी की गेंदबाजी को साधारण प्रतीत कराते हुए मन माफिक रन जुटाए। राहुल ने कहा, मैं इस बात से सहमत नहीं हूं जब आप कहते हो कि वे जूझ रहे हैं। यहां अलग तरह के हालात हैं, अलग प्रारूप है। यह हमारे लिए सीखने की चीज (लर्निंग कर्व) है कि हम सोचें कि जब इस तरह के अच्छे बल्लेबाजी विकेट पर खेलें तो कैसे बेहतर करें।

## वार्नर को चोट लगी, अस्पताल ले जाया गया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को रविवार को यहां दूसरे वनडे के दौरान ग्रोइन चोट लग गई जिसके कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवर की श्रृंखला के बचे हुए मैचों में उनके खेलने पर संदेह बन गया। वार्नर को भारतीय पारी के चौथे ओवर में डाइव करने के बाद उठने में परेशानी हुई जिसके बाद वह सिडनी क्रिकेट मैदान से बाहर चले गए। इस सीनियर खिलाड़ी को स्कैन कराने के लिए करीब के अस्पताल में ले जाया गया।

## विरोधी टीमों के लिए काफी डरावना लग रहा है स्मिथ: मैक्सवेल

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने स्टीव स्मिथ के भारत के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां लगातार दूसरा शतक जड़ने के बाद कहा कि उनकी टीम का यह साथी विरोधी टीमों के लिए काफी डरावना लग रहा है। मैक्सवेल ने आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जैसा कि उसने (स्मिथ ने) कुछ दिन पहले कहा कि वह लय हासिल कर चुका है, वह इस समय विरोधी टीमों के लिए काफी डरावना लग रहा है। वह दुनिया में किसी भी खिलाड़ी के जितने अच्छे शॉट खेल रहा है। वह सही जगहों पर शॉट खेल रहा है।

## टीका उपलब्ध होने पर खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी: रीजीजू

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि कोविड-19 का टीका उपलब्ध होने पर ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ को प्राथमिकता दी जाएगी। देश को स्थगित हो चुके तोक्यो ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों का अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजने की उम्मीद है। तोक्यो ओलंपिक का आयोजन अगले साल 23 जुलाई से आठ अगस्त तक किया जाएगा।

## इंटर मिलान ने सासुओलो को 3–0 से हराया

**मिलान।** इंटर मिलान ने सीरी ए फुटबॉल लीग के मैच मे सासुओलो पर 3-0 से जीत हासिल की। घरेलू टीम सासुओलो को अभी तक किसी भी मैच में हार नही मिली थी जिससे इंटर मिलान ने उसकी नही हारने की लय तोड़ दी। सांचेज ने चौथे ही मिनट मे इंटर मिलान को आगे कर दिया। इसके बाद चिरिचे के आत्मघाती गोल से इंटर मिलान के स्कोर मे इजाफा हुआ। रोबर्टो गागलियार्डिनी ने 60वे मिनट मे गोल कर इंटर मिलान का स्कोर 3-0 कर दिया। मिलान की यह सात मैचों में दूसरी ही जीत है।

## रियाल मैड्रिड हारा, एटलेटिको ने लगातार छठी जीत दर्ज की

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने शनिवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग के मुकाबले मे वालेसिया को 1-0 से हराकर लगातार छठी जीत हासिल की। वही रियाल मैड्रिड को एलावेस से घरेलू मुकाबले मे 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार तीसरी हार है। इससे वह अपने शहर की प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड से छह अंक पीछे खिसक गई है जबकि वह उससे एक मैच ज्यादा खेल चुकी है।

## मॉरिसियो के दो गोल से ओडिशा ने जमशेदपुर को बराबरी पर रोका

**वास्को।** स्थानापन्न खिलाड़ी डिएगो मॉरिसियो के दो गोल की मदद से ओडिशा एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए जमशेदपुर एफसी को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जमशेदपुर के नेरिजस वाल्सकिस ने पहले हाफ मे दबदबा बनाते हुए 12वें और 27वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। मध्यांतर के बाद मैदान पर उतरे मॉरिसियो ने इसके बाद मैच का रुख बदला।

## विष्णु ने आनलाइन निशानेबाजी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के विष्णु शिवराज पंडियन ने रविवार को प्रेसिडेंट आफ इंडोनेशिया ओपन निशानेबाजी टूर्नामेंट की चैंपियन्स आफ चैंपियन्स आनलाइन प्रतियोगिता मे कांस्य पदक जीता।

## इथियोपिया के वेलेलेगन व एहुआलॉ ने रिकार्ड समय में दिल्ली हाफ मैराथन जीती

भाषा। नई दिल्ली





इथियोपिया के अमेदेवर्क वेलेलेगन और यालेमजर्फ एहुआलॉ ने रविवार को यहां कोविड–19 महामारी के बीच जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में आयोजित एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन में रिकार्ड समय के साथ क्रमश: पुरूष और महिला खिताब अपने नाम किए। इस विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस में दोनों पुरूष और महिला एलीट रेस विजेताओं ने कोर्स रिकार्ड बनाए। वेलेलेगन (58.53 सेकेंड) और एहुआलॉ को पहला स्थान हासिल करने के लिए 27,000 डॉलर की इनामी राशि के साथ रिकार्ड के बोनस के लिए अतिरिक्त 10,000 डॉलर मिले। बल्कि एहुआलॉ दूसरी सबसे तेज महिला हाफ मैराथन दौड़ने वाली एथलीट रहीं। उन्होंने एक घंटे चार मिनट 46 सेकेंड का समय लिया जो विश्व रिकार्ड समय (1:04:31) से सेंकेंड के एक चौथाई समय से ज्यादा था जो हमवतन अबाबेल एशानेह के नाम है जो तीसरे स्थान पर रहीं।

## टायसन रिंग में लौटे, जोंस के साथ प्रदर्शनी मैच ड्रा



**लास एंजिलिस।** महान मुक्केबाज माइक टायसन ने रॉय जोन्स जूनियर के खिलाफ प्रदर्शनी बाउट से मुक्केबाजी रिंग में वापसी की। दोनों सीनियर मुक्केबाजों के बीच बाउट के दौरान शानदार पल रहे जिसे डब्ल्यूबीसी जजों ने अनौपचारिक रूप से ड्रा करार दिया। 54 वर्षीय टायसन और 51 वर्षीय जोंस ने दो मिनट के आठ राउंड खेले। इस बाउट से विभिन्न चैरिटी के लिए धनराशि जुटाई गई। दोनों बाउट के बाद मुस्कुराते दिखे। टायसन ने कहा, यह चैम्पियनशिप के लिए लड़ने की तुलना में ज्यादा बेहतर था।

## इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर श्रृंखला जीती

**(दक्षिण अफ्रीका)।** गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद डेविड मलान के अर्धशतक से इंग्लैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला मे 2-0 की विजई बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका के 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैड ने मलान की 40 गेंद मे सात चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन की पारी की बदौलत 19.5 ओवर मे छह विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान इयोन मोर्गन 26 रन बनाकर नाबाद रहे। मलान और मोर्गन ने पांचवे विकेट के लिए 51 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके इंग्लैड की जीत मे अहम भूमिका निभाई।

## फिलिप्स के रिकॉर्ड शतक से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

**माउंट मोनगानुई।** ग्लेन फिलिप्स के 46 गेंद मे बनाए रिकॉर्ड शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां दूसरे टी20 मैच मे वेस्टइंडीज को 72 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला मे 2-0 की विजई बढ़त बना ली। फिलिप्स ने 51 गेंद मे 108 रन की पारी के दौरान न्यूजीलैंड की ओर से सबसे तेज शतक बनाया। उन्होने अपनी पारी मे आठ छक्के और 10 चौके मारने के अलावा डेवोन कॉनवाय (37 गेंद मे नाबाद 65) के साथ तीसरे विकेट के लिए 184 रन की साझेदारी की जिससे न्यूजीलैंड ने तीन विकेट पर 238 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम इसके जवाब मे नौ विकेट पर 166 रन ही बना सकी।

## घरेलू सत्र के लिए बीसीसीआई का खाका : मुश्ताक 20, रणजी 11 जनवरी से

भाषा। मुंबई

घरेलू क्रिकेट का आयोजन करने के लिए बेताब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीमित मुकाबलों के सत्र के ढांचे पर राज्य संघों की सलाह मांगी है। घरेलू सत्र के आयोजन के लिए बीसीसीआई ने दिसंबर से मार्च के बीच देश भर में छह जैविक रूप से सुरक्षित स्थल तैयार करने की योजना बनाई है। संघों को लिखे पत्र में बोर्ड ने घरेलू मुकाबलों के आयोजन को लेकर चार विकल्प दिए हैं जिसमें पहला विकल्प सिर्फ रणजी ट्रॉफी का आयोजन है। दूसरा विकल्प सिर्फ सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट का आयोजन है। तीसरे विकल्प में रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का संयोजन होगा जबकि चौथा विकल्प दो सीमित ओवरों के टूर्नामेंट (सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी) के लिए विंडो तैयार करना है।



पत्र के अनुसार बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के संभावित समय पर भी बात की है। रणजी ट्रॉफी (11 जनवरी से 18 मार्च) के लिए 67 दिन प्रस्तावित किए गए हैं। इस पत्र की प्रति पीटीआई के पास भी है। मुश्ताक अली ट्रॉफी के आयोजन के लिए 22 दिन (20 दिसंबर से 10 जनवरी) की जरूरत होगी जबकि अगर विजय हजारे ट्रॉफी का आयोजन होता है तो यह 11 जनवरी से सात फरवरी के बीच 28 दिन में आयोजित हो सकता है। बीसीसीआई 38 टीमों के घरेलू टूर्नामेंट के लिए छह स्थानों पर जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण तैयार करेगा। पत्र में कहा गया है, 38 टीमों को पांच एलीट समूह और एक प्लेट समूह में बांटा जाएगा। एलीट समूह में छह–छह टीमें होंगी जबकि प्लेट समूह में आठ टीमें होंगी। प्रत्एक जैविक रूप से सुरक्षित वातारण में तीन आयोजन स्थल होंगे और मैचों का डिजिटल प्रसारण किया जाएगा। बोर्ड ने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन यूएई में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में किया था और अध्यक्ष सौरव गांगुली ने जोर देते हुए कहा था कि आम तौर पर अगस्त में होने वाले घरेलू सत्र भी शुरू किया जा सकता है।

## नीति आयोग के सदस्य ने कहा, नए कृषि कानूनों को ठीक से समझ नहीं पाए हैं आंदोलनकारी किसान

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य (कृषि) रमेश चंद ने कहा है कि आंदोलन कर रहे किसान नए कृषि कानूनों को पूरी तरह या सही प्रकार से समझ नहीं पाए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन कानूनों में किसानों की आय को बढ़ाने की काफी क्षमता है। इन कानूनों का मकसद वह नहीं है, जो आंदोलन कर रहे किसानों को समझ आ रहा है। इन कानूनों का उद्देश्य इसके बिल्कुल उलट है। चंद ने पीटीआई–भाषा से साक्षात्कार में कहा, जिस तरीके से मैं देख रहा हूं, मुझे लगता है कि आंदोलन कर रहे किसानों ने इन कानूनों को पूरी तरह या सही तरीके से समझा नहीं है। यदि इन कानूनों का क्रियान्वयन होता है, तो इस बात की काफी अधिक संभावना है कि किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। कुछ राज्यों में तो किसानों की आय दोगुना तक हो जाएगी। उनसे पूछा गया था कि क्या सरकार को अब भी भरोसा है कि वह 2022 तक किसानों की आय को दोगुना कर पाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

## महिलाओं के नेतृत्व वाले सूक्ष्म कारोबार पर कोविड-19 के असर ने सामाजिक-आर्थिक अंतर बढ़ाया: सर्वे

**नई दिल्ली।** देश में महिलाओं के नेतृत्व वाले छोटे उद्यमों पर कोविड–19 महामारी के विपरीत प्रभाव ने सामाजिक–आर्थिक अंतर को और बढ़ाया है। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। आंध्र प्रदेश के क्रिया विश्वविद्यालय में लीड और ग्लोबल अलायंस फॉर मास एंटरप्रेन्योरशिप (गेम) के संयुक्त अध्ययन में देश में छोटे कारोबारों पर कोविड–19 के असर का पता लगाया गया। लीड एक गैर–लाभकारी शोध संगठन है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि सरकारों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को महिलाओं पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए तत्काल लैंगिक तौर पर संवेदनशील नीतियां अपनाने की जरूरत है, ताकि हालात बेहतर किए जा सकें। यह सर्वेक्षण मई में शुरू हुआ और यह जनवरी तक चलेगा। इसमें लैंगिक आधार पर आंकड़े जुलाई–अगस्त में एकत्रित किए गए। करीब 1,800 सूक्ष्म इकाइयों के बीच सर्वेक्षण किया गया।

## कंपनियों ने इस साल आईपीओ से 25,000 करोड जुटाए

**नई दिल्ली।** तरलता की बेहतर स्थिति तथा निवेशकों की उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया के चलते कंपनियों ने इस साल अबतक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि 2021 में भी आईपीओ बाजार मजबूत रहने की उम्मीद है। समीक्षाधीन अवधि में आईपीओ बाजार की गहराई बढ़ी है और विविध क्षेत्रों की कंपनियां बाजार में उतरी हैं। अब फार्मा, दूरसंचार, आईटी और वित्तीय सेवा क्षेत्र की कंपनियां भी आईपीओ बाजार में उतर रही हैं। शेयर बाजारों के पास उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 2020 में 12 आईपीओ के जरिए करीब 25,000 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। 2019 के पूरे साल में 16 आईपीओ के जरिए 12,362 करोड़ रुपए जुटाए गए थे। 2018 में 24 कंपनियों ने आईपीओ से 30,959 करोड़ रुपए जुटाए थे।

# लगातार तीसरी बार यथावत रह सकती हैं ब्याज दरें

## ● दिसंबर में होनी है मौद्रिक समीक्षा ● रिजर्व बैंक तैयार

भाषा। नई दिल्ली



भारतीय रिजर्व बैंक दिसंबर की मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को लगातार तीसरी बार यथावत रख सकता है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति की दर बढ़ने की वजह से मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) संभवत: एक बार फिर ब्याज दरों में बदलाव नहीं करेगी। खुदरा मुद्रास्फीति इस समय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। हालांकि, सितंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर नकारात्मक रही है, जिसकी वजह से केंद्रीय बैंक अपने मौद्रिक रुख को नरम रख सकता है। इससे आगे जरूरत होने पर ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास की अगुवाई वाली छह सदर्स्यीय मौद्रिक नीति समिति की दो दिन की बैठक दो दिसंबर से शुरू होगी। बैठक के नतीजों की घोषणा चार दिसंबर को की जाएगी। एमपीसी की अक्टूबर में हुई पिछली बैठक में नीतिगत दरों में बदलाव नहीं किया गया था। इसकी वजह मुद्रस्फीति में बढ़ोतरी है जो हाल के समय में छह प्रतिशत के स्तर को पार कर गई है। रिजर्व बैंक का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इस साल फरवरी से केंद्रीय बैंक रेपो दर में 1.15 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। कोटक महिंद्रा बैंक समूह की अध्यक्ष–उपभोक्ता बैंकिंग शांति एकम्बरम ने कहा, मुद्रास्फीति लगातार रिजर्व बैंक के मध्यम अवधि के लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। ऐसे में आगामी मौद्रिक समीक्षा में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश सीमित है। हालांकि त्योहारी सीजन की वजह से उपभोक्ता मांग में उत्साहर्धक सुधार देखने को मिला है। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि रिजर्व बैंक नीतिगत समीक्षा में ब्याज दरों को यथावत रखेगा। इसी तरह की राय जताते हुए केयर रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, मुद्रास्फीति अब भी काफी ऊपर है। ऐसे में रिजर्व बैंक के पास नीतिगत दरों को यथावत रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसके अलावा भी चालू वित्त वर्ष के लिए ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश काफी हद तक समाप्त हो चुकी है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स के मुख्य आर्थिक सलाहकार एम गोविंदा राव ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अब काफी अधिक है। ऐसे में एमपीसी द्वारा ब्याज दरों में बदलाव की संभावना नही है। मनीबॉक्स फाइनेंस के सह–मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक अग्रवाल ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति काफी उंची है। मुख्य मुद्रास्फीति भी अधिक है। ऐसे में रिजर्व बैंक नीतिगत दरों को यथावत रखेगा। रीयल एस्टेट सलाहकार एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने का कि रीयल एस्टेट की वृद्धि निचली ब्याज दरों पर टिकी है। ऐसे में हम चाहते हैं कि रेपो दर में कटौती हो।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मे से पांच कंपनियो के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) मे बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 91,699 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान मे रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा इन्फोसिस, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक तथा भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण मे भी गिरावट आई। वही दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक तथा बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन मे बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह मे रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 60,829.21 करोड़ रुपए घटकर 12,23,416.97 करोड़ रुपए रह गया।

## अप्रैल–सितंबर के दौरान भारत में एफडीआई का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत रहा अमेरिका

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए अमेरिका दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बनकर उभरा है। अमेरिका ने मॉरीशस को अपदस्थ कर यह स्थान हासिल किया है। इसकी जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से मिली है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से सितंबर के दौरान भारत को अमेरिका से 7.12 अरब डॉलर का और मॉरीशस से दो अरब डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ। मॉरीशस इस दौरान चौथे स्थान पर फिसल गया।

## डीएलएफ ने गुरुग्राम में करीब 90 प्रतिशत फ्लोर की बिक्री

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने गुरुग्राम में 300 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 90 फ्लोर की बिक्री की है। कंपनी की योजना पिछले कुछ महीने में प्रीमियम आवासीय संपत्तियों की मांग बढ़ने से इस तरह की कुछ और परियोजनाएं शुरू करने की है। कंपनी की योजना गुरुग्राम, न्यू गुरुग्राम और पंचकुला में डीएलएफ फेज द्व–द्वङ्क में ऐसे फ्लोर बनाने की है। डीएलएफ के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (बिक्री) आकाश ओहरी ने कहा, हाल ही में हमने गुरुग्राम में डीएलएफ सिटी फेज 3 में 22 प्लॉट में तैयार प्रीमियम आवासीय फ्लोर (3.75 – 4.25 करोड़ रुपए की कीमत पर) के रूप में 88 आवासीय इकाइयां पेश की।

## एफपीआई ने नवंबर में भारतीय शेयर बाजारों में रिकॉर्ड 60,358 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) नवंबर में लगातार दूसरे महीने भारतीय बाजारों में शुद्ध निवेशक बने रहे। एफपीआई ने नवंबर में भारतीय बाजारों में शुद्ध रूप से 62,951 करोड़ रुपए डाले हैं। इस दौरान एफपीआई ने शेयर बाजारों में रिकॉर्ड निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने नवंबर में शेयरों में शुद्ध रूप से 60,358 करोड़ रुपए का निवेश किया है। वहीं ऋण या बांड बाजार में उनका शुद्ध निवेश 2,593 करोड़ रुपए रहा है। इस तरह तीन से 27 नवंबर के दौरान एफपीआई ने भारतीय बाजारों में शुद्ध रूप से 62,951 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

## सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों से बेवजह के खर्चों में कटौती को कहा

भाषा। नई दिल्ली



वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों को अपनी शाखाओं को सुसंगत करने तथा ऐसे खर्चों में कटौती करने को कहा है, जिनसे बचा जा सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह निर्देश विशेषरूप से नेशनल इंश्योरेंस, ओरियंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के लिए है, जिससे इन कंपनियों की वित्तीय सेहत सुधारी जा सके। इससे पहले इसी साल केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीनों सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों की विलय की प्रक्रिया को रोक दिया था। तीनों कंपनियों की खराब वित्तीय स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया था। सरकार ने इन कंपनियों में 12,450 करोड़ रुपए की पूंजी डालने की मंजूरी दी थी ताकि ए नियामकीय मानकों को पूरा कर सकें।

## कैट का ई–कॉमर्स कंपनियों पर एफडीआई नियमों के उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।** व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ई-कॉमर्स कंपनियो पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। कैट ने इस बारे मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा है। पत्र मे कहा गया है कि देशभर के व्यापारी केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत ई-कॉमर्स व्यापार को अपनाने के लिए उत्सुक है, लेकिन बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियो द्वारा एफडीआई नीति और अन्य कानूनों व नियमों का बार-बार उल्लंघन डिजिटल कॉमर्स को अपनाने में एक प्रमुख अवरोधक साबित हो रहा है।

## एयरएशिया इंडिया की विस्तार की योजना

**मुंबई।** किफायती सेवाएं देने वाली एयरलाइन एयरएशिया इंडिया की योजना अगले साल जून तक अपने बेड़े मे तीन और एयरबस ए320 नियो विमान शामिल करने की है। अपने बेड़े तथा नेटवर्क के विस्तार की योजना के तहत विमानन कंपनी यह कदम उठाने जा रही है। टाटा और मलेशिया की एयरएशिया इन्वेस्टमेंट लि. की संयुक्त उद्यम कंपनी के बेड़े मे फिलहाल 32 विमान है। कंपनी के बेड़े मे हाल मे दो ए320 नियो विमान शामिल किए गए है।

## भारत का 5जी परिदृश्य सम्मोहक

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन चिप व दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी क्वालकॉम का मानना है कि भारत का 5जी परिदृश्य सम्मोहक है। कंपनी का मानना है कि किफायती स्पेक्ट्रम से भारत के दूरसंचार क्षेत्र की वृद्धि को गति मिल सकती है। भारत एक बड़ा बाजार है और इसे अपग्रेड किए जाने की जरूरत है। सरकार व नीति निर्माता 5जी समेत किफायती कीमतों पर पर्याप्त स्पेक्ट्रम जारी कर दूरसंचार क्षेत्र की वृद्धि को तेज कर सकते है। क्वालकॉम के अध्यक्ष (भारत व दक्षेस) राजेन ने कहा कि दुनिया के दूसरे सबसे बड़े व अभी भी बढ़ रहे दूरसंचार बाजार पर 5जी का सकारात्मक असर पड़ सकता है।

# सेशेल्स के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगा भारत

**भाषा।** विक्टोरिया

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने सेशेल्स की दो दिवसीय यात्रा में देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता की और इस दौरान भारत ने हिंद महासागर के इस देश के साथ कोविड-19 के बाद के दौर में रणनीतिक संबंध और मजबूत करने का संकल्प लिया।संयुक्त अरब अमीरात से यहां पहुंचे जयशंकर मंगलवार को शुरू हुई तीन देशों की अपनी इस यात्रा के तहत बहरीन भी गए थे।



जयशंकर ने सेशेल्स के भारतीय मूल के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति वैवेल रामकलावन से शुक्रवार को मुलाकात की और उन्हें चुनाव में हाल में मिली जीत की बधाई दी। एस जयशंकर और रामकलावन ने कानून के शासन तथा लोकतंत्र के मूल्यों में साझा विश्वास पर आधारित दोनों देशों के ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंधों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने कोविड-19 दौर के बाद भारत तथा सेशेल्स के बीच रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ाने के भारत के संकल्प को दोहराया। इसमें कहा गया कि मंत्री ने भारत के सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा एवं विकास) दृष्टिकोण में सेशेल्स के अहम होने की बात की, जो हिंद महासागर क्षेत्र की ओर भारत की नीति को दर्शाता है। जलक्षेत्र पार के पड़ोसी होने के नाते सेशेल्स पड़ोसी को प्राथमिकता देने की भारत की नीति का भी हिस्सा है। जयशकंर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक निजी संदेश भी रामकलावन तक पहुंचाया। भारत ने सेशेल्स के राष्ट्रपति को 2021 में भारत आने का न्योता दिया है।जयशंकर ने रामकलावन के साथ बैठक के बाद ट्वीट किया, हमने हमारे निकट सुरक्षा सहयोग, विकास को लेकर मजबूत साझेदारी और लोगों के बीच पुराने संबंधों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा, उन्होंने उन्हें पड़ोसी को प्राथमिकता देने की नीति और सागर को लेकर दृष्टिकोण, दोनों के तहत सेशेल्स के विशेष रूप से प्राथमिक होने का भरोसा दिलाया। बयान में कहा गया कि मंत्री ने जनवरी 2018 में रामकलावन की भारत की यात्रा की बात की और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में दोनों देशों के बीच निकट संबंध और भी मजबूत होंगे। रामकलावन ने कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान चिकित्सकीय आपूर्ति के रूप में भारत द्वारा मुहैया कराई गई सहायता की सराहना की और दोनों देशों के बीच विकास एवं सुरक्षा साझेदारी की महत्ता पर बात की। उन्होंने इसके सेशेल्स में राष्ट्रनिर्माण पर सकारात्मक असर को लेकर भी चर्चा की।जयशंकर ने सेशेल्स के हितों और महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने तथा इस सहयोग को और ऊंचे स्तर पर ले जाने की भारत की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण सामने आई चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग एवं समन्वय की आवश्यकता को रेखांकित किया गया।उन्होंने हिंद महासागर के पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध एवं अनियमित तरीके से मछलियां पकड़ने, समुद्री डकैती और जलवायु परिवर्तन से निपटने के साझे प्रयासों को मजबूत करने पर जोर दिया। बयान में कहा गया कि जयशंकर ने सेशेल्स के पर्यटन एवं विदेश मामलों के मंत्री सिल्वेस्टर रेडेगोंडे से भी मुलाकात की और विकास के लिए साझेदारी, क्षमता निर्माण, रक्षा सहयोग, लोगों के बीच आपसी संपर्क, सांस्कृतिक संबंध, व्यापार, पर्यटन एवं वाणिज्य और स्वास्थ्य समेत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की।जयशंकर की यह यात्रा ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब भारत हिंद महासागर में सामरिक रूप से अहम क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए देश में बुनियादी ढांचा विकसित कर रहा है। हिंद महासागर में चीन अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इस साल 25 अक्टूबर को राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने वाले भारतीय मूल के राष्ट्रपति रामकलावन के पिता बिहार के मूल निवासी थे।



वाशिंगटन के डाउन टाउन इलाके में अपने भ्रमण के दौरान नवनिर्वाचित अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस व मेयर मुरील बाउसर

# वाशिंगटन के कोई कदम न उठाने के बाद अमेरिका में अन्य राज्य बढ़ रहे सहायता के लिए आगे

**एपी।** सांता फे (अमेरिका)

**अमेरिका में** कई गवर्नर एवं विधायक वाशिंगटन पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए छोटे कारोबारियों, बेरोजगारों, किराए पर रहने वालों और उन लोगों को मदद पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं, जिनकी आजीविका कोरोना वायरस के कारण प्रभावित हुई है।

कुछ निर्वाचित पदाधिकारी साल की समाप्ति की समय सीमा निकट आने के मद्देनजर बसंत में पारित संघीय राहत पैकेज की अंतिम राशि खर्च कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक नेता कोई कदम उठाने में नाकाम रहने को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाले सीनेट की खुलकर आलोचना कर रहे हैं, लेकिन कुछ रिपब्लिकन नेता भी आपात स्थिति होने की बात कर रहे हैं।जॉन्स हॉप्किन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार, शुक्रवार को अमेरिका में संक्रमण के एक दिन में सर्वाधिक 2,05,557 मामले आए। न्यू मैक्सिको और कोलाराडो के डेमोक्रेटिक गवर्नरों ने संक्रमण संबंधी आपात स्थिति से निपटने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया।

इस सप्ताह की शुरुआत में न्यू मैक्सिको विधानपालिका ने एक द्विदलीय राहत विधेयक पारित किया, जिसके तहत सभी बेरोजगार कर्मियों को।,200 डॉलर की एकमुश्त राशि और कुछ व्यवसायों को 50,000 डॉलर तक की राशि दी जाएगी। गर्वनर मिशेल लुजान ग्रिशम ने बताया कि राज्य ने उन निवासियों की मदद के लिए कदम उठाया, जिनके समक्ष खाने का सामान न होने और सिर पर छत न होने की समस्या है। उन्होंने कहा, जब अमेरिका जल रहा है, तब ट्रंप प्रशासन ने राज्यों को इस वायरस से अपने दम पर संघर्ष करने के लिए छोड़ दिया है। कोलोराडो में कारोबारों, रेस्तरां, बार, बाल देखभाल प्रदाताओं, भूमालिकों, किराएदारों, सरकारी स्कूलों एवं अन्य के लिए करीब 30 करोड़ डॉलर की राहत पर विचार करने के लिए सोमवार को एक विशेष सत्र बुलाया गया है।

न्यूजर्सी और वाशिंगटन राज्य में रिपब्लिकन भी विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। मिनेसोटा सीनेट में बहुमत के नेता पॉल गाजेल्का ने एक बयान में कहा, सीनेट रिपब्लकिन हमारी अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार के नेता चाहते हैं कि ट्रंप और कांग्रेस केयर्स कानून के तहत पहले से आवंटित राहत राशि खर्च करने की 30 दिसंबर की समय सीमा को आगे बढ़ाएं।ओहायो में सरकार की हर शाखा पर रिपब्लिकन नेताओं का नियंत्रण है। वहां गर्वनर माइक डीवाइन और नेताओं ने पिछले महीने के अंत में एक विशेष द्विदलीय पैनल के जरिए 42 करोड़ डॉलर के पैकेज को खर्च करने पर जोर दिया। इस राशि के जरिए छोटे कारोबारियों, बार, रेस्तरां, कम आय वाले किराएदारों, कलाकारों के समूहों और कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों को राहत देने का प्रस्ताव रखा गया है।

# नेतन्याहू के आवास के बाहर करीब 1,000 लोगों ने किया प्रदर्शन

**एपी।** यरूशलम

**इजराइल में** करीब 1,000 प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार रात को उनके यरूशलम स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कई महीनों से प्रर्दशन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि नेतन्याहू पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और इजराइल में कोरोना वायरस से निपटने में नाकाम रहने के कारण उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। देश में दो बार



लगाए गए लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था चरमरा गई है और लाखों इजराइली बेरोजगार हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों में कई ऐसे लोग हैं, जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हालांकि छह माह से प्रदर्शन कर रहे इन लोगों की संख्या में सर्दी का मौसम आने के कारण कमी आई है, लेकिन वे अपनी मांग को लेकर मुखर हैं। सभी प्रदर्शनकारियों ने कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए मास्क पहन रखा था, लेकिन सामाजिक दूरी के नियम का सख्ती से पालन नहीं किया गया।

# ट्रंप प्रचार अभियान के पूर्व सहयोगी ने रूस जांच निगरानी मामले में वाद दायर किया

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले चुनाव प्रचार अभियान के एक सहयोगी ने एक संघीय वाद में कहा है कि वह गैरकानूनी तरीके से जासूसी के शिकार हुए हैं। रूस के कथित रूप से दखल मामले में एफबीआई की जांच के दौरान वह गोपनीय निगरानी वारंट (आदेश) का शिकार हुए थे। कार्टर पेज की ओर से दायर वाद में एफबीआई और न्याय विभाग के अधिकारियों द्वारा 2016 और 2017 में विदेश खुफिया निगरानी अदालत को सौंपी गईं अर्जियों में की गई अनेक ऐसी गलतियों का आरोप लगाया गया है जो उन्होंने कार्टर पर रूस का एजेंट होने के संदेह में उनकी बात छिप कर सुनने के संबंध में लिखी थीं। वाद में कहा गया, रूस के साथ डॉ पेज के संबंध के बारे में चूंकि कोई भी तथ्य कभी प्रमाणित नहीं

**● रूस के कथित रूप से दखल मामले में एफबीआई की जांच के दौरान वह गोपनीय निगरानी वारंट (आदेश) का शिकार हुए थे**

किया जा सका, इसलिए उन्हें निशाना बनाने के लिए एफआईएसए वारंट की मांग या उसे हासिल करने की कभी कोई जरूरत ही नहीं थी। इस चुनिंदा तरीके से की गई निगरानी की मंजूरी देने में शामिल एफबीआई और न्याय विभाग के पूर्व अधिकारियों ने अपनी गवाही में कहा कि अगर उन्हें पता होता कि मुद्दे इस हद तक जाएंगे तो उन्होंने ऐसा नहीं किया होता, और एफबीआई ने अदालत में आवेदनों की सत्यता और पूर्णता के लिए 40 से भी अधिक सुधारात्मक कदम उठाए हैं।



अर्मेनियाई सेना द्वारा दागे गए राकेट से नष्ट हुए अपने मकान को देखते अरजेबेजानी नागरिक ताजेगुल

## क्विक न्यूज

### अफगानिस्तान में फिदाईन हमलों में 34 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक सैन्य अड्डे और एक प्रांतीय परिषद के प्रमुख को निशाना बना कर रविवार को किए गए दो अलग-अलग फिदाईन विस्फोट में कम से कम 34 लोगो की मौत हो गई।पूर्वी गज़नी प्रांत में अधिकारियों ने बताया कि हमलावार विस्फोटकों से भरी सैन्य गाड़ी को सैन्य कमांडो अड्डे पर ले गया और उसमें विस्फोट कर दिया। इसमें 31 सैनिकों की मौत हो गई जबकि 24 अन्य जख्मी हो गए। दक्षिणी अफगानिस्तान में अधिकारियों ने बताया कि जुबल में आत्मघाती हमलावर ने एक कार के जरिए प्रांतीय परिषद के प्रमुख के काफिले को निशाना बनाया। इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत 12 अन्य जख्मी हो गए। प्रांतीय परिषद के प्रमुख रविवार को हुए हमले में बचे गए है और उन्हें मामूली चोटें आई है। इन हमलों की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नही ली है।

### कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच हांगकांग ने स्कूल बंद करने का निर्णय लिया

**हांगकांग।** हांगकांग में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 115 नए मामले सामने आए है। दो अगस्त के बाद पहली बार कोविड-19 के मामले यहां तीन अंकों में सामने आए है। ऐसे में सरकार ने संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच रविवार को बाकी बचे वर्ष के लिए प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों को बंद रखने की घोषणा की। स्वास्थ्य अधिकारियो ने कहा कि सामने आए 115 नए मामलो में से 62 मामले शहर के विभिन्न डांस स्टूडियो के चलते फैले संक्रमण से संबंधित है। वही, शहर के तीन रेस्त्रां से संबंधित संक्रमण के कई मामले सामने आने के बाद इन सभी रेस्त्रां के कर्मचारियो और हाल ही मे यहां आने वाले आगंतुकों को अपनी जांच कराने का आदेश दिया गया है। हांगकांग मे अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के 6,239 मामले सामने आ चुके है और इनमें से 109 लोगो की मौत हो चुकी है।

### चीन के रक्षा मंत्री सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए नेपाल पहुंचे

**काठमांडू।** चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंगही रविवार को यहां पहुंचे। वह नेपाल के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और साथ ही सैन्य सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। सरकारी नेपाल टेलीविजन के अनुसार गृह मंत्री राम बहादुर थापा ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। चीन के रक्षा मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी इस यात्रा का मकसद उन द्विपक्षीय सहमतियो को लागू करना है, जो अतीत मे दोनो देशो की सरकारो के बीच बनी थी।वेई ने कहा कि उनकी यह यात्रा नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को बढ़ावा देगी और दोनो देशो के मौजूदा संबंधो को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग दो दिन की नेपाल यात्रा पर आए थे और उसके बाद यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार वेई काठमांडू में अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के पी शर्मा ओली से मुलाकात करेंगे। उनका नेपाल के सेना प्रमुख जनरल पूर्ण चंद्र थापा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक करने का भी कार्यक्रम है। वेई 21 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे है। वह रविवार शाम बीजिंग लौटेंगे।उनकी यह यात्रा भारत के विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला की नेपाल की दो दिवसीय यात्रा के बाद हो रही है। इससे पहले नवंबर के पहले सप्ताह मे भारत के सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने नेपाल का तीन दिवसीय दौरा किया था। उनकी यात्रा का मकसद दोनो देशो के बीच सीमा विवाद के चलते संबंधो में आई तल्खी को दूर कर द्विपक्षीय संबंधो को दोबारा पटरी पर लाना था।

### लंदन में लॉकडाउन के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 150 से अधिक लोग गिरफ्तार

**लंदन।** मध्य लंदन मे लॉकडाउन के विरोध में हो रहे प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियो ने 155 लोगो को गिरफ्तार किया है। कोविड-19 महामारी के बीच लोगों को एकत्र होने से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए लोगों पर कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने संबंधी नियमो का उल्लंघन करने, एक पुलिस अधिकारी से मारपीट करने तथा मादक पदार्थ रखने जैसे आरोप है।कोविड-19 के मद्देनजर घर पर रहने जैसे नियमों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे समूह सेव अवर राइट्स यूके ने कहा कि शनिवार को उसकी ओर से लॉकडाउन के विरोध में प्रदर्शन किया गया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 31 अक्टूबर को इंग्लैंड में दूसरे लॉकडाउन की घोषणा की थी जो पांच नवंबर से शुरू हुआ तथा दो दिसंबर तक प्रभावी रहेगा।

### दुनिया का सबसे छोटा एटम मेमोरी यूनिट बनाया गया

**ह्यूस्टन।** अनुसंधानकर्ताओं ने डाटासूचना को संग्रहित करने के लिए दुनिया का सबसे छोटा उपकरण बनाया है जिससे उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्रेन इंस्पायर्ड कंप्यूटिंग के लिए तेज, छोटे और अधिक ऊर्जा किफायती इलेक्ट्रॉनिक चिप बनाए जा सकेंगे। ब्रेन इंस्पायर्ड कंप्यूटिंग मस्तिष्क की पूरी तरह नकल करने की जगह मस्तिष्क के तंत्र पर आधारित गणना का मॉडल या तरीका होता है।अमेरिका के ऑस्टिन स्थित टेक्सास यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस छोटे से उपकरण में अधिक डाटा सुरक्षित करने के भौतिक सिद्धांत का भी पता लगा लेने का दावा किया है।

# भारतीय सीमा के पास चीन की निर्माण गतिविधियां उकसावे से भरा कदम: मूर्ति

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक प्रभावशाली सांसद ने लद्दाख में भारतीय सीमा के पास चीन की जारी निर्माण गतिविधियों संबंधी खबरों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि ए खबरें सही हैं, तो यह चीन की ओर से उकसाने वाला कदम है और यह दक्षिण चीन सागर में जारी बीजिंग की गतिविधियों जैसा ही है। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भारत और चीन के बीच मई से सैन्य गतिरोध की स्थिति बनी हुई है।दोनों देशों की सेनाओं ने एलएसी के पास बड़ी संख्या में सैन्य बलों को तैनात किया है। इस गतिरोध को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों ने कई दौर की वार्ता की है, लेकिन इनका कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है।डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने पीटीआई से कहा, यदि यह (खबरें) सही है, तो यह चीनी सेना का जमीनी तथ्यों को बदलने के लिए उकसाने वाला एक और कदम होगा। अमेरिकी सदन की खुफिया मामलों की स्थाई प्रवर समिति के अब तक के पहले भारतीय-अमेरिकी सदस्य कृष्णमूर्ति ने कहा कि यह दक्षिण चीन सागर में उसके (चीन के) व्यवहार की तरह है, जहां वह द्वीप बना रहा है और

**● अमेरिकी सांसद कृष्णमूर्ति ने कहा, हम डेमोक्रेटिक एवं रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों के अपनाए इस रुख को बरकरार रखेंगे कि हम क्षेत्र में भारत के साथ खड़े है और चीन समेत किसी भी पड़ोसी द्वारा होने वाली हर प्रकार की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ है**

जहां वह तथ्यों को बदलने की कोशिश कर रहा है।उन्होंने कहा कि चीन की निर्माण गतिविधियों की सूचना देने वाले स्रोतों में उपग्रह से ली गई तस्वीरें भी शामिल हैं।लगातार तीसरी बार प्रतिनिधि सभा में हाल में पुन: चुने गए कृष्णमूर्ति ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ खड़ा है।उन्होंने कहा, मुझे यह कहना होगा कि अमेरिकी संसद और ट्रंप प्रशासन एवं आगामी बाइडन प्रशासन हिंद प्रशांत क्षेत्र में हमारे भारतीय साझेदारों के साथ खड़े हैं। कांग्रेस के सांसद ने कहा कि भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका का मालाबार अभ्यास इस बात का संकेत है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहेंगे और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन करेंगे।कृष्णमूर्ति ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन भारत के पुराने मित्र हैं और वह भारतीय मूल की निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ मिलकर भारत के लिए खड़े रहेंगे।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कमला हैरिस की भारतीय जड़ों के मद्देनजर इन संबंधों को और मजबूत बनाने का आधार बनता है। निर्वाचित विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी भारत के पुराने मित्र हैं। वह क्षेत्र को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। मुझे भरोसा है कि ब्लिंकन राष्ट्रपति बाइडन और उपराष्ट्रपति हैरिस के साथ मिलकर संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

कृष्णमूर्ति ने कहा, हम डेमोक्रेटिक एवं रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों के अपनाए इस रुख को बरकरार रखेंगे कि हम क्षेत्र में भारत के साथ खड़े हैं और चीन समेत किसी भी पड़ोसी द्वारा होने वाली हर प्रकार की सैन्य कार्वाई के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से निपटना भारत और अमेरिका के लिए पहली प्राथमिकता होना चाहिए।

# यदि वैज्ञानिक की हत्या में इजराइल का हाथ है, तो हाइफा पर हमला कर देना चाहिए

**एपी।** तेहरान

**ईरान के** एक कट्टरपंथी समाचार पत्र में रविवार को प्रकाशित लेख में सुझाव दिया गया है कि यदि ईरान के बंद हो चुके सैन्य परमाणु कार्यक्रम से जुड़े एक वैज्ञानिक की हत्या इजराइल ने की है, तो ईरान को इजराइली बंदरगाह शहर हाइफा पर हमला कर देना चाहिए। काहयान समाचार पत्र ईरान को निशाना बनाकर किए गए अभियानों का आक्रामक जवाब देने को लेकर लंबे समय से तर्क देता रहा है, लेकिन रविवार को प्रकाशित लेख में कहा गया कि ऐसा हमला किया जाए, जिससे न केवल उसके सुविधा केंद्र नष्ट हों, बल्कि बड़ी संख्या में लोग भी मारे जाएं। पिछले एक दशक में हुईं ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या को लेकर शक की सुई इजराइल की ओर है। उसने मोहसिन फखरीजादा की शुक्रवार को हुई हत्या के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है।ईरानी अधिकारियों ने हमले के लिए इजराइल को दोषी ठहराया है, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।ईरानी विश्लेषक

**● इससे पहले लेबनानी आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला भी हाइफा पर हमला करने की बात कर चुका है**

सादुल्ला जारेई द्वारा लिखे लेख में तर्क दिया गया है कि सीरिया में रेवॉल्यूशनरी गार्ड बलों पर संदिग्ध इजराइली हमलों के बाद ईरान की पहले की प्रक्रियाएं इजराइल को रोकने में नाकाम रही हैं। जारेई ने लिखा, हाइफा पर हमला और बड़ी संख्या में लोगों को मारना इजराइल को रोकेगा, क्योंकि अमेरिका और इजराइल सरकार एवं उसके एजेंट किसी युद्ध या सैन्य टकराव का हिस्सा बनने के लिए किसी भी तरह तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हाइफा पर हमला इराक में अमेरिकी बलों पर हुए ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले से भी बड़ा होना चाहिए। इससे पहले लेबनानी आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला भी हाइफा पर हमला करने की बात कर चुका है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 30 नवंबर, 2020



**अंकित श्यामसुख** का कहना है कि मौजूदा महामारी का सकारात्मक पक्ष यह है कि इसने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं व बीमा क्षेत्र को अपनी उस पद्धति में बदलाव लाने के अपार अवसर दिये हैं जिसमें कि यह आज काम करती है...



# प्रगति को दें गति

2018 की महामंदी के बाद, भारतीय बैंकिंग उद्योग ने कोविड -19 संक्रमण से पहले के कुछ महीनों तक अप्रत्याशित प्रगति देखी थी। जैसा कि समूची अर्थव्यवस्था ठहराव की स्थिति में आ गयी है, एक डराने वाली मंदी ने अब समूचे परिदृश्य को बदतर बना दिया है। हालांकि, इस संकट का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इस अप्रत्याशित दौर ने इसने बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं व बीमा क्षेत्र (बीएफएसआई) को अपनी पद्धति में बुनियादी बदलाव लाने के अपार अवसर दिये हैं जिसमें कि यह आज काम करती है।

दौर खुद बीएफएसआई क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए अपना परिष्कार करने तथा नए बिजनेस मॉडल को जांचने के, जो कि ज्यादा डिजीटल संचालित हैं, अत्यंत उपयुक्त है। उन्नत तकनीकों की सहायता तथा अपने मौजूदा प्रस्तावों को डिजीटलीकृत करके, वे अपनी सदियों पुरानी प्रक्रियाओं को अधिक नयी, ज्यादा अनुकूल कार्यप्रवाहों में रूपांतरित कर सकते हैं। आधारभूत सेक्टर मानते हुए जो देश की प्रगति को और तेज कर सकता है, बीएफएसआई में श्रमशक्ति की आवश्यकता ने भी उस प्रगति को तेज कर दिया है।

राष्ट्रीय कौशल विकास कार्पोरेशन ने बताया है कि साल 2008 व 2022 के बीच प्रस्तावित मानव संसाधन आवश्यकता अनुमानतया 4.2 मिलियन पर पहुंच जाने की संभावना है। अब, आइए बीएफएसआई इंडस्ट्री के विभिन्न पहलुओं, इसकी करियर संभावनाओं तथा आवश्यक योग्यताओं का पता लगाते हैं जो निहित रोजगार भूमिकाओं के लिए योग्यता शर्तों की पूर्ति के लिए आवश्यक हैं।

## बीमा अधिकारी

एक बीमा एजेंट बीमा बेचने के लिए संभावित ग्राहकों के साथ संबंध विकसित करता है। बीमा एजेंट विभिन्न प्रकार के बीमे तथा ग्राहकों के कवरेज के बारे में बताते और समझाते हैं प्रस्ताव देते हैं कि किस पालिसी को चुना जाए। बीमा एजेंट आटो, गृह, जीवन, या स्वास्थ्य बीमा कवरेज समेत विभिन्न क्षेत्रों में काम कर सकते हैं।

## पर्सनल बैंकर

पर्सनल बैंकर्स खुदरा बैंकिंग शाखाओं में काम करते हैं और विभिन्न बैंकिंग या वित्तीय आवश्यकताओं के साथ ग्राहकों की सहायता करते हैं। ऐसी आवश्यकताओं में शुरूआत जांच या वित्तीय आवश्यकताएं, गिरवी हासिल करना व आटो कर्ज तथा बैंकिंग उत्पादों में निवेश - डिपाजिट मनी मार्केट के सर्टीफिकेट्स एवं अन्य व्यवसायिक बैंकिंग उत्पाद आदि शामिल हो सकते हैं। वे रिटायरमेंट योजना के साथ ग्राहकों की सहायता कर सकते हैं। हालांकि निवेश बैंकर्स अधिकांशतय संस्थानिक निवेशकों के साथ काम करते हैं, मगर पर्सनल बैंकर्स प्रमुखतया रोजमर्रा लोगों के साथ काम करते हैं।

**यह दौर खुद बीएफएसआई क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए अपना परिष्कार करने तथा नए बिजनेस मॉडल को जांचने के लिए अत्यंत उपयुक्त है। उन्नत तकनीकों की सहायता तथा अपने मौजूदा प्रस्तावों को डिजीटलीकृत करके, वे अपनी सदियों पुरानी प्रक्रियाओं को अधिक नयी, ज्यादा अनुकूल कार्यप्रवाहों में रूपांतरित कर सकते हैं।**

## फाइनांस एनालिस्ट

न सिर्फ तकनीक के संदर्भ में, हम ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं जहां वित्तीय सेवाएं प्रकाश की गति से उन्नत हो रही हैं। यहां, वित्तीय एनालिस्टों की मांग तेजी से बढ़ेगी, जो वित्तीय इंडस्ट्र में सबसे ज्यादा मांग वाली नौकरियों में से एक बनने जा रही है। इसके अंतर्गत शामिल होने वाले रोजगार होंगे, सूक्ष्म आर्थिक तथा सूक्ष्म आर्थिक परिदृश्यों पर शोधकार्य, कंपनी की बुनियादी जानकारियों के साथ वित्तीय जानकारी एकत्रित करना, बहुआयामी प्रगति योजनाएं गढ़ना। यहां दुनिया की आर्थिक विविधताओं में दक्षता तथा विश्लेषणात्मक समझदारी के गुणों की आवश्यकता है।

## स्टॉक ब्रोकर्स या शेयर दलाल

वे दलाली कंपनियों के साथ जुड़े पंजीकृत विशेषज्ञ हैं या स्वतंत्र दलाल हैं। स्वतंत्र दलाल स्टॉक खरीदने व बेचने तथा संस्थानिक संरक्षकों समेत रीटेल की अन्य समान सुरक्षाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। रोजगार आम तौर पर तयशुदा फीस या कमीशन के आदान प्रदान में चलता है।

## वेतन भत्ते

इंडस्ट्री में नवागंतुकों के लिए वेतन पैकेज 10000 से 12000 प्रति माह होने की संभावना है। अनुभवी पेशेवर अनेक इनसेंटिव्स भी कमा सकता है, मसलन बिक्री में सात - तीस प्रतिशत हिस्सा, जो प्राप्त लक्ष्य के स्तर पर निर्भर करता है।

## आवश्यक योग्यताएं

सर्वाधिक अपेक्षित विशिष्ट योग्यताएं सेल्स, स्टॉक मार्केट जानकारी, गणितीय समझदारी, म्युचुअल फंड जानकारी, व बैंकिंग कामकाज की जानकारी में दक्षता प्राप्त होना है। अन्य व्यवहारिक योग्यताएं मसलन अच्छी संवाद योग्यताएं व आत्मविश्वास भी आपके बायोडाटा की महत्ता बढ़ा सकते हैं।

**- लेखक आईसीए एडू स्किल्स के सीईओ हैं।**

# शिक्षकों के लिए अपना स्तर उन्नत करने का समय

**छात्रों से योग्यताओं की मांग में बदलाव लगातार प्रतिस्पर्धाओं के लिए गहन निहितार्थों की मांग करते हैं जिनमें शिक्षकों से अपेक्षा होती है कि वे अपने छात्रों को ये योग्यताएं असरकारी ढंग से सिखाएं। हम ऐसे दौर में नहीं रह रहे हैं जब एक तयशुदा विषय सामग्री को पढ़ाना शिक्षा के केन्द्र में था। आज, नौकरियां बदल रही हैं और इसलिए शिक्षकों के प्रति अपेक्षाएं बदल रही हैं। शिक्षकों से विविधतापूर्ण शिक्षणशास्त्रीय गतिविधियों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। शिक्षा दृष्टिकोण केन्द्रित केरीकुलम के विपरीत आज फोकस विद्यार्थी पर है।**



Rishabh Khanna
Cognitive scientist & founder of Suraasa

पारंपरिक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम व कोर्स वर्क 21वीं सदी के लिए शिक्षकों को तैयार करने में विफल हुए हैं। कोई विकल्प न रहने से, हमारे शिक्षक मौजूदा अध्यापन पद्धति पर निर्भर हैं। योग्यताओं की अनुपस्थिति या शिक्षा व शिक्षक रोजगार प्रोफाइल की मांगों के बीच की खाई निरंतर एक बड़ी बाधा बनती है जिसका कि शिक्षक अपने करियर में सामना करता है। यही प्रमुख कारण है कि क्यों शिक्षण अंतिम करियर विकल्प बन गया है। अनुपलब्ध होने से लेकर अपर्याप्त व पुराना होने तक, टीचर शिक्षा निरंतर अकादमिकों व करिकुलम विशेषज्ञों के बीच बहस का लोकप्रिय विषय बनती है।

यदि शिक्षक ऊंचे वेतन वाली नौकरियां पाना, करियर अवसर तलाशना तथा अंतर्राष्ट्रीय योग्यताएं व प्रमाणन पाना चाहते हैं तो उनके लिए अपनी योग्यता का स्तरोन्नयन करना अनिवार्य है।

छात्रों से योग्यताओं की मांग में बदलाव लगातार प्रतिस्पर्धाओं के लिए गहन निहितार्थों की मांग करते हैं जिनमें शिक्षकों से अपेक्षा होती है कि वे अपने छात्रों को ये योग्यताएं असरकारी ढंग से सिखाएं। हम ऐसे दौर में नहीं रह रहे हैं जब एक तयशुदा विषय सामग्री को पढ़ाना शिक्षा के केन्द्र में था। आज, नौकरियां बदल रही हैं और इसलिए शिक्षकों के प्रति अपेक्षाएं बदल रही हैं। शिक्षकों से विविधतापूर्ण शिक्षणशास्त्रीय गतिविधियों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। शिक्षा दृष्टिकोण केन्द्रित केरीकुलम के विपरीत आज फोकस विद्यार्थी पर है।

हम कह सकते हैं कि आज पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की पद्धति शिक्षकों से अपनी पेशेवर जानकारी व योग्यताएं निरंतर उन्नत करते रहने की मांग करती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले बदलावों की अद्यतन जानकारी, मांग अनुरूप योग्यताएं, भविष्य के काम एवं छात्रों के संभावित करियर की जानकारी रखें। उनसे अपेक्षा है कि वे नवोन्मेषन के एजेंट बनें क्योंकि उन्नत गुणवत्ता व व क्षमता के जरिए, नवोन्मेषन प्रगति के नए स्रोत पैदा करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सर्वाधिक असरकारी बनने के लिए, शिक्षण परिवेश को सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षण सामाजिक एवं अक्सर साझीदारीपूर्ण हो, छात्र प्रोत्साहनों के अत्यंत अनुरूप हो, शिक्षण को केन्द्रीय बनाता हो व भागीदारी को प्रोत्साहन देता हो, वैयक्तिक विशिष्टताओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील हो, तथा स्कूल के अंदर व बाहर दोनों, गतिविधियों व विषयों के बीच के संबंधों को प्रोत्साहित करता हो।

21वीं सदी के अध्यापक से अपेक्षा की जाती है वो लगनशील हो, उन्नतशील हो, नैतिक हो, मूल्यवान पेशेवर हो, ऊंचे मानदंडों वाला हो, जिज्ञासु स्वभाव वाला हो, सीखना चाहता हो व ढलने वाला तथा व्यवहारिक हो। उनमें जन प्रबंधन योग्यताएं, मददगार योग्यताएं, तकनीकी योग्यताएं, शिक्षणशास्त्रीय योग्यताएं, मंथन योग्यता एवं चिंतनशीलता, संप्रेषण योग्यताएं, नवोन्मेषन योग्यताएं एवं सामाजिक एवं भावनात्मक समझदारी होनी चाहिए।

आनलाइन शिक्षण पहले से उभार पर है भले ही हम महामारी असर पर ध्यान नहीं देते हैं और इसके अधिक छात्रों के बीच लोकप्रिय होने की संभावना है। महामारी ने आचरणगत बदलाव लाए हैं। शिक्षकों का स्तरोन्नयन अत्यंत महत्वपूर्ण है जिससे कि आनलाइन शिक्षण तरीकों के संदर्भ में उत्तम क्रियाओं पर उन्हें मार्गदर्शन मिल सके।

शिक्षक स्तरोन्नयन का मसला जटिल और बहुआयामी दोनों है। अध्यापन को सुधारने की मुख्य आधारशिला है - शिक्षण व उसके परिप्रेक्ष्यों में नए बदलावों की गहन जानकारी होना। बाल शिक्षण ने किस प्रकार बीते सालों में जबरदस्त बदलाव लाया है, हालांकि, इसका शिक्षण कार्य पर गहरा असर नहीं पड़ा है क्योंकि अधिकांश शिक्षक अभी भी स्थापित मान्यताओं के जरिए नए विचारों की व्याख्या करते हैं।

## स्कॉलरशिप



द युनिवर्सिटी आफ शेफील्ड दो मेधावी छात्रों के लिए 4000 पौंड की ट्यूशन फीस की धनराशि वाली दो इंटरनेशनल एलएलएम स्कालरशिप्स का प्रस्ताव दे रही है।

**योग्यता:** फीस के संदर्भों से आपको एक विदेशी छात्र होना चाहिए, आपके पास पूर्णकालिक एलएलएम (शेफील्ड एलएलएम, एलएलएम कार्पोरेट एवं कामर्शियल लॉ एवं एलएलएम इंटरनेशनल लॉ एवं ग्लोबल जस्टिस पाथवेज समेत ) की पढ़ाई करने का हमारे द्वारा भेजा गया अकादमिक प्रस्ताव होना चाहिए, आपके पास आवेदन नंबर होना चाहिए।

स्कालरशिप आवेदनों पर प्रवेश के आपके आवेदन के साथ जोड़कर विचार किया जाएगा।

सफल आवेदकों को जुलाई 2021 के अंत से पहले सूचित किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें:** आपको इंटरनेशनल एलएलएम स्कालरशिप आवेदन फार्म भरना होगा, इसमें 2000 शब्द का निबंध शामिल होगा। निबंध - विषय, ' लॉ अलोन केन नॉट एड्रेस ऑल सोशल प्राब्लेम्स ' पर चर्चा करें।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** आवेदन की अंतिम तिथि 11 जून, 2021 है।

द युनिवर्सिटी आफ सस्काचेवन अपने अकादमिक सत्र 2021-2022 के लिए इंटरनेशनल बाक्यूलॉरिएट (आईबी) एक्सीलेंस अवार्ड्स के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

**अवार्ड :** सभी चयनित छात्रों को 20000 डॉलर की स्कालरशिप धनराशि प्रदान की जाएगी।

**योग्यता:** युनिवर्सिटी द्वारा प्रस्तावित सभी विषयों में अंडरग्रेजुएट डिग्री। आवेदकों को निम्न मापदंडों को पूरा करना होगा: पूर्ण आईबी डिप्लोमा पूरा करके युनिवर्सिटी आफसस्काचेवन में किसी भी डायरेक्ट-इंट्री कालेज में प्रवेश करने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्र (अंतरात्मक ट्यूशन का भुगतान करने वाले गैरकनाडाई नागरिक) आईबी एक्सीलेंस अवार्ड के लिए विचार किए जाएंगे।

ग्रहणकर्ता गारंटीड इंट्रेंस स्कालरशिप के अलावा इंटरनेशनल बाकालारिएट एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करने के योग्य हैं।

भारतीय छात्र आवेदन कर सकते हैं।

छात्रों को निम्न अनिवार्य सहयोगी दस्तावेज भी जमा करने होंगे - अकादमिक पांडुलिपि, पासपोर्ट की छायाप्रति।

**प्रवेश शर्तें:** प्रवेश लेने के लिए, आवेदक युनिवर्सिटी की सभी प्रवेश शर्तों को जांच लें।

**अंग्रेजी भाषा शर्तें:** यदि अंग्रेजी आपकी प्रथम भाषा नहीं है तो आपको प्रदर्शित करना होगा कि अंग्रेजी भाषा योग्यताएं पर्याप्त उन्नत स्तर की हैं ताकि आप अपनी पढ़ाई में कामयाबी पा सकें।

**आवेदन कैसे करें:** अंडरग्रेजुएट एडमिशन के लिए आनलाइन आवेदन करके, छात्र स्कालरशिप हेतु विचारयोग्य मान लिए जाएंगे।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 15 फरवरी, 2021।

# वैश्विक सोच वाले पेशेवरों के लिए बढ़ेंगे अवसर

**क्रमश:** जुड़ती जा रही दुनिया में, विश्व स्तरीय संगठन वैश्विक सोच वाले पेशेवरों की नयी नस्ल की तलाश रहे हैं। 21वीं सदी के नेतृत्व को ऐसे मैनेजर चाहिए जो चीजों को भिन्न ढंग से देख सकें और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में सही फैसले ले सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असरकारी ढंग से काम करने के लिए वैश्विक समझदारी व अंतर-सांस्कृतिक योग्यता समेत नए किस्म की योग्यताओं की आवश्यकता होती है। ये दोनों योग्यताएं मिलकर संस्कृतियों तथा वैश्विक स्तर पर व्यापार के लिए इनका क्या अर्थ होता है, में भिन्नताओं व समानताओं की प्रशंसा करने की योग्यता वाले मैनेजर तैयार करती हैं।

वे दिन बीत गए जब एक सफल नेता या मैनेजर अच्छी विश्लेषणात्मक व संप्रेषणीय योग्यताओं के बल पर अपने करियर में बहुत सफलता पा सकता था। आज की वैश्विक दुनिया में, हालांकि संप्रेषण एवं विश्लेषणात्मक योग्यताएं महत्वपूर्ण है मगर इसमें कहीं अधिक महत्वपूर्ण बुद्धिमानी है जो आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक है।

विश्व आर्थिक मंच की एक हालिया रिपोर्ट निम्न की कोविड उपरांत दौर में आवश्यकता के बतौर पहचान करती है । इनमें परिप्रेक्ष्यगत समझदारी, नैतिकता एवं नैतिक समझदारी, भावनात्मक एवं सामाजिक बुद्धि, डिजीटल बुद्धि, सृजक/नवोन्मेषी बुद्धि एवं रूपांतरणकारी बुद्धि शामिल है। इनमें से प्रत्येक को निरंतर दुनिया भर में हो रही घटनाओं की जानकारी के जरिए उन्नत किए जाने की आवश्यकता है।

मैनेजरों व नेताओं को लगातार उन चीजों के बारे में जानने की जरूरत है जो इन जटिल प्रतिस्पर्धाओं की पृष्ठभूमि में दुनिया में घटती हैं। इससे उन्हें प्राथमिकता चुनने तथा प्रासंगिक फैसले लेने में सहायता होगी। उन्हें सांस्कृतिक बारीकियों व भावों को जानने की भी आवश्यकता है ताकि वे सफ्लतापूर्वक वैश्विक परिप्रेक्ष्य में व्यापार कर सकें।

हार्वर्ड युनिवर्सिटी द्वारा किए गए हालिया शोध ने 21वीं सदी मैनेजर के लिए प्रमुख नेतृत्व योग्यता के रूप में वैश्विक समझदारी की पहचान की। इसे कार्नेल युनिवर्सिटी में किए गए एक अन्य अध्ययन द्वारा वैधता प्रदान की गयी है, जहां लोगों के तीन समूहों को




प्रसिद्ध डंकर कैंडल प्रोब्लम दी गयी। एक समूह में ऐसे लोग थे जिनका एक देश का अनुभव और जानकारी थी, दूसरे समूह को दो देशों की जानकारी थी तथा तीसरे समूह को अनेक देशों का तर्जुबा था। परिणाम चौंकाने वाले थे, जिस समूह के पास बहुदेशीय जानकारी थी उसने अन्य दो समूहों की तुलना में संज्ञेय समस्या सुलझाने में कहीं अधिक स्तर पर सफलता पाई।

**माइंड इट**

दुनिया भर के कार्पोरेशन बहुप्रतिभाशाली, बहुआयामी व्यक्तियों की तलाश कर रहे हैं जो युवा जगत में चुनौतीपूर्ण समस्याएं सुलझाने के लिए, उपरोक्त की तरह, विविध क्षमताओं वाले होते हैं, जिनका प्रतिनिधित्व परिवर्तनशीलता, अनिश्चितता, जटिलता और संदिग्धता करते हैं। वैश्विक जागरूकता के साथ ये क्षमताएं समय की आवश्यकता बन गयी हैं व भविष्योन्मुखी बिजनेस स्कूलों ने सचेतन रूप से अंतर्राष्ट्रिय अनुभवों को कैरीकुलम के हिस्सा बना लिया है।

यह सिर्फ विभिन्न स्थानों को घूमना मात्र नहीं है। यह एक जबरदस्त अनुभव से कहीं परे जाता है जो इन विभिन्न देशों की राजनीति, अर्थशास्त्र, व्यापार एवं संस्कृति के आयामों की थाह हासिल करता है। ऐसे तजुर्बे से होकर गुजरने वाले भागीदार जागरूक होते हैं और वैश्विक चुनौतियों के लिए ज्यादा खुले होते हैं और धीरे धीरे वैश्विक रूप से प्रासंगिक पेशेवरों में बदल जाते हैं। अपने करियरों में तेजी से आगे बढ़कर, जब उनका जटिल होती वैश्विक चुनौतियों से वास्ता पड़ता है तो विविधतापूर्ण वैश्विक वातारणों में अनोखे अनुभव उनकी संज्ञानात्मक योग्यताओं को उन्नत बनाते हैं और विविधतापूर्ण परिप्रेक्ष्यों के बिन्दुओं को जोड़ने में उनकी सहायता करते हैं। वैश्विक पंछी की दृष्टि से समस्याओं को देखने की यह अनोखी योग्यता भविष्य के सफल मैनेजर के लिए गेमचेंजर बन सकती है।

**- लेखक प्रोफेसर क्रिष्टोफर अब्राहम, दुबई कैम्पस, एसपीजैन स्कूल आफग्लोबल मैनेजमेंट के सीईओ एवं हेड हैं।**

# ...जब आग का गोला बन गई डीसीएम

● बिसवां के पावर हाउस के पास हुआ हादसा

चालक ने नाले के पानी से बुझाई आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता। बिसवां सीतापुर


बिसवां में धू-धू कर जलती डीसीएम

**बिसवां कोतवाली** इलाके में रविवार की सुबह एक डीसीएम धू-धूकर जल गई। देखते ही देखते डीसीएम भीषण आग का गोला बन गई। चालक ने आग को बुझाने का प्रयास किया मगर वो असफल रहा। ये हादसा पावर हाउस के समीप हुआ। इस घटना में करीब डेढ़ का नुकसान होने का अनुमान है। रविवार की सुबह एक डीसीएम लखनऊ से वाया बिसवां से सीतापुर जा रही थी। बिसवां कोतवाली के पावर हाउस के पास पहुंचते ही डीसीएम में अचानक आग लग गई। शार्ट सर्किट से लगी आग ने डीसीएम को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते देख डीसीएम चालक व क्लीनर वाहन से उतर और आग बुझाने में जुट गए, हालांकि आसपास कोई हैंडपंप नहीं दिखा तो चालक छोटे लाल नाले के पानी से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक डीसीएम आग का गोला बन चुकी थी। आग से डीसीएम के टायर व अन्य सामान जल गया।

# भाजपा ने जनता व किसान को ठगाः आर.के. चौधरी

● उरदौली में आयोजित एक कार्यक्रम बीएस-4 के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया सम्बोधित

**सीतापुर।** भाजपा ने केवल जनता को ठगा है, जवान-नौजवान बेरोजगार हो गए है और प्रदेश में किसानों की समस्याओं को कोई ध्यान से नहीं देख रहा है, कोई भी उनकी बात अच्छे से नहीं करता है, हमारा कहना है कि संगठित होकर सरकार को बदलो और अपने समाज के लोगो को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाए। यह बात उरदौली में हुई एक बैठक को सम्बोधित करते बीएस-4 के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.के. चौधरी ने कही। उन्होंने का कि समय के साथ बदलाव बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना बदलाव के कुछ भी हांसिल नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर संयोजक इन्द्रपाल राजवंशी, प्रवीण राजवंशी, एड. बेचेंलाल वर्मा, भगौती प्रसाद, रामचन्द्रर, अमित राजवंशी, रामाधार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


सीतापुर-आरके चौधरी का स्वागत करते प्रवीण

## क्विक न्यूज

### थाना सकरन इलाके का मामलाः नाबालिग को अगवा कर बनाया हवस का शिकार..!



● नाबालिग को अगवा कर किया गैंगरेप, पिता ने दी नामजद तहरीर, मुकदमा दर्ज

● पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया

**सकरन सीतापुर।** थाना सकरन इलाके में 2 लोगों द्वारा एक नाबालिग किशोरी को अगवा करने व उसका गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। दरअसल पीड़िता के अनुसार जब वह शौच के लिए गई थी तो दो लोग पहले से ही वहां मौजूद थे। आरोप है कि गांव के ही 2 लोग उसे पकड़ कर गन्ने के खेत में खींच ले गए और उसके साथ गैंग रेप किया है। पीड़िता ने जब घर में बताने की बात कही तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पिता ने गांव के जगतपाल व तीरथराम के खिलाफ नामजद तहरीर थाने में दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ लहरपुर यादवेंद्र यादव ने भी मौके पर पड़ताल की। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पीड़िता आरोपियों को पहले से जानती है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मुख्य आरोपी जगतपाल को हिरासत ले लिया गया है।

### कम पड़े केस, कोरोना के मिले दो नए मरीज




**सीतापुर।** सीतापुर में कोरोना के आंकड़ों में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। हालांकि जनमानस की सजगता के चलते आंकड़े वेगमान नहीं हैं। पिछले 24 घंटे में 5 नए कोरोना मरीजों की पहचान की गई है। षहर में एक भी कोरोना मरीज नहीं मिला है। रामपुर मथुरा में 2 और कसमंडा व लहरपुर क्षेत्र में 1-1 मरीज मिला है। इसी के साथ सीतापुर मे कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 46 सौ के करीब पहुंच गई है। अब तक सीतापुर में 70 लोग महामारी के शिकार हो चुके हैं। तकरीबन 46 सौ संक्रमित पाए गए हैं। ऐसे में सावधानी बरतने की जरूरत है। हाट, बाजार, ब्याह-षादी आदि में कोविड प्रोटोकॉल को दरकिनार नहीं करना है। हर जगह कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए शरीक होना है।

### 80 लीटर पकड़ी गई अवैध शराब

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने 80 लीटर कच्ची शराब के साथ 10 अभियुक्तों को गिरतार किया है। सर्वाधिक शराब जब्त करते हुए मिश्रिख पुलिस ने 7 अभियुक्तों को पकड़ा है। इसके अलावा रेउसा पुलिस ने 20 और महोली पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पकड़े गए अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है।

### युवक का गन्ने के खेत में मिला शव

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां इलाके के विपिनिया कुतुबपुर में युवक का शव गन्ने के खेत में मिलने हड़कंप मच गया। मृतक की शिनाख्त निशान्त पुत्र रामबरन निवासी गोण्डा के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी इन्द्रजीत सिंह ने बताया मृतक कुछ दिन पहले अपने मामा विपिनिया निवासी शत्रोहन के यहां आया था। इसकी गुमशुदगी रविवार सुबह दर्ज कराई गई थी। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### लड़की के गायब होने के मामले ने पकड़ा तूल

● परिजनों की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**सीतापुर।** तम्बौर इलाके के माखूबेहड़ गांव से एक लड़की के गायब होने का मामला तूल पकड़ने लगा है। दरअसल, हिंदू संप्रदाय की लड़क को एक संप्रदाय के लड़के द्वारा भगा ले जाने की परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिस युवक पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उसके साथ ही वह लकड़ी का व्यापार करती थी। हिंदू वादी संगठन मामले को लव-जिहाद से नया रंग देने लग गए हैं।

### शातिर अपराधियों पर हुई कार्रवाई

**सीतापुर।** शातिर अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए सीतापुर पुलिस ने नशा कारोबार, चोरी-नकबजनी व पशु चोरी मामले में शामिल अभियुक्तों के 3 गैंग रजिस्टर किए हैं। नशा कारोबारी गैंग में कोतवाली बिसवां इलाके के दायरा निवासी शाहजहां को लीडर बनाते हुए पुलिस ने मुस्कान व मोबीन, मियांगंज के आमरीन, खुर्शीद व रपटू, पक्का कटरा के अनीस व जलीस, जरावन के धर्मेन्द्र और पैंतेपुर की हिना को शामिल किया है। चोरी व नकबजनी मामले में गैंग में शहर कोतवाली इलाके के दुर्गापुरवा निवासी अंकित रस्तोगी को लीडर बनाते हुए पुलिस ने शास्त्री नगर के संतोष, बम्भन पुरवा के प्रेम व दुर्गापुरवा के सिकन्दर को शामिल किया है। इसके अलावा पशु चोरी के गैंग में कोतवाली लहरपुर के चन्देसुआ निवासी सुरेन्द्र सिंह को लीडर बनाते हुए चन्देसुआ के ही कल्लू यादव व मल्खे और लंघनिया के रामू को शामिल कर दी।

### कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालु गोमती नदी में लगायेंगे डुबकी

**नैमिषारण्य सीतापुर।** नैमिषारण्य स्थित आदिगंगा गोमती के राजघाट, देवदेवेश्वर घाट समेत जनपद के सभी प्रमुख तीर्थों और घाटों पर स्नान कर श्रद्धालु दान करेंगे प्रात:काल सुबह 5 बजे से ही गोमती नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्नान, पूजन का सिलसिला शुरू हो जायेगा जिसको देखते हुए नगर पालिका मिश्रिख द्वारा घाटों पर साफसफाई कर तैयारियां की जा रही हैं ।घाटों को चाकचौबंद किया जा रहा हैं चक्रतीर्थ पर स्नान प्रतिबंधित होने के कारण श्रद्धालु केवल आचमन मार्जन ही कर पाएंगे। कार्तिक पूर्णिमा को देवता भी देवलोक में दीपदान करते है इसलिए इस तिथि को देवदीपावली के नाम से भी जाना जाता है । इसी दिन सायंकाल भगवान विष्णु ने मत्स्यावतार लिया था इस कारण आज के दिन दान,जप आदि का फल दस यज्ञों के समान है । कार्तिक पूर्णिमा को पवित्र तीर्थ य नदी में पूर्वाभिमुख प्रात:काल स्नान करने का विशेष महत्त्व है ।

### दुकान में लगी आग से एक लाख का सामान खाक


मछरेहटा-दुकान जलने के बाद राख दिखाता पीड़ित

● पीड़ित ने गांव के ही लोगों पर लगाया आरोप

**सीतापुर।** मछरेहटा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर समहिया चौराहे पर शनिवार की रात लगभग 1 बजे खोखा में आग लग गई और किराने का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित किशोरी लाल ने बताया कि हमारी दुकान में आग लगाई है। पीड़ित ने समहिया निवासी संतराम व उनकी पत्नी पर दुकान पर तेल छिड़कर आग लगाने का आरोप लगाया है। थाना अध्यक्ष ओपी तिवारी ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

# नहीं बने इज्जत घर, निकल गया पैसा

● सपथ पत्र देकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

**विकासखंड** मछरेहटा के जालेपारा की ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से शौचालय में हुआ बड़ा घोटाला सामने आया है। अधिकारियों की साठ गांठ के चलते सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय व आवास में जम कर भ्रष्टाचार किया गया है। बताते चलें जाले पारा निवासी रजनीश कुमार पुत्र कृष्ण कांत सिंह ने सपथपत्र दे कर जिलाधिकारी को अवगत कराया है। मुख्यमंत्री संदर्भ संख्या 40 1542 00 51 461 पर शिकायत की है कि मुझे शौचालय नहीं मिला है। दिनांक 19 नवम्बर 20 को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विनय कुमार लोधी ने फर्जी आख्या लगाकर कागज पर शौचालय निर्माण चल रहा दिखाया गया है । मौके पर एक ईट भी नही लगी है। तनवीर सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह अवनीश कुमार पुत्र कैलाश सिंह अनूप कुमार पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह के अधूरे पड़े शौचालय शिकायत करने के बाद पूर्ण करा दिए गए हैं। कुछ ग्रमीणों के शौचालय बने भी नही है। इसी तरह आवास सूची से नाम कटवा देने का आरोप रुचि सिंह पत्नी आनंद बक्स,स्नेह लता पत्नी अवधेश सिंह, ममता सिंह पत्नी अवनीश सिंह, सीमा सिंह पत्नी अजीत सिंह ,सीमा सिंह पत्नी तेजपाल सिंह, मैंनाज बानो पत्नी हारून अली सहित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की हैं।

# ओपन माइक कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने मोहा मन



● वात्सल्य फाउंडेशन द्वारा हिंदी सभा में हुआ आयोजन

**सीतापुर।** रविवार को वात्सल्य फाउंडेशन द्वारा सीतापुर के हिंदी सभा मे ओपन माइक का आयोजन किया गया ए जिसमे कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लगभग 60 लोगों ने शायरी, गीत, गजल और नृत्य प्रतियोगिता में परफॉर्म किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सुषमा मोहन पांडेय व तुषार मिश्रा व संस्था के अध्यक्ष सुधांशु तिवारी श्याम ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रम के संयोजक सत्यम त्रिपाठी ने बताया कि अर्पित, शैलेश मिश्र, आकाश सिंह सोमवंशी, रोज़ गुप्ता, अलीशा मेहराज आदि ने प्रतिभाग किया। अवधराम गुरु ने मंच का संचालन करते हुए गांव के हम लड़के सुनाकर वाहवाही लूटी वहीं संस्था के अध्यक्ष श्याम ने जाना उसे था तो झूठा बहाना, घर के लोगों से डरते हैं हम सुनाकर वाहवाही लूटी। अंत में कार्यक्रम के सह संयोजक अर्पित मिश्र तेजस ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद देकर कार्यक्रम को संपन्न किया।

# बदलेगी सूरत, बिछेगा सड़कों का जाल


सीतापुर-एनआईसी में मौजूद सांसद राजेश वर्मा व अन्य

● सीएम ने वर्चुअल से 69 सड़कों का किया शिलान्यास

संवाददाता। सीतापुर

**जिले में** खस्ताहाल सड़कों की सूरत बदलेगी। इसके लिए शहरी-गंवई इलाकों में सड़कों का जाल बिछेगा। ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जिला पंचायत से बनेंगी। रविवार को राजधानी से प्रदेश मुख्यमंत्री ने वर्चुअल के जरिए यहां की 69 सड़कों का शिलान्यास किया। कहा कि सभी सड़कों का गुणवत्तापरक बनाई जाए। इस मौके पर सांसद राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, सीडीओ संदीप कुमार, एडीएम विनय पाठक व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भाजपा ने बनाया किसान विरोधी कानून


सीतापुर- ज्ञापन देते कांग्रेस पदाधिकारी

● कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी सीतापुर के तत्वाधान में एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्टेऊट को दिया। ज्ञापन में कहा गया कि मोदी सरकार ने देश के किसानों खेत और खलिहान के खिलाफ एक घिनौना षड्यंत्र किया है केंद्रीय भाजपा सरकार 3 काले कानूनों के माध्यम से देश की हरित क्रांति को हराने की साजिश कर रही है मौजूदा भाजपा सरकार देश के 62 करोड़ मजदूर ढाई सौ से अधिक किसान संगठनों को की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही हैं एवं जो संगठन इसकी आवाज को उठा रहे हैं प्रधानमंत्री उन संगठनों की आवाज को दबा कर लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं ज्ञापन में मौजूद कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि जिस तरह से सांसदों पर दबाव बनाकर संसद में जिस तरह से काले कानून को पास किया गया वह पूरी तरह से किसानों पर कुठाराघात है और जब जब देश का अन्नदाता परेशान हुआ है तब तब देशराजनीतिक विचारधारा है जिसने सदैव किसानों के हितों की बात की है एवं आगे आने वाले समय में भी कांग्रेस पार्टी किसानों की आवाज को बुलंद करेगी शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव एवं जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा कि यदि मांगे न मानी गई तो किसानों की लड़ाई के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेगी ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राज किशोर सिंह महासचिव चौक्ष विभु अवस्थी उपदेश गुप्ता धीरज कश्यप उदय मोतीवाल अमित मिश्रा अंशुमान ब्राह्मण ओम प्रकाश मिश्रा एजाजुद्दीन अंसारी प्रेमलता शुक्ला शिरीष चंद्र शुक्ला हसीना खातून मोहम्मद मोहित शेख राम लोटन मिश्रा महमूद अल हसन जावेद अख्तर उर्मिला दुबे अमित मिश्रा शिवम गुप्ता मुकुल श्रीवास्तव रामपाल यादव आदि उपस्थित थे।

# 'बिसात खाना' पुस्तक का हुआ विमोचन


सीतापुर-पुस्तक का विमोचन करते एसआर चेयरमैन पवन सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी

● अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने किया आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

**अन्नपूर्णा सेवा** संस्थान परिवार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महफूज रहमानी लिखित रचित किताब ''बिसात खाना'' विमोचन संगीत महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। संस्थान के संरक्षक व एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संस्थान के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने पुस्तक विश्लेशण किया। इस मौके पर शैलेन्द्री तिवारी, रिहाना अतीक, डॉ. शफी सीतापुरी, अषोक प्रजापति, खुष्तर रहमान आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता संगठन के नींव की तरह कार्य करते हैः भरत त्रिपाठी


सीतापुर-सम्बोधित करते पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी

● विशम्भरदयाल इंटर कॉलेज में हुआ मतदाता सम्मेलन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर भारतीय** जनता पार्टी नगर 2 के कार्यकर्ताओ द्वारा नगर के विश्वम्भर कालेज सभागार में मतदाता एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथी में पूर्व एम एल सी भरत त्रिपाठी उपस्थित रहे सम्मेलन के सुभारम्भ में मण्डल अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह, नगर महामंत्री अनीत मिश्रा, उपाध्यक्ष विनोद त्रिपाठी, नगर मंत्री संदीप अवस्थी, पंकज अवस्थी आकाश राय ने सभी अतिथियो का माल्यापर्ण करके स्वागत किया। सभा को सम्बोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कार्यकर्ता संगठन के नीव की तरह कार्य करते है सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर संगठन के प्रत्यासी के लिए मतदाताओं से संवाद करके उनके मत की मांग करनी होगी तभी विजय का तिरंगा फैलेगा अंत में मण्डल अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आशुतोष दीक्षित, आकाश राय, नैमिष रत्न तिवारी, पंकज पाण्डेय, राज बहादुर सिंह, दिनेश शुक्ल, सुनीत मिश्रा, आयुष मिश्रा, दुर्गेश मिश्रा, सत्यम त्रिवेदी, अनुपम शर्मा, रंजन गुप्ता, अनुराग दीक्षित, दिनेश शुक्ल, कमलेश तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, रमेश चन्द्र तिवारी, राकेश गुप्ता, सतेंद्र सिंह, शिवा गोश्वामी, राजन गुप्ता, सुरेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## सांसद ने मांगा वोटरों से समर्थन


पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते सांसद राजेश वर्मा

**मां पीतांबरा** देवी कमला देवी विद्यापीठ संस्थान पारा सरायं लहरपुर में स्नातक-शिक्षक मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सांसद राजेश वर्मा और सफीपुर उन्नाव के विधायक व शिक्षक चुनाव के जिला प्रभारी बंबालाल दिवाकर ने स्नातक और शिक्षक उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिला अध्यक्ष पंकज पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नैमिष रतन तिवारी, भाजपा नेता संतोष सिंह समरदहा, विधानसभा संयोजक आचार्य अरुण सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, नवल किशोर मिश्र, दिव्य कृष्ण मिश्र, अशरफ बिलाल, मोहम्मद हसीन अंसारी, मनोज त्रिवेदी, चंद्रगुप्त मौर्य आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

● तीन घायल अस्पताल में भर्ती

संवाददाता। मैलानी/गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**जिले के अलग**-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एक महिला सहित तीन घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मैलानी के अंतर्गत आने वाली चौकी कुकरा के अंतर्गत आने वाले गांव बूधरपुर निवासी चेतराम पुत्र छब्बा (65), उनकी पत्नी राम देवी (55), पुत्र हरिश्चंद्र (30) व मुनेश कुमार (27) एक डग्गामार वैन को किराए पर लेकर चेतराम की पीलिया का इलाज कराने भीरा जा रहे थे। वैन में सवार लोगों के मुताबिक वैन चालक की तेज रफ्तार व लापरवाही के चलते इंदिरा नगर के पास वैन पहले रोड के किनारे खड़े डनलप व हैरो से टकराई और फिर पेड़ से टकराकर पलट गयी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। वैन में सवार वृद्ध चेत राम के सिर में काफी चोटें आईं।

हरिश्चंद्र के कमर व राम बेटी व मुनेश के हाथ पैरों में चोटें आईं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी कुकरा दिनेश सिंह हमराह पुलिस कर्मियों के घटना स्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए भिजवाया। चेतराम ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। अन्य घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

**गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार,** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बाघमारा के निकट जगदीश पुत्र रामस्वरूप उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी गुड़ियाना जनपद सीतापुर का रहने वाला है। वह अपने भाई के साथ गोला गोकर्ण नाथ क्षेत्र के अहमदनगर गांव में आया था। वहां से वह वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बाघमारा पेट्रोल पंप के पास जबरदस्त टक्कर मार दी। 108 एंबुलेंस के द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसी कड़ी में थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घरधनिया के निकट अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को और रौंद दिया। इसमें उस अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। दोनों शवों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेकर पंचनामा कर मुख्यालय पीएम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि दो एक्सीडेंट अज्ञात वाहनों से हुए हैं जिसमें दोनों की मौत हो गई है। पंचनामा भरवा कर मुख्यालय भेजा जा रहा है।

## बाघ ने किया भेड़ का शिकार



**निघासन-खीरी।** पांच रोज से क्षेत्र में आमद दर्ज करा चुके बाघ ने दिनदहाड़े एक भेड़ का शिकार कर लिया। बाघ की सूचना पाकर मौके पर तमाम लोग एकत्र हो गये। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने खेतों में काम्बिंग की है।रविवार को बिहारीपुरवा गांव निवासी अवध राम पाल अपने भतीजे कुलदीप के साथ रानीगंज गांव के उत्तर जबदी ताल में भेड़ चरा रहा था। इसी दौरान पास के ही रूप सिंह के गन्ने के खेत से बाघ निकला और एक भेड़ को उठा ले गया। अवधराम के शोर शराबा करने पर खेतों में काम रहे ग्रामीण व राहगीर परसराम यादव, राम, सुखदेव सिंह, मुन्नालाल, हेमकुमार व सतनाम सिंह आदि आ गये और शोर करने लगे। बाघ होने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गये। वहीं सूचना पर पहुंचे रेंजर राममिलन संग वन दरोगा मनोज यादव, वन रक्षक भूपेन्द्र कुमार, मोहन, तेजकरन ने काम्बिंग की। रेंजर राममिलन ने बताया कि पदचिन्हों से बाघ होने की पष्टि हो गयी है। काम्बिंग की जा रही है। रात्रि गस्त के लिये टीम को लगाया गया है वहीं लोगों को सतर्क रहने की सलसह दी गयी है।

# दीक्षा एप एवं शैक्षणिक सामग्री का उपयोग बढ़ाने हेतु आउटरीच कार्यक्रमों का हो संचालनःडीएम



**लखीमपुर-खीरी।** डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की गत मासिक समीक्षा बैठक के अनुपालन के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में डीएम ने ऑपरेशन कायाकल्प, विद्यालयों के निरीक्षण सपोर्टिव सुपर विजन, शिक्षा के लिए डिजिटल पहल, मानव संपदा, समावेशी शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्ति करण की स्थिति, विद्यालयों का सविलियम, मध्यान्ह भोजन योजना सहित समग्र शिक्षा अभियान में वित्तीय प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालयों में 18 मूलभूत सुविधाओं के संस्कृतिकरण अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दीक्षा एप, अध्यापक आधारशिला ध्यानाकर्षण शिक्षण संग्रह माड्यूल के उपयोग पर बल दिया। आउट आफ स्कूल बच्चों एवं दिव्यांग छात्रों को मुख्यधारा में लाने हेतु उनकी पहचान एवं चिन्हीकरण किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि दीक्षा एप एवं शैक्षणिक सामग्री का उपयोग बढ़ाने हेतु आउटरीच कार्यक्रमों का संचालन किया जाए।

बैठक के अंत में बीएसए बुद्ध प्रिय सिंह ने कहा कि आज की बैठक में जो भी दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं उनका पूर्णतया अनुपालन किया जाएगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव, बीएसए बुद्ध प्रिय सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक दिलीप कुमार सिंह, सभी खंड शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यालय पर बैठक का आयोजन

● विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान में सिर्फ एक दिन बाकी है

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**एक दिसंबर** को स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव के दृष्टिकोण भाजपा कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह रहे। वहीं बैठक की अध्यक्षता विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि एक दिसम्बर को मतदान होना है। सभी कार्यकर्ता प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर चुके हैं। एक बार पुनः सभी मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर लें। उन्होंने कहा दोनों सीटें भाजपा भारी अंतर से जीतने जा रही है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि मतदान में सिर्फएक दिन बाकी है इसलिए तन मन धन से सभी लोग संगठन कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि जहां पर जो भी समस्या है उससे उनको अवगत कराएं वह उसके निवारण का हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ज्योतिर्मय बरतरिया, जिला महामंत्री मनोज वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राम दीक्षित, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संचालन नगर महामंत्री रवि शुक्ला ने किया।

## रंगबाजी करने वाला युवक गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला नगर में अवैध तमंचा लेकर रंगबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने दबोच कर जेल भेजा। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला ऊंची भूड़ निवासी अमन रस्तोगी पुत्र सुनील रस्तोगी अवैध तमंचा लेकर रंगबाजी करने की शिकायत पर पुलिस चौकी इंचार्ज विजय शुक्ला ने अपने हमराहियों के साथ धावा बोलकर गिरफ्तार कर लिया और जामातलाशी में अवैध तमंचा व कारतूस बरामद होने पर उसे जेल भेजा है।

## भारी मात्रा में शराब व लहन बरामद



**लखीमपुर-खीरी।** जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देश में आबकारी निरीक्षक मोहम्मदी रुद्रकांत मिश्र मय स्टाफ व पुलिस टीम एसआई सुरेश सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मपाल, अमर पाल सिंह, आरक्षी सोनाली यादव व अंजना देवी द्वारा साहबगंज कालोनी में संयुक्त दबिश दी गई। दबिश के दौरान सभी संदिग्ध स्थलों व घरों की नियमानुसार सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 105 लीटर अवैध कच्ची शराब व लगभग 2000 किग्रा लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। पांच व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। आबकारी निरीक्षक निघासन गिरीश आनंद मय स्टाफ व निघासन पुलिस टीम द्वारा बंतिपूर्वा, बरौठा तमोलीपुरवा व कृपाकुण्ड ग्रामों में संयुक्त दबिश दी गईं। तलाशी के दौरान लगभग 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व लगभग 1500 किग्रा लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है। 2 व्यक्तियो के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# एसएमसी का होगा गठनः बीएसए

● 50 फीसदी महिलाओं की भागीदारी होगी अनिवार्य

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**बीएसए** बुद्ध प्रिय सिंह ने बताया कि जिले के गैर अनुदानित विद्यालयों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति एसएमसी का गठन कराए जाने के संबंध में शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिससे नव गठित विद्यालय प्रबंध समिति दिसंबर 2020 से क्रियाशील हो सके।

उन्होंने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी प्रत्येक विद्यालय में एसएमसी के चुनाव की तिथि की मुनादी कराना सुनिश्चित करें। डीएम द्वारा नामित नोडल अधिकारी विकास खंड के समस्त विद्यालयों में एसएमसी के गठन के लिए उत्तरदाई होंगे। नोडल अधिकारी निर्धारित तिथियों में विकास खंड एवं नगर क्षेत्र के समस्त विद्यालयों में प्रबंध समिति का गठन कराएंगे। ब्लाक के प्रभारी अधिकारी द्वारा खुली बैठक हेतु उपलब्ध कार्मिकों की टीम गठित कर विद्यालय वार ड्यूटी आवंटित कराते हुए बैठक की तिथि एवं आवंटित अधिकारी का नाम ससमय उपलब्ध कराया जाए। एसएमसी का गठन यदि आम सहमति से न हो तो हाथ उठाकर बहुमत के आधार पर कराया जाए। विवाद की स्थिति में खंड शिक्षा अधिकारी गोपनीय मतदान से निराकरण कराएंगे। संबंधित प्रधानाध्यापक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के माता-पिता अथवा संरक्षक से संपर्क करते हुए बैठक के संबंध में अवगत कराएंगे। 50% बच्चों के माता-पिता एवं संरक्षक की उपस्थित होने की स्थिति में ही एसएमसी का चयन होगा।

समिति में बच्चों के माता-पिता अथवा संरक्षक ही समिति के सदस्य होंगे। सदस्यों में से एक अध्यक्ष एवं एक उपाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। समिति में 50% महिलाएं अवश्य होंगी। अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष में से भी एक महिला अवश्य हो। सदस्यों में एक सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, कमजोर वर्ग से भी सम्मिलित किया जाएगा। प्रत्येक कक्षा से न्यूनतम एक बालक के माता-पिता या संरक्षक समिति में अवश्य सम्मिलित होंगे।

## क्विक न्यूज

### महिलाओं की सुरक्षा करेगी संविपा

**फतेहपुर।** संयुक्त विकास पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में हो रहे बालिकाओं और महिलाओं के साथ अत्याचार को लेकर योगी सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनने पर बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अलग से सुरक्षा कमेटी गठित करेगी। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश महासचिव छत्रपाल मौर्य के नेतृत्व में उनकी टीम कार्य कर रही है और 2022 में प्रदेश में वे श्री मौर्या के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे और सबसे पहले बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का कार्य किया जाएगा।

### ब्लाक अध्यक्षों का जिला कार्यालय में हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में नव मनोनीत 13 ब्लाक अध्यक्षों का स्वागत किया गया। साथ ही पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी के गठन की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व जनपद के प्रभारी हनुमंत विश्वकर्मा ने ब्लाक अध्यक्षों का आवंटन किया। 11 दिसंबर तक ब्लाक कमेटी गठन अनिवार्य रूप से कर लें। आज जितेंद्र प्रसाद मिश्रा अष्टावक्र के नेतृत्व में दो दर्जन दिव्यांगजनों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। प्रदेश सचिव ने बताया कि न्याय पंचायत के तीन बैठकों में से 1 दिसंबर को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव और प्रदेश प्रभारी सचिन नायक शिरकत करेंगे। जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक दिसंबर माह के अंत में ले जाने का खाका तैयार किया गया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष मोहसिन खान, राजीव लोचन निषाद, डॉ0 अतुल कुमार, पंकज गौतम, वीरेंद्र चौहान, उदित अवस्थी, इरशाद खान, अशोक पाल, श्रवण कुमार, अब्दुल हफीज, सरताज अहमद, सैयद सादाब अली, रईस अहमद आदि उपस्थित रहे।

### रेलवे पुल के डिवाइडर पर बाइक टकराने से युवकों की मौत

**किशनपुर (फतेहपुर)।** थाना क्षेत्र के इटरौडा निवासी जयकरन पुत्र कंधई धोवी उम्र 22 वर्ष व दोस्त महेश कुमार पुत्र शिवप्रकाश कुम्हार उम्र 21 वर्ष दोनों लोग बाइक से जयकरन अपने मामा के लड़के पिंटू की शादी की गोदभराई रस्म में मुसैदापुर थाना थरियांव कंधईलाल धोवी के यहां आए थे। किसी काम से यह दोनों थरियांव आए हुए थे। वापस लौटते समय रसूलाबाद रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचे और बाइक तेज रफ्तार होने की वजह से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और दोनों बाइक सवार युवक उछलकर ओवरब्रिज के नीचे जा गिरे। दोनों लोगों ने हेलमेट नहीं पहना था। जिसके कारण अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। इधर गोदभराई रस्म में मुसैदापुर में और इटरौडा में दोनों जगह पर सुनते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। खबर सुनते ही परिजनो का रो-रोकर बेहाल रहे।

### भाई को चाकू मारकर किया घायल

**गाजीपुर (फतेहपुर)।** थाना गाजीपुर क्षेत्र के सुकेती गांव में शनिवार की देर शाम 7:30 बजे के करीब छोटे भाई ने बड़े भाई को घरेलू विवाद में पेट पर चाकू से वार कर हत्या करने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार ग्राम सुकेती के संतोष उर्फ बेटू पुत्र जोगराज लोधी 01 साल पहले रामराज उर्फलेखपाल से खेत मे लगे सफेदा के बंटवारे को लेकर आपस में विवाद हुआ था। जिसमें 01 साल पहले संतोष ने अपने हिस्से से 5/6 पेड़ कटवा लिए थे। फिर भी संतोष ने अपने बड़े भाई को पेड़ में हिस्सा नहीं देना चाह रहा था। जिससे घर में आपसी कहासुनी के बाद संतोष ने अपने बड़े भाई राम राज उर्फलेखपाल पुत्र जोगराज लोधी पर चाकू से हमला कर दिया और भाग गया। तभी पड़ोसियों ने अपने निजी वाहन से रामराज को जिला अस्पताल लेकर के गए। जहां पर डॉक्टरों ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां रामराज उर्फलेखपाल का इलाज चल रहा है।

### विहिप ने किया सामूहिक यज्ञ का आयोजन

**फतेहपुर।** विश्व हिन्दू परिषद/समन्वय मंच एवं सामाजिक समरसता के द्वारा जयराम नगर इलाके में गोष्ठी एवं सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों हिन्दू भक्तों ने उपस्थित होकर माताओं/बहनों सहित कार्य को सम्पन्न कराया। इसके मुख्य अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष एवमं समरसता मंच के प्रांत पालक अंबिका जी गुप्त, प्रांत उपाध्यक्ष एव संरक्षक बंशगोपाल, जिलाध्यक्ष सतीश शिवहरे, जिला धर्माचार सम्पर्क प्रमुख केशव सरन दुबे, जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर मिश्रा, जिला मंत्री डॉ0 शिव स्वरूप विश्वकर्मा, जिला समन्वय मंच संयोजक मिथलेश सविता, जिला सह गौरक्षा प्रमुख गोरे सिंह, जिला समरसता प्रमुख विमल कुमार सविता, जिला सहसंयोजक मनीष गुप्ता आदि लोग उपथित हुए।

### 69 किलो तांबे के साथ युवक गिरफ्तार

**चौडगरा (फतेहपुर)।** जनपद के कल्यानपुर थाना क्षेत्र के मोटू होटल के पीछे रेलवे लाइन के पीछे मय हमराही गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध अवस्था में अली मोहम्मद पुत्र मोहम्मद हनीफनिवासी घुरहा थाना बिंदकी वर्तमान निवासी चौडगरा खाद्य सोसाइटी के रहने वाले युवक के पास से 69 किलो तांबे के तार के साथ चार आदद देसी बम के साथ युवक को रविवार की सुबह 6 बजे पकड़नें का दावा चौकी इंचार्ज नें किया।

# नियम ताक में रख रूट डायवर्जन की जगह सवारियां भरने पर हुआ चालान



**चौडगरा ( फतेहपुर )।** जनपद के मलवां विकास खंण्ड के मुरादीपुर चौराहे पर रूट डायवर्जन स्थान पर वनवे रूट में अवैध तरीके से सवारियां भरते समय व वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत दिए गए नियमों का पालन ना करते पाए जानें पर रूटीन गश्त के दौरान कल्यानपुर थानाध्यक्ष अनूप सिंह नें सवारी गाड़ियों का चालान काट दिया। संदेश वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत बिना मास्क व रूट डायवर्जन के स्थान पर सवारियां भरते समय जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर चालान किया गया। बताते चलें कि कोविड-19 का खतरा दोबारा उत्पन्न हो गया है। जिसको लेकर शासन-प्रशासन धीरे धीरे कोविड-19 से बचाव के लिए दिए गए नियमों को लेकर सख्त रुख अख्तियार कर रहा है। नियमों का पालन न करने वालों पर कानूनी कार्रवाई, जागरूकता कार्यक्रम के साथ लोगों तक एक संदेश भेजा जा रहा है। जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं जिससे लोगों को कोविड-19 से बचाया जा सके।

# देश की सुरक्षा में लगे दो सीआईएसएफ जवानों को दबंग प्रधान की खुली चुनौती

संवाददाता। फ्तेहपुर

● छुट्टी पर घर आए तो लगवा दूंगा मुकदमा, पीएम को पत्र भेजकर जवानों ने लगाई गुहार, विभिन्न मुकदमों में खुद वांछित है प्रधान

**केन्द्रीय औद्योगिक** सुरक्षा बल की दिल्ली एवं भोपाल इकाईयों में तैनात दो जवानों ने हथगाम ब्लाक की ग्राम सभा मोहलिया के दबंग प्रधान तौसीफ उर्फ तौकीर अहमद की अपराधिक गतिविधियों और भ्रष्टाचार के बाबत प्रधानमन्त्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कच्चा-चिट्ठा खोलते हुए उसकी अपराधिक गतिविधियों और भ्रष्ट आचरण की उच्च स्तरीय जाच करवाने की मांग की है।

सीआईएसएफकी भोपाल एवं दिल्ली बटालियन में तैनात मोहम्मद अहमद एवं एजाज अहमद जो रिश्ते में चचेरे भाई हैं और जनपद के हथगांव थाना अंतर्गत मोहलिया गांव के मूल निवासी है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत विभिन्न राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय अधिकारियों को पत्र एवं ट्वीट आदि के माध्यम से ग्राम प्रधान तौसीफ उर्फ तौकीर अहमद पुत्र अब्दुल हमीद पर आरोप लगाया है कि वह स्वयं शातिर दिमाग अपराधी है और उसके खिलाफहथगाम थाने में बलात्कार समेत आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज है, बावजूद इसके उसकी गतिविधियों पर नियंत्रण नहीं पाया जा रहा है। खबर है कि तौसीफ पर पूर्व में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा सरकारी धन में हेरा फेरी करने का भी मुकदमा कायम कराया, इसके बाद भी जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से उसके खिलाफकोई कार्यवाही नहीं की गई। उनका यह भी आरोप है कि प्रधानी के चुनाव की रंजिश में वह गांव के तामाम लोगो का जीना दुश्वार किए हुए है। इस सन्दर्भ में हथगाम थानाध्यक्ष ने स्वीकार किया कि तौसीफ पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे कायम है। वही सूत्र बताते हैं कि एक मामले में उसे गिरफ्तार करने पुलिस मोहलिया गई किन्तु वह आज भी हाथ नहीं लगा। तौसीफकी दबंगई का आलम यह है कि वह खुद तो विभिन्न मुकदमों में वांछित है किन्तु गांव में उसकी प्रधानी के लिए जो भी खतरा समझ में आता है उस पर गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करवा देता है। भोपाल में तैनात सीआईएसएफ जवान मोहम्मद अहमद पिछले एक शादी समारोह में शामिल होने अल्प अवकाश में घर आया तो उसके विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम करवा दिया।

बताते हैं कि मोहम्मद अहमद से उसकी खुन्नस सिर्फ इतनी थीं कि उसे शक था कि उसके एक मुकदमें के लिए उसने पैरवी की थी। वहीं उपरोक्त जवान के चचेरे भाई सीआईएसएफकी दिल्ली इकाई में तैनात एजाज अहमद को भी खुली चुनौती दी है कि जब भी वह छुट्टी में गांव आयेगा उसे व उसके बुजुर्ग पिता को भी फसवा देगा। एक अन्य जानकारी के अनुसार आज पुलिस ने उसके एक पहुंच वाले पैरोकार की सिफारिश पर गांव के एक बुजुर्ग को बगैर किसी एफआईआर के उठा लिया, जो देर शाम तक थाने के लाकप में देखा गया।

यहां पर बडा सवाल यह है कि ऐसे अपराधियो पर कानून के रखवालों की कृपा दृष्टि आखिर कब तक और क्यों, क्या योगी राज में भी पुराना ढर्रा बना रहेगा। क्या देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन दाव पर लगाए जवानों को देश की सेवा के बदले यही सिला मिलेगा।

# सदर विधायक की मौजूदगी में हुयी मतादाता बैठक

संवाददाता। फतेहपुर

**प्रयागराज झांसी** स्नातक चुनाव तैयारियों को लेकर सदर विधानसभा के कैम्प कार्यालय विधायक विक्रम सिंह के निवास में मतदाताओं की बैठक सम्पन्न हुयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा में मार्ल्यापण कर किया गया। जिसमें पार्टी प्रत्याशी डॉ0 यज्ञदत्त शर्मा को भारी मतों से पांचवी बार एमएलसी बनाने की बात कही गयी। बैठक को सदर विधायक ने सम्बोधित करते हुये कहा कि श्री शर्मा पूर्व में 24 वर्षो से विधान परिषद में भारतीय जनता पार्टी का पक्ष रखते रहे है तथा उपनेता के दायित्वों का निर्वाहन विद्धता व विधायी कानूनों के जानकार के रूप में करते आ रहे है तथा उन्होंने प्रत्याशी के साफ सुथरे व सादगी पूर्ण व्यक्तित्व की चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा के विजय अभियान में स्नातक चुनाव मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में एक सैकडा स्नातक मतदाता वित्त विहीन शिक्षक अधिवक्ता व अन्न व्यक्तिगत कर्मचारी संगठनो के स्नातक मतदाता मौजूद रहे। बैठक में जिला संयोजक धन्नंजय द्विवेदी, विधानसभा संयोजक अर्चना त्रिपाठी, पुष्पा पासवान, अन्नू श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, शोभा सिंह, केशव, ब्रजेश द्विवेदी, जेपी सिंह फौजी नगर अध्यक्ष, डॉ0 देवेन्द्र श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, आनन्द मान सिंह, बच्चा तिवारी, शैलेन्द्र भदौरिया, प्रणवीर सिंह, जर्नादन त्रिपाठी, उत्कर्ष श्रीवास्तव, संजय, रवीन्द्र परमार अधिवक्ता, सन्तोष त्रिपाठी अधिवक्ता, राजेन्द्र भान सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से बालक की मौत

**फ्तेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम संवत में रविवार की दोपहर रोड किनारे खेल रहे 11 वर्षीय एक बालक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार संवत गांव निवासी मान सिंह का पुत्र छोटू आज दोपहर लगभग एक बजे घर के बाहर रोड किनारे खेल रहा था। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार ने बालक को टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक मौके पर बाइक छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया।

## घायल युवक की उपचार दौरान मौत

**फ्तेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ रोड पर चार दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल 23 वर्षीय युवक की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गयी। बताते चलें कि हथगांव थाना क्षेत्र के कोतला गांव निवासी जगतपाल का पुत्र विजय पाल चार दिन पूर्व मोटरसाइकिल से हुसैनगंज कस्बा रिश्तेदारी में आ रहा था। तभी लखनऊ रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय से कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया था। जिसकी देर शाम उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजन शव को लेकर वापस घर ले आये और पुलिस को सूचना दे दिया। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## मोबाइल छीनने वालों को पुलिस ने दबोचा

**खागा ( फ्तेहपुर )।** तहसील क्षेत्र में कोतवाली पुलिस ने ऐलई रोड़ के पास से चलती बाइक से मोबाइल छीन कर भाग रहे दो लोगों को दो तमंचा व एक पल्सर बाइक एवं एक मोबाइल सहित धर दबोचा। पिछले कई सप्ताहों से हाइवे व नगर क्षेत्र में लगभग आठ से दस मोबाइल छीन चुके थे।

# वृद्ध सहित चार लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत बीते चौबीस घण्टों के अंतराल में वृद्ध सहित चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मदरसी गांव निवासी रामेश्वर पाण्डेय का 60 वर्षीय पुत्र प्रेमनारायण पिछले काफी दिनों से मानसिक तनाव में रहता था। देर रात उसने जान देने के इरादे से जहर खा लिया। इसी प्रकार हथगांव थाना क्षेत्र के बुधेड़ा गांव निवासी राजाराम का 13 वर्षीय पुत्र निरंजन आज दोपहर अपने छोटे भाई शिवम से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। इसी प्रकार शहर क्षेत्र के देवीगंज मुहल्ला निवासी शिवचरन की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका देवी ने आज दोपहर मां की डांट से क्षुब्ध होकर जहर खा लिया। जबकि असोथर थाना क्षेत्र के सैबसी गांव निवासी भोला शुक्ला की 15 वर्षीय पुत्री नेहा शुक्ला ने अज्ञात कारणों द्वारा जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब चारों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया।

## सड़क हादसों में वृद्ध समेत तीन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान वृद्ध सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कला गांव निवासी बिंदा का 60 वर्षीय पुत्र होरीलाल आज दोपहर मोटरसाइकिल से खागा कस्बा किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह खागा चौराहे पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार सदर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से शहर क्षेत्र के पीलू तले मुहल्ला निवासी प्रकाश का 25 वर्षीय पुत्र आकाश उर्फहरि व वर्मा चौराहा निवासी बाबूलाल वर्मा का 30 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार बुरी तरह घायल हो गये।

## माइनर की सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: विधायक



संवाददाता। इटावा

**भरथना** की विधायक सावित्री कठेरिया ने कहा है कि माइनरों की साफसफाई में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। भरथना विधायक श्रीमती कठेरिया रविवार को भरथना विधानसभा क्षेत्र अंगतर्गत कन्धेसी व पाली माइनर की चल रही साफ सफाई का निरीक्षण करने पहुँच गई थी। इस मौके पर मौजूद कृषकों ने विधायक को बताया कि साफसफाई व माइनर की झराई ठीक नही होने पर किसान के खेतों पर व टेल तक पानी नही पहुँच पाता है। जिसपर विधायक श्रीमती कठेरिया ने मौजूद ठेकेदार व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि उपरोक्त माइनरों की साफसफाई के साथ किसानों के खेतों तक व टेल तक सिंचाई का पानी पहुँचना चाहिये। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता डॉ. रामस्वरूप यादव, डॉ. धर्मेंद्र कुशवाह, भाजपा सभासद मनोज गुप्ता आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक सैकड़ा गांव के किसान परेशान

### ● नहर में पानी न आना बना है किसानों के लिए मुसीबत का सबब



संवाददाता। जसवंतनगर

**भोगनीपुर** प्रखंड निचली गंग नहर करीब 45 दिन से सूखी पड़ी है। नहर में पानी न आने से रवी की फसल की बुवाई का काम बाधित हो रहा है। कई सैकड़ा गांवों के किसान नहर में पानी न आने से परेशान हैं। मजबूरी में प्राइवेट नलकूपों से महंगे दर पर सिंचाई करा रहे हैं। भोगनीपुर प्रखंड निचली गंग नहर का करीब 25 किमी हिस्सा जसवंतनगर में पड़ता है। क्षेत्र के कई सैकड़ा किसान सिंचाई के लिए नहर पर निर्भर रहते हैं। नहर के आसपास काफी जमीन ऐसी हैए जहां पर किसानों ने ट्यूबवेल आदि की भी व्यवस्था नहीं की है। एक अक्तूबर से रवी सीजन की शुरूआत हो चुकी है। इसमें चनाए मटरए राईध्सरसों का बुवाई का काम पूरा हो चुका है। एक नवंबर से गेहूं की बुवाई का काम भी किसानों ने शुरू कर दिया है। ऐसे में नहर में पानी न आने से किसान परेशान हैं। कई किसान प्राइवेट नलकूपों से महंगी दर पर सिंचाई कर खेतों में पलेवा करने को विवश हो रहे हैं।

गांव नगला रामसुंदर निवासी अन्नू किसान के अनुसार यह गेहूं की बुवाई का समय है। पलेवा के लिए पानी की जरूरत है। नहर में पानी नहीं है। जरूरत के समय कभी भी नहरों में पानी नहीं होता है। अधिकारियों को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए। गांव राजपुर निवासी किसान शैलेंद्र व सौरभ का कहना है कि पिछले वर्ष भी पलेवा के समय प्राइवेट नलकूपों से महंगी दरों पर सिंचाई करनी पड़ी थी। सिंचाई बंधु की बैठक कहने को प्रतिमाह होती हैए लेकिन इसमें सिर्फ कोरम पूरा किया जाता है।

### दिसंबर के अंतिम सप्ताह में पानी आने की संभावना

**भोगनीपुर** प्रखंड निचली गंग नहर में क्लोजर चल रहा है। इसमें सिल्ट.सफाई तथा टूट.फूट की मरम्मत आदि के काम होने हैं। दिसंबर के तीसरा सप्ताह में पानी आने की संभावना है।

**सुहैब उस्मानी अवर अभियंता भोगनीपुर प्रखंड निचली गंग नहर**

## डम्पर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, गंभीर घायल

संवाददाता। बसरेहर

**इटावा** बरेली हाइवे पर चौबिया व बसरेहर थाने की सीमा पर स्थित लोहिया नहर पुल पर रविवार की सुबह करीब 7 बजे बाइक सवार तीन युवकों को सामने से आ रहे तेज़ रफ़्तार डंफर ने टक्कर मारते हुए करीब 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक का हेलमेट पढ़कर नहर में जा गिरा तो वही ट्रक के नीचे बाइक 3 लोग फंसे होने के बावजूद भी ट्रक में रुकने का नाम नहीं लिया और करीब 50 मीटर तक घसीट दाऊआ साथ ले गया जिसमें बाइक सवार भानु तिवारी पुत्र उमाशंकर ग्राम खमेला थाना मंगलपुर कानपुर देहात व सैफ खान पुत्र मुन्नू खान ग्राम झिझक नहर पुल के पास व बिट्टू उर्फ साकिब पुत्र नफीस खा ग्राम कुम्हावर थाना सैफई गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने चिल्लाना शुरू किया तो हम पर चालक गाड़ी को छोड़ भाग खड़ा हुआ घटना की जानकारी पुलिस को ही तो मौके पर चौबिया थाना प्रभारी राजीव यादव व बसरेहर थाना प्रभारी नागेंद्र पाठक फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एंबुलेंस के जरिए तीनों घायलों को तत्काल सैफई ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया जहां सभी का उपचार किया जा रहा है जिसमें 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है जानकारी करने पर पता चला कि भानु तिवारी अपनी बहन की शादी के कार्ड बांट रहा था और अपने सबसे खास दोस्त सैफ खान के साथ उसके मामा नफीस खां कुम्हावर को शनिवार को कार्ड देने आया था और जब रविवार की सुबह दोनों दोस्त बाइक पर लौटने लगे तभी सैफ खान के मामा नफीस खान का पुत्र बिट्टू उर्फ साकिब साथ चलने की जिद करने लगा जिस पर तीनों लोग बाइक पर सवार होकर झींझक होते हुए मंगलपुर कानपुर देहात के लिए निकल गए तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

# कल भरथना में सात पोलिंग बूथों पर होगा मतदान

### 2 हजार 193 नगर के स्नातक मतदाता करेंगे मतदान, 2 हजार 676 ग्रामीण अंचल के स्नातक करेंगे मतदान

### ● नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कुल 4863 करेंगे स्नातक मतदान

### 6 पोलिंग बूथों पर स्नातक मतदाता करेंगे मतदान, 1 पोलिंग बूथ पर ब्लाक क्षेत्र के 350 शिक्षक करेंगे मतदान



संवाददाता। इटावा

**शिक्षक** व स्नातक निर्वाचन को लेकर जिला व तहसील निर्वाचनअधिकारियों ने पुर तैयारियां करली है। जिलानिर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर भरथना उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह की देख रेख में भरथना अन्तर्गत एसएवी इंटर कालेज में कुल सात पोलिंग बूथ बनाये गये है। जिसमे कुल 6 पोलिंग बूथों नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी 4863 स्नातक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

वहीं मात्र 1 पोलिंग बूथ पर ब्लाक क्षेत्र के लगभग 350 शिक्षक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

आपको बतादें शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन के मतदान हेतु बूथों की तैयारी कराने में भरथना राजस्व विभाग और भरथना नगर पालिका कर्मी पोलिंग बूथों की तैयारी में जुटे हुए है।

शिक्षक एवं स्नातक मतदाता आगामी 1 दिसंबर को मतदान कर सकेंगे। 7 बूथ बनाए गए हैं जिनमें से 6 बूथों पर स्नातक के वोट पड़ेंगे एवं एक बूथ पर शिक्षकों के वोट पड़ेंगे जिसके लिए बूथ तैयार करने का कार्य प्रारंभ हो गया है कस्बा लेखपाल अर्जुन सिंह चौहान व सुधीर चौबे पालिका कर्मी आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया के द्वारा बूथों के बनवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

## अज्ञात कारण से वृद्धा ने खाया जहर

**इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धौरखा में अज्ञात कारणों के चलते वाली 50 वर्षीय गिरजा देवी पत्नी जनवेद ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई । मृतक के बेटे विनोद कुमार ने बताया कि कल दिन में तकरीबन 11रू00 बजे विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था कारणों का पता नहीं चल सका उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया उसके बाद उनकी मौत हो गई।

## वृद्ध की मौत

**इटावा** भरथना थाना क्षेत्र के अंतर्गत 60 वर्षीय वृद्ध राधेश्याम पुत्र धनीराम निवासी कुवरा मृतक अवस्था में उसके पिता राज द्वारा जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया पुत्र द्वारा अपने मृतक पिता को अपने साथ ले गए जिस बात की सूचना जिला अस्पताल से पुलिस को दी गई।

**कानपुर-सागर हाइवे का हाल बेहाल**

# नौबस्ता से हमीरपुर तक दुर्घटना जोन जहां हर पल मौत गड़ाये रहती है पंजा

### ● फिर भी नहीं लगे संकेतक व रिफलेक्टर

### ● अवैध पार्किंग भी बनती हादसे का सबब

### ● हर साल चली जाती है सैकड़ों की जान





अनिल कुमार। घाटमपुर

**कानपुर-सागर** राष्ट्रीय नेशनल हाइवे का हाल बेहाल है, इस हाइवे पर स्थित नौबस्ता से लेकर हमीरपुर की सीमा तक करीब 60 किमी हाइवे पर पग-पग पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र है जहाँ हर पल मौत का साया मड़राता रहता। हाइवे पर आये दिन होने वाले हादसों के पीछे सबसे बड़ी वजह तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलना है। लेकिन खस्ता हाल सडक और पुलों व दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर संकेतक व रिफ्लेक्टर आदि का न लगा होना कम जुम्मेदार नही है। फिर भी अधिकारी लोगों को यातायात नियमों की जानकारी और उन्हे जागरुक करने के प्रति गंम्भीर नजर नही आते है केवल कागजों पर सुरक्षित यातायात सप्ताह व लोगों को जागरुक करने का अभियान सिमट कर रह जाता है जिसका नतीजा ये है कि इन दुर्घटना बाहल्य क्षेत्रों पर जरा सी लापरवाही पर मौत आकर दबोच लेती है। कानपुर-सागर हाइवे पर नौबस्ता, दासू कुआं, नौबस्ता बम्बा, गल्ला मंण्डी, रमईपुर, बिधनू धरमपुर बंम्बा ( रिन्द नदी का पुल ), पतारा, हिरनी मोड़, जंहागीराबाद, बीरपुर, घाटमपुर चौराहा, स्योदी-ललईपुर, गुजेला नदिया पुल, हमीरामऊ, सजेती, आनूपुर मोढ़, और यमुना सेतू के पास जवाहर नाला आदि जगहों पर अक्सर हादसे होते रहते हैं।

### अवैध पार्किंग बनती है हादसों का सबब

**घाटमपुर।** नौबस्ता से हमीरपुर सीमा तक पग-पग पर दुर्घटना बाहल्य स्थान होने के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इन जगाहों पर न तो दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र से संवंन्धित संकेतक लगवाये हैं और न ही कोहरे और रात्रि में चालको को सचेत करने के लिये रिफ्लेक्टर। घाटमपुर चौराहा जहॉ स्टेट हाइवे 46 भोगनीपुर-चौडगरा ( मुगल रोड ) कानपुर-सागर हाइवे को क्रास करता है वहॉ भी चौराहे के चारो रोड़ों पर न तो संकेतक लगे है और न ही रिफ्लेक्टर नतीजा रात्रि में अक्सर दुर्घटना घट जाती है। चौराहे पर कानपुर रोड की ओर बने डिवाइडर के पिलर आये दिन बड़े वाहनों के टकराने से अपना स्वरुप तक खो चुके है फिर भी उन्हें बदला नही गया है जब कि कार्यदायी संस्था पीएनसी टोल टैक्स के नाम पर प्रतिमाह करोडों रुपये वसूल रही है। इसके अलावा गिट्टी और मोरंग के लिये हजारों ट्रक और डंफर हमीरपुर, कबरई-महोबा आते-जाते हैं जो सड़क पर ही खड़ा कर देते है, ज्यादा तर ट्रकों व डंफरों मे पीछे इन्डीकेटर या प्रकाश ब्यवस्था न होने के चलते हल्के वाहन या बाइक सवार हादसे के शिकार हो जाते हैं।

### हर साल जाती हैं सैकड़ों जिदंगी

**घाटमपुर।** हाइवे पर आये दिन होने वाले हादसों से सैकड़ों जिन्दगियां हर साल चली जाती हैं तथा बड़ी संख्या में लोग अपाहिज हो जाते है। तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी इसकी वजह मानी जाती है लेकिन खराब सड़क व नशेबाजी कम जुम्मेदार नही है। फिर भी दोपहिया और हल्के वाहन के चालक हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रति अनदेखी करते है बीते वर्ष 2018 और 19 में होने वाले हादसों में पुलिस का रिकार्ड माने तो अकेले 2018 में बिधनू , सजेती और घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में 3 सौ से अधिक लोग हादसे का शिकार हुए थे, कमवेश यही आंकड़ा वर्ष 2019 का था। 2020 के खात्मे का अभी एक महीना बाकी है, लेकिन अभी तक जो हादसे हुए हैं उनसे लगता है कि दोनों सालों के आंकड़ों का रिकार्ड टूटेगा।

## डीएम ने शुक्ल तालाब का किया निरीक्षण



संवाददाता। कानपुर देहात

**नगर** पंचायत अकबरपुर के ऐतिहासिक शुक्ल तालाब का जीर्णोद्धार कराने को लेकर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने विगत दिवस सांयकाल शुक्ला तालाब का निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट व प्रभारी ईओ राजीव राज अकबरपुर उप जिलाधिकारी आनंद सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई व शुक्ल तालाब के सुंदरीकरण को लेकर रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए यही नहीं तालाब व यह क्षेत्रफल पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आता है इस मामले में सुंदरीकरण को लेकर पुरातत्व विभाग को इसके जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए गए वही जिलाधिकारी तथा उपस्थित अन्य अधिकारियों ने शुक्ल तालाब में तैर रही मछलियों को लईया और ब्रेड भी खिलाया। नगर पंचायत अकबरपुर द्वारा हाल ही में तालाब की साफसफाई व्यवस्था कराते हुए तालाब में मछलियों को पोषित किया गया है।

## मेड़ के विवाद में हुई मारपीट में चार घायल

### ● गंभीर हालत में एक को किया सैफई रेफर

संवाददाता। चकरनगर

**सहसों** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिडोस में प्रात: 9:00 बजे के आसपास खेत की मेड के विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को लाठी डंडा मारकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो बीच.बचाव करने गई परिजनों को भी लाठी डंडे मार कर घायल कर दिया। जिसमें 4 लोग घायल हो गए घटना के संबंध में घायल दुर्योधन सिंह ने बताया कि शाम को सुनील सिंह पुत्र पान सिंह अपने खेत पर गए हुए थे जहां पड़ोसी खेत वाले छोटे लाल उनकी खेत की मेड को काट रहे थे इसी बात पर दोनों लोगों में कहासुनी हो गई जिस पर छोटेलाल उनके पिता पृथ्वीराज हिटलर सिंह तथा मोहन सिंह द्वारा सुनील सिंह को मारपीट कर कर घायल कर दिया जिस बात की सूचना जब सुनील के परिजन बृजेंद्र सिंह पुत्र नारायण सिंह रामवीर सिंह पुत्र सुनील सिंह तथा जय वीर सिंह पुत्र सुनील सिंह को मिली तो वह बीच.बचाव करने के लिए पहुंचे जहां पर छोटेलाल के परिजनों द्वारा सुनील सिंह के परिवार वालों को लाठी.डंडे व कुल्हाड़ी से वार कर कर घायल कर दिया जिसमें सुनील कुमार को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया और लोगों को उपचार के लिए चकरनगर सीएससी के अंदर भर्ती कराया गया सुनील कुमार की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल से डॉक्टर ने उन्हें उपचार के लिए सैफई भेज दिया।

## डीएम ने कोरोना को लेकर की बैठक



संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** डॉ दिनेश चंद्र ने कोविड.19 के तहत कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कोविड हॉस्पिटल एल 1 व एल 2 में साफ सफाईए मरीजों के समुचित उपचारए खानपानए शुद्ध पेयजल आदि सभी व्यवस्थायें ठीक रहे।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि ठण्ड के दृष्टि से मरीजों को साफसुथरेए सेनेटाइज किये हुए कम्बल उपलब्ध करायें जायें और पीने के लिये गर्म पानी की व्यवस्था की जाये। कोरोना संर्क्रमण की रोकथाम हेतु टेस्टिंग और पॉजीटिव मरीजों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में तेजी लाई जाये। कोरोना टेस्टिंग और कोविड.19 से सम्बन्धित कार्यों के पोर्टल पर फीडिंग कार्य में तेजी लायें। कोविड मरीजों से सम्बन्धित समस्त सूचनायें हर समय अद्यतन रखी जायें और उनकी तत्काल फीडिंग करायें। समस्त पॉजेटिव मरीजों के स्वास्थ्य पर पूरी नजर रखें। मरीजों की चिकित्सा और खानपान व्यवस्था को प्रतिदिन चैक किया जाये। इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजीव राजए सीएमओ डॉ राजेश कटियारए अपर सीएमओ डॉ बीपी सिंह आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

## जनपद को मिली सड़कों की सौगात



संवाददाता। कानपुर देहात

**पंचायती** राज विभाग द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग ;अन्टाइड फण्डद्ध के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी धनराशि से पेवर

द्वारा हॉटमिक्स प्लान्ट से सड़क बनाये जाने हेतु प्रदेश की जिला पंचायतों को 2000ण्00 कि0मी0 मार्ग निर्माण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसमें जिला पंचायत कानपुर देहात को 21ण्00 कि0मी0 लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 21ण्273 कि0मी0 का कार्य कराया जाना है। जिला पंचायत द्वारा मार्गों का निर्माण पेवर एवं हॉटमिक्स प्लान्ट पद्धति से कराया जायेगा।

उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम योजनान्तर्गत पूर्व निर्मित मार्गों पर फाइनेशियल इन्सेन्टिव मद में प्राप्त धनराशि से सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण कार्य हेतु प्रदेश के कुल 2095ण्83 कि0मी0 तथा लागत 204ण्05 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। जिसमें जनपद कानपुर देहात हेतु 18 मार्गों की लम्बाई 34ण्85 कि0मी0 तथा लागत

333ण्75 लाख निर्धारित है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत उक्त मार्गो का नवीनीकरण ;रिनीवलद्ध पेवर एवं हॉटमिक्स प्लान्ट पद्धति से कराया जायेगा। मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में निर्देश दिये कि कार्यों को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए शीघ्र पूर्ण कराये जायें। मा0 मुख्यमंत्री जी के डिजिटल कार्यक्रम में विधायक प्रतिभा शुक्लाए जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादवए जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्रए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेयए एमए मणीन्द्र सिंहए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रकाश चंद आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने पंचायत चुनाव लड़ने के दिये संकेत



**औरैया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सदर राजकुमार दुबे ने कहा कि अगर पार्टी ने पंचायत चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया तो वह जिला पंचायत का चुनाव लड़ेंगे। श्री दुबे शनिवार को शहर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। तभी उन्होंने पंचायत चुनाव लड़ने के संकेत दिए। कहा कि अगर पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया तो वह जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ेंगे। फिलहाल उन्होंने किस सीट पर चुनाव लड़ेंगे इसका ऐलान नहीं किया। मालूम हो कि राज कुमार दुबे सदर ब्लॉक से क्षेत्र पंचायत प्रमुख रह चुके हैं उन्होंने ब्लॉक प्रमुख रहते हुए जनता के हित में कई काम किए थे गांव गांव विकास कराया था जहां सड़कों की मांग थी वहां सड़कें भी बनवाई थी। प्रेस वार्ता में उनके साथ भाजपा नेता आदर्श पांडे मौजूद रहे।

# शिक्षक सम्मेलन में यज्ञदत्त शर्मा को जिताने की अपील

संवाददाता। चित्रकूट



शिक्षक सम्मेलन में बोलते मुख्य अतिथि।

**भाजपा** स्नातक विधान परिषद चुनाव शिक्षक सम्मेलन चित्रकूट इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि सूबे के राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक आनंद शुक्ला, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा की मौजूदगी में हुआ।

शनिवार को शिक्षक मतदाता सम्मेलन में राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि हाल में बिहार से लेकर पूर्वोत्तर तक हुए चुनाव में भाजपा ने विजय पताका फहरायी है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है। डॉ यज्ञदत्त शर्मा को अधिक वोटों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आना है। चुनाव है लोग तरह-तरह के अफवाह फैलाएंगे। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि शिक्षक ने समाज को बेहतर भूमिका निभाकर नया मुकाम दिया है।

समाज का कैसे उत्थान हो, देश-प्रदेश के कल्याण में शिक्षकों ने भूमिका निभाई है। शिक्षकों के बिना प्रदेश का विकास सम्भव नहीं है। एमएलसी चुनाव में शिक्षक वर्ग सहयोग देकर भाजपा प्रत्याशी यज्ञदत्त शर्मा को भारी मतों से जितायें। एक दिसंबर को मतदान करने अवश्य जाएं। विधायक आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रथम बार मतदान करने जा रहे मतदाता यज्ञदत्त शर्मा की जीत सुनिश्चित करायें। इस मौके पर जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, डॉटर रणवीर सिंह चौहान, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मनोज तिवारी, नरेंद्र गुप्ता, अर्पित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## धारदार हथियार से गर्भवती महिला की हुई हत्या

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के खजुरिहाकला गांव में धारदार हथियार से एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका के दो वर्ष का एक बच्चा है और मृतका गर्भवती थी। ये हत्याकांड खजुरिहाकला गांव में शनिवार की रात साढ़े 12 बजे हुई। बताया गया कि मृतका का पति रामराज कुशवाहा 28 नवम्बर की शाम दारु पीकर घर पहुंचा तो उसकी पत्नी संगीता कुशवाहा (33) की धारदार हथियार से किसी ने हत्याकर दी थी। रामराज तीन भाइयों में सबसे छोटा था। कुछ दिनों पहले रामराज का भाइयों से जमीनी विवाद हुआ था। 28 नवम्बर की शाम नशे में धुत्त रामराज कुशवाहा घर आने के बाद सो गया। रात साढ़े 12 बजे उसकी गर्भवती पत्नी की हत्या किसी ने कर दी। उसने गांव के प्रधान नत्थू कुशवाहा से हत्या की बात बताई। प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद जांच शुरु कर दी है। हत्या का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

# कार्यकर्ता ही मेरे लिए सर्वोपरि:चंद्रप्रकाश खरे



एक साल पूरा होने पर बोले जिलाध्यक्ष।

**चित्रकूट।** पार्टी में एक कार्यकर्त्ता के रूप में राजनीति में शुरुवात करने वाले चन्द्रप्रकाश खरे सत्ताधारी भाजपा के जिलाध्यक्ष बनकर कार्य कर रहे हैं। उनके कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफ्लतम रैली रही। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि हर कार्यकर्ता का दिल जीतना है।

शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे के अध्यक्ष बनने का एक साल पूरा हुआ। इस एक साल के दौरान कोरोना काल में राशन किट सहित सभी आवश्यक सामग्री का प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाना, ई-बुक प्रकाशन तथा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक प्रेरणा हेतु वर्चुअल बैठक कर स्वयं निर्देशित करते रहे। जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि पार्टी के हर कार्यकर्ता का दिल जीतना है। अपने कार्यकाल के दौरान उनका सपना पूरे जिले में 2022 के चुनाव के साथ अन्य चुनावों में पार्टी का परचम लहराना है। अध्यक्षी के एक साल पूरा होने के बाद चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि पहले कई बार कुछ जारियों की उपेक्षा हुई। उनके कुछ कामों को तो पार्टी स्तर से सराहना भी मिली। जिलाध्यक्ष कहा कि कई बार वह किसी का फोन आने पर भी उसकी समस्या का समाधान करा देते हैं, जिससे पार्टी के कुछ साथियों को आपत्ति होती है। यह उनका स्वभाव है और भगवान से कामना करते हैं कि यह स्वभाव बना रहे। प्रभुता पाई, काहि मद नाहीं।

## क्विक न्यूज

### महिला की बीमारी से मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**उरई (जालौन)।** कई वर्षों से बीमार चल रही महिला की अचानक हालत बिगड़ी तो परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी केंद्र माधौगढ़ में भर्ती कराया लेकिन मर्ज में कोई सुधार नहीं होने के कारण आखिरकार महिला की मौत हो गई। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। महिला की शादी लगभग सात साल पहले हुई थी। इसलिए पुलिस ने एहतियात के तौर पर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली के रुद्रपुरा गांव की रेखा (28) पत्नी रविकांत काफी बरसों से बीमार चल रही थी। जिसका परिजन लगातार इलाज करवा रहे थे लेकिन अचानक हालत बिगड़ी तो परिजनों ने एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति और कोतवाल बीएल यादव मौके पर पहुंचे और परिजनों से बात कर पूरी स्थिति के बारे में जानकारी ली। महिला के एक 2 वर्ष का बच्चा भी है। एहतियात के तौर पर महिला के शव को परिजनों की सहमति के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तुलसी-शालिग्राम का धूमधाम से कराया गया विवाह

**जालौन (उरई)।** लौना मार्ग पर तुलसी महारानी का भगवान शालिग्राम के साथ धूमधाम से बरात निकली तथा पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ। भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा भंडारे का प्रसाद चखा। नया खंडेराव लौना रोड निवासी नीरज गुप्ता के आवास पर तुलसी महारानी के साथ भगवान शालिग्राम का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। धूमधाम से नाना महाराज के मंदिर से भगवान शालिग्राम की बैंड बाजे की ध्वनि के साथ बारात निकाली गई जिसमें संत विजयदास महाराज, प्रेम प्रकाश गुप्ता, विमला देवी, शिखा, गिर्राज किशोर गुप्ता, सतीश चंद्र, काव्या, अंश आदि भक्त बारात में भजनों की ध्वनि पर थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। नाना महाराज के मंदिर से बारात तहसील मार्ग होते हुए काली माता मंदिर के सामने से होते हुए विवाह स्थल पहुंची जहां पर पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ।

### अवैध तमंचा सहित शातिर अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**माधौगढ़ (जालौन)।** थाना गोहन पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को लिया हिरासत में जिसके पास से एक अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस हुए बरामद। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर के दिशा निर्देशन में टॉप टेन अपराधी, संगीन अपराध में लिप्त, जिला बदर अपराधी व वांछित चल रहे अपराधियों के गिरफ्तारी के अभियान में माधौगढ़ सीओ वीरेन्द्र श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक राजीव वैश्य के कुशल नेतृत्व में शातिर अपराधी विक्रम सिंह पुत्र राजेश कुमार निवासी वदनपुरा थाना गोहन को अंग्रेजी शराब की दुकान के पास बहद ग्राम राजपुरा से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया अपराधी को गिरफ्तार कर थाने में लाया गया गोहन पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अपराधी विभिन्न धाराओं के मुकदमे में वांछित चल रहा था व हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था अपराधी को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की गयी।

### बेसिक शिक्षा विभाग की तरफसे बच्चों को वितरित हुए स्वेटर

**माधौगढ़ (जालौन)।** प्राथमिक विद्यालय दादनपुर क्षेत्र माधौगढ़ में बेसिक शिक्षा विभाग से प्राप्त निःशुल्क स्वेटर सभी छात्र, छात्रों को कोरोना वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुऐ सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए वितरित किये गये। वितरण के समय भगवती प्रसाद ग्राम प्रधान, उदयबीर सिंह निरंजन प्रधानाध्यापक सैफखान सहायक अध्यापक, देवीचरण शिक्षामित्र, रामकेश प्रबंध समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रबंध समिति सदस्य उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान ने छात्रों को बताया कि कोरोना संक्रमण के कारण शिक्षण कार्य नहीं हो रहा है। सरकार द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षण कार्य जल्द से जल्द प्रारम्भ हो जायेगा हालांकि यदि देखा जाये तो सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में इंटरनेट टेक्नोलॉजी की मदद काफी कारगर साबित हुई है जिसमें व्हाट्सएप के माध्यम से पढ़ाई में बच्चों को काफी मदद मिली है ऑनलाइन क्लास के माध्यम से परीक्षा व शिक्षा को संभाला गया है।

### बाजार गए युवक के साथ मारपीट

**जालौन (उरई)।** बाजार में सामान लेने गये युवक के साथ युवकों के मारपीट हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र चौधरयाना निवासी अर्जुन सिंह झंडा चौराहे पर सामान लेने गया था। इसी दौरान झंडा चौराहा पर पहले से मौजूद रामू ने रंगबाजी को लेकर उनके साथ गाली-गलौज की तथा मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### उत्पात मचाते शराबी पर कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के चिमनदुवे में शराब पीकर उत्पात मचा रहे नीरज को पुलिस ने मौके पर जाकर पकड़ लिया है तथा उसके खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की है।

### तीन ने जीती जंग, पांच नए केस मिले

हमीरपुर। रविवार को तीन लोग कोरोना से जंग जीतकर अपने घर पहुंचे। वहीं जिले के अलग अलग स्थानों में की जांचों में कुल पांच लोग कोरोना संक्रमित भी पाए गए हैं। जिन्हें आइसोलेट करा दिया गया है। जिला अस्पताल में भी कोरोना की जांच जारी है। सीएमओ डा.आरके सचान ने बताया कि इस समय कुल 61 केस एक्टिव है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए मास्क का प्रयोग करें और शारीरिक दूरी का भी पालन करें।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र के गौहानी गांव में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गौहानी गांव निवासी भूपेंद्र 29 पुत्र जयसिंह ने रविवार की सुबह की सूना घर पाकर कमरे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगा ली। जब परिजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। परिजन आनन फानन में सीएचसी में ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### पुलिसने आरोपी को किया गिरफ्तार

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के क्षेत्र के औड़ेरा गांव में बीती रात्रि एक युवक के साथ मारपीट व अवैध तमंचे से हवाई फायरिंग करने वाले युवक को आज कोतवाली पुलिस ने अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। औड़ेरा गांव निवासी लाखन सिंह पुत्र देवनाथ ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि शनिवार को उसका भाई उमा सिंह यादव घर में आया और उसके पुत्र के साथ गाली गलौज करने लगा था। पुत्र के विरोध करने पर उसके भाई ने उसे जमकर मारापीटा था। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं है। बताया कि मारपीट के बाद उसका भाई अवैध तमंचे से हवाई फायरिंग करते हुये भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध धारा 452, 323, 504, 286 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया था। आज थाने के एसआई शरदचंद्र पटेल ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी उमा सिंह यादव को एक अदद तमंचा 12 बोर और एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध मामला दर्ज कर अभियुक्त का चालान किया है।

# हर्ष फायरिंग में पुलिस ने दो दबोचे

संवाददाता। चित्रकूट



पुलिस गिरफ्त में हर्ष फायरिंग करने वाले।

**पुलिस अधीक्षक** अंकित मित्तल के निर्देश पर पहाड़ी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने तिलक समारोह में हर्षफायरिंग का वीडिओ वायरल करने वाले दो लोगों को दबोचा है। ज्ञात है कि 28 नवम्बर को सोशल मीडिया पर हर्षफायरिंग का वीडिओ बनाकर वायरल हुआ था। थानाध्यक्ष पहाड़ी ने वीडिओ की जानकारी की तो पता चला कि ओरा गांव में तिलक समारोह में रामकिशोर मिश्रा पुत्र शिवमंगल मिश्रा की लाइसेंसी राइफ्ल से दीपक पाण्डेय पुत्र विनोद पाण्डेय निवासी ओरा ने फायरिंग की है। इस घटना का मामला दर्जकर रामकिशोर मिश्रा व दीपक पाण्डेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर राइफ्ल व पांच जिन्दा कारतूस तथा एक खोखा बरामद कर जेल भेजा है।

इसी क्रम में भरतकूप थानाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने एक डम्फर यूपी 96टी-7200 को ओवरलोड़ बालू लादकर ले जाते सीज किया है। एंटी रोमियो टीमों ने कोतवाली चौराहा, अमानपुर, नई दुनिया, बनकट, शंकर बाजार में धतुरहा तिराहा, रेलवे स्टेशन, शम्भू पेट्रोल पम्प, ट्राफिक चौराहा, मिशन रोड में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया है।

## शिक्षा देने वाले शिक्षक हैं बेरोजगारः शंकर यादव

**चित्रकूट।** माध्यमिक व्यवसायिक शिक्षक संघ की बैठक चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में मंडल अध्यक्ष शंकर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई। नई कार्यकारिणी का गठन कर संघ को मजबूती प्रदान करने और व्यवसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण आदि के बारे में चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार वर्मा के निर्देश पर 11 सौ रुपए प्रत्येक शिक्षक आजीवन सदस्यता जमा करेंगे। बायोडाटा 10 बिंदुओं का जमा किया जाएगा। सर्वसम्मति से सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर के संतोष कुमार गुप्ता को जिलाध्यक्ष कृषक इंटर कॉलेज भौंरी राममिलन पांडेय को महामंत्री और चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के सतीश कुमार रैकवार कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। राज बहादुर सिंह प्रताप नारायण सैनी दुर्गेश नारायण मिश्र फूल चंद्र द्विवेदी अरुणिमा शुक्ला कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संतोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के तहत पूरे देश में मा. विद्यालय में व्यवसायिक शिक्षा का संचालन किया जा रहा है।

# घर में लगी आग से मवेशी समेत लाखों की गृहस्थी खाक



अग्निकांड में मृत पड़े मवेशी।

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के मिर्जाहकीमपुर गांव में एक गरीब किसान परिवार के घर में आग लगने से मवेशी जिन्दा जल गये। ये अग्निकांड मिर्जाहकीमपुर गांव के गरीब किसान मुन्ना यादव के घर में हुआ। बताया गया कि अज्ञात कारणों से आग लगने से मवेशी जिन्दा जल गये और लाखों की गृहस्थी खाक हो गई। घर में बंधे तीन बैल, एक गाय, एक बछिया और एक भैंस व गृहस्थी का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सवेरे आठ बजे सूचना पाकर पशु चिकित्साधिकारी राजापुर संजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर पशुओं का पोस्टमार्टम किया। नायब तहसीलदार राजापुर विवेक कुमार ने पीड़ित परिवार से भेंटकर सरकार से मदद दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह सरधुआ व देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## दलित के मजदूरी मांगने पर फोड़ी खोपड़ी

संवाददाता। चित्रकूट

**सीतापुर** पुलिस चौकी क्षेत्र के खोही गांव के हरिश्चन्द्र पुत्र देशराज चमार ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि वह मजदूरी कर जीवनयापन करता है। अमित तिवारी पुत्र लखन तिवारी निवासी लक्ष्मण पहाडी के अधीन पोताई का कार्य करता है। बीस दिन की मजदूरी के नौ हजार रुपये अमित तिवारी नहीं दे रहा है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि बीस दिन की मजदूरी नौ हजार रुपये जब अमित तिवारी से मांगा तो उसने कहा कि दिवाली बाद दे दूंगा। पीड़ित ने दिवाली बाद जब पैसा मांगा तो उसने चाय की दुकान पर गाली-गलौज कर सिर पर मारकर खोपडी फाड दी। गर्म चाय उसके ऊपर गिरा दिया। इससे वह झुलस गया। पीड़ित ने कहा कि रिपोर्ट लिखाने सीतापुर चौकी गया तो घटना की रिपोर्ट नहीं लिखी है। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## शालिनी पैलेश के कचड़े से गौवंशों की हो रही मौत

**उरई ( जालौन )।** कस्बा माधौगढ़ में विवाह समारोह के मौके पर विवाह गृहों को छूट क्या मिली, उनके जिम्मेदारों ने मानकों की धज्जियां उड़ाना शुरू कर दी। विवाह घर से निकलने वाले कचरे की पुख्ता व्यवस्था ना होने के कारण वातावरण दूषित हो रहा है। सिहारी रोड के बाशिंदों गोलू राठौर, कल्लू विश्वकर्मा, अरविंद राठौर, कुलदीप विश्वकर्मा, सुरेंद्र राठौर, भारत आदि ने एसडीएम से शिकायत करते हुए कहा कि शालिनी पैलेस उत्सव गृह से निकलने वाले भोजन आदि के कचरे को वहीं सड़क के किनारे डाल दिया जाता है। जिसको खाने के बाद आवारा गोवंश की मौत हो रही है। ज्यादातर भोजन प्लास्टिक की कटोरी और प्लेटो में होता है। जिनको गोवंश भोजन के कारण खा जाते हैं और कुछ ही घंटों में उनकी मौत हो जाती है। एक तो गौवंशों की मौत हो जाती है तो दूसरा आसपास के मोहल्ले वालों को इस गंदगी से परेशानी होती है।

# कूड़ा डंपिंग, फेसिलिटीसेंटर, एमआरएफ सेंटर का चिन्हीकरण

● साठ लाख की लागत से होगा सेंटर का निर्माण

संवाददाता। रामपुरा (जालौन)



फेसिलिटी सेंटर निर्माण के लिये जमीन का निरीक्षण करती टीम।

**वो दिन** दूर नहीं जब नगर की जनता को जगह जगह लगे कूड़े के ढ़ेर से निजाद मिलेगा। वर्षों से चली आ रही कूड़ा प्रबंधन की मांग अब जाकर पूरी हुई हैं। आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर में लगभग 60 लाख की लागत से एक कूड़ा डम्पिंग यार्ड व फेसिलिटी सेंटर बनाया जायेगा। जिसमें गीले व सूखे कचड़े का पृथकीकरण कर उसके अवशेषों से खाद का निर्माण कराया जायेगा।

चेयरमैन ने बताया कि रविवार को लोकनिर्माण के अधिकारियों ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर निर्माण कार्य हेतु ले आउट दिया गया। जो नगर के कान्हा गौशाला के समीप डम्पिंग यार्ड की जगह का लेआउट किया। कस्वे में बर्षो से कचरे को लेकर बड़ी समस्या रहती थी। जिसका निराकरण अब जल्द हो जायेगा। पहले कस्बे का कूड़ा नगर के बाहर डाला जाता था। जहां आवारा जानवरों द्वारा कूड़े को छिन्न भिन्न कर दिया जाता था।

कूड़ा डंम्पिंग यार्ड व फेसिलिटी सेंटर बनने से कुड़े को यार्ड में डाल जायेगा। जहां कूड़े को प्रथक कर उससे खाद बनाई जाएगी। जो क्षेत्रीय किसानों को उपलब्ध कराई जायेगी। नगवासियों को कूड़े से निजाद मिलेगा व किसानों को खाद भी उपलब्ध हो सकेगी। जल्द ही युद्धस्तर पर डंम्पिंग यार्ड व फेसिलिटी सेंटर का कार्य आरंभ कराकर पूर्ण कराया जायेगा। इस मौके पर चेयरमैन के साथ लोक निर्माण खंड 1 सहायक अभियंता बीरेन्द्र कुमार, अवर अभियंता आरके द्विवेदी, अवर अभियंता आरसी पस्तोर, अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, जितेन्द्र, नरेंद्र आदि सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा द्वारा आयोजित हुआ स्नातक मतदाता सम्मेलन

**कोंच( जालौन )।** प्रयागराज-झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य पद हेतु आगामी 1 दिसम्बर को होने वाले मतदान को लेकर भाजपा नगर इकाई द्वारा शनिवार को स्नातक मतदाता सम्मेलन स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलिज में आयोजित किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू रहे जबकि क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय व कोंच- माधौगढ के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। पार्टी के प्रेरणास्त्रोत श्यामाप्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर की गयी, मंचासीन अतिथियों का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार को विजय बनाने की अपील करते हुए चुनाव में प्राण प्रण से जुट कर कारगर चुनाव रणनीति के सुझाव दिये। विधायक ने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि स्वयं को ही उम्मीदवार मानकर हर एक मतदाता से संपर्क कर पार्टी उम्मीदवार को विजय दिलाने के लिये आगे आयें। सम्मेलन का संचालन नगर महामंत्री आशुतोष मिश्रा ने किया। जिला महामंत्री दिलीप दुबे, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह निरंजन, जिला मंत्री अंजू अग्रवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, जिला मंत्री अमित निरंजन, अमित समाधिया, रामलखन महाराज, पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज राजपूत, जिलाध्यक्ष महेंद्र सोनी, नगर महामंत्री ओपी कुशवाहा, मनीष नगरिया,पूर्व प्राचार्य प्रो वीरेंद्र सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष रविकांत कुशवाहा, पिछड़ा वर्ग नगर अध्यक्ष नरेंद्र विश्वकर्मा, सौरभ पुरवार, ऋतुराज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को डीएम ने किया सम्मानित

**हमीरपुर।** महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के दृष्टिगत चल रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मुख्यालय स्थित रहुनिया धर्मशाला में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा , सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु एवं विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली विशेषज्ञ परामर्शदाताओं को जिलाधिकारी ने शक्ति सेवा सम्मान का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । इस दौरान चाइल्डलाइन की प्रियंका, महिला शक्ति केंद्र की पुष्पा देवी, बाल संरक्षण इकाई की रंजना , साहित्य संगम की ओर से स्तुति श्रीवास्तव ,वन स्टॉप सेंटर की अक्सा, पुलिस विभाग की पूजा एवं रुबीना आदि को शक्ति सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया । जिलाधिकारी ने हमीरपुर साहित्य संगम के तत्वाधान में प्रवाह ष्पुस्तिका का विमोचन किया ।कार्यक्रम की संयोजक स्तुति श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया जिलाधिकारी ने कहा कि बेटियां आज बेटों से कहीं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है बस उन्हें अवसर दिए जाने की आवश्यकता है बेटियों को भी बेटों के बराबर उनको पर्याप्त अवसर दिया जाए। उन्होंने कहा कि पुत्र एक कुल को जबकी पुत्री दो कुलों का नाम रोशन करती हैं। बेटियां किसी से कम नहीं है बेटियों में संवेदनशीलता एवं कर्तव्य पालन की भावना अधिक प्रबल होती है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी विनय प्रकाश श्रीवास्तव में कहा कि हमें बेटा बेटी को एक समान नजरिए से देखना है तथा किसी भी अतिवादी दृष्टिकोण से बचना है । उन्होंने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति के बारे में अपने विचार व्यक्त किए ।इस अवसर पर वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड लाइन नंबर 1098, डायल 112 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के बारे में महिलाओं बालिकाओं को बताया गया। इस अवसर पर वहां मौजूद दर्जनों बालिकाओं महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम सरोज वर्मा तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति की मृत्यु, पत्नी घायल

**राठ( हमीरपुर )।** बीती रात्रि राठ-हमीरपुर मार्ग पर बाइक सवार दंपत्ति को एक अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। इस हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव निवासी मुहम्मद अय्यूब ने बताया कि उसका पुत्र बली मुहम्मद 33 अपनी पत्नी आमना खातून के साथ अजनर थाना क्षेत्र के ग्राम स्वापन गांव में अपने रिश्तेदार के यहां गमी हो जाने पर गये थे। रात करीब 9.30 बजे लौटते समय राठ-हमीरपुर मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग बाइक से गिरकर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने बली मुहम्मद को मृत घोषित कर दिया। जबकि आमना की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलिज झांसी रिफर कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र ईंट भटटों में मजूदरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मास्क का प्रयोग अनिवार्य हैः राकेश कुमार मिश्रा

● जिलाधिकारी नें अधीनस्थों के साथ प्रमुख गंगा घाटों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

संवाददाता। कन्नौज



गंगा घाटों का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**कार्तिक पूर्णिमा** के पावन अवसर पर श्रद्धालु द्वारा कोविड 19 के दृष्टिगत मास्क का प्रयोग अनिवार्य है। सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। गोताखोरों के साथ स्टीमर मौके पर तैयार रखे जाएं। किसी प्रकार की जनहानि न होने पाए।

उक्त निर्देश रविवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मेहन्दीघाट के तटों का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के शुभ अवसर पर मेहदीघाट, जलेसर, चियासर में गंगा स्नान पर बड़े पैमाने पर आने वाले श्रद्धालुओं को वर्तमान में कोविड 19 के बढते हुये संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये संदेश दिया है कि सभी जनमानस बड़े वाहनों में एक साथ न आएं। श्रद्धालुओं से सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग करनें की अपील की अन्यथा की दशा में जुर्माना भी वसूला जाएगा। कहा कि सभी जनमानस अपने-अपने घरों में रहकर त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायतीराज अधिकारी को तटों की साफसफाई किये जाने एवं महिलाओं हेतु अस्थायी चेंजिंग रूम भी निर्मित किये जाएं, जिससे महिलाओं को असुविधा न हो। उन्होंने तटों पर बल्ली आदि को गहराई के अनुसार लगाते हुए रस्से दो कतार में लगाया जाए जिससे बहाव में बहने की संभावना न रहे।

## अवैध मदिरा की बिक्री व भण्डारण शत प्रतिशत नष्ट किए जाएंः जिलाधिकारी

**कन्नौज।** जनपद में आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए अवैध मदिरा की बिक्री व भंडारण शत प्रतिशत नष्ट किये जायें। आबकारी विभाग अपना सूचना तंत्र मजबूत करे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की सहायता से विषाक्त मदिरा के भंडारण एवं बिक्री पर दंड प्रावधानों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उक्त निर्देश रविवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं उप आबकारी आयुक्त के साथ विषाक्त मंदिरा से होने वाली घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश आबकारी निरीक्षकों एवं पुलिस अधोकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हम तभी प्रभावी कार्यवाही कर सकेंगे जब हमारा सूचना तंत्र मजबूत हो। जिलाधिकारी ने बताया कि मिलावटी मादक वस्तुओं की ओट में उपभोग हेतु विक्रय करता है, जिससे ऐसे किसी कृत्य के फ्ल स्वरुप मृत्यु होती है तो उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास और जुर्माने जो 10 लाख रूपए तक हो सकता है। उन्होंने बताया कि यदि मिश्रित मादक पदार्थ के फ्लस्वरूप किसी व्यक्ति को विकलांगता या घोर उपहित होती है तो आजीवन कारावास अथवा कठोर कारावास जो कि 10 वर्ष तक का हो सकता है एवं 5 लाख का जुर्माना भी निहित है। बैठक में उप आबकारी आयुक्त शिव हरी मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी एन के सचान एवं आबकारी निरीक्षक श्री अमित एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीएम से शिकायत पर सीओ को मिली जांच

## हर्ष फायरिंग के आरोपी पर कई थानों में दर्ज हैं संगीन मुकदमे

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर



**हर्ष** फायरिंग के मामले में गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपी ने फायर झोंक दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ जिले के कई थानों में आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। हालॉकि मुठभेड़ के दौरान आरोपी को पकड़ लिया गया।

बल्दीराय थाने की पुलिस ने 25 नवंबर को थाना क्षेत्र के ग्राम बिसावा मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज के पास बदमाश विशाल सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी ग्राम बिसावां को वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। विशाल की मां पुष्पा सिंह ग्राम प्रधान हैं। उनका कहना है कि चौकी इंचार्ज उनके पति से एक लाख रुपये मांग रहे थे। आरोप है कि पुलिसकर्मी का कहना था कि यदि पैसा नहीं दिया तो लड़के की हत्या कर दी जाएगी। मामले की शिकायत पर जिलाधिकारी ने सीओ बल्दीराय को जांच के निर्देश दिए हैं। उधर पुलिस ने आरोपी का लंबा-चौड़ा आपराधिक इतिहास ढूंढ निकाला है। बस्ती, बल्दीराय, बाराबंकी के कई थानों में उसके खिलाफ संगीन मुकदमे दर्ज हैं। फ्लिहाल आरोपी की जांच और पुलिस तफ्तीश में हकीकत सामने आ जाएगी।

# सैकड़ों लोगों ने थामा सपा का दामन

संवाददाता। सुल्तानपुर




**इसौली** विधायक अबरार अहमद के नेतृत्व में संतोष शुक्ल उर्फ पिंटू निवासी बरसावा, बल्दीराय ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान इसौली विधायक अबरार अहमद ने कहा कि आपके मान सम्मान स्वाभिमान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी कटिबद्ध है। उन्होंने पूर्व की सपा सरकार की योजनाओ को गिनाते हुए कहा कि जब प्रदेश में समाजवादी पार्टी सरकार बनी थी। श्री अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे,तब। गरीब, मजबूर व किसान का विकास करते हुए समाजवादी पेशन, कन्या विद्या धन, लैपटाप, बेरोजगारी भत्ता,लोहिया आवास, एम्बुलेंस, सिंचाई,पढ़ाई नि:शुल्क की सुविधा दिया था। फलस्वरूप इस तरह की ऐतिहासिक योजनाओ की बदौलत उत्तर प्रदेश का विकास किया और प्रदेश विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ा। लेकिन 2017 में प्रदेश में हुए चुनाव के बाद बनी योगी सरकार में अत्याचार, भ्रष्टाचार, बलात्कार, खुलेआम हत्याओं, डकैती व लूट आये दिन हो रहा है। हत्यारे व बलात्कारी सत्ता के संरक्षण मे खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का काम कर रहे हैं। जनता बेरोजगरी मंहगाई से त्रस्त है। पीड़ितों को न्याय मिल पाना मुश्किल हो गया है। थानों तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है। दलालो से मिलीभगत कर सरकारी कर्मी खुलेआम अवैध वसूली में लिप्त हैं। कहा कि इसे समुल नष्ट करने के लिये समाजवादी सरकार लाना होगा। जिला महासचिव मोहम्मद सलाउद्दीन ने संतोष शुक्ला व उनके सैकड़ों कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि समाजवादी पार्टी उनके समाज सहित सभी समाज के लिए हर स्तर पर उनके मान सम्मान की रक्षा करती रहेगी। जरूरत पड़ने पर उनके समाज सहित सभी समाज के लोगों की रक्षा करने के लिए समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। इस मौके पर बल्दीराय ब्लाक अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव, विनोद कुमार जायसवाल, मोहम्मद हकीम,श्यामलाल मौर्य, लाल कुलदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# 156 सीसी नेपाली शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा.** जिला आबकारी अधिकारी पी के गिरी ने बताया है कि जिलाधिकारी टी के शिबु के निर्देश पर नेपाल से सटे जनपद श्रावस्ती के सीमान्त कस्बा जमुनहा में आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैस ने अपनी टीम के साथ विकाउ लाल जायसवाल पुत्र राम प्रसाद के घर दबिश दी इस दौरान मोके से नेपाली कर्णाली देशी शराब के 26 पौवे एवं दरवेश गांव जमुनहा से राजू पुत्र मनोहर के कब्जे से 130 पौवे नेपाली कर्णाली देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत थाना मल्हीपुर में कार्यवाही की। आरोपी विकाउ लाल मौके से फरार हो गया। विकाउ लाल को पहले भीं दो बार नेपाली शराब के साथ पकड़ा जा चुका था तथा स्थानीय थाना मल्हीपुर में कार्यवाही की गई थी। तीन बार पकड़े जाने से अब अभियुक्त के विरुद्ध गुंडा एक्ट की करवाई अमल में लायी जाएगी।

# 39 सड़कों के निर्माण का सीएम ने किया ऑनलाइन शिलान्यास



**श्रावस्ती।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी ने जिले की 39 सड़कों के निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम के दौरान एनआईसी में माननीय श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडेय जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री साक्षी कैराती जिलाधिकारी टीके0 शिबु जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी अपर मुख्य अधिकारी श्रीकांत दुबे अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण एवं अधिशाषी अभियंता प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना मौजूद रहे।

### आग में 3 घर जलकर राख

**श्रावस्ती।** थाना सोनवा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर कठौतिया के मजरा बंजारनपुरवा में अज्ञात कारण से लगी आग में तीन घर जलकर रख हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनवा थाना क्षेत्र के बंजारनपुरवा निवासी शाकिर पुत्र फुल्लू के घर मे शनिवार देर शाम को अज्ञात कारण से आग लग गयी और देखते देखते आग ने पड़ोसी के घर को भी अपने आगोश में ले लिया।

# पीड़ित परिवार को सपा ने प्रदान की सहायता राशि



संवाददाता। श्रावस्ती

**गिलौला** विकास खण्ड गिलौला के ग्राम पंचायत मोहमदापुर में समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी के द्वारा 28 नवम्बर को राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा प्रदत्त एक लाख रुपये की सहायता राशि चेक के माध्यम से दी गयी। कुछ माह पूर्व गिलौला थाने में पुलिस अभिरक्षा में वाजिद अली पुत्र मो0उमर ग्राम पंचायत मोहमदापुर ब्लॉक व थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती की मौत हो गयी थी। मृतक के परिजनों को आज सहायता राशि के रुप में एक लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान जनपद के दोनों पूर्व विधायक श्रीमती इंद्राणी वर्मा हाजी मो0रमजान पूर्व एमएलसी के प्रतिनिधि मेराज अहमद यशपाल सिंह इकबाल मंसूरी ब्लॉक अध्यक्ष गिलौला बाबू अली हारुन मंसूरी कर्मवीर सिंह प्रधान समेत कई कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में उपरोक्त चेक पीड़ित परिजन को सौंपा गया।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद का शपथ ग्रहण संपन्न



संवाददाता। गोंडा

**श्री** लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम महाविद्यालय के तुलसी सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व प्राचार्य डॉ0 वंदना सारस्वत एवं चुनाव अधिकारी डॉ0 अशोक यादव ने परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। जिसमें हनुमान प्रसाद यादव अध्यक्ष ,अर्जुन वर्मा उपाध्यक्ष, सुखदेव प्रसाद मंत्री, शिवकुमार उपमंत्री, शरद कुमार पाठक कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों में सतीश कुमार दीक्षित, राम भवन सिंह, देव प्रकाश विजय सिंह, डॉ0 निहारिका श्रीवास्तव, राजकुमार माथुर कैलाश कुमार वर्मा, छेदी राम चौबे एवं गुरु प्रसाद ने शपथ लिया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राम कुमार, डॉ0 संध्या सिंह, पितांबर प्रसाद, लालजी, अयोध्या प्रसाद, देवेंद्र नाथ, मंगल प्रसाद, मेहंदी हसन, गंगादीन, शंकर दयाल, देवेश दीक्षित, सुरेंद्र कुमार, रमेश कुमार, रामकुमार, सौरभ कुमार, रामबचन, अभिमन्यु चौबे व तपस्या तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# कोविड-19 से बचाव को जागरुकता अभियान के लिए बनाई गई योजना

संवाददाता। गोंडा

**जिलाधिकारी** डा0 नितिन बंसल के निर्देश पर जिला महिला अस्पताल में अस्पताल आपदा सुरक्षा योजना की बैठक आयोजित की गई जिसमें आपदा प्रबंधन समिति, ट्रेनिंग स्टाफ आपदा इमरजेन्सी मैप, आग से बचाव, अस्पताल आपदा नीति, कोविड-19 से बचाव हेतु जागरूकता अभियान पर योजना बनाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी महिला अस्पताल डा0 ए0पी0 मिश्र ने कहा कि अस्पतालों में हादसे न हों और यदि कदाचित हादसे हो भी जाएं जो उसमें लोगों की जान न जाए, इसे अस्पताल प्रशासन ने संजीदगी से लिया है। भविष्य में किसी भी हालात में जन-धन हानि को रोकने के लिए जिला महिला अस्पताल में आपदा प्रबंधन की तैयारी शुरू हो गई है। उन्होंने अस्पताल को सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के लिहाज से तैयार करने के लिए अग्नि शमन व राजस्व विभाग के अधिकारियों की मदद ली है। उन्होंने बताया कि आयोजित बैठक में अस्पताल की बुनियादी सुरक्षा और आपदा प्रबंधन तकनीक नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफइंडिया (पार्ट-4) के अनुसार की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मानवीय या दैवीय आपदा की स्थिति में अस्पतालों में जन-धन हानि की सबसे ज्यादा आशंका होती है, क्योंकि अस्पताल में भर्ती ज्यादातर लोग बीमार, दुर्घटनाग्रस्त और वार्डों में भर्ती होने के चलते भागने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग की जरूरत अस्पतालों में ही होती है, क्योंकि वहां सैकड़ों मरीज और तीमारदार होते हैं। सीएमएस डा0 मिश्र ने बताया कि चलने में असमर्थ मरीजों को सुरक्षित निकालना बड़ी चुनौती होती है, जिसके लिहाज से अस्पताल आपदा प्रबन्धन की योजना बनाई गई है।

# गिरफ्तारी मामले में एसटीएफ आई बैकफुट पर

### ● एक ही जमीन पर तीन-तीन विद्यालयों की मान्यता लेने का मामला

संवाददाता। सुल्तानपुर

**कोतवाली** नगर में धोखाधड़ी समेत कई धाराओ मुकदमा चांदा के एक विद्यालय प्रबन्धक पर दर्ज था। जिसमे हाईकोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। वारंट पर एसटीएफ ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी प्रबन्धक को गिरफ्तार कर लिया। जबकि आरोपी ने पहले ही हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत ले ली थी। इसे एसटीएफ की बड़ी लापरवाही मानी जा रही हैं। बताते चले करोड़ों की छात्रवृत्ति व मरम्मत के नाम पर हड़प लिए थे। बिल्डिंग निर्माण के लिये एमएलसी, पूर्व मंत्री समेत कई नेताओं ने विधायक निधि से धनराशि जारी की थी। शिकायत पर तत्कालीन डीएम सी.इंदुमती के एक्शन पर जांच टीम गठित किया । जिसमें सीआरओ,सीटीओ,समाज कल्याण अधिकारी, तहसीलदार सदर व बीएसए समेत कई अफसरों ने जांच कर आरोपी मानते हुए आख्या दी। जिसमें डीएम पर वर्तमान लम्भुआ विधायक समेत सांसद व अन्य सत्ताधारियों का दबाव रहा कि रिपोर्ट न दर्ज हो। खैर रिपोर्ट दर्ज हुई, पहले विवेचना एसएसआई सीताराम यादव कर रहे थे। बताते चले करोड़ों की छात्रवृत्ति व मरम्मत के नाम पर हड़प लिए थे। बिल्डिंग निर्माण के लिये एमएलसी, पूर्व मंत्री समेत कई नेताओं ने विधायक निधि से धनराशि जारी की थी। शिकायत पर तत्कालीन डीएम सी.इंदुमती के एक्शन पर जांच टीम गठित किया । मामला हाईप्रोफाइल होने के नाते विवेचना एसटीएफ को स्थानांतरित हुई। एसटीएफ ने एनबीडब्ल्यू पर दविश दे दबोच लिया। बाद में पता चला कि आरोपी प्रबन्धक संतोष सिंह ने हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत पर हैं। इसे सुनते ही एसटीएफ के हाथ पांव फूल गए, उन्हें छोड़ दिया। इसी मामले में लभुआ विधायक देवमणि दुबे ने भी खूब पैरवी की थी।

# डम्पर ने युवक को रौंदा, घटना स्थल पर दर्दनाक मौत

### ● बांदा-बहराइच हाइवे पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को ठोंका

संवाददाता। शिवगढ़(रायबरेली)

**शिवगढ़** थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर स्थित भवानीगढ़ अल्पिका के पास तेज रफ्तार डम्पर ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया जिससे युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं बाइक सवार दूसरा युवक जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के क्षत विक्षत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शाम करीब 8 बजे बांदा - बहराइच हाइवे पर स्थित अगर खेड़ा भवानीगढ़ अल्पिका के समीप डम्पर की चपेट में आने से 33 वर्षीय बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत गई। शव क्षत विक्षत होने के कारण युवक का शव पहचान में नहीं आ रहा था, जब पुलिस ने शव की जमा तलाशी ली तो उसकी जेब से निकले आधार व पैन से शिनाख्त कराई गई तो शव की पहचान रामशरण पुत्र हरिप्रसाद निवासी रउजा मजरे पहाड़पुर काशो थाना हरचंदपुर के रुप में हुई। देर रात जख्मी अवस्था में बाइक के साथ थाने पहुंचे कृष्णपाल निवासी काशो पहाड़पुर थाना हरचन्दपुर ने बताया कि मृतक बाइक पर उसके साथ था जो एक ही बाइक से बछरावां की ओर से भवानीगढ़ की बोर आ रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। युवक कृष्णपाल की पहचान पर पुलिस ने डम्पर को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इंचार्ज थानाध्यक्ष राम कृपाल सिंह ने बताया कि डम्पर को कब्जे में लेकर अज्ञात डम्पर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। चालक का पता लगाया जा रहा है।

# विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया दीपदान

संवाददाता। डलमऊ रायबरेली



**पतित** पावनी मां गंगा के पावन के दरशनार्थ उपरांत मेलाधिकारी जीतलाल सैनी ने गंगा आरती कर पतित पावनी माँ गंगा से आशीर्वाद प्राप्त किया साथ मे तहसीलदार प्रतीत त्रिपाठी व नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर ने भी माँ गंगा की आरती कर पुण्य प्राप्त कियाण् बढ़ते संक्रमण के बढ़ते खतरे शासन द्वारा कार्तिक पूर्णिमा मेले के आयोजन को निरस्त कर दिया गया पर दीपदान कार्यक्रम को परम्परागत मानते हुए रविवार को डलमऊ कस्बे की वीआईपी घाट पर को देर शाम को शासन के निर्देशनुसार आयोजित गंगा तट पर विधि विधान से सम्पन्न हुई ण् तीर्थ पुरोहित पवन कुमारए रितिक कुमार शास्त्री द्वारा विशाल मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजा एवं आरती की गई। सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी ने मां गंगा को नमन करते हुए पंचामृत से अभिषेक किया इसके बाद फूल मालाओं एवं रोली चंदन मां गंगा को भेट किया आस्था के प्रति समर्पण के साथ विधिवत शास्त्रों के अनुसार पतित पावनी माँ गंगा की आरती कर नमन किया तदोंपरांत माँ गंगा में दीपदान कर पुण्य प्राप्त कियाण् पूजा अर्चना के उपरांत माँ गंगा के जल का आचमन किया

पतित पावनी माँ गंगा की दीपदान कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक, तहसीलदार प्रतीत त्रिपाठी नायब तहसीलदार, स्वामी दिव्यानंदए, नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौर, क्षेत्राधिकारी अशोक सिंह, प्रभारी लाल चन्द्र सरोज, लिपिक सोहराब अली, शुभम गौड़, सभासद विनोद निषाद सभासद मानवेंद्र मिश्रा, विनोद निषाद गंगा पुजारी पुकुन पंडा ओम नारायण हांडा आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार का कहर, कार चालक की मौत

**बछरावां रायबरेली** इलाहाबाद से लखनऊ जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के बगल में खड्डे में जा गिरी परिणाम स्वरूप चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घटनाक्रम के अनुसार जीऑफिस सरोजिनी अपार्टमेंट इलाहाबाद निवासी मयंक बंसल पुत्र प्रमोद कुमार बंसल उम्र 28 वर्ष अपनी कार यूपी 70 सीएक्स 9346 से लखनऊ जा रहे थे उनकी कार रामबाबू पुत्र पप्पू उम्र 30 वर्षनिवासी रहीमाबाद जनपद इलाहाबाद चला रहा था अचानक नीम टीकर के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के बगल में स्थित गड्ढे में जा गिरी और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई परिणाम स्वरूप चालक रामबाबू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई कयास लगाया जा रहा है कि अचानक सामने आ गए किसी जानवर को बचाने के परिणाम स्वरूप यह घटना घटित हुई !गंभीर रूप से घायल मयंक बंसल को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया मृतक चालक का शव कब्जे में लेकर स्थानीय पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है!

### पान मसाला और किराने का सामान चोरी

**महराजगंज रायबरेली** कोतवाली क्षेत्र के हलोर कस्बे में बीती रात अज्ञात चोरों ने लकड़ी की गुमटी में पीछे से सेंध लगाकर पटरे उखाड़ दिए, और गुमटी में गुल्लक में रखे लगभग 31 हजार और गल्ले में विक्री का रखा 25 हजार रुपए नगद के अलावा पान मसाला और किराने का सामान भी चुरा कर ले गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। आपको बता दें कि, गांव के रहने वाले दुर्गा शंकर मिश्रा पुत्र कृष्ण दत्त मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि, उनकी दुकान हलोर में मुख्य सड़क के किनारे स्थित है। लकड़ी के पटरों से उसने बड़ी दुकान बनवाई थी, जिसमें रखें गुल्लक में रोजाना डेढ़ सौ रुपए डालता था। उसमें लगभग सात आठ महीने की जमा की हुई रकम लगभग 31 हजार रुपए नगर थी, इसके अलावा दुकान में बिक्री का आया लगभग 25 हजार रुपए भी था, जो अज्ञात चोरों ने पीछे से पटरे उखाड़कर दुकान में प्रवेश कर गए, पूरी नगदी के अलावा सिगरेट पान मसाला समेत अन्य लगभग 50 हजार का सामान उठा ले गए। सुबह जब उसे घटना का पता चला, तो उसने थाने आकर तहरीर दी है।कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि, घटना , की जानकारी मिली है जांच कराकर चोरी का पर्दाफाश कराया जाएगा।

### एबीवीपी के पदाधिकारी मनोनीत

**करनैलगंज ( गोंडा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों के मनोनयन में दयाशंकर मिश्रा नगर अध्यक्ष व नगर मंत्री प्रदीप पांडेय को बनाया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करनैलगंज तहसील के परसपुर नगर इकाई का गठन कार्यक्रम नगर के महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। नव निर्वाचित अध्यक्ष व नगर मंत्री को परिषद में नए दायित्व दिये गए। जिसमें जिला एसएफडी प्रमुख सूरज शुक्ला व महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष एसपी सिंह के नेतृत्व में परसपुर नगर इकाई का गठन किया गया। नगर के अमन कुमार, शिवेंद्र सिंह, उत्तम ओझा, शिवम पांडे, बेनी माधव, अभिषेक विश्वकर्मा, लव कुश, शिव सेन, देवेश, अभिषेक पांडेय, दिनेश मौर्या, ताहिर, शिवम सोनी, ललित व तहसील संयोजक ओमप्रकाश तिवारी सहित सभी कार्यकारिणी छात्र मौजूद रहे।

### लंबित विवेचनाओं का शीघ्र करें निस्तारण: पुलिस अधीक्षक

**करनैलगंज ( गोंडा )।** पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली करनैलगंज के अर्दली रूम में बैठक कर लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार देर शाम को थाना कोतवाली करनैलगंज के अर्दली कक्ष में थाना कटरा बाजार व कोतवाली करनैलगंज की लंबित विवेचनाओ की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की तथा काफी समय से लंबित विवेचनाओं के लिए संबंधित विवेचको को फटकार भी लगाई। लंबित विवेचना के निस्तारण में ढिलाई पर कई उपनिरीक्षको से जवाब तलब कर विवेचनाओ के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इसके साथ ही एनसीआर, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, गैर जमानती वारंट, लंबित शिकायती आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया। इस मौके पर सीओ मुन्ना उपाध्याय, कोतवाल मनीष जाट, इंस्पेक्टर कटरा बाजार, इंस्पेक्टर विनय यादव, रणजीत यादव, प्रदीप गंगवार, बृजेश गुप्ता सहित सभी चौकी प्रभारी व उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

### हत्या के मामले में आरोपित को भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली।** दहेज उत्पीड़न को लेकर हत्या के आरोप में आरोपित व्यक्ति को पुलिस ने जेल भेजा है। उल्लेखनीय है कि मई माह में गंगापुर बरस गांव निवासिनी आरती का शव घर में फांसी पर लटका मिला था। मृतका के पिता राजकुमार निवासी विझलामऊ थाना डलमऊ ने मृतका के पति योगेश समेत धर्मराज, गुड्डू व सुंदरलाल की पत्नी पर उसकी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया था। उसका आरोप था कि शादी के बाद से ही योगेश दहेज में दो लाख रूपये मांग रहा था। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपितो के विरूद्ध बीती 26 अक्टूबर को संबन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी मामले में पुलिस ने धर्मराज को जेल भेजा है।

### ट्रक चालक की पिटाई कर रूपये छीनने का आरोप

**लालगंज रायबरेली।** ट्रक चालक को सड़क के बीच रोंककर पिटाई करने व रूपये छीनने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। फतेहपुर जनपद के ग्राम खानपुर थाना कल्यानपुर निवासी संजय का कहना है कि वह लालगंज क्षेत्र का एक ट्रक चलाता है।उसका आरोप है कि रविवार की दोपहर लगभग दो बजे कोरिहरा गांव निवासी एक युवक ने गांव के सामने पिकप लगाकर ट्रक को रोंक लिया और उसकी पिटाई करते हुए जेब में पड़े रूपये छीनकर भाग गया। संजय का कहना है कि वह फैजाबाद से मौरंग उतारकर आ रहा था। उसके पास मौरंग बिक्री का 53हजार रूपया था।सूचना पर कोतवाल अरूण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मामला आपसी विवाद का है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**सुल्तानपुर।** श्री बासु देव बाबा क्रिकेट क्लब की ओर से बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे ब्रहम भट्ट, मजरे डीह गांव के खेल मैदान पर सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सेमरा बनाम डेहरियावा टीम के बीच हुआ जिसमें सेमरा की टीम विजेता रही। टॉस जीतकर सेमरा की टीम ने बल्लेबाजी का निर्णय लिया तथा निर्धारित 10 ओवरों में 92 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने डेहरियावा की टीम ने 8 ओवरों में 75 रन बनाकर आल आउट हो गयी। शिवकुमार सिंह ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का जीवन में बड़ा महत्व है। खेलों से तन-मन स्वस्थ रहता है। खेलों से जहां आपसी जहां आपसी भाईचारा बढ़ता है वहीं खेल की बारीकियों को सीखने सीखकर खिलाड़ी अपना तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन विवेक कुमार राय ने किया।इस मौके पर डॉ सूरज वैश्य,युवराज भट्ट,सौरव शर्मा, निर्दोष शर्मा,पप्पू शर्मा,डॉ विशाल सक्सेना,कल्याण सिंह,विजय बहादुर,शीतला बक्श सिंह,बीडीसी दिनेश सिंह,डॉ प्रभंजन सिंह,डब्बू सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### संगीनों के साए में मां गंगा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कार्तिक पूर्णिमा मेले पर प्रशासनिक अमले द्वारा रोक लगाए जाने के बाद पुलिस बल खासा सतर्क है । गंगा घाट समेत चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात है । किसी को भी गंगा घाट तक जाने की इजाजत नहीं है । कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए खतरे को देखते हुए प्रशासन ने कार्तिक पूर्णिमा मेले व स्नान पर रोक लगा दी है। ऊंचाहार के गोकना गंगा घाट पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन होता रहा है।

# दो 'माननीयों' में सड़क बनाने का क्रेडिट लेने को मची होड़

**सांसद का प्रस्ताव 19-20 और सदर विधायक का 20-21 में दिया गया**

**6.95 करोड़ की लागत से राज्य सड़क निधि योजना से बड़ेबन से लेकर कंपनीबाग का मामला**

**संवाददाता** । बस्ती

**छह** करोड़ 95 लाख की लागत से राज्य सड़क निधि योजना से किए गए बड़ेबन से लेकर कंपनीबाग मार्ग के चौड़ीकरण के क्रेडिट को लेकर सांसद और सदर विधायक में होड़ मची हुई है। आम जनता को समझ में ही नहीं आ रहा है, कि दोनों 'माननीयों' में से किसे क्रेडिट दी जाए। क्यों कि दोनों की ओर से सड़क का प्रस्ताव देने का दावा किया गया है। सड़क बनने पर सांसद के चहेतों की ओर से बकायदा प्रस्ताव का पत्र फेसबुक पर डालते हुए विभागीय मंत्री को धन्यवाद तक दे डाला गया। हालांकि यह काम सदर विधायक के लोगों ने नहीं किया। जबकि पीडब्लूडी निर्माण खंड-एक की ओर से जारी पत्र में सड़क के प्रस्तावक का नाम सदर विधायक को बताया गया। सांसद का प्रस्ताव वर्ष 19-20 और विधायक का प्रस्ताव 20-21 का है। यह पहला मौका नहीं हैं, जब इस तरह का मामला सामने आया है। इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं, जब किसी काम का क्रेडिट लेने के लिए होड़ न मची हो। हालांकि जब भी इस तरह का मामला सामने आया चर्चा का विषय अवष्य बना। इस बार तो मामला सत्ता पक्ष के छोटे और बड़े 'माननीय' का है।

क्षेत्र में दखलंदाजी करने का मामला कई बार सामने आ चुका है, हाल ही में इसका नजारा मुंडेरवा चीनी मिल के पेराई सत्र के उदघाटन के दौरान देखने को मिला। एक माननीय के अति करीबी का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र में अगर किसी कार्य का उदघाटन होता है, तो उस क्षेत्र के विधायक का पहला अधिकार होता है।

# पीएम ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

**संवाददाता** । मिर्जापुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से वीडियो कांन्फेसिंग के द्वारा प्रदेश में जिला पंचायतों के 647.25 करोड की लागत से 1825 सड़कों का शिलान्यास एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत 204.05 करोड़ की लागत से 2095.18 किलोमीटर के रिनीवल कार्य कार्य का शुभारम्भ किया गया। जिसमें जनपद मिर्जापुर में जिला पंचायत की 675.500 लाख की लागत से 23 सडके जिसकी कुल लम्बाई 29.121 किलोमीटर है का नवनीकरण तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत 14 किलोमीटर लम्बाई वाली 208.21 लाख की लागत से एक सड़क शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के पाँच जिला पंचायत अध्यक्ष से वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से वार्ता भी की गयी। मुख्यमंत्री जी सड़कों व कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने पर बल देते हुये कहा कि सड़कों की गुणवत्ता बनाये रखा जाये, उन्होंने कहा कि जिला पंचायतों के कार्यशैली में बदलाव लाया जाए तथा गांव के विकास तथा गांव की आमदनी की तरफ विशेष ध्यान देते हुये हाट बाजारों, तालाबों का सुन्दरीकरण व तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा आदि का व्यवस्थ्या, गांव के उत्पादों पर ध्यान देने की बात कहा। उन्होंने गांवों में कूड़ा प्रबन्धन व स्वच्छता की ओर ध्यान पर बल दिया तथा कहा कि गांवों में कूड़ा प्रबन्धन के लिये गड्ढे बनाये जाये तथा गांव सुन्दर व स्वच्छ बनाया जाये।

# प्रत्येक माह पांच तारीख को मनाया जाएगा पोषण उत्सव

**संवाददाता** । बस्ती

**प्रत्येक** माह की पांच तारीख को जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण उत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी डीएम आशुतोष निरंजन ने दी है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक में कहा कि पोषण उत्सव दिवस पर स्वयं सहायता समूह के सहयोग से ड्राइ टेक होम राशन/दुग्ध सामग्री वितरित किया जाएगा,लाभार्थियों को पोषण की महत्ता से अवगत कराया जाएगा। पोषण उत्सव के आयोजन में ग्राम निगरानी समिति के सदस्य/ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति, रोटेशन के आधार पर एक किशोरी, आशा एवं स्वयं सहायता समूह की तीन सदस्य सहयोग करेंगे। इस अवसर पर प्रदर्शन काउन्टर रखा जाएगा जिस पर पोषण तस्तरी तैयार की जाएगी। इसमें तैयार रेस्पी के माध्यम से लाभार्थियों को राशन के उपयोग के बारे में बताया जाएगा।

बताया कि प्रत्येक माह के लिए निर्धारित 12 थीम पर रंगोली भी बनायी जाएगी। ड्राइ टेक होम राशन के वितरण के लिए दो काउन्टर बनाए जाएंगे। पहले काउन्टर पर गर्भवती,धात्री एवं किशोरी, दूसरे काउन्टर पर छह माह से तीन वर्ष, तीन से छः वर्ष एवं अतिकुपोषित बच्चों को राशन वितरित किया जाएगा। पोषण उत्सव ऑगनवाड़ी केन्द्र या शासकीय भवन जैसे विद्यालय या पंचायत भवन पर आयोजित किया जाएगा। जो लाभार्थी पांच तारीख को नहीं आते है उन्हें छह तारीख को राशन दिया जाएगा। यदि माह की पांच तारीख को अवकाश होता है तो पोषण उत्सव अगले दिन आयोजित किया जाएगा।निर्देश दिया कि पोषण उत्सव की आयोजक आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिका आयोजन से चार-पांच दिन पूर्व कोटेदार से गेहूं एवं चावल प्राप्त कर लें। दूध एवं घी तीन माह में एक बार बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त करेंगी। प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र पर वाल पेन्टिग कराया जाएगा जिसमें केन्द्र का नाम, पोषण उत्सव की तिथि लाभार्थीवार ड्राइ टेक होम राशन,दूध एवं घी की मात्रा तथा टोल फ्री न. 1800-180-5500 का विवरण अंकित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी सावित्री देवी ने बताया कि काउन्टर के पास हाथ धोने की प्रक्रिया प्रदर्शित की जाएगी। वितरण स्थल पर गीला एवं सूखा कूड़ा रखने का प्रबन्ध,पेयजल की व्यवस्था रखी जाएगी।

# बूथों पर मौजूद रहें बीएलओ दावा व आपत्ति लें: एडीएम



**संवाददाता** । संतकबीरनगर

**अपर** जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन गत 17 नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों पर करने के उपरान्त आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में विशेष अभियान गत 28 नवम्बर को नियुक्त सभी बूथ लेवल अधिकारी एवं पदाभिहित अधिकारियों ने प्रातः 10 बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों पर उपस्थिति होकर निर्वाचक नामावलियों का निःशुल्क निरीक्षण तथा दावे और आपत्तियों को प्राप्त किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गत 17 से 27 नवम्बर तक मेंहदावल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुल 693 फार्म प्राप्त हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने विशेष संक्षिप्त अभियान दिवसों की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए आगामी विशेष अभियान की तिथियों 05 दिसम्बर (शनिवार) एवं 31 दिसम्बर (रविवार) के दौरान निर्धारित मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियों को प्राप्त करने के निर्देश दिये है।

# आनलाइन दाखिल खारिज करने के निर्णय का हो रहा स्वागत

**समय से दाखिल खारिज न करने वाले तहसीलदार और नायब तहसीलदार को देना होगा जवाब**

**बैनामा आनलाइन होते ही आटोमेटिक मुकदमा अपलोड हो जाएगा**

**संवाददाता** । बस्ती

दाखिल खारिज प्रक्रिया को आनलाइन करने के राजस्व परिषद की सराहना हर वर्ग कर रहा है। कहते है परिषद का यह निर्णय बैनामादारों के लिए राहत भरा वाला है। इससे दाखिल खारिज के नाम पर होने वाला आर्थिक शोषण तो बंद होगा ही, साथ ही तहसीलों के भागदौड़ से भी निजात मिलेगा। हालांकि दाखिल खारिज की प्रक्रिया तो तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालय में ही होगा, मगर अब परिषद ने दोनों राजस्व अधिकारियों को बाध्य कर दिया है कि अगर कोई मामला विवादित नहीं है तो पीठासीन अधिकारियों को निर्धारित 45 दिन के भीतर हर हाल में दाखिल खारिज के मामले को निस्तारित करना ही होगा, और अगर किसी पीठासीन अधिकारी ने समय से निस्तारित नहीं किया तो उन्हें परिषद को जवाब देना होगा, कार्रवाई भी हो सकती है। आनलाइन और आफ लाइन दोनों के आपत्ति दाखिल करने की भी व्यवस्था बनी है। हालांकि आपत्ति दायर होने का औसत 10 फीसद से अधिक नहीं रहा। बैनामा आनलाइन होते ही आटोमेटिक मुकदमा अपलोड हो जाएगा। पुराने बैनामों का अगर दाखिल खारिज नहीं हुआ तो इसके लिए भी व्यवस्था बनाई गई हैं। पीड़ित व्यक्ति आरसीसीएमएस प्रणाली के जरिए आनलाइन आवेदन कर सकता है। अगर कोई व्यक्ति आपत्ति दायर करता है तो उसे भी पीठासीन अधिकारियों को अपलोड करने आनलाइन करना होगा। पहले रजिस्टी कार्यालय दाखिल खारिज करने के लिए संबधित तहसीलों को हार्डकापी उपनब्ध कराता था, अब सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया, और कहा है कि रजिस्टी कार्यालय बैनामा होने के बाद एक षपथ-पत्र लेगें और उसे आनलाइन अपलोड कर देंगे।

**रूधौली विधायक के मीडिया प्रभारी बने अमर सोनी**

**बस्ती**। विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने अमर सोनी को विधानसभा क्षेत्र 309 रूधौली से मीडिया प्रभारी अधिकृत किया है। मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, राकेश चौरसिया, उमेश, मुकेश कुमार, अजय कुमार श्रीवास्तव, राजू पाण्डेय, अनिल कुमार पाण्डेय, रमेश कुमार गुप्ता व अन्य ने बधाई दी।

# कटया में आधा दर्जन शौचालय बने स्टोर

**किसी में कंडा रखा है तो किसी में खरपतवार**

**सड़कों और नालियों का बिछा जाल, लेकिन कहीं नहीं है पीआईबी बोर्ड**

**संवाददाता** । बस्ती



**विकास** खंड साउंघाट के ग्राम पंचायत कटया में तो सड़कों और नालियों का जान बिछा है, मगर कहीं भी पीआईबी यानि पब्लिक इंफरमेशन बोर्ड नहीं लगा, जिससे गांव वालों को यह नहीं पता कि किस काम में कितना धन खर्च हुआ? गांव के घरों की पानी को चारों ओर तालाब में गिराने की तो व्यवस्था की गई, मगर नालियों और गांव की साफ सफाई करने के लिए सफाई कर्मी कम आते है। धन के अभाव में पंचायत भवन और सामूदायिक शौचालयों को अधूरा छोड़ दिया गया। खंड़जा न लगने के कारण यहां तक भवन तक पहुंचना आसान नहीं है। इन दोनों के निर्माण में प्रधान दबाव में चार लाख जेब से खर्च कर चुके है। कई झोपड़पटटी वाले आवास और शौचालय नहीं मिला। अनुसूचित जाति के पात्र लाभार्थियों को ही आवास मिला, मगर उन्हें धन मिलने की जानकारी नहीं, जबकि पहली किष्त जारी हुए कई दिन हो चुके हैं। इसका खुलासा 'पायनियर' के पड़ताल में हुआ।

विकास का हकीकत जानने के लिए बीडीओ गांव नहीं जाते, अगर कोई जाता भी है, वह प्रधान के यहां चायपानी पीकर साथ विदाई लेकर चला जाता है। इस सच का खुलासा साउंघाट ब्लॉक के ग्राम पंचायत कटया के लोगों ने किया। कहा कि अगर समय-समय बीडीओ गांव में आ जाए तो गड़बड़ी हो ही नहीं सकती, और कईयों की समस्या गांव में ही निस्तारित हो सकते है। कई बीडीओ को तो गांव का रास्ता ही नहीं मालूम रहता। गांव जाना तो दूर की बात है। इसके लिए गांववालों ने सरकार को दोषी माना। कटया में तो सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है, उसकी गुणवत्ता से गांव वाले संतुष्ट नहीं है। कई नाली की गुणवत्ता खराब है। आधा दर्जन से अधिक निर्माणधीन शौचालयों को गांव वालों ने कूड़ा करकट और कंडा बना लिया। दो तीन मीटर के दायरे में तीन षौचालय बना दिया गया, वह भी अधूरा, किसी में दरवाजा नहीं है, तो किसी में षीट ही लगा। अंडरग्राउंड नाली का निर्माण कराया गया, जिसे गांव वालों ने सराहा। गांव में स्टीट लाइट का अभाव हैं। प्रधान पिंटू चौधरी ने बताया गया कि कमीषन अधिक होने के चलते लाइट नहीं लगाया गया। बताया कि कुछ गांव वाले ऐसे भी जो काम में बाधा पहुंचा रहे है। बताया कि 12 लाख रुपये का काम मनरेगा से कराया गया।

# भागवत कथा सुनने से पापों का होता है नाश: अजय कृष्ण

**पटखौली शिव मंदिर पर भागवत कथा में उमड़े श्रोता**

**संवाददाता** । संतकबीरनगर



**खलीलाबाद** के पटखौली स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को द्वापर युग के बारे में बताया गया। इस दौरान भारी संख्या में लोग कथा सुनने को मौजूद रहे। वृंदावन से आए कथा व्यास भागवताचार्य अजय कृष्ण शास्त्री ने कहाकि महाभारत काल यानी द्वापरयुग के समय कई ऋषि-मुनि जीवित थे। इन्हीं में से एक थे शुकदेव जी महर्षि वेदव्यास के पुत्र थे और उनकी मां का नाम वाटिका था। उनका विवाह पीवरी से हुआ था। वह वेद, उपनिषद, दर्शन और पुराण आदि का सम्यक ज्ञान के ज्ञानी थे। कथा व्यास ने कथा का सार सुनाते हुए आगे कहा कि शुकदेव जी ने ही अपने पिता वेदव्यास जी से महाभारत सुना और देवताओं को सुनाया था। शुकदेव जी ने ही राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवद पुराण सुनाया था। शुकदेव का जन्म विचित्र तरीके से हुआ, कहते हैं बारह वर्ष तक मां के गर्भ में शुकदेव जी रहे। एक बार शुकदेव जी पर देवलोक की अफ्सरा रंभा आकर्षित हो गई और उनसे प्रणय निवेदन किया। शुकदेव ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया। जब वह बहुत कोशिश कर चुकी, तो शुकदेव ने पूछा, आप मेरा ध्यान क्यों आकर्षित कर रही हैं। मैं तो उस सार्थक रस को पा चुका हूं, जिससे क्षण भर हटने से जीवन निरर्थक होने लगता है। मैं उस रस को छोड़कर जीवन को निरर्थक बनाना नहीं चाहता। कथा व्यास ने महाभारत कथा का द्रोपदी स्वयंवर सुनाया। इसके अलावा कथा में परीक्षित श्राप और श्रृष्टि वर्णन प्रसंग का प्रसंग भी सुनाया गया। इस दौरान आयोजक छविलाल मौर्य, सेतू मौर्य, फूलदेव, चंद्रदेव, भानू उपाध्याय, राजेंद्र यादव सहित भारी संख्या में कथा पण्डाल में श्रोता उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद मारपीट महिला समेत छह घायल

सोनभद्र (**घोरावल**)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अहरौरा गांव में रविवार को मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के दौरान एक पक्ष से दो घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत में प्याज की फसल को पशु के कारण हुए नुकसान पहुचाने को लेकर मारपीट। मौके पर दोनों पक्षों से छह घायल हो गए।

सभी घायलों का इलाज घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया, जिसमें प्रथम पक्ष के राजबली यादव (50 वर्ष), विजय शंकर यादव (40 वर्ष)को चिकित्सकों ने गम्भीर हालात में रेफर कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के आदित्य मौर्य (22 वर्ष), रामावतार मौर्य (45 वर्ष),पार्वती मौर्य (40 वर्ष) रामचंद्र मौर्य (50 वर्ष) घायल हो गए।

# कांग्रेस ब्लाक कमेटी का गठन

**संवाददाता** । संतकबीरनगर



**नाथनगर** ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक महुली कस्बे के हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र पाल, संचालन अंबिका पांडेय ने किया। सबसे पहले सभी कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष चंद्रमणि त्रिपाठी का माला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष चंद्रमणि त्रिपाठी ने अपने जिलाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है।

उसे पूरी ताकत और ईमानदारी से अपने कार्यकर्ताओ के सहयोग से पूरा करूंगा ब्लाक अध्यक्ष ने 28 दिसंबर को पार्टी स्थापना दिवस पर ब्लाक के हर ग्राम पंचायत में झंडा फहराने का प्लान बनाया और मीटिंग में मौजूद न्याय पंचायत से आए कार्यकर्ताओ को दिशा निर्देश देते हुए। ब्लाक संगठन को मजबूत बनाने की तैयारी पर भी विचार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ब्लाक प्रभारी सुग्रीव पासवान, जय प्रकाश पांडेय, अजय सिंह, सुनील कुमार पांडेय, ब्रह्मदेव पांडेय, राम सिंह, शांति देवी, रेहान परवेज, योगेश यादव, जयबुं निशा, शंभू पांडेय, जनार्दन यादव, अनिल कुमार, नाइन्नुदिं, हरीश सोनकर, रुदल गोंड, शमश खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## स्नातक एमएलसी प्रत्याशी के लिए कांग्रेसियों ने किया व्यापक जनसंपर्क

**संवाददाता** । मिर्जापुर

**स्नातक** एमएलसी वाराणसी निर्वाचन खंड के कांग्रेस प्रत्याशी संजीव कुमार सिंह के लिए माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज, बसंत इंटर कॉलेज, केबी पीजी डिग्री कॉलेज, शिव इंटर कॉलेज, मान्यवर कांशीराम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, आदर्श बालिका इंटर कॉलेज सहित दर्जनों विद्यालयों में कांग्रेस नेताओं ने व्यापक तौर पर जनसंपर्क एवं भ्रमण किया। कॉलेज के अध्यापकों से संजीव कुमार सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील की। मिर्जापुर जनपद में व्यापक तौर पर इस समय कांग्रेस प्रत्याशी संजीव सिंह का प्रचार प्रसार जोरों पर चल रहा है। जनसंपर्क एवं भ्रमण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदर्श इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य वरिष्ठ साहित्यकार ब्रजदेव पांडेय आदि मौजूद रहे।

# युवाओं की आकांक्षाएं हों पूरी, शिक्षा ना रहे अधूरी

**यूपी और बिहार के किशोर-किशोरियों पर किया सर्वे**

**संवाददाता** । मिर्जापुर

**भारत** 25.3 करोड़ आबादी के साथ दुनिया का सबसे अधिक किशोर आबादी (10-19 वर्ष) वाला देश है। वर्तमान में प्रजनन दर में गिरावट के कारण जहां एक ओर कुल जनसंख्या में कामकाजी उम्र के युवाओं का प्रतिशत बढ़ रहा है वही बच्चों का प्रतिशत कम हो रहा है । हालाकि यह जनसांख्यिकीय लाभांश इस युवा जनसंख्या को अपनी शिक्षा और कैरियर से जुड़ी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सही अवसरों में तत्काल निवेश पर निर्भर है ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि उदया ( किशोरों और युवा वयस्कों के जीवन को समझना) अध्ययन के अनुसार शिक्षा से रोजगार की ओर बढ़ते हुए युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के प्रयास से भारत को अपने सतत विकास लक्ष्यों को पाने और सतत आर्थिक विकास करने में मदद मिल सकती है । यह अध्ययन पापुलेशन काउंसिल द्वारा उत्तर प्रदेश और बिहार में 10-19 वर्ष की आयु के लगभग 20,000 किशोर-किशोरियों पर किया गया था । चयनित उत्तरदाताओं के साथ वर्ष 2015-16 और 2018-19 में दो बार सर्वे किया गया और किशोरावस्था से वयस्क होने के दौरान उनकी प्रगति को ट्रैक किया गया। भारत की कुल किशोर आबादी का एक चौथाई से भी अधिक यानि 7.2 करोड़ किशोर-किशोरियां केवल बिहार और उत्तर प्रदेश में रहते हैं । उदया के अध्ययन से यह बात स्पष्ट होती है कि इन दो प्रदेशों में किशोरों की पेशेवर आकांक्षाओं को तीव्रता से पूर्ण करने में अभी काफी कमियां है। यह अध्ययन उन कमियो, रुकावटों और अन्य कारणों को भी दर्शाता है जिनका सामना किशोर अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने में करते है ।

अध्ययन से पता चलता है कि लड़के 16 वर्ष की उम्र में (10वीं कक्षा के बाद) जबकि लड़कियां 14 वर्ष (8वीं कक्षा के बाद) और 16-17 वर्ष (10वीं कक्षा) की उम्र में स्कूल या कॉलेज से ड्रॉपआउट हो रही हैं । केवल 40 प्रतिशत लड़के-लड़कियों ने ही 20 वर्ष की उम्र में स्कूल या कॉलेज जाना जारी रखा । लड़कियों के लिए पढ़ाई छोड़ने के मुख्य कारण पढ़ाई में असफलता और पढ़ाई का खर्च झेलने में असमर्थता थीए जबकि लड़कों ने असफलता या नौकरी मिल जाने के कारण पढ़ाई छोड़ी ।

वर्ष 2015-16 में 80 प्रतिशत लड़के व 89 प्रतिशत लड़कियों ने व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की इच्छा रखी थीए पर इनमें से केवल 20 प्रतिशत लड़के और 22 प्रतिशत लड़कियां ही अपनी व्यावसायिक प्रशिक्षण सम्बन्धी ज़रूरतों को समझ सकी । राज्य कौशल विकास मिशन के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी जागरूकता बहुत कम थी। केवल एक चौथाई विवाहित किशोरियाँ अपनी पढ़ाई की इच्छा शादी के बाद पूरी कर सकती हैं जो आकांक्षाओं और उनको पूरा करने में कमियों को दर्शाता है। खासकर उन किशोरियों के लिए जिनका विवाह किशोरावस्था में ही हो जाता है ।

सर्वेक्षण के पहले चरण ;वर्ष 2015.16द्ध के दौरान 61 प्रतिशत युवा किशोर और 53 प्रतिशत युवा किशोरियां शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, वकील बनना या पुलिस या सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे, जबकि तीन साल बाद 50 प्रतिशत किशोर और 39 प्रतिशत किशोरियों ने ही इन क्षेत्रों में कैरियर बनाने की बात कही । कई किशोर-किशोरियों ने खुद का व्यवसाय शुरू करने या प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, दर्जी और ब्यूटीशियन जैसी नौकरी करने में रूचि ज़ाहिर की। वही 55 प्रतिशत वयस्क किशोर और 48 प्रतिशत वयस्क किशोरियों ने यह कैरियर अपनाने की इच्छा ज़ाहिर कीए जबकि तीन साल बाद केवल 33 प्रतिशत लड़कों और 30 प्रतिशत लड़कियों ने यह इच्छा जाहिर की। सिर्फ एक चौथाई विवाहित लड़कियां अपनी शैक्षिक आकांक्षाओं को समझ पाती हैंए जिससे पता चलता है कि उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति मे एक बहुत बड़े अंतर को दर्शाता है और यह उन किशोरियों के साथ और बड़ा हो जाता है, जहां उनकी शादी किशोरावस्था मे हो गई हो।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि वर्ष 2018.19 में दोनों राज्यों में 18.22 वर्ष के 11 प्रतिशत लड़के और 42 प्रतिशत लड़कियां शिक्षाए रोजगार या किसी व्यावसायिक प्रशिक्षण से नहीं जुड़ी थीं।

# कोल इंडिया चेयरमैन ने जयंत व निगाही खदानों का किया निरीक्षण

**जयंत एथलेटिक अकादमी के विस्तारीकरण का किया शिलान्यास**

**संवाददाता** । सोनभद्र



**भारत** सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की होल्डिग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष व सह प्रबंध निदेशक प्रमोद अग्रवाल ने रविवार को एनसीएल की जयंत एवं निगाही खदान का दौरा किया। श्री अग्रवाल ने जयंत की गंगा ड्रैगलाइन का संचालन देखा तथा तुर्रा सीम एनसीएल की सबसे निचली कोयला परत में सर्फेस माइनर के प्रथम नियोजन का उद्घाटन भी किया। जयंत एथलेटिक अकादमी के विस्तारीकरण का किया शिलान्यास खदान के निरीक्षण के उपरांत श्री अग्रवाल ने जयंत क्षेत्र स्थित आवासीय एथलेटिक एकेडमी का निरीक्षण तथा इसके विस्तारीकरण का भूमिपूजन व शिलान्यास किया। एनसीएल जयंत आवासीय एथलेटिक एकेडमी में युवा खिलाड़ियों को सीएसआर के तहत शिक्षा सुविधा के साथ एथलेटिक्स विधा में राष्ट्रीय स्तर का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन में सुधार को देखते हुए यहां पर 40 अन्य लोगों के आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। यहां पर एथलेटिक फेडरेशन ऑफइंडिया के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। श्री अग्रवाल जयंत स्थित रोज़ गार्डन भी गए तथा गार्डन की सुंदरता का आनंद लिया। इसी क्रम में श्री अग्रवाल ने निगाही खदान का भी दौरा किया। निगाही में उन्होने खदान के निरीक्षण के साथ नव विकसित व्यू प्वाइंट का शुभारम्भ किया और निगाही क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पीके सिन्हा, निदेशक कार्मिक बिमलेन्दु कुमार निदेशक तकनीकी संचालन डॉ. अनिंद्य सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## शातिर चोर गिरफ्तार

**जौनपुर।** राजकरन नय्यरए पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत अभियुक्त मुकेश यादव पुत्र शोभनाथ यादव ग्राम छितौरा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 4 मोबाइल बरामद हुई। बरामदगी के पश्चात मुअसं 295,20 धारा,411,414 भादवि का अभियोग अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

## सम्पत्ति कुर्क

**जौनपुर।** शातिर अपराधी बिंदेश्वरी तिवारी उर्फलवकुश तिवारी द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति एक एक मोटरसाइकिल व एक मकान,अनुमानित कीमत 3.50 लाख रुपये को धारा14,1 गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्क की मुनादी कराते हुए जब्त किया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

**गाजीपुर।** जनपद में 21 दिसंबर से 8 जनवरी तक शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम ;एमडीए 2020द्ध के कार्यक्रम को लेकर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में सीएमओ डॉ जी सी मौर्य की अध्यक्षता में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के सभी ब्लॉकों से आए हुए चिकित्सा अधिकारीए बीसीपीएमए डीसीपीएमए स्वास्थ शिक्षा अधिकारी शामिल हुए। जिन्हें पाथ संस्था के सुएब अनवर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## परमेश्वर कुमार का सम्मान

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ नगर डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत भवानीगंज कस्बे में श्री राम इंटर कॉलेज ने आज अपने स्टूडेंट रहे परमेश कुमार जिन्होंने एम फिल एंटरेंस एग्जाम में गुजरात के श्री सोमनाथ यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने के बाद एग्जाम में टॉप रैंक हासिल करने का गौरव प्राप्त किया। इसी के उपलक्ष में आज उनके पैतृक ग्रह जंगली पुर भवानीगंज में श्री राम इंटर कॉलेज भिटौरा भवानीगंज विकासखंड डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर में उनके सम्मान के लिए एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जिस में उपस्थित कालेज के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार एस पी श्रीवास्तव ने माला पहनाकर सम्मानित किया।

## शराबियों के आतंक से सरैया मोड़ बनता जा रहा बवाली मोड़

**जौनपुर।** जनपद के दो थानों के बीच सरैया मोड़ के नाम से जाना पहचाना जाता है जहां इन दिनों शराबियों के आतंक से जहां दुकानदार परेशान हैंए वहीं राहगीर के साथ ग्राहक भी इनके आतंक से उद्दब गए हैं। बताया जाता है कि उक्त मोड़ पर सुबह से लेकर शाम तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है जिसके चलते सम्मानित व्यक्ति सहित सामान लेने के लिये निकले पुरुष महिलाएं भी आतंकित रहते हैं। समाचार के अनुसार गौराबादशाहपुर व जफराबाद की पुलिस सुबह.शाम भ्रमण करने के बाद भी उन शराबियों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है जिसके चलते शराबियों का मन इतना बढ़ गया है कि नशे में धुत होकर किसी को अपमानित करना व उनके जेब से पैसा निकालना उनकी आदत बन गई है।

## जरुरतमंदों का सहयोग करने से मिलती है सुख शान्ति : अंजुला राय

**जौनपुर।** मुफ्तीगंज विकास खंड के निशान गांव में श्री मां फ ाउण्डेशन के तत्वावधान में फ ाउण्डेशन की चेयरमैन अंजुला राय की तरफ से सामाजिक सहयोग दिवस मनाते हुए सैकड़ों छात्रछात्राओं के बीच नोटबुक व पेन वितरित कर शिक्षा के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर चेयरमैन अंजुला राय ने कहा कि श्री मां फाउंडेशन सामाजिक कार्यो के लिए सदैव समर्पित रहता है। कमजोर तबके के लोगों का सहयोग कर खुशी मिलती हैए इसलिए अपने जन्मदिन को आज आर्थिक रुप से गरीब छात्र छात्राओं के मनाया।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने सपा के पक्ष में की मतदान की अपील

**जफराबाद, जौनपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की। उन्होंने क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया जहां लोगों से कहा कि समाजवादी पार्टी में ही सभी लोगों का सभी वर्गों का सम्मान निहित है ।समाजवादी पार्टी विकास की राजनीति करती हैए इसलिए आप लोग सपा के पक्ष में वोट करके सपा प्रत्याशी को जिताने का काम करें। उन्होंने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है।जनता भाजपा के शासन से ऊब चुकी है। सबका रोजगार नौकरी जा चुका है। भाजपा से सभी वर्गों के लोग इनके अकुशल नेतृत्व को लेकर नाराज हैं। इस अवसर पर उनके साथ दिनेश यादव फ ौजी, ग्राम प्रधान अनिल यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी बरतने की जरूरत




## भाजपा मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का दूसरा दिन

**संवाददाता।** देवरिया

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मण्डल प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन रुद्रपुर विधानसभा के पकड़ी मण्डल के मानस इंटर कालेज,फतेहपुर में जिलाध्यक्ष डॉ अन्तर्यामी सिंह ने हमारी विचारधारा विषय पर बोलते हुए उपस्थित लोगों को भाजपा की विचारधारा और सिद्धान्तों के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा जनसंघ काल से ही राष्ट्रीय हित मे कार्य कर रही है। ष्सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोगष् विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता जिला कार्यसमिति सदस्य पवन कुमार मिश्र ने कहा कि सोशल मीडिया के प्रयोग से हम सभी भाजपा द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यो को जनता तक पहुचा सकते है। सोशल मीडिया के प्रयोग में सावधानी बरतते हुए हमें बिना सही जानकारी के किसी भी पोस्ट को प्रसारित नही करना चाहिए।

सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग से प्रत्येक व्यक्ति नि:शुल्क अपनी गतिविधि को प्रचारित प्रसारित कर सकता हैए मण्डल प्रशिक्षण वर्ग में प्रमोद मिश्र, जिला महामंत्री प्रमोद शाही और किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री विनोद तिवारी ने विभिन्न विषयो पर प्रकाश डाला। वर्ग की अध्यक्षता गिरीश नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर उपस्थित मण्डल अध्यक्ष कमलेश सिंह ने सभी वक्ताओं और उपस्थित लोगो के प्रति आभार जतायाए संचालन मण्डल महामंत्री ऋषि सिंह ने किया।

### भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा नगर पालिका सभागार में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न सत्रों के बाद आज समापन हुआ।समापन सत्र में सरकार की उपलब्धियों को बताते हुये सदर विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि जघन्य अपराधए महिला अपराधए एससी.एसटी के विरुद्ध अपराध के मामलों में प्रदेश की योगी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किया है। आज अपराधी प्रदेश छोड़ रहे या जेल के अंदर है क्योंकि अपराध होने पर सरकार या भाजपा के नेता अपराधियों को प्रश्रय नही देते।सफेदपोश अपराधीए भूमाफियाए खनन माफियाए शराब माफियाए पशु तस्कर के खिलाफकड़ी कार्रवाई हो ऐसा भाजपा की प्रदेश सरकार ने सुनिश्चित किया है।ऋणमाफी योजनाए डीबीटी से भुगतानए पीएम किसान सम्मान निधि योजनाए पीएम फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को सीधे देने का काम भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार मोदी और योगी के नेतृत्व में कर रही है।

## भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या कर रहे तो बेरोजगार घूम रहे : दिनेश

**धर्मापुर,जौनपुर।** दिनेश यादव प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय यादव महासंघ एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मेवा लाल यादव के संयुक्त नेतृत्व में स्थानीय विकास खंड के कादीपुरए पौना, समोपुर, रायपुर, गोसाईपुर, समैंसा, इमलो आदि गाँवों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन लोगों द्वारा स्नातक एमएलसी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के लिए गांवगांव जाकर वोट मांगा गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी की नीतियों के बारे में दिनेश यादव ने लोगों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान रोज आत्महत्या कर रहे हैं। नौजवान बेरोजगार घूम रहा है। प्रदेश में रोज हत्याए लूट आदि जारी है। इस अवसर पर कमलेश यादव, फौजी अनिल यादव प्रधान, सनफ्छल्ला, रवि यादव,हवलदार यादव, पंकज मौर्य, सुनील बिंद,बालकिशन प्रजापति, राजकुमार विश्वकर्मा आदि लोग मौजदू रहे।

## एमएलसी चुनाव के लिए ब्लाक कैम्पस में तैयारी जोरों पर

**चकिया, चन्दौली।** विधान परिषद की 11 सीटों पर एक दिसम्बर को चुनाव संपन्न होगा। जिसके तहत शिक्षक एमएलसी के प्रत्याशी व स्नातक एमएलसी के प्रत्याशी चुनाव में विजई होने के लिए पूरी एडी चोटी का जोर लगाकर प्रचार कर रहे हैं। इसी बीच प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर रखी है। रविवार अवकाश का दिन होने के मद्देनजर एडीओ पंचायत सतेन्द्र श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को लगाकर स्थानीय ब्लाक में बने मतदान केंद्रों की तैयारियों को पूरा कराते हुए कक्षों के सामने मतदाता व कक्ष संख्या की लिस्ट चस्पा करवाया। विधान परिषद के 11 सीटों पर एक दिसंबर को चुनाव संपन्न होगा। जिसके लिए जनपद स्तर पर कई मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ब्लाक क्षेत्र के संपूर्ण मतदाता स्थानीय ब्लाक में बने मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसके बाबत शनिवार को एडीओ पंचायत ने तैयारियों का जायजा लेते हुए मतदान कक्षों को सफाई कर्मियों को लगाकर साफ सुथरा कराकर आवश्यकतानुसार मेज कुर्सी लगवाएं।

## देव जायसवाल को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित



**चकिया,नौगढ़ चन्दौली।** कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो उक्त कथन नक्सल प्रभावित क्षेत्र नौगढ़ के युवा समाजसेवी देव जायसवाल पर चरितार्थ होती हैं। बेहद ही कम उम्र में अपनी सहजता एवं सेवा से जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश में अपना नाम बना रहे हैं नौगढ़ के इस युवा को सेवा सदन इंटर कॉलेज मझगाई के प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नीना के एल ने इस अवसर पर कहा की विद्यालय से बेहतर शिक्षा पाकर छात्र जनहित के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी अलख जगा रहा है। जिस पर विद्यालय को गर्व है। देव जायसवाल बताते हैं कि वर्तमान में जिलाध्यक्ष प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना जिला मंत्री व्यापार मण्डल के पदों का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। जिसमें 1500 पदाधिकारी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनता की सेवा में प्रयासरत हैं। कहा कि यह सम्मान सिर्फ सम्मान नहीं एक जिम्मेदारी एवं सकारात्मक संदेश है कि निरंतर समाज की सेवा अच्छी तरह से करनी है।

# चौकियां धाम में देव दीपावली को लेकर तैयारी पूर्ण

**संवाददाता।** चौकियां धाम, जौनपुर



मां शीतला चौकियां धाम में होने वाले देव दीपावली को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पूर्वांचल की आस्था का केंद्र शीतला चौकियाँ धाम में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर को किया गया है।

मंदिर परिसर व बगल के स्थित पवित्र कुण्ड की साफसफाई पूरी हो चुकी है । मंदिर परिसर व सरोवर को 51000 दीपों सहित अनेक प्रकार के रंग बिरंगे फूलोंए आकर्षक झालरोंए लाइट आदि से सजाया जाएगा। यह जानकारी विनय त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### देवी जागरण आयोजितए भाव,विभोर हुये भक्त

**सिकरारा, जौनपुर।** फतेहगंज बाजार के निकट स्थित जनेवरा गांव में समाजसेवी धीरेन्द्र सिंह के घर देवी जागरण का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्वांचल के प्रसिद्ध देवी गीत गायक कन्हैया लाल यादव के गीत अगले जन्म मोहे चिरई बनइतूण्ण्ण् पर दर्शक भाव विभोर हो गए। गायक सचिन सागर व देवी गीत गायिका अंजलि उर्वशी ने एक से बढकर एक गीत गाकर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। पूरा पंडाल दर्शकों की तालियों व माता के जयकारों से भक्तिमय हो गया। इससे पहले देवी जागरण का शुभारंभ प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलित करते हुये गायक कलाकारों को चुनरी ओढाकर कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी धीरू सिंहए मनीष नेवादाए टीईटी संघर्ष मोर्चा के शशांक सिंहए मुकेश सिंहए विजय भारद्वाजए संजय सिंहए संतोष चतुर्वेदीए वंदेश सिंह उपस्थित रहे।

## जन समस्याओं को लेकर 24 को होगा बड़ा आंदोलन : डब्ल्यू मणि और विजय रावत

**देवरिया।** जन समस्याओं को लेकर 14 दिसंबर को होगा बड़ा आंदोलन उक्त बातें प्रेस वार्ता के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता विजय रावत व विजय प्रताप मणि त्रिपाठी डब्ल्यू मणि ने शहर के राघव नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में कही उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकारों में किसान बर्बादी के कारागार कागार पर खड़ा है आज किसानों पर लाठियां बरसा कर सरकार लोकतंत्र का गला घोटने का कार्य कर रही है धान क्रय केंद्र अव्यवस्था का शिकार हो गया है किसानों को खाद बीज नहीं मिल रहा है प्रदेश के नलों में पानी नहीं है सिंचाई की व्यवस्था को लेकर किसान चिंतित है सरकार ने बिजली दर में वृद्धि कर किसानों को धोखा देने का कार्य कर रही है गन्ना किसानों का बकाया भुगतान नहीं होने से किसान भुखमरी के कगार पर खड़ा है देश को अपने अन्य से मजबूती देने वाला अन्नदाता किसान आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने को मजबूर है झूठे वादों के सहारे सत्ता में आई भाजपा सरकार को किसानों से कोई लेना देना नहीं है उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न हो रहा है सपाइयों पर फर्जी मुकदमे लाद कर उनको अपमानित किया जा रहा है भाजपा सरकार में किसान छात्र नौजवान व्यापारी मजदूर कर्मचारी महिलाएं दलित अल्पसंख्यक कि वह परेशान है वहीं जिले में जन समस्याओं को लेकर 14 दिसंबर को का बड़ा आंदोलन इसके लिए गांव गांव शहर शहर में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## बिजली चोरी में छह लोगों पर 35 लाख का जुर्माना

**धानापुर,चन्दौली।** बिजली विभाग ने रविवार को अभियान चलाकर तीन गांवों में बकाया बिल वसूली व अवैध कटियामारो पर कार्रवाही किया गया।बिजली चेकिंग अभियान में करीए गजेंद्रपुर व दीया गांव शामिल रहे। इसमें तीनों गांव में छ: लोगों पर बिजली चोरी करने पर 32 किलोवाट पर 35 लाख रुपया जुर्माना किया गया।इससे बकाया बिल उपभोक्ताओं व अवैध कटियामारो में हड़कंप मच गया। बिजली विभाग इन दिनों अभियान चलाकर बकाया बिल अवैध कटियामारो पर विभागीय कार्रवाही कर रही है।रविवार को एसडीओ जनमेजय साहू के नेतृत्व में बिजलीकर्मियो ने तीन गांवो में अभियान चलाया।इसमें करीए गजेंद्रपुर व दीया गांव शामिल रहे। मौके पर चोरी से तीन आटा चक्की चलानेए दो प्राइवेट ट्यूबवेल चलानेए एक डेरी उद्योग चलाने पर 32 किलोवाट की चोरी में 35 लाख रुपया जुर्माना लगाया गया। बिजली विभाग के अभियान से अवैध कटियामारो में खलबली मच गई। एसडीओ जनमेजय साहू ने बताया कि बकाया बिजली बिल जमा कर समस्याओं से निजात पा सकते है।अवैध तरीके से बिजली का उपभोग करने पर जांच में विभागीय कार्यवाही किया जाएगा।

# बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा



**संवाददाता।** देवरिया

जिलाधिकारी अमित किशोर कैंप कार्यालय में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन हेतु गठित टास्कफ ोर्स की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने डीटीएफ एवं बीटीएफ के कतिपय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण नहीं किये जाने पर नाराजगी जताई तथा उन्हें पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने माध्यमिक शिक्षा के कुछ विद्यालयों की सूची मध्यान भोजन से संबंधित उपलब्ध नही कराए जाने को लेकर डीआईओएस पर नाराजगी जताई।

उन्हें निर्देश दिया कि प्रधानाचार्य से समन्वय कर ऐसे विद्यालयों से अपेक्षित सूचना तत्कालिक रूप से उपलब्ध कराएं। समाज कल्याण विभाग द्वारा भी संचालित एमडीएम से संबंधित सूचना भी उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। जिससे की प्रेरणा एप पर सभी डाटा का शत प्रतिशत अपलोड किया जा सके। उन्होंने ऐसे एबीएसए जिनकी प्रगति खराब है उनसे भी स्पष्टीकरण तलब किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने ड्रेस,स्वेटर जूता मोजा वितरण काम को भी शतप्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया । उन्होंने कायाकल्प के तहत कराए जाने वाले कार्यों को भी प्राथमिकता से सुनिश्चित कराए जाने को कहा। जिला पंचायत राज अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि सभी ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों की समेकित फाइल तैयार कर उसे उपलब्ध कराएं। इस फाइल में शौचालय निर्माण एराज्य वित्त के ब्यय की स्थिति मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों आदि का संपूर्ण विवरण अंकित होना चाहिए । जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 2 तारीख तक फ ाइल तैयार कर उसे उपलब्ध कराए जाने की बात कही गयी।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादवए मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक पांडेयए जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंहए डीसी मनरेगा गजेंद्र त्रिपाठीए एसीएमओ राजेंद्र प्रसादए प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी विनोद त्रिपाठीए प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक पीके शर्माए जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादवए जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय एडीपीआरओ आनंद प्रकाशए एबीएसए बीरबल रामए ज्ञान चंद्र मिश्राएलेखाधिकारी जगदीश लाल श्रीवास्तवए डीसी मध्यान्ह डीपी सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**सुइथाकला,जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र के मयारी गांव में अबूझ हालत में युवक ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना शनिवार रात की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी सूर्यकांत त्रिपाठी का पुत्र मोहित तिवारी 22 वर्ष चार भाइयों में सबसे छोटा है। दिन भर खेती का काम करने के बाद सभी लोग सोने चले गए। मोहित रात में अपने कच्चे मकान में लगी बड़ेर में रस्सी का फन्दा लगाकर झूल गया। परिवार वाले सुबह जैसे ही दालान में पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर अवाक रह गये। मोहित का निष्प्राण शरीर हवा में झूल रहा था। घटना से अनभिज्ञ परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया। युवक ने क्यों आत्महत्या कीघ् यह एक अबूझ पहेली बनी हुई है। आत्महत्या के कारणों से परिजन भी अनभिज्ञ है।

## सास बहू सम्मेलन का आयोजन, दी गई परिवार नियोजन एवं टीकाकरण की विस्तृत जानकारी

**गाजीपुर।** जनपद गाजीपुर के सभी ब्लॉकों में सास बहू सम्मेलन मनाए जाने के क्रम में 26 नवंबर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंडा के अंतर्गत आने वाले उप केंद्र मुड़वल पर मिशन विकास परिवार के अंतर्गत सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया ।जिसका शुभारम्भ अधीक्षक मनोज चौरसिया ने किया ।कार्यक्रम में करीब 25 से 30 की संख्या में क्षेत्र की महिलाएं शामिल रही। जिन्हें परिवार नियोजन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करंडा के अधीक्षक डॉ मनोज चौरसिया ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आई हुई 10 सास और बहू जोड़ों को परिवार नियोजन से संबंधित किट उपलब्ध कराया गया। जिसमें परिवार नियोजन के संसाधनों के साथ ही महिलाओं के श्रृंगार के समान भी उपलब्ध रहे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए क्षेत्र की आशा वर्कर और संगिनी को सास बहू की जोड़ों को इस कार्यक्रम में लाए जाने का निर्देश दिया गया था। जिसमें उन्होंने और उपकेंद्र के एएनएम के द्वारा इन सभी महिलाओं के घर घर जाकर इन्हें इस कार्यक्रम की जानकारी दी गई। आई हुई सभी महिलाओं को परिवार नियोजन और गर्भवती माताओं और बच्चों के टीकाकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागी को पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने बताया की इसका मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। दो बच्चे वाले दंपती को बंध्याकरण या पुरुष नसबंदी कराने के लिए प्रेरित किया गया। एक बच्चे वाले दंपति को दोनों बच्चों के जन्म के बीच कम से कम 3 साल या 5 साल का अंतर रखने का परामर्श दिया गया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सुनील कुमार उपाध्यायएनिरंजन प्रसाद चौधरीएअरविंद कुमार यादवएविशाल कुमार रायएअभिषेक रायए प्रमोद कुमारए ग्राम प्रधानए उपकेंद्र के एएनएम के साथ ही क्षेत्र की आशा वर्कर और संगिनी मौजूद रही।

## पराली जलाने को लेकर 16 किसानों पर एफआईआर

**गाजीपुर।** जनपद के रेवतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उस वक्त हड़कंप मच गया जब किसी ने पराली जलाने की सूचना जिलाधिकारी को दी उसके बाद स्थानीय तहसील प्रशासन हरकत में आया और आननफानन में थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव पहुंचे तो देखा कि दर्जनों की संख्या में किसानों ने खेतों में पराली जला रहे हैं यह मामला शनिवार की देर शाम का है। क्षेत्रीय लेखपाल बृजकिशोर ने रेवतीपुर थाने में तहरीर दी पुलिस ने 16 किसानों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रदूषण को रोकने के लिए सुप्रीमकोर्ट ने खेतों में पराली जलाने पर रोक लगा दी है। इसके लिए जिला कृषि अधिकारी के साथ तहसील के कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद पराली जलायी जा रही है। रेवतीपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में शनिवार को किसानों ने खेतों में पराली जला दी। इसकी सूचना मिलने पर संबंधित क्षेत्र के लेखपाल गांव पहुंचे। पकड़ी के लेखपाल बृजकिशोर ने खेतों का मुआयना किया। इसके बाद किसानों के विरुद्ध रेवतीपुर थाने में तहरीर दी। लेखपाल के तहरीर पर पुलिस ने 16 किसानों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कम्बल पाकर खुश हुए 5 सौ जरूरतमंद




**संवाददाता।** बरईपार, जौनपुर

जरूरतमंद की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नही होता। ठंडक बढ़ने के साथ इसके बचाव की व्यवस्था सभी के पास होना आवश्यक है। कमजोर लोगों का मदद कर समाजसेवी राम उजागिर सेठ ने नेक पहल किया है। उक्त बातें पूर्व विधायक सपा के वरिष्ठ नेता लाल बहादुर यादव इंग्लिशिया गाव में कम्बल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रविवार को कहा। इस दौरान राम उजागिर सेठ ने कहा कि मेरी संस्था हमेशा गरीबए मजलूम की मदद को तैयार रहती है।

जहाँ मेरी आवश्यकता क्षेत्र के किसी जरूरतमंद को पड़ेगीए मैं तैयार मिलूंगा। कार्यक्रम को श्याम सुन्दर यादव, सीताराम यादव, रामशंकर, हरिनाथ, कैलाश, मनोज आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित गण सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन पूर्व प्रधान रामपाल यादव ने किया।

### सेंटजॉन्स स्कूल में क्रिसमस की तैयारी शुरूं

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुरजौनपुर में प्रभु येसु जयंती की तैयारी शुरू की गई। इसकी शुरुआत मिशन के वरिष्ठ विश्वासी ऑगस्टीन ने मोमबत्ती जलाकर की। इस अवसर पर चार प्रकार की मोमबत्ती जलाई गई जो चार सद्गुणों के प्रतीक हैं। सफेद रंग की मोमबत्ती शांति, पीले रंग की मोमबत्ती प्रेम,हरे रंग की मोमबत्ती भरोसा एवं बैंगनी रंग की मोमबत्ती विश्वास के प्रतीक स्वरूप हैं। क्रिसमस के चार सप्ताह पहले आगमन काल होता है। इस समय प्रभु के आगमन की तैयारी होती है । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रद्धेय फादर पी विक्टर ने कहा कि प्रभु का आगमन चार प्रकार से होता है।

### जफराबाद–सेवईनाला मार्ग पर चलना बना खतरा

**जफराबाद, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र से होकर सेवईनाला तक जाने वाली मार्ग काफी दिनों से बड़े.बड़े गड्ढे के रूप में परिवर्तित हो गई है परंतु उस मार्ग पर किसी की नजर नहीं पड़ रही है। मार्ग की दशा इतनी दयनीय हो गई है कि उस पर वाहन से तो क्या पैदल चलने में लोग घबराते हैं। मार्ग जगह.जगह उखड़कर होल का रूप धारण कर लिये हैं जबकि उस मार्ग पर जफराबाद से सेवईनाला होते हुये गौराबादशाहपुर जाने का एकमात्र रास्ता है जहां पर लोग मोटरसाइकिल के साथ चार पहिया वाहन से आवागमन करते हैं। वहीं इस मार्ग की दशा इतनी खराब हो गई है कि लोग वहां से क्याए पैदल चलने में सोचना पड़ता है। गत दिवस समाचार प्रकाशित हुआ था कि उस मार्ग पर बने गड्ढे पर पत्थर डालकर छोड़ दिया गया है जिससे और खतरा बढ़ गया। इसको सम्बन्धित विभाग द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग पर डाले गए पत्थरों को अगर दबाया नहीं गया तो बड़ी घटना होने से इनकार भी नहीं किया जा सकता। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग किया कि उक्त मार्ग को अब हम ठीक नहीं कराया गया तो आने जाने वालों की जान हथेली पर बनी हुई है।

## जनपद में आयोजित हुआ मेगा अंतराल दिवस

**गाजीपुर।** खुशहाल परिवार के उद्देश्य से मेगा अंतराल दिवस का आयोजन 27 नवंबर शुक्रवार को जनपद के जिला महिला चिकित्सालय के साथ ही सभी ब्लॉकों एवं ब्लॉकों में संचालित होने वाले उप केंद्रों पर किया गया। जिसमें परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई विधियों के लिए जन जागरूकता एवं सेवा प्रदान करने का कार्यक्रम किया गया। परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया कि जिले की सभी स्वास्थ्य ईकाईयों पर परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थायी साधनों जैसे अंतरा त्रैमासिक गर्भनिरोधक, ओरल पिल्स माला,एन एवं छाया साप्ताहिक गोलीए कंडोम,आईयूसीडी को लोगों तक पहुंचाने व साधनों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक शुक्रवार को श्अंतराल दिवसश् मनाया जाता है। इस दिवस को आयोजित करने से लोगों को परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सप्ताह के अन्य दिन परिवार नियोजन के अन्य साधन स्वास्थ्य सुविधाओं पर उपलब्ध नहीं होंगे। लोगों के लिए यह साधन सभी दिन उपलब्ध रहेंगे। जो भी दंपति अस्थायी साधन अपनाना चाहते हैं उन्हें गर्भनिरोधक सामग्री व सेवाएँ नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगी।

## भाजपा विधायक स्व ण् कृष्णानंद राय के पुण्यतिथि पर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**गाजीपुर।** जनपद के मुहम्मदाबाद के पूर्व विधायक स्व. कृष्णानंद राय के शहादत दिवस पर रविवार को मुहम्मदाबाद शहीद पार्क परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोविड 19 के गाइड लाइन का पालन करते हुए इस वर्ष श्रद्धांजलि समारोह व सभा का आयोजन स्थगित रखा गया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने विधायक स्व कृष्णानंद राय, श्यामा शंकर राय, रमेश नारायण राय, अखिलेश राय,शेषनाथ पटेल, मुन्ना यादव,निर्भय नारायण उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त,जिले के प्रभारी मंत्री ,एसडीएम राजेश गुप्ता,सीओ विनय गौतम, बीडीओ सुशील सिंह, श्यामराज तिवारी, आलोक राय,ओपी गिरि, प्रमोद राय,अजय राय आदि शामिल रहे। बसनिया स्थित शहीद स्थल पर सपा नेता हैदर अली टाइगर ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने बीती रात को एक मुठभेड़ के दौरान दो कुख्यात बदमाशो को पिस्टल मय कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बदमाशो के खिलाफ मुअसं 494, 20 धारा 307 भादवि के तहत पंजीकृत करके जेल रवाना कर दिया गया है। इस सन्दर्भ में पुलिस ने बताया कि पकड़े गये बदमाशो के पास से अल्ट्रो कार जिसका नम्बर 62 ,0426 है उसे भी सीज कर दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी संजीव मिश्रा के अनुसार बीती रात को भन्डारी स्टेशन के पास तिराहा पर पुलिस गस्त कर रही थी रात्रि में मुखबिर से बदमाशो को आने की सूचना मिली पुलिस ने रोका तो बदमाशो ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया जबाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पकड़े गये बदमाशो ने अपना नाम सचिन यादव एवं राजेश सोनकर बताया इसके अलावां दोनों के खिलाफ धारा 3,25 आर्म्स का पंजीकृत किया गया है। इसमें सचिन यादव देवगांव आजमगढ़ का निवासी हैं तो राजेश सोनकर हैदरपुर सरायख्वाजा जौनपुर का निवासी हैं।

# एमएलसी चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सपा ने झोंकी पूरी ताकत

संवाददाता। बाराबंकी



**शिक्षक** वर्ग सपा समर्थित प्रत्याशी को मत दे। शिक्षकों का सबसे ज्यादा सम्मान सपा ने किया है। सपा ने सरकार में रहते विद्यालयों व शिक्षकों पर विशेष ध्यान दिया है।

उक्त बातें रविवार को प्रचार के अंतिम दिन शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मत की अपील करते हुए सर्वोदय विद्यालय न्योछना भनौली में उपस्थित अध्यापकों के समक्ष सपा जिला उपाध्यक्ष मो. सबाह ने व्यक्त किए। मो सबाह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता के साथ.साथ शिक्षक वर्ग भी नाराज है,नौजवान वर्ग जो नौकरी पेशा था वह नौकरी से बेदखल किया जा रहा है,बीपीएड,शिक्षामित्र,शिक्षा अनुदेशक अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। सपा नेता राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव शिक्षकों के हितों की रक्षा करने के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी हुमांयू नईम खा ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार द्वारा स्नातक व शिक्षक चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन के लोग भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में सुबह-शाम वोट मांग रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से इस पर रोक लगाने की भी मांग करते हुए सपा स्नातक प्रत्याशी राम सिंह राणा एव शिक्षक प्रत्याशी उमाशंकर चौधरी के पक्ष में मत की अपील की। इस अवसर पर स्वाति सिंह, मोल्हे रावत, रामशंकर यादव, ज्ञान सिंह, अशोक वर्मा, मोहित सिंह, कृपाशंकर आदि मौजूद रहे।

## भ्रमण कर मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील

रामनगर (**बाराबंकी**)। लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंजीण् अवनीश कुमार सिंह पटेल के समर्थन में विहिप व भाजपा के नेताओं ने कई ग्रामों का भ्रमण कर मतदाताओं से जिताने की अपील की।

रविवार को विहिप के प्रखंड मंत्री राहुल कुमार वर्माएजिला उपाध्यक्ष डॉ आरपी दुबे व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रद्युम्न कुमार बाजपेई ने बुढ़वल अगानपुर किशनपुर गौंदौरा अमोली किरतपुर सहित कई ग्रामों का भ्रमण कर मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी पक्ष में वोट मांगे। इस अवसर पर प्रखंड मंत्री राहुल कुमार वर्मा ने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के लोगों के हितों के लिए काम करती है देश की एकता व अखंडता को मजबूत बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को जिताना बहुत जरूरी है।

# ट्रेन पर चढ़कर सेल्फी लेते समय युवक को लगा करंट, मौत

संवाददाता। फतेहपुर (**बाराबंकी**)

**रुकी** ट्रेन पर चढ़कर सेल्फी लेना एक युवक को महंगा पड़ा। हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को दी है। घटना स्थानीय रेलवे स्टेशन की है जानकारी के अनुसार फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर शाम करीब 5.30 बजे तीन युवक पहुचे।

स्टेशन पर 17 सितम्बर से खड़ी टैंकर ट्रेन खड़ी थी। जिस पर एक युवक टैंक में लगी सीढ़ी से ऊपर चढ़ गया और फोन से सेल्फी लेने लगा। इस बीच वह ट्रेन के ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और जलने के साथ वह ट्रेन के ऊपर ही गिर गया और उसकी झुलसने से मौत हो गई। यह देख उसके साथ आये दोनों युवक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नही हो सकी थी। इस सम्बंध में स्टेशन मास्टर रमेश शाह ने बताया कि मृतक करीब 24 वर्ष का लग रहा है। बुढ़वल जीआरपी को सूचना दे दी गई है।

## जमीनी रंजिश में भाई और भतीजे ने की हत्या

जामो (**अमेठी**)

**संभई** चौराहे पास वापस आ रहे भाई को उसी के सगे भाई व भतीजे ने मिलकर हत्या कर दी। घटना शनिवार की शाम लगभग छह बजे की है। मृतक सूर्यपाल (उम्र 55 वर्ष) पुत्र रामलाल संभई चौराहे से अपने घर पर्वतपुर को आ रहा था। रास्ते में पहले से ही घात लगाए पांच लोगों ने कुल्हाड़ी व डंडे से हमला कर दिया सूर्यपाल काफी गंभीर रूप से घायल हो गया आवाज सुनने के बाद गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने सूर्यपाल को मृत घोषित कर दिया । बताते हैं कि विवादित जमीन की गांव स्तर पर एक दिन पहले पंचायत भी हो चुकी थी फिलहाल थाने पर मृतक के परिजन की तहरीर पर मंगल संगम व ओमप्रकाश आदि के नाम मुकदमा पंजीकृत कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ।

## एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

तिलोई (**अमेठी**)। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तिलोई के एसडीएम महात्मा सिंह व तहसीलदार पवन शर्मा ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया व बीएलओ को कार्य मे तेजी लाने का दिया ।

तिलोई विधान सभा मे निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाता सूची ठीक करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत आज शनिवार को बूथों पर विशेष दिवस का आयोजन किया गया उपजिलाधिकारी महात्मा सिंह जायस, पीढी, ब्रह्मननी सहित आदि बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ से जानकारी ली। तहसीलदार पवन शर्मा ने कि 1 जनवरी 2021 को जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए।

## पांच के खिलाफ हत्या के प्रयास व बलवा का केस दर्ज

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीटए धमकीए बलवा तथा हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। कोतवाली के शीतलमऊ के सुखलाल की पत्नी धन्नू देवी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती 31 अक्टूबर को रात तीन बजे गांव के दीपक कुमार, करन कुमार, रंजना, रामचन्द्र, रामदुलारे ने जमीनी रंजिश में उसके दरवाजे एक राय होकर हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़िता के घर में घुसकर मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान भी तोड़कर नष्ट कर दिये। शोर मचाने पर आरोपियों ने पीड़िता तथा सुनीता को जमकर मारा-पीटा। लाठी डंडे तथा लोहे के राड से आरोपियों के हमलें में पीड़िता बेहोश हो गयी। आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात आरोपी दीपक कुमार समेत पांच के खिलाफहत्या के प्रयास तथा बलवा समेत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# पुलिस के साए में शुरू हुआ खराब सड़कों को बनाने का कार्य

संवाददाता। बाराबंकी



**रविवार** से प्रात: शहर की खराब सड़के बनना शुरू हो गयीं है पहले चरण में धनोखर तालाब से निबलेट तिराहा होते हुए कोतवाली तक व निबलेट तिराहे से छाया सिनेमा चौराहे तक सड़कें बनायी जा रही हैं ।

इन सड़कों के लिये विभाग द्वारा नागरिकों के आवागमन को बैरीकेटिंग के द्वारा रोक कर ये कार्य शुरू किया गया है इस सड़क बनाने के कार्य में स्थानीय पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है जिससे देखकर नगरवासी हैरत मेंहै जानकारों का ही कहना है कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब कोई सड़क पुलिस के साए में बनवाई जारही हैं फिलहाल यह मामला लोगों में चर्चा का विषय बना है। उल्लेखनीय है कि शहर के अन्दर की लगभग सभी प्रमुख सड़कें काफी खराब व गढढायुक्त थीं। इन खराब सड़कों के चलते आम नागरिकों कोआने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था तथा आये दिन लोग चुटहिल हो रहे थे, किन्तु विभाग द्वारा इन खराब सड़कों को बनाने में कोई सुध नही ली जा रही। लोगों का कहना है ये सड़कें जो बनायी जा रही हैं वे पिछले कई वर्षों से नही बनायीं गयीं थी इसी कारण से शहर कि प्रमुख मार्गों की अधिकांश सड़कों की मरम्मत न होने के अभाव में खराब हो गयीं थीं तथा आम नागरिकों द्वारा इन खराब सड़कों को शीघ्र बनाने की मांग भी बराबर की जा रही थी ।

## शिक्षक की मौत पर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**वाहन** की टक्कर से शिक्षक की मौत को लेकर ज्ञात वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या व बाइक क्षतिग्रस्त किये जाने का केस दर्ज किया गया है। चंदापुर गांव के संतोष मिश्रा ने दी तहरीर में कहा है कि उनके बहनोई सुधीर पाण्डेय शनिवार की शाम बाइक से प्रतापगढ़ जा रहे थे।

सगरासुन्दरपुर पेट्रोल पम्प के पास अचानक एक तीव्र गति से आ रहे ट्रेलर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बहनोई सुधीर पाण्डेय की मौके पर ही मौत हो गयी। वही शिक्षक सुधीर के साथ बाइक पर सवार अंकुर दुबे को भी गम्भीर चोटे आयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। बता दें कि एसबीएम महाविद्यालय में भूगोल संकाय के प्रवक्ता सुधीर पाण्डेय की दुर्घटना में शनिवार की शाम मौत हो गयी थी।

### मारपीट व धमकी का केस दर्ज

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पीड़ित पर रंजिशन चाकू से हमला करने को लेकर रविवार की सुबह केस दर्ज किया है। रानीगंज कैथौला के अनवर अली ने दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के सरवर अली ने रंजिशन उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित का कान फ गया । शोर मचाने पर आरोपी ने पीड़ित को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की सुबह आरोपी सरवर अली के खिलाफ धमकी समेत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ने रैन बसेरे का किया निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने बढ़ती ठंड के दृष्टिगत गौरीगंज स्थित रैन बसेरे का रात्रि में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे में मौजूद लोगों को कंबल वितरित किया तथा उनके खाने-पीने सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर आज सभी उप जिलाधिकारियों ने रात्रि अपने-अपने तहसील अंतर्गत रैन बसेरों का निरीक्षण किया तथा रैन बसेरों में समस्त मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि ठंड के दृष्टिगत बस स्टेशन, फुटपाथ, सड़क के किनारे रहने वाले व्यक्तियों को रैन बसेरे में रखा जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपनी.अपनी तहसील अंतर्गत क्षेत्र का भ्रमण करें तथा बढ़ती ठंड के दृष्टिगत जगह-जगह अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इसके अतिरिक्त गरीबए असहायए निर्धन व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु कंबल आदि वितरित करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी गौरीगंज संजीव कुमार मौर्यए तहसीलदार गौरीगंज घनश्याम भारती, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गौरीगंज सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# शाश्वती कृति संस्कृत और हिन्दी साहित्य के लिए अमूल्य धरोहर: दूबे

### कामता प्रसाद पीयूष रचित शाश्वती का हुआ समारोह पूर्वक विमोचन

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)



**नगर** के राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज सभागार में प्रख्यात संस्कृत विद्वान प्रो. कामता प्रसाद त्रिपाठी पीयूष की रचना शाश्वती समारोह पूर्वक विमोचन हुआ। चित्रकुट धाम के जगदुरूगुरू रामभद्राचार्य दिव्याड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 डा. योगेश चन्द्र दुबे व पट्टी महाविद्यालय के पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. वाचस्पति शुक्ल ने शाश्वती का विमोचन करते हुए इस कृति को संस्कृत एवं हिन्दी साहित्य के लिए अमूल्य धरोहर ठहराया। पूर्व कुलपति डॉ. योगेश चन्द्र दुबे ने कहा कि प्रो. कामता प्रसाद त्रिपाठी पीयूष जी ने साहित्य सृजन के क्षेत्र में अनेक कृतियों की रचना कर संस्कृत वांग्मय को निरन्तर प्रवाहमान बनाये रखा है। उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति को चिर काल तक विश्व के लोक कल्याण में समर्पण के लिए रचनाधर्मियों को यह कृति प्रेरणा देने में सफल होगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. वाचस्पति शुक्ल ने भी शाश्वती में पीयूष जी के साहित्य प्रबंधन की भूरि भूरि सरहाना की। प्रारंम्भ में पूर्व उपकुलपति तथा रचनाकार कामता प्रसाद पीयूष ने शाश्वती का विषय प्रवर्तन रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुगुणा पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. शिवमूर्ति शास्त्री व संचालन एसबीएम के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया । आभार प्रदर्शन प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, साहित्यकार विशाल मूर्ति मिश्र, जमुना प्रसाद मिश्र आदि मौजूर रहे।

## पुलिस की कार्यशैली से नाराज महिलाओं ने थाने का किया घेराव

**बाराबंकी**। नगर कोतवाली क्षेत्र के असेनी गांव में रविवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के जीर्णोद्वार को लेकर ग्रामीण और पुलिस आमने-सामने आ गए। बताया जा रहा है कि ग्रामीण गांव में लगी अंबेडकर की मूर्ति के ऊपर छतरी लगाकर आसपास साफ-सफाई का काम करना चाहते थे लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें ऐसा करने से रोक दिया ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और कुछ अराजक तत्वों ने गांव की महिला से छेड़खानी भी की और कई लोगों को पकड़कर कोतवाली ले आए हैं। गांव की महिलाओं ने इसी के विरोध में कोतवाली का घेराव किया और घंटों जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे दलित चिंतक सुरेश पांडेय ने बताया कि 25 साल पहले गांव में ही अंबेडकर की मूर्ति लगाई गई थी। गांव वाले मूर्ति के ऊपर छतरी बनाना चाहते थे।

# अनुपूरक पुष्टाहार वितरण योजना में पारदर्शिता व गुणवत्ता पर हुआ मंथन

संवाददाता। लालगंज(**प्रतापगढ़**)



**स्थानीय** ब्लाक सभागार में अनुपूरक पुष्टाहार (ड्राई राशन) वितरण योजना को लेकर ब्लाक स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधियों एवं खाद्यान्न विक्रेताओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए एसडीएम रामनारायण ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से वितरित होने वाले पुष्टाहार वितरण अभियान शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता की कसौटी पर खारा उतरना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए यह आवश्यक है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं तथा किशोरियों को उनके बेहतर स्वास्थ्य संवर्धन के लिए पौष्टिक आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाय। कार्यशाला के ध्येय पर प्रकाश डालते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुपम मिश्रा ने कोटेदारों को इस बात की सख्त हिदायत दी दाल की खरीद के बाद हर कीमत पर यह सीधे स्वयं सहायता समूह को ही उपलब्ध कराये। उन्होने कहा कि जिन केन्द्रों से अभी तक स्वय सहायता समूह का गठन नही हो सका हैं, वहां प्राथमिकता पर इनका गठन कराया जाना चाहिए। सीडीपीओ अनुपम ने कहा कि सूखा खाद्यान्न यदि कोटेदारों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीधे उपलब्ध कराया तो ऐसे कोटेदारों के खिलाफ विभागीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की शासन को संस्तुति की जायेगी। अध्यक्षता करते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने मुनव्वर खां ने पुष्टाहार की नई शासकीय योजना को लेकर पूर्ति विभाग तथा बाल विकास एवं अन्य विभागों के स्तर पर प्रभावी समन्वय पर जोर दिया।

## 20 किग्रा. गोमांस के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी**। जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में हेका. मुलायम सिंह थाना फुरसतगंज मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अलीम रजा पुत्र स्व. सलामत नि. झिंगुर का पुरवा मजरे तेन्दुआ थाना फुरसतगंज को ग्राम झिंगुर पुरवा से उसके घर से गिरफ्तार किया गया । मौके से 20 किग्रा. गोमांस, एक अदद बांका, लोहे की छुरी आदि वध करने के उपकरण बरामद हुआ ।

**आधा दर्जन जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**बाराबंकी**। आधा दर्जन जुआरियों को पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाते वक्त गिरफ्तार किया गया है सभी पर 13 जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार बडडूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोडैचा में पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी एवं अपर पुलिस अधीक्षक आरएस गौतम के निर्देश के तहत चले अभियान में पकड़ा है।

## फिर सुर्खियों में जहांगीराबाद पुलिस, मुकदमे में दर्ज आरोपियों का नाम निकाला

संवाददाता। बाराबंकी

**जमीन** विवाद के प्रकरण में सुर्खियों मे आयी जहांगीराबाद पुलिस का एक और कारनामा उजागर हुआ है। गंभीर धाराओं में दर्ज मुकदमें मे आरोपियो के नाम तो निकाल ही दिया है साथ ही धाराए भी कम कर दी है जिससे पीड़ित पक्ष असहाय नजर आ रहा है और प्रदेश मुखिया का पत्र भेजकर प्रकरण मे दोषी पुलिसकर्मियों पर कारवाई एवं विवेचना अधिकारी के बदले जाने की मांग की है। मालूम हो कि पूरा मामला जहांगीराबाद थाना अन्तर्गत ग्राम बहादुरपुर का है। जानकारी के अनुसार यहां कमला देवी पत्नी स्व. देशराज व राधेश्याम के मध्य जमीन बटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के चलते गत पांच अक्टूबर फसल काटने से मना करने पर राधेश्याम गुट ने दूसरे गुट पर लाठी डण्डों एवं लोहें की राड से हमला बोल दिया था। जिसमे विधवा महिला के बेटे परवेश कुमार को गंभीर चोटे आयी थी जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने प्राण घातक हमला समेत कई धाराओ मे राधेश्याम सहित सात लोगो के विरुद्ध नामजद व अज्ञात लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था लेकिन आरोपियो की गिरफ्तारी नही की थी। अलबत्ता सुलह समझौते के लिए पीड़ित पर दबाव बना रही थी इस पूरे प्रकरण की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गयी थी, बावजूद जब पीड़ित सुलह समझौते को तैयार नही हुए तो उल्टे वहीं पर मुकदमा कायम करा दिया गया था।

# शहद बनाकर महिलाओं ने कायम की मिसाल: एसपी

संवाददाता। बाराबंकी



**जिले** के थानों की पुलिस व ग्राम प्रहरियों ने छत्तों से शहद को निकालने की विधि को रविवार को एक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद चतुर्वेदी अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरीध्दक्षिणी ने नगर कोतवाली के मोहम्मदपुर पुलिस चौकी पर खुद ही मशीन चलाकर शहद निकाला और शहद की उपयोगिता को बताया। इस अवसर पर सीओ सिटी सीमा यादव सीओ सदर आर एस सोनकर शहद बनाने की विधि को बताने वाले निमित सिंह नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह सहित तमात पुलिस कर्मी व सामाजिक संगठन के लोग मौजूद रहे वहीं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम को सम्बोधित भी सम्बोधन में श्री चतुर्वेदी ने कहा कि अभी कोरोना काल चल रहा है हमारे जिले के गांव चैनपुरवा मे शहद निकालने के लिये मधुमक्खी का पालन किया जिससे शराब बनाने वाली महिलाओं ने शहद को बनाया है जिससे वो महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर एक मिसाल कायम की है जो जिले के लिये एक आदर्श समझा जाएगा।

## ऊमरी क्षेत्र में यूरिया खाद का संकट बढ़ा

माधौगढ़ (**जालौन**)। ऊमरी क्षेत्र में किसानों का खाद के लिये हजूम लगा रहा खाद ना मिल पाने के कारण किसान मायूस हैं। इन दिनों गेहूं की बिजाई का काम अंतिम चरण में चल रहा है। किसानों को समय पर खाद न मिलने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद के लिए भी बिक्री केंद्रों किसानों की अच्छी खासी भीड़ लगी रहती है। सहकारी समिति और इफ्को किसान सेवा केंद्र पर किसानों की काफी भीड़ लगी रही। दिन भर किसानों को खाद लेने के लिए यहां पर जमावड़ा लगा रहा। किसान दिन भर खाद लेने के लिए खाद की गाड़ी आने के इंतजार में बठे रहे। किसान रामसुन्दर तिवारी, राजेन्द्र दोहरे, प्रमोद तिवारी, रामेश्वरी, केशव सिंह आदि का कहना है कि समय पर खाद न मिलने के कारण उन्हें आने जाने की समस्या तो होती ही है साथ ही उनकी फसलों को समय पर खाद न मिलने के कारण उनके भी बर्बाद होने का खतरा बढ़ता जा रहा है।

# ईटों से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, तीन ग्रामीण घायल

जगम्मनपुर (**जालौन**)। ईंटों से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर की ट्राली आबादी क्षेत्र पलटने से तीन ग्रामीण घायल हो गए, वहीं एक विद्युत पोल टूटने से बिजली की सप्लाई बाधित हो गई। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जगम्मनपुर में शनिवार की शाम चार हजार ईटों से भरी स्वराज 375 ट्रैक्टर की ट्राली आबादी क्षेत्र में पलट गई जिससे सड़क से आठ फुट दूर किनारे मकान के बरामदे में अलाव ताप रहे तीन ग्रामीण दबकर घायल हो गए। गौरतलब हो कि जनपद इटावा एवं जनपद औरैया की ओर से जगम्मनपुर के रास्ते जनपद जालौन में रामपुरा माधौगढ बंदरा क्षेत्र में प्रतिदिन चार से पांच हजार ईटों से भरे 40-50 ओवरलोड ट्रैक्टर निरंतर आते हैं, जिस कारण अनेक बार कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इस बिषय को लेकर ग्राम प्रधान जगम्मनपुर राहुल मिश्रा ने कई बार शिकायत एवं आंदोलन किया, लेकिन संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों ने इस पर कभी उचित कार्रवाई करने का प्रयास नहीं किया। इसी बीच स्वराज 375 ट्रैक्टर 4000 अर्थात लगभग 10-11 टन वजन लेकर जगम्मनपुर के आबादी क्षेत्र से तीव्र गति से गुजर रहा था उसी समय ड्राइवर से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सप्लाई युक्त बिजली के खंभे को तोड़ता हुआ एक ग्रामीण के मकान के बाहरी हिस्से पर पलट गया जिससे घर के बाहर बैठे तीन ग्रामीण विकास (25 वर्ष), राजू (20 वर्ष) पुत्र शिवराम, आनंद (35 वर्ष ) निवासी हमीरपुरा ईटों के नीचे दबकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जगम्मनपुर पुलिस चौकी प्रभारी भगत सिंह बौद्ध एवं कांस्टेबल शुक्ला मौके पर पहुंच गए।